Much has been said about Pratap's error, nay fault for not accepting Mughal alliance (Mughal service !) How could Maharana Pratap be expected to brook the ignominious and servile conditions of the Mughal court in the name of alliance and how could he be expected to use his strength and means in subjugating his own homeland for a foreign power. He had the courage and daring of his forefathers. He was fully conscious of his ancestral glory. His ancestors like Kumbha and Sanga had led the Rajput fraternity in defence of their homeland and Kshatriya Dharma and had always held aloft the crimson banner of freedom, never submitting to a foreign rule Pratap's predecessors, like other brave Rajputs, had performed unequalled sacrifices in course of their struggle A proud and courageous Pratap, inheriting such a glorious legacy, could not follow other Rajput rulers Abul Fazl himself says "The Rana's arrogance was swollen by the fact of the glory of his line of ancestors who were in ancient times rulers of India The strength of his position, the extent of his territory and the large number of Rajputs who would sacrifice life for honour, cast a veil over his vision. He paid no heed to the fortune which was conjured with eternity and regarded Man Singh, leader of the victorious [Mughal] army as a landholder subordinate to himself". The contemporary Indian view regarded Maharana Pratap, the ruler of Mewar, as राय हिंदवाँ, रायाँ तिलक हिंदवां or हिंदूनाथ. The ruler of Mewar, in medieval times, was always respected as the symbol of liberty and security of the people

Constructive genius

Dr. Raghubir Singh's view about Pratap is not justified

when he says that Maharana Pratap's role, considered from a dispassionate point of view, was negative and was entirely devoid of constructive approach. This is a surfacial analysis of Pratap's role and policies. It is true that the interminable struggle against Akbar did not permit Pratap to engage himself a good deal in the social welfare activities for his country. But this fact can not devoid him of his other achievements and contributions. He mastered the art of guerrilla war-fare, which, in spite of his meagre means and resources, was responsible for his ultimate success against Akbar and which was successfully followed by Shivaji in his struggle against Aurangzeb. He reorganised the administration of Mewar on war-footing so well that it withstood all strains and stresses of Mughal invasions and diplomatic efforts. His diplomatic genius, despite his weak position, kept Rajputana constantly in ferment and in greater part of this region Akbar could never win stable allies and faithful followers. He managed the war--economy of Mewar so successfully, that never a noble or a soldier revolted against him or deserted him. No instance of betrayal is found and, on the other hand, the masses at large, who are generally found, in those times, playing a disinterested and indifferent part in politics, followed and assisted Pratap as active partners in his long-drawn struggle. It was by no means a small achievement of Maharana Pratap's genius as a great organiser and ruler. No last word can be said about his patronage of art and literature as, of late, Chavand School of painting has been brought to light and a few Sanskrit works as विश्ववल्लभः, राज्याभिषेक पद्धतिः and मुहूर्तमालाः by Chak [illegible]ani Misra have been discovered, prepared under the partronage of Pratap. The greatest success of his genius lies in the fact that at the end of his long struggle against mighty Akbar, Pratap succeeded and reconquered most of his territory

Responsibility for war

Dr G. N Sharma and some other scholars hold Maharana Pratap responsible for the war between Mewar and Mughal empire which could be avoided if Pratap had the sagacity to accept the terms of Akbar. Had Pratap done so, Mewar would have enjoyed peace and the devastation and resultant backwardness of Mewar could have been avoided. This is *sheer subjectivism* which prevents one to study real trends of thought, in

vogue, in a particular period. It is an incorrect historical approach to read the ideas and institutions of modern age in the times of the 16th century India. It was the age of monarchy and feudal institutions. The entire period witnesses interminable big and small wars between empires and kingdoms for land and power. Even if we leave apart Mewar, Akbar, throughout his reign, fought wars against big and small Indian powers to establish his dynastic empire in India. Let us see what was Akbar's own view of the institution of war. Abul Fazl writes, " A monarch should ever be intent on conquest, otherwise his neighbours rise in arms against him. The army should be exercised in warfare, lest from want of training they become self- indulgent." This was a typical view of the times. True peace, in the history of nations, has always been maintained by military preparedness, the least indulgence in that regard resulted in the subjugation of one country by another. The purchase of peace with Akbar on the part of Pratap would have meant submission and loss of independence of his land. If Mewar suffered ruin and devastation on account of war, Akbar carried them with his conquest every where in India. As regards backwardness of Mewar the conditions in Mewar, subsequent to Pratap's period, do not support the view.

The most valuable legacy Pratap bequeathed to his posterities is that nothing is more precious in human life than the liberty and that one should stake and sacrifice everything to preserve it.

India has produced many a great man and woman in its centuries long history. Maharana Pratap occupies an honourable place among them, He may be considered as the greatest of great personalities of medieval India on account of his noble character, high ideals, unequalled heroism and chivalry and unique sacrifice. As a ruler, organiser and general he was, objectively viewed, no less capable than Akbar or Shivaji. History placed Shivaji in more favourable and advantageous conditions in comparison to Pratap. In the decadent period of the Mughal empire, when the pitcher of Aurangzeb's fanaticism and oppression was filled to the brim, the genius of Shivaji carved out a nation of the Marathas Maharana Pratap's task was even harder The sun of the Mughal empire was then rising high in the

Indian skies with all its lustre and power and the entire Rajput fraternity was in a great disarray. Most of the Rajput rulers had already bowed before the rising sun and Mewar had lost a great part of its territory, men and means. It was Pratap's great achievement that he kept the Rajput fraternity constantly in ferment and not only kept Mewar independent, but unabled Akbar to bring entire Rajputana under his total and stable control. If Rana Sanga led the forces of Rajput confederation against Baber's invasion, his descendant, Pratap led it in its struggle for survival, and he succeeded.

In respect of moral conduct, nobility of character and scrupulousness of principles Maharana Pratap stands higher than any other personality of the age A Gujarati writer, D. R. Mehta gives an excellent expression when he says, "Pratap had an important quality in himself that his heroism did not suffer from baseness 'प्रतापसिंह मां एक महत्व नो गुण एहतो के तेमनां वीरत्व मा नीचता नु चिन्ह जणातु नथी'.

D. L. Paliwal
Director,
Sahitya Sansthan,
Rajasthan Vidyapeeth, Udaipur.

Riches I hold in light esteem
And love I laugh to scorn,
And best of fame was but a dream
That vanished with a morn,
And if I pray, thy only prayer,
That moves my lips for me,
Is, 'leave the heart that now I bear
And give me liberty'

—Emile Bronte

महाराणा प्रताप के परिजन

पिता–महाराणा उदयसिंह

माता–जेवन्तीबाई सोनगरी

विमाताएं–संध्याबाई सोलंकनी, जेवंताबाई मोदडेची, लालबाई परमार, धारबाई भट्याणी (जगमाल की मा) गणेशदे चहुवान, वीरबाई झाली, लखांबाई राठोड [?], कनकबाई महेचो, ...खीचण।

भ्राता–शक्तिसिंह, कान्ह, जेतसिंह (जयसिंह), वीरमदेव, रायसिंह (रायमल), जगमाल, सगर, अगर, पंचायण, सीया, सुजाण, लूणकरण, महेशदास, सादूंल, रुद्रसिंह, [इन्द्रसिंह?] नेतसिंह, नगराज, सुरताण, भोजराज, गोपालदास, साहवखान ।1

बहिनें–हरकुंवरबाई तथा १६ अन्य ।

पत्नियाँ–अजवादे परमार [महाराणा अमरसिंह की मां] पुरबाई सोलंकनी, चंपाबाई झाली, जसोदाबाई चहुवान, फूलबाई राठोड़, सेमताबाई हाड़ी, आसबाई खीचण, आलमदे चहुवान, अमरबाई राठोड़, लखाँबाई राठोड़, रतनावती परमार।

पुत्र–महाराणा अमरसिंह, सीहो, कचरो, कल्याणदास, सहसो [सहसमल], पुरो [पूरणमल], गोपाल, कल्याणदास, भगवानदास, सावलदास, दुरजणसिंह, चान्दो [चन्द्रसिंह], सुखो [सेखो] हाथी, रायसिंह, मानसिंह, नाथसिंह, रायभाण, जसवन्तसिंह ।2

---

1 श्री गो. ही. ओझा के अनुसार महाराणा उदयसिंह के २० रानियां, २५ कुंवर और २० कन्याएं थी। श्री ओझा ने रानियों के नाम नहीं दिये हैं। पुत्रियों में एक के अतिरिक्त अन्य का उल्लेख नहीं मिलता। विभिन्न वंशावलियों में दिये गये नामों में फर्क मिलता है।

2 श्री ओझा के अनुसार महाराणा प्रताप के ११ रानियां और १७ कुंवर थे। प्रताप की कन्याओं के सम्बन्ध में उल्लेख नही मिलता।

महाराणा प्रताप के जीवन का प्रमुख घटना-क्रम

१	महाराणा प्रताप का जन्म	९ मई, १५४०
२	अकबर द्वारा मेवात; अजमेर, नागोर एवं जेतारण विजय	१५५६; १५५७
३	कुंवर अमरसिंह का जन्म	१६ मार्च, १५५९
४	महाराणा उदयसिंह द्वारा उदयपुर बसाना	१५५९
५	सिरोही के देवड़ा राव मानसिंह का मेवाड़ में शरण लेना	१५६२
६	मालवा के बाजबहादुर का मेवाड़ में शरण लेना	१५६२
७	अकबर की आमेर से सन्धि	१५६२
८	अकबर द्वारा मेड़ता विजय और जयमल का चित्तौड़ आगमन	१५६२
९	उदयसिंह की मोमट के राठोड़ों पर विजय	१५६३
१०	अकबर का जोधपुर पर आक्रमण एव विजय	१५६३
११	महाराणा उदयसिंह द्वारा चित्तौड़ त्याग	१५६७
१२	अकबर द्वारा चित्तौड़ विजय	२५ फरवरी, १५६८
१३	अकबर द्वारा रणथम्भोर विजय	२४ मार्च, १५६९
१४	अकबर का नागोर दरबार तथा जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर का मुगल आधीनता स्वीकार करना	५ नवम्बर से २५ दिसम्बर, १५७०
१५	उदयसिंह की मृत्यु और प्रताप का गोगूंदा मे राजतिलक	२८ फरवरी, १५७२
१६	मुगलदूत जलालखा कोरची का मेवाड़ आना	अगस्त-सितम्बर १५७२
१७	कुंवर मानसिंह कछवाहा का अकबर के दूत की तरह मेवाड़ आकर प्रताप से मिलना	अप्रेल, १५७३
१८	अकबर के तीसरे दूत भगवन्तदास का प्रताप से मिलना	सितम्बर-अक्टूबर, १५७३
१९	टोडरमल का प्रताप से मिलना	दिसम्बर, १५७३
२०	हल्दीघाटी का युद्ध	१८ जून, १५७६
२१	ईडर के नारायणदास, सिरोही के सुरताण, जालोर के ताजखां, जोधपुर के चन्द्रसेन, बूंदी के दूदा द्वारा मुगल विरोधी कार्यवाहियां	जून-अक्टूबर, १५७६
२२	प्रताप द्वारा गोगूंदा वापस लेना और शाही थानों पर आक्रमण	अगस्त-सितम्बर, १५७६
२३	मुगल सेनाओं द्वारा जालोर, सिरोही एवं ईडर विजय करना	अक्टूबर, १५७६

२४	अकबर की मेवाड पर चढ़ाई	अक्टूबर १५७६
२५	ईडर के नारायणदास, सिरोही के राव सुरताण की पुनः मुगल विरोधी कार्यवाहिया	जनवरी-फरवरी, १५७७
२६	मुगल सेना द्वारा पुन. ईडर विजय करना	१६ फरवरी, १५७७
२७	मुगल सेना द्वारा बूंदी विजय करना	मार्च, १५७७
२८	प्रताप द्वारा मोही तथा अन्य मुगल थानो पर आक्रमण तथा विजय	अक्टूबर, १५७७
२९	शाहबाजखा की मेवाड पर चढ़ाई	१५ अक्टूबर, १५७७
३०	शाहबाजखां द्वारा कुम्भलगढ़ विजय	३ अप्रेल, १५७८
३१	प्रताप का छप्पन के राठोडों के विद्रोह को दबाना और चावड राजधानी बनाना	१५७८
३२	भामाशाह का मालवा पर आक्रमण और प्रताप को लूट का धन भेंट	१५७८
३३	प्रताप की सेना का डूंगरपुर-बासवाडा पर आक्रमण	१५७८
३४	शाहबाजखा का द्वितीय आक्रमण	१५ दिसम्बर १५७८
३५	शाहबाजखा का तृतीय आक्रमण	९ नवम्बर, १५७९
३६	प्रताप का मेवाड के मैदानी भाग से मुगल थाने उठाना और मांडलगढ, चित्तौडगढ़ तक आक्रमण करना	१५८०-१५८४
३७	प्रताप के मुगल सेवक भाई जगमाल का सिरोही के राव सुरताण के विरुद्ध युद्ध में मारा जाना	१५ अक्टूबर, १५८३
३८	मुगल सेनापति जगन्नाथ कछवाहा की मेवाड़ पर चढाई	दिसम्बर, १५८४
३९	जगन्नाथ कछवाहा का प्रताप के निवास स्थान (चावड?) पर आक्रमण	सितम्बर, १५८५
४०	खानखाना के परिवार के स्त्री-बच्चो को सादर लौटाना	१५८५
४१	प्रताप द्वारा मांडलगढ, चित्तौडगढ छोड़ कर समस्त मेवाड पर पुनर्विजय	१५८६
४२	महाराणा प्रताप की चावड में मृत्यु	१९ जनवरी, १५९७

सम्राट अकबर के जीवन-कार्य के विषय मे भिन्न मत हो सकते हैं पर राणा प्रताप के जीवन की भव्यता के विषय में हृदय में एक ही वृत्ति जग सकती है-आदर और भक्ति। अकबर का साम्राज्य नष्ट हो गया। आज हम लोग अकबर और प्रताप दोनो महान विरोधियो से अविरोधी प्रेरणा पा सकते हैं। तो भी हृदय कहता है कि राणा प्रताप की विभूति उज्ज्वलतर है। दोष दोनो में थे। लोकोतर गुण दोनो ने दिखाये हैं लेकिन प्रताप की विभूति दिव्य है।

—काका कालेलकर

- **इतिहासज्ञों के अभिमत**
- **राष्ट्रीय कवि-वाणी**
- **विविध लेख**

  भारतीय भाषाओं के साहित्य मे महाराणा प्रताप

  महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व कृतित्व एवं आदर्श

प्रथम-खण्ड

So, when a good man dies,
For years beyond his ken
The light he leaves behind him
Lies upon the paths of men.

- Longfellow

अभिमत

विविध इतिहासज्ञ
एवं विद्वान

पुष्पांजलियां

If we would remember Pratap, we must copy Pratap's sacrifice and heroism.

—*Mahatma Gandhi*

●

May the memory of splendid deeds of Rana Pratap inspire India's Youth to gallant effort and high endeavour.

—*Jawaharlal Nehru*

●

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात भारत की अपनी स्वतन्त्रता अक्षुण्ण बनाये रखना है और उसके प्रतिफल को जनता के लिए पूर्ण करना है। इस कठिन कार्य को पूरा करने में राणा प्रताप के जीवन से मिलने वाली जो प्रेरणा है वह हमारे लिए सहायक होगी।

—डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

●

राणा प्रताप ने जिन्दगी भर कोशिश की राजपूताने को एक बनाने के लिए। संयुक्त-राजपूताने का एकीकरण करने के लिये जितना कार्य और कोशिश राणा प्रताप ने की, उतनी किसी ने नहीं की।

उनका संकल्प आज परिपूर्ण करने का सौभाग्य हम लोगों को प्राप्त हुआ है। जो संकल्प उन्होंने किया था और वह संकल्प जिस मतलब से किया था उसी मतलब से हम उसको परिपूर्ण करें।

—वल्लभभाई पटेल

Noble Spirit

—Col James Tod

Pratap succeeded to the titles and renown of an illustrious house, but without a capital, without resources, his kindred and clans dispirited by reverses; yet possesed of the noble spirit of his race. He meditated the recovery of cheetore, the vindication of the honour of his house, and the restoration of its power. Elevated with this design, he hurried into conflict with his poweful antagonist, nor stopped to calculate the means which were opposed to him, Accustomed to read in his country's annals the splendid deeds of his forefathers, and that Cheetore had more than once been the prison of their foes, he trusted that the revolutions of fortune might co-operate with his own efforts to overturn the unstable throne of Delhi. The reasoning was as just as it was noble, but whilst he gave loose to those lofty aspirations which meditated liberty to Mewar, his crafty opponent was counteracting his views by a scheme of policy which, when disclosed, filled his heart with anguish. The wily Mogul arrayed against Pratap his kindred in faith as well as blood. The Princes of Marwar, Amber, Bikaner, and even Boondi, late his firm ally, took part with Akbar and upheld despotism Nay, even his brother, Sagarji, deserted him, and received, as the price of his treachery the ancient capital of his race, and the title which that possession conferred.

But the magnitude of the peril confirmed the fortitude of Pratap, who vowed, in the words of the bard, 'to make his mother's milk resplendent', and he amply redeemed his pledge. Single-handed, for a quarter of a century did he withstand the combined effort of the empire, at one time carrying destruction into the plains, at another flying from rock to rock, feeding his family from the fruits of his native hills, and rearing the nursling hero Umra amidst savage beasts and scarce less savage men, a fit heir to his prowess and revenge. The bare idea that son of Bappa Rawal should bow the head to mortal man was insupportable, and he spurned every overture which had submission for its basis, or the degradation of uniting his family by marriage with the Tatar, though lord of countless multitudes.

The brilliant acts he achieved during that period live in every true Rajpoot, and many are recorded in the annals of the conquerors To recount them all or relate the hardships he sustained would be to pen what they would pronounce a romance who had not traversed the country where tradition is yet eloquent with his exploits, or conversed with the descendants of his chiefs, who cherish a recollection of the deeds of their forefathers and melt, as they recite them, into manly tears.

Had Mewar possessed her Thucydides or her Xenophon, neither the wars of the peleponnesus nor the retreat of the 'ten thousand' would have yielded more diversified incidents for the historic muse than the deeds of this brilliant reign amid the vicissitudes of Mewar Undaunted heroism, inflexible fortitude; that which "keeps honour b ight,' perseverance, with fidelity such as no nation can boast, were the materials opposed to a soaring ambition, commanding talents, unlimited means, and the fervour of religious zeal, all, however, insufficient to contend with one unconquerable mind. There is n t a pass in the alpine Aravulli that is not sanctified by some deed of Pratap some brilliant victory or oftener, more glorious defeat. Huldighati is the Thermopylae of Mewar; the field of Deweir her Marathon.

His life a Saga of Rajput history

Dr. B.P. Saksena

Much has been written on and about Maharana Pratap , the hero of Mewar , the saviour of the independence of his kingdom and the ideal of succeeding generations of patriot and warriors . He stands forth as a beacon-star of singleminded determination and selfless sacrifice. His life of unending trials and tribulations which he suffered for a noble cause ; has become a saga of Rajput history . His indefatigeable activities bring into bold relief not only the nobility of his character , but also what a single individual fired with higher purpose can achieve even if pitted against the heaviest odds . That he was a born leader of men admits of no doubt . He carried with him the unstinted cooperation and voluntary support of the masses and classes alike.

Haldi Ghati remains an enduring memorial of his unshakable faith and unflinching resistance . True he lost the battle but he won the war, Every drop of Rajput blood which fell on the field during the frightful struggle and the subsequent carnage blossomed forth into living hatred and rancour against the aggressor . The entire Rajput land was stirred emotionally and though the existing conditions did not warrant general upheaval the tragedy created an indelible impression on the mind of the people at large · And as for Pratap , he did not know to bow even before the storm . He suffered defeat but resisted humiliation up to the last breath of his life .

A Great general

Sri Ram Sharma

Maharana Pratap occupies a very high place in the galaxy of the Hindu leaders who inougurated a reaction against Muslim domination in India ....Pratap belonged to—we should rather say he was the precursor of— the series that produced Shivaji in the Deccan and Ranjit Singh in the Punjab . He not only opposed Akbar's design in Mewar , he organised opposition thereto Unlike the usual run of Rajput princes , he was always most happy , not in evading the Mughal invadus , but in building coalitions to stem the tide of Mughal conquest in Rajputana....... But more than anything else , he must be honoured for beginning that system of warfare for which credit has hitherto gone to Shivaji and the Maharattas alone , the system of guerrilla warfare, i e ,'fighting and running away , so that he could fight another day . ' Pratap did not only inaugurate this system of warfare but carried it through as well successfully .The Mughal troops could overrun the country (Mewar) but could not conquer it .

Sanga was great but Pratap must be considered greater still who taught the Rajputs that it was as heroic to fight and run away , if one could succeed ultimately thereby ,as to fight and die on the battlefield, who organised coalition after coalition thus teaching the Rajputs the lesson of unity in which they so much lacked .

Pratap was no fanatic . The personal honour of his enemies was as safe in his hands as in their own . A great general , a brave warrior , a successful organizer a prince among men,a gererous foe , Pratap's name is sure to the honoured wherever these virtues are respected.

योगी एवं तपस्वी

—पं० श्रीपाद दा० सातवलेकर

राजपूताने का प्रदेश अपनी आन पर मर मिटने के लिए सदा से इतिहास मे प्रसिद्ध रहा है। भारतीय इतिहास मे राजपूतो की वीरता स्वय में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसको लिखे बिना इतिहास अधूरा ही रहेगा।

स्वयं की भी आहुति देकर स्वातंत्र्य दीप को सतत प्रज्ज्वलित रखने वाले उन स्वातंत्र्य दीप के शाही परवानो में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का नाम अग्रगण्य है। महाराणा की वीरता, ओजस्विता, त्याग, तपस्या एवं हृदय में स्वातंत्र्य प्राप्ति की लालसा कायरों के भी रग रग में वीरता प्रवाहित कर देती है। जंगलो की खाक छानते हुए, घासों की रोटियां खाते हुए, जमीन पर सोते हुए भी उस नर व्याघ्र ने स्वयं को शहंशाह, जहांपनाह आदि उपाधियो से विभूषित करने वाले आत्मप्रशंसी, मीना बाजार की आड में अपने विलासी कामनाओ की पूर्ति करने वाले अकबर को जो पाठ पढाया और अपनी तलवार की जो धार दिखाई, वह क्या कभी भुलाई जा सकती है? मैं तो यह कहूँगा, कि महाराणा का जीवन एक योगी का, एक तपस्वी का, एक स्वातंत्र्य वीर का और सबसे बढकर स्वातंत्र्य समर के सेनानी का जीवन था।

Evergreen memory

—K. M. Panikkar

The descendant of Mokal, Kumbha and Sanga who had for centuries fought against Muslim domination, was unlikely to accept the Mughal supremacy and in Rana Pratap this unbending resistance to the foreigner found a champion and a leader whose memory is still green in the minds of all Hindus. The alliance with Amber broke Rajput unity. The rulers of marwar, Bikaner and Bundi hastened to the Moghul court and were received with honour and given appointments. The Rana was isolated and in successive campaigns made to feel the power of the empire. Akbar himself took the field against him and conquered Chitor, but though deserted by the great body of the Rajputs and reduced to extremities, Pratap held out to the last and the honour of Mewar was upheld.

मर्यादा पुरुषोत्तम

—मुन्शी देवीप्रसाद

हमारी समझ मे महाराणा प्रतापसिंह बडे बहादुर और मजबूत राजपूत थे। जो जो बातें राजपूतो में होनी चाहिए वे सब उनमें थी। लियाकत और बहादुरी के अखाडे में वे अकबर के जोड के थे।

देखो वे कैसे धीर, वीर और गम्भीर थे कि लगातार विपदाओ के और लगातार लडाई जारी रहने पर भी बात के धनी बने रहे और हजारो फौज खप गई तो भी घबराये नही। उनका बर्ताव कैसा अच्छा था कि जब उनके पास कुछ नही होता तो सिर्फ मिलनसारी से अपना काम निकाल लेते थे वे लोगो को ऐसे प्यारे थे कि जब चाहते हजारों आदमियों को जान देने के लिए तैयार कर लेते थे उनकी खेरख्वाही में बहुत से आदमी मर खप गये थे तो भी उनकी रैय्यत उनको वैसा ही चाहती थी।

मर्यादा पुरुषोत्तम ऐसे थे जो अपने मुल्क के कानूनों दरबार के कायदों और बाप दादो के तरीको को कि जिनका बरताव अमन चेन के दिनो मे भी बहुत कम लोगो से हो सकता है वे विपत्तियो मे भी बहुत अच्छी तरह से बरतते थे।

वतन की दोस्ती और आजादी की चाह उनके ऊपर खतम हो चुकी थी और ऐसे ही महनत उठाने का हाल था फाके करते थे। तखत की जगह पत्थर के ऊपर बैठते थे। छत्र के बदले रूंखों की छांव और आराम के नाम से पूरी ठंडी हवा भी नही मिलती थी, तो भी अपनी बापोती के जंगल और पहाड दुश्मन को नही देना चाहते थे।

आखिर इन सारी महनतो का यह फल मिला कि उन्होंने अपना गया हुआ मुल्क शेर की दाढ मे से निकाल लिया और बाकी उमर आराम से काटी।

इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठ

—राहुल सांकृत्यायन

उदयसिंह को राणा प्रताप जैसा सुयोग्य पुत्र मिला, जो १५७२ ई० में सिसोदियों की गद्दी पर बैठा। पूर्वजों की वीरता के पंवाडे और सम्मान को छोड कर उसे और क्या मिला? . . . . . . प्रताप की वीरता और त्याग इतिहास के पन्नों मे सोने से लिखा गया है। . . . . . . प्राय: चौथाई शताब्दी (१५७०-९७ ई०) तक प्रताप ने जबर्दस्त शक्ति का मुकाबिला किया। . . . . . आडावल की घाटियों में मारे-मारे फिरते प्रताप और उसके बच्चे जंगल के कंद-मूल पर गुजारा करते थे। प्रताप अडिग रहा . . . . . प्रताप ने १५९७ ई० में एक परम यशस्वी वीर के तौर पर अपने शरीर को छोडा। अपने उत्तराधिकारी पुत्र अमरसिंह को उसने यही नसीहत दी कि सिसोदियों के झंडे को नीचे न गिरने देना। मुगल इतिहासकार प्रताप की वीरता को तिरस्कार की दृष्टि से देखते थे, पर विंसेन्ट स्मिथ के शब्दों में—"वे नरनारी भी स्मरण करने योग्य हैं, बल्कि पराजित विजेता से भी महान् हैं।"

Worthy of Remembrance

—*Vincent A. Smith*

It is not necessary to adduce any particular incident as supplying a motive for the attack on the Rana, who is represented by Abul Fazl as deserving of chastisement by reason of his alleged arrogance, presumption, disobedience, deceit, and dissimulation. His patriotism was his offence. Akbar had won over most of the Rajput chieftains by his astute policy and could not endure the independent attitude assumed by the Rana who must be broken if he would not bend like his fellows ....
The failure of the effort caused deep disappointment to Akbar...
... ... The Emperor desired the death of the Rana and the absorption of his territory in the imperial dominions, The Rana, while fully prepared to sacrifice his life, if necessary, was resolved that his country should remain a land of freemen. After much tribulation he succeeded, and Akbar failed.

The historians of Akbar, dazzled by the commanding talents and unlimited means which enabled him to gratify his soaring ambition, seldom have a word of sympathy to spare for the gallant foes whose misery made his triumph possible. Yet they too, men and women, are worthy of remembrance. The vanquished, it may be, were greater than the Victor.

— —

Luminous spirit of freedom

– J M. Shelat

... · For a little more than quarter of a century, Rana Pratap had dared to defy the wrath and might of the grand Mughal. During this long period, the Rana had to witness with a sad heart the tragedy of his beloved lands being trampled under the feet of his foes and devastated during a series of expeditions. Yet, unlike his other contemporaries, he chose a life of adversity, so that he would not have to acknowledge a master and tarnish the name of the family founded by his great ancestor, Bappa Raval. Unlike the other Rajputs, he never evaded fighting the Mughals. He not only fought them but built up around him coalition after coalition to stem the tide of the Mughal power in Rajputana, At one time he formed a grand alliance with Sirohi, Idar, Dungarpur, Bundi and Chandrasen Rathor [of Jodhpur] and his nephew Kalla, thus teaching the lesson of strength in unity which the Rajputs failed to learn.

If Akbar broke one alliance, Pratap soon sprang another on him Inspite of Idar, Sirohi, Dungarpur and Banswara being run over time and again by the Mughal hordes, he contiuued by his own precept to inspire their chiefs to remain uncowed. It is to his credit that he perfected the strategy of guerilla warfare, exploiting in full the geographical advantage of the hills and ravines. It was from him that later on Shivaji learnt that strategy which foiled all attempts of Aurangzeb to subdue the Deccan. Time after time the Mughals overran Mewar but they never succeeded in conquering it.

The conflict in Mewar was a contest between two minds, one establishing an empire pervading the length and breadth of India and the other on preservation of the freedom of a patrimony, which though small, had so far remained unsullied by even a semblance of subjugation. The conflict was inevitable. The issue was fought with the greatest of intensity and vehemence because the two sides were represented by two of the grandest personalities of the 16th century. Yet, even though Akbar brought to its resolution all the vast resources and the best military talent he had at his command, the issue remained unresolved till the end of his life.

·· ·· ···Pratap was heroic glowing with the luminous spirit of freedom which refused to permit his talents to be exploited in the service af any man. Endowed with only a small and impoverished Inheritence, he proved himself, in face of insurmountable difficulties, a great leader of men, a generous enemy and, above all, a prince among men. His name will ever have a permanent and prominent niche in the valhalla of valour, patriotism and heroism.

A noble and patriotic leader

—Dr. Kalikinkar Datta

Mewar found a true patriot and leader in his son Pratap, who being in every respect faithful to the traditions of his country, offered uncompromising resistance to the invaders. The magnitude of his task can be well understood when we note that without a capital, and with only slender resources, he had to oppose the organised strength of the Mughal Emperor, who was then "immeasurably the richest monarch on the face of the earth". Further, his fellow chiefs and neighbours and even his own brother, devoid of the high Rajput ideals of chivalry and independence, had allied themselves with the Mughuls. But no obstacle was too alarming for this national hero of Rajputana, who was made of nobler stuff than his relatives.

Pratap's is indeed an inspiring personality in Indian history. The Rajputs have produced abler generals and more astute statesmen than Pratap, but not more brave and noble patriotic leaders than he.

EMBODIMENT OF ELEMENTAL SPIRIT OF INDIA

—*Dr. A. L. Srivastava*

For 25 years Akbar and Pratap had looked each other in the face. In this great contest the Emperor's object, though noble, was offensive, whereas that of the Rana defensive. Akbar failed, Pratap succeeded. He refused to be enslaved in spite of the fact that all the might of a great empire and of a great ruler, the mightiest of his age, was arrayed againat him. In this total war the great Rana was sustained by his all-absorbing passion of the maintenance of the liberty of his state and the honour of his house He neither stooped nor faltered in the face of persuasion and force alike The story, that having been tormented by the misery and want in the inhospitable ravines for once at least did he swerve from his indealism and wrote out a letter of submission to Akbar, and that he revoked it immediately on having been reminded of the noble mission of his life by Prithvi Raj Rathor, the poet-warrior of Bikaner, is a myth and finds no confirmation in sober history. There has, of late, been a controversy whether Pratap did not really err in refusing to join Akbar in the great task of forging the unity of India. The answer to this cannot be given in a simple yes, or no. The idea seems to be the result of a hurried acquaintance with the contemporary literature on the subject and of a desire to read in the past the ideas and institutions of the modern age The fact is that for the so-called non-co-operation, Pratap is less to blame than Akbar. Akbar insisted throughout on the Rana's personal attendance at his court. Mewar's stand at the siege of Chitor in 1567-68 and during the four missions to Rana Pratap was that her ruler should be exempted from attending the court Abul Fazl admits that Pratap received all the envoys courteously, entertained them, put on the royal khillat aud once even sent his eldest son to Agra An interminable war followed because of Akbar's intransigence, and it ended in the time of Amar Singh only after Jahangir hnd accepted this important demand of Mewar The posterity would certainly have dubbed the Rana a reactionary and a stumbling block to India's unity, if Akbar's policy of securlarism with equal status and opportunities for all communities in this land had come to stay throughout the Mughal period Unfortunately that was not to be Jahangir followed it half-hea-

rtedly, Shahjahan showed the tendency to revert to pre-Akbar days, and Aurangzeb subverted its very foundations and re-established an Islamic state based ou the principles of supremacy of Islam and persecution of Hinduism In short, Akbar's secularism lasted hardly for 80 years and the sources of inspiration of the Hindus and the Musalmans continued to be different even in the time of Akbar. Most of the Hindu states that had joined Akbar had to revert to Pratap's policy of opposition in the time of Aurangzeb. In view of the uncertainty of the future of Akbar's policy contemporary Hindu opinion throughout the country, barring that at the Mughal court, supported Rana Pratap's stand in his life- time, as is clear from the copious literature in Sanskrit, Hindi and possibly In Gujarati also. And the posterity has always looked upon Pratap not only as a great hero, but also as a successful upholder of Hindu prestige and honour. The contention that after all Mewar lost her independence in the time of Pratap Singh's son Amar Singh and that it would have saved immense sacrifices, if Pratap had done the same in 1572, seems to be based on a misunderstanding The honourable terms secured by Amar Singh in 1615 at the hands of Jahangir were due to the long and stubborn resistance put up by Pratap and for eighteen years by Amar Singh himself. Without these sacrifices Mewar could hardly have hoped for a preferential treatment, treatment different from the one meted out by the Emperor to Amber, Jodhpur, Bikaner, Jaisalmer and Dungarpur. It is because of his successful defiance of Akbar the Great without reckoning the sacrifices that Pratap has been rightly called the embodiment of "the elemental spirit of India" that upholds her traditional glory and defies everything that tarnishes that glory.

A Valiant Freedom-fighter

—V. K R. V. Rao

Maharana Pratap occupies a unique place in the history of India because of the indomitable way in which he fought foreign rule. He was thus a Maharana not merely by designation but also in the true sense of the word.

Stories of his brave deeds and of his many human qualities have gone into folk lore and are narrated even today with the some zeal and listened to with the same enthusiasm as when they originated. Maharana Pratap amply illustrated to the country the duties that a Rajput must fulfil in his capacity as protector and left the rare example of a hardy warrior who went on fighting against heavy odds rather than comfortably own a foreign master He was the father of the unequalled strategy in warfare which the later Maratha rulers like Chatrapathi Shivaji picked up to undermine the might of the mighty Mughal empire. Instead of of getting lost in internal feuds and local machinations, he marshalled all his power and built coalitions to stem the tide of Mughal conquest in Rajputana,

Pratap was, however, no fanatic. His generosity came to be regarded as an essential prerequisite of a Rajput warrior. While he hated his enemies cordially, the personal honour of his enemy was as safe in his hands as in their own. One hears of no cruelties practised by his orders on any one who happened to have the misfortune of being his opponent So far was he from depending on an appeal to religion alone in his determination to keep safe the liberty of his motherland that he was able to lead Muslim commanders and Muslim soldiers even against Akbar's might.

In his acts of hospitality he was unequalled whoever flocked to his court, deprived and forlorn, found a welcome home Many an exhausted warrior or prince found a welcome refuge with him.

A great general, a brave warrior, a successful organizer a prince among men, a generous foe, Pratap's name will continue to shine in the history of India for his qualities of head and heart. He stands for all that is usually associated with that romantic word, Rajput. If courage was the distinguishing badge of the

Rajputs, Pratap had more than his share of it, if unflinching resolution and indomitable will ever made a hero of a man, Pratap was one, if ever a man fought against fearful odds and pulled through them, it was he. Men have shrunk back from the very thought of adversity but Rana Pratap invited it. He scorned comfort and luxury when they hed to be exchanged for his independence. Generations of Rajputs have sworn by his name and even today, Pratap's is the name to rouse the disheartened In the collective memory of the Hindus he has got a place along with Shivaji and Ranjit Singh, and along with them he proved that not even centuries of Mohammedan domination could kill the spirit out of a proud race.

The worst of his enemies, Emperor Akbar had to bow down to his memory together with his own bard when at Pratap's death the bard could contain himself no more and burst saying "Oh Pratap, you kept your horses unbranded, your head unbowed, your fame untarnished. You were strong enough to carry on your work against heavy odds ·· ··· You attained a very high place in this world............"

The relevance of Maharana Pratap's life to our day and age lies in the fact that no adversary is too strong and no tribulation too heavy for the preservation of one's conviction and independence. The country will always remain grateful for the unique example that Maharana Pratap left for the future generations to obtain their inspiration from and to emulate.

स्वतन्त्रता का पुजारी

—गौरीशंकर हीराचन्द ओझा

प्रातः स्मरणीय वीरशिरोमणि महाराणा प्रतापसिंह का नाम राजपूताने के इतिहास में सबसे अधिक महत्वपूर्ण और गौरवास्पद है। राजपूताने के इतिहास को इतना उज्ज्वल और गौरवमय बनाने का अधिक श्रेय उसी को है। वह स्वदेशाभिमानी, स्वतन्त्रता का पुजारी, रणकुशल, स्वार्थत्यागी, नीतिज्ञ, सच्चा वीर और उदार क्षत्रिय तथा कवि था। उसका आदर्श था कि बापा रावल का वंशज किसी के आगे सिर नहीं झुकायेगा। स्वदेश प्रेम, स्वतन्त्रता और स्वदेशाभिमान उसके मूल मन्त्र थे। उसको अपने वीर पूर्वजों के गौरव का गर्व था। वह ऐसे समय मेवाड़ की गद्दी पर बैठा जबकि उसकी राजधानी चित्तौड़ और प्रायः सारी मैदानी भूमि पर मुसलमानों का अधिकार होगया था। मेवाड़ के बड़े बड़े सरदार भी पहले की लड़ाइयों में मारे जा चुके थे। ऐसी स्थिति में उसके विरुद्ध बादशाह अकबर ने उसको विध्वंस करने के लिये अपने सम्पूर्ण साम्राज्य का बुद्धिबल, बाहुबल और धनबल लगा दिया था। बहुत से राजपूत राजा भी अकबर के ही सहायक बने हुए थे। यदि महाराणा चाहता तो वह भी उनकी तरह अकबर की अधीनता स्वीकार कर लेता तथा अपने वंश की पुत्री उसको देकर साम्राज्य में एक प्रतिष्ठित पद पर आराम से रह सकता था, परन्तु वह स्वतन्त्रता का पुजारी केवल थोड़े से स्वदेशभक्त और कर्तव्यपरायण राजपूतों और भीलों की सहायता से अपने देश की स्वतन्त्रता की रक्षा के लिये कटिबद्ध हो गया। उसकी वीरता, रणकुशलता, कष्टसहिष्णुता और नीतिमत्ता अत्यन्त प्रशंसनीय और अनुकरणीय थी। इन्हीं गुणों के कारण वह अकबर को, जो उस समय संसार का सबसे अधिक शक्तिशाली तथा ऐश्वर्यसम्पन्न सम्राट था, अपने छोटे से राज्य के बल पर वर्षों तक हैरान करता रहा और फिर भी अधीन न हुआ।.......... वह केवल वीर और रणकुशल ही नहीं किन्तु धर्म को समझने वाला सच्चा क्षत्रिय था। .. ..प्रलोभन देकर राजपूत राजाओं और सरदारों को सेवक बनाने वाली अकबर की कूटनीति का यदि कोई उत्तर देने वाला था तो महाराणा प्रताप ही।

वीरश्रेष्ठ महाराणा प्रताप के कार्य आज भी मेवाड़ की एक एक उपत्यका में वर्तमान समय के से जान पड़ते हैं। महाराणा का नाम न केवल राजपूताने में किन्तु सम्पूर्ण भारतवर्ष में अत्यन्त आदर और श्रद्धा से लिया जाता है। जब तक संसार में वीरों की पूजा होती रहेगी, तब तक महाराणा प्रताप का उज्ज्वल और अमर नाम लोगों को स्वतन्त्रता और देशाभिमान का पाठ पढ़ाता रहेगा।

राष्ट्रीय काव्य

आधुनिक हिन्दी-राजस्थानी कवि

हल्दीघाटी से

पं. जनार्दनराय नागर

वीर मेरुवाला की बिखरी, मांग अरी हल्दीघाटी,
मेदपाट के वक्ष-स्थल की, रोमावलि हल्दीघाटी।

अड़ावड़ा की जंघाओ पर, बैठी जरगा की बेटी,
याद कर रही वरवीरों को, हर-हर क्या हल्दीघाटी ?

वृक्ष-घटाओं की अलकों में, तेरा चन्द्रानन हसता,
पीत उरोजों से है झरता, रस-निर्झर, हल्दीघाटी।

निर्झर जिसने थे धोये, अमिट चिन्ह के घनी चरण,
साधे प्यास बुझा वीरों के, जिसने अन्तिम अमर मरण।

निर्झर सीचे थे जिससे, पूत सलोनों के खेवे,
जिसमें धोये थे असियों ने पराधीनता के खेये।

निर्झर, जिसके तीर बैठ, रो कितनी ही रातें काटी,
हल्दीघाटी, बता मुझे तू कितने मर्दों की माटी।

पीकर वीरवरों का शोणित पीली तू पड़ गई, बता ?
चेतक के लोहू की बिन्दी दे, हल्दीघाटी बनी बता ?

हे पीली माटी की घाटी, हर-हर के कितनी प्रतिध्वनियाँ,
टापों की ठोकर टकरा कर, है बतला कितने गीत बनी ?

रवि-शशि के तेरे नयनों से विपदा के कितने घन बरसे ?
बलिदानों के कितने प्रसग, बिजली बनकर तुझमे चमके ?

कितने कलंक हल्दीघाटी ! धोये छाती का खून बहा ?
जीवन के कितने क्षण पाले, पीले आंचल का दूध पिला ?

तेरे आंगन में एक दिवस, मर-मिटने का था फाग जगा,
तेरे ललाट पर एक दिवस, कुछ मर्दों ने इतिहास लिखा।

आह्वान

सोहनलाल द्विवेदी

कल हुआ तुम्हारा राजतिलक, बन गये आज ही वैरागी ।
उत्फुल्ल मधु-मदिर सरसिज में, यह कैसी तरुण-अरुण आगी ?
क्या कहा, कि 'तब तक तुम न कभी वैभव-सिंचित शृंगार करो ।'
क्या कहा, कि 'जब तक तुम न विगत-गौरव, स्वदेश-उद्धार करो ।'

माणिक मणिमय सिंहासन को, कंकड़-पत्थर के कोनो पर ।
सोने-चांदी के पात्रों को, पत्तों के पीले दोनो पर ।
वैभव से विव्हल महलों को, कांटो की कटु झोपड़ियों पर ।
मधु से मतवाली बेलायें, भूखी बिलखाती घड़ियों पर ।
'रानी' 'कुमार'-सी निधियो को, मां' के आंसू की लड़ियों पर ।
तुमने 'अपने, को लुटा दिया, 'आजादी' की फुलझड़ियो पर ।

निर्वासन के निष्ठुर प्रण मे, घुघुवाती रक्त-चिता रण में ।
बाणों के भीषण वर्षण में, फौआर से बहते व्रण में ।
'बेटा' की प्यासी-दाहो मे, 'बेटी' की भूखी-आहों में ।
तुमने पाया 'आजादी' का, मरने की कड़वी चाहो मे ।

किस अमर शक्ति-आराधन में, किस मुक्ति-युक्ति के साधन में ।
मेरे वैरागी वीर ! व्यग, किस तप-बल के उत्पादन में ।
हम कसे कवच, सज अस्त्र-शस्त्र, हैं व्याकुल रण मे जाने को।
मेरे सेनापति ! कहा छिपे ? तुम, आओ शख बजाने को ।

जागो प्रताप ! मेवाड भूमि के लक्ष्य भेद हैं जगा रहे ।
जागो प्रताप ! मा-बहनो के अपमान छेद हैं जगा रहे ।
जागो प्रताप ! मदवालो के मतवाले सेना सजा रहे ।
जागो प्रताप ! हल्दीघाटी पर वैरी भेरी बजा रहे ।

मेरे प्रताप ! तुम पड़ो, मेरे आंसू की धारों से ।
मेरे प्रताप ! तुम गूंज उठो, मेरी सन्तप्त पुकारो से ।
मेरे प्रताप ! तुम बिखर पड़ो, मेरी उत्पीड़न-मारो से ।
मेरे प्रताप ! तुम निखर पड़ो, मेरे बलि के उपहारो से ।

श्री प्रताप-स्तव

लोचनप्रसाद पाण्डेय

स्वातन्त्र्य के प्रिय उपासक, कर्म्मवीर ।
हिन्दुत्व-गौरव-प्रभाकर, धर्म्मवीर ॥
देशाभिमान परिपूरित धैर्य्य धाम ।
राणा प्रताप, तव श्रीपद में प्रणाम ॥ १ ॥

देशानुराग वर-बान्धव-प्रेम-मूर्ति ।
आत्मावलम्ब-अवतार, स्वधर्म-स्फूर्ति ॥
राणा प्रताप जिनके यश है ललाम ।
है भक्ति-युक्त उनके पद में प्रणाम ॥ २ ॥

आपत्ति में पड़ तथा दुख पा अनेक ।
अन्यान्य सम्मुख सिवा जगदीश एक ॥
आजन्म शीश जिनने न कभी झुकाया ।
दें वे प्रताप हमको निज बाहु-छाया ॥ ३ ॥

साम्राज्य, धाम, धन को अति तुच्छ जान ।
त्यागे सभी सुख अहा ! तृण के समान ॥
स्वातन्त्र्य-हेतु सहते वनवास-क्लेश ।
वे श्री प्रताप हमको बल दें विशेष ॥ ४ ॥

रक्षा-निमित्त कुल-गौरव के विशुद्ध ।
आजन्म स्वीय रिपु से कर घोर युद्ध ॥
रक्खी सगर्व जिनने निज टेक, अन्त ।
दे वह प्रताप हमको दृढ़ता अनन्त ॥ ५ ॥

वीरत्व देख मन में रिपु भी लजाते ।
हैं हर्ष युक्त जिनके गुण-गान गाते ॥
है गूढ़-नीति जिनकी छल-छिद्र हीन ।
वह श्री प्रताप हमको बल दें नवीन ॥ ६ ॥

औदार्य में न जिनका मद-गर्व लेश ।
जो पा प्रभुत्व तजते न क्षमा विशेष ॥

जो धर्म देश हित है निज प्राण धारे ।
वह श्री प्रताप दुख दैन्य हरें हमारे ॥७॥

"चाहे भले रह कुटी वन में बनाके ।
चाहे भले रह सदा फल मूल-खाके ॥
स्वाधीनता तज न तू, बनदास, मूढ ।"
धारे प्रताप ! यह भूत व तत्व गूढ़ ॥८॥

आपत्ति देख जिनका मुख हो न म्लान ।
जो सौख्य में न तजते प्रभु-पाद ध्यान ॥
है मुक्ति-मार्ग जिनका, बस, मातृ भक्ति ।
दें वह प्रताप हमको निज दिव्य शक्ति ॥९॥

"चाहें हो रिपु लक्ष-लक्ष अपने, हों एक चाहे हम ।
धारेंगे तब भी न धर्म तज के, कापट्य-क्रीड़ा-क्रम ॥
पाती नैतिक-वीरता जय सदा, पौलस्त्यहन्ता सम ।"
वाणी वीर प्रताप की यह हरे, सारे हमारे भ्रम ॥१०॥

प्रतिज्ञा

—पं० नारायणजी पुरुषोत्तम 'क्लान्त'

बैठ के सिंहासन पै प्रखर प्रतिज्ञा लीन्हीं,
रघुकुल आन-शान-शौकत गमाऊं ना।
गया हुआ चित्रकोट चोट कर यवनों से,
छीनने में कायरी कृपान की दिखाऊं ना॥
भूखे मरजाना कटजाना रन खेत पर।
बनि परतन्त्र दास म्लेच्छ को कहाऊं ना।
वैर को बिसार पर मोह में फंसूं न 'क्लान्त',
प्राण जावे तो भी सिर 'शाह' को नवाऊं ना, ॥१॥

जावे धन-धाम राज वैभव विशाल तो भी,
बनूं बन-वासी दैन्य-दासता उठाऊं ना।
अन्य राजपूतों सम बनके कपूत 'क्लान्त,'
'शाह' का ससुर-साला कबहूं कहाऊं ना॥
हिंदू-धर्म-रक्षा हेत कर में ले कृपान धारि,
धाज से पलंग पर पीठ भी लगाऊं ना।
मोछ पर ताव नहीं देऊं तृण पर सोऊं,
पंच धातु-पात्रन में भोजन हू पाऊं ना ॥२॥

सिर न झुकाऊं एकलिंगनाथ बिना कहूं,
देह गिर जाय तो भी मिष्ट अन्न खाऊं ना।
जाति नवरोजे क्षात्र कन्या का बचाऊं न तो,
हमी-कुल छत्र हिन्दू-सूर्य्य में गिनाऊं ना॥
योगी व्रत-धारी सिर केश न उतारूं तो लौं,
जो लौं राजपूती रंग तुर्क को दिखाऊं ना।
सत्ता सब शाह की चित्तौड़ से उठाऊं न तो,
उदय-तनुज परताप मैं कहाऊं ना ॥३॥*

---

* [illegible], [illegible], वीर काव्य, 'प्रताप पचासा' सन् १९३३ संस्करण, पृष्ठ २-३ से उद्धृत

हल्दीघाटी

— श्याम नारायण पाण्डेय

निर्बल बकरों से बाघ लड़े,
भिड़ गये सिंह मृग-छौनों से ।
घोड़े गिर पड़े गिरे हाथी,
पैदल बिछ गये बिछौनों से ।।

हाथी से हाथी जूझ पड़े,
भिड़ गये सवार सवारों से ।
घोड़ो पर घोड़े टूट पड़े,
तलवार लड़ी तलवारों से ।।

हय-रुण्ड गिरे, गज-मुण्ड गिरे,
कट-कट अवनी पर शुण्ड गिरे ।
लड़ते-लड़ते अरि झुण्ड गिरे,
भू पर हय विकल बितुण्ड गिरे ।।

क्षण महाप्रलय की बिजली सी,
तलवार हाथ की तड़प-तड़प ।
हय-गज-रथ-पैदल भगा भगा,
लेती थी बैरी वीर हड़प ।।

क्षण पेट फट गया घोड़े का,
हो गया पतन कर कोड़े का ।
भू पर सातंक सवार गिरा,
क्षण पता न था हय-जोड़े का ।।

चिग्घाड़ भगा भय से हाथी,
लेकर अंकुश पिलपान गिरा ।
झटका लग गया फटी झालर,
हौदा गिर गया, निशान गिरा ।।

× × ×

होती थी भीषण मार-काट,
अतिशय रण से छाया था भय।
था हार-जीत का पता नहीं,
क्षण इधर विजय, क्षण उधर विजय ॥

कोई व्याकुल भर आह रहा,
कोई था विकल कराह रहा।
लोहू से लथपथ लोथों पर,
कोई चिल्ला अल्लाह रहा ॥

धड़ कहीं पड़ा, सिर कहीं पड़ा,
कुछ भी उनकी पहचान नहीं।
शोणित का ऐसा वेग बढ़ा,
मुरदे बह गये निशान नहीं ॥

मेवाड़-केसरी देख रहा,
केवल रण का न तमाशा था।
वह दौड़-दौड़ करता था रण,
वह मान-रक्त का प्यासा था ॥

चढ़कर चेतक पर घूम-घूम,
करता सेना-रखवाली था।
ले महा मृत्यु को साथ-साथ,
मानो प्रत्यक्ष कपाली था ॥

रण-बीच चौकड़ी भर-भर कर,
चेतक बन गया निराला था।
राणा प्रताप के घोड़े से,
पड़ गया हवा को पाला था ॥

× × ×

जो तनिक हवा से बाग हिली,
लेकर सवार उड़ जाता था।
राणा की पुतली फिरी नहीं,
तब तक चेटक मुड जाता था ॥

× × ×

है यहीं रहा, अब यहां नहीं,
वह नहीं रहा है वहां नहीं ।
थी जगह न कोई जहां नहीं,
किस अरि मस्तक पर कहां नहीं ॥

× × ×

चढ चेतक पर तलवार उठा,
रखता था भूतल-पानी को ।
राणा प्रताप सिर काट-काट,
करता था सफल जवानी को ॥

कलकल बहती थी रण-गंगा,
अरि-दल को डूब नहाने को ।
तलवार वीर की नाव बनी,
चटपट उस पार लगाने को ॥

वैरी-दल को ललकार गिरी,
वह नागिन सी फुफकार गिरी ।
था शोर मौत से बचो, बचो,
तलवार गिरी, तलवार गिरी ॥

पैदल से हय-दल गज-दल में,
छिप-छप करती वह निकल गई।
क्षण कहां गई कुछ पता न फिर,
देखो चमचम वह निकल गई ॥

क्षण इधर गई, क्षण उधर गई,
क्षण चढ़ी बाढ़-सी उतर गई ।
था प्रलय चमकती जिधर गई,
क्षण शोर हो गया किधर गई ।।

क्या अजब विषैली नागिन थी,
जिसके डसने में लहर नहीं ।
उतरी तन से मिट गये वीर,
फैला शरीर में जहर नहीं ।।

थी छुरी कहीं, तलवार कहीं,
वह बरछी-असि खरधार कहीं ।
वह आग कहीं अंगार कहीं,
बिजली थी कहीं कटार कहीं ।।

लहराती थी सिर काट-काट,
बल खाती थी भू पाट-पाट ।
बिखराती अवयव बाट-बाट,
तनती थी लोहू चाट-चाट ।।

× × ×

ऐसा रण राणा करता था,
पर उसको था संतोष नहीं ।
क्षण-क्षण आगे बढ़ता था वह,
पर कम होता था रोष नहीं ।।

कहता था लड़ता मान कहां ?
मैं कर लूं रक्त-स्नान कहां ?
जिस-पर तय विजय हमारी है,
वह मुगलों का अभिमान कहां ?

भाला कहता था मान कहाँ ?
घोड़ा कहता था मान कहाँ ?
राणा की लोहित आंखों से
रव निकल रहा था मान कहाँ ?

लड़ता अकबर सुल्तान कहाँ ?
वह कुल-कलंक है मान कहाँ ?
राणा कहता था बार-बार,
मैं करूँ शत्रु बलिदान कहाँ ?

तब तक प्रताप ने देख लिया,
लड़ रहा मान था हाथी पर ।
अकबर का चंचल साभिमान,
उड़ता निशान था हाथी पर ।।

× × ×

फिर रक्त देह का उबल उठा,
जल उठा क्रोध की ज्वाला से ।
घोड़ा से कहा बढ़ो आगे,
बढ़ चलो कहा निज भाला से ।।

हय-नस-नस में बिजली दौड़ी,
राणा का घोड़ा लहर उठा ।
शत-शत बिजली की आग लिये
वह प्रलय-मेघ-सा घहर उठा ।।

× × ×

तनकर भाला भी बोल उठा,
राणा मुझको विश्राम न दे ।
बैरी का मुझसे हृदय गोभ,
तू मुझे तनिक आराम न दे ।।

× × ×

मुरदों का ढेर लगा दूँ मैं,
अरि-सिंहासन थहरा दूँ मैं।
राणा मुझको आज्ञा दे दे,
शोणित सागर लहरा दूँ मैं॥

× × ×

यह महा प्रतापी घोड़ा उड़,
जंगी हाथी को हबक उठा।
भीषण विप्लव का दृश्य देख,
भय से अकबर-दल दबक उठा॥

क्षण भर छल बल कर लड़ा अड़ा,
दो पैरों पर हो गया खड़ा।
फिर अगले दोनों पैरों को,
हाथी मस्तक पर दिया गड़ा॥

यह देख मान ने भाले से,
करने को की क्षण चाह समर।
इस तरह थाम कर झटक दिया,
हाथी की भी झुक गई कमर॥

राणा के भीषण झटके से,
हाथी का मस्तक फूट गया।
अम्बर कलंक उस कायर का,
भाला भी दबक कर टूट गया॥

राणा वैरी से बोल उठा—
"देखा न समर भाले से कर।
लड़ना तुझको है अगर अभी,
तो फिर लड़ले भाला लेकर॥"

"हाँ, हाँ लड़ना है" कह कर जब,
वैरी ने उठा लिया भाला ।
क्षण भौंह चढ़ा कर देख दिया,
कांपे जो हाथ गिरा भाला ॥

राणा ने हँस कर कहा "मान,
अब बस करदे हो गया युद्ध ।
वैरी पर वार न करने से,
मेरा भाला हो रहा क्रुद्ध ॥

अपने शरीर की रक्षा कर,
भग जा भग जा अब जान बचा" ।
यह कह कर भाला उठा लिया,
भीषण तुम हाहाकार मचा ॥

क्षण देर न की तन कर मारा,
अरि कहने लगा न भाला है ।
यह गेहुवन करइत काला है,'
या महाकाल मतवाला है ॥

× × ×

छिप गया मान हौदे-तल में,
टकरा कर हौदा टूट गया ।
भाले को हलकी हवा लगी,
पिलवान गिरा, तन छूट गया ॥

अब बिना महावत के हाथी,
चिग्घाड भगा राणा भय से ।
संयोग रहा, बच गया मान,
खूनी भाला, राणा हय से ॥

× × ×

राणा के चारों ओर मुगल,
होकर करने आघात लगे।
खा खाकर अरि तलवार चोट,
क्षण-क्षण होने भू पात लगे ॥

× × ×

राणा कर ने सिर काट-काट
दे दिये कपाल कपाली को।
शोणित की मदिरा पिला पिला,
कर दिया तुष्ट रण काली को ॥

पर दिन भर लड़ने से तन से,
चल रहा पसीना था तर तर ॥
अविरल शोणित की धारा थी,
राणा क्षत से बहती झर-झर ॥

घोड़ा भी उसका शिथिल बना,
था उसको चैन न घावों से।
वह अधिक अधिक लड़ता यद्यपि,
दुर्लभ था चलना पावो से ॥

तब तक झाला ने देख लिया,
राणा प्रताप है संकट में।
बोला न बाल बांका होगा,
जब तक प्राण बचे हैं घट में ॥

अपनी तलवार दुधारी ले,
भूखे नाहर-सा टूट पडा।
कलकल मचगया, अचानक दल,
आश्विन के घन सा फूट पड़ा ॥

रख लिया छत्र अपने सिर पर,
राणा—प्रताप—मस्तक से ले।

ले स्वर्ण—पताका जूझ पड़ा,
रण-भीम-कला अन्तक से ले ।।

झाला को राणा जान मुगल,
फिर टूट पड़े वे झाला पर ।
मिट गया वीर जैसे मिटता,
परवाना दीपक —ज्वाला पर ।।

झाला ने राणा—रक्षा की,
रख दिया देश के पानी को ।
छोड़ा राणा के साथ साथ,
अपनी भी अमर कहानी को ।।

अरि विजय—गर्व से फूल उठे,
इस तरह हो गया समर-अन्त ।
पर किसकी विजय रही बतला,
ऐ सत्य—सत्य अम्बर अनन्त ।।

हल्दीघाटी (खण्ड काव्य) —श्याम नारायण पाण्डेय इण्डियन प्रेस, प्रयाग (सं० २००६ संस्करण)
(पृष्ठ १३३ से १४४)

चेटक

—कविराजा पं० श्री हरनाथजी

चंचल चमंक चहूँ ओर घरि कुण्डन पै,
छांटत कुदोटी कूद सेलें फरी पट्टा सो।
भाषै 'हरनाथ' महाराणा श्री प्रताप बाज,
बाज बाज बार देत बाज ही झपट्टा सो॥
एड़ के छुआवत छनक्क परिवार्तों छूट,
हौदा पील पेठ तें ढहावे दीह अट्टासो।
चौंक चौंक चपल चमून चट पट्टा मार,
चेटक उचट्ट चट्ट जात नयपट्टा सो॥३७॥

सज्जत समर साज थान छोड़ते ही शीघ्र,
थमत न थामें थनयारन फसाले देत।
भाषै 'हरनाथ' माथ ऊंचो करि हेर हेर,
फूद फूव कुदक कुदोटिन उछाले देत॥
पीठ पै सवार महाराणा श्री प्रताप पेख,
हींस हींस मानो विजै घोषना के नाले देत।
बाग के बतावत ही चेटक उचट्ट चट्ट,
वैरी गज कुम्भन पै सुम्म खुरताले देत॥३८॥

रोस रंग राचे वीर नाचे रण रग देख,
चाल चातुरी से चले दौड़ता दपटता,
भाषै 'हरनाथ' माथ हाथियो के खूंद खूंद,
हौदे के सवारन के शीश ह्वै सपटता।
वीर श्री महाराणा प्रताप का इशारा पाय,
वायु के समान जाता वायु से लपटता।
पच्छी रूप विपुल विपक्षियो के झुण्डन पै,
चेटक चटाक बाज बाज सा झपटता॥३९॥

चौंक चौंक चंचल चमङ्क चातुरी से चारू,
चहूं ओर दम्भ दम्भियों के दौर दरता।
मान्य महाराणा श्री प्रताप का प्रतापी बाज,
वृन्द वैरियो के हेर हौंसता हहरता॥
भावै 'हरनाथ' हक साथ खुरतालन सौं,
खोपड़ी खलों को खूब खूंदता खुचरता।
चीरता चमू को तेज तीर सा निकलता वीर,
चेटक उचट्ट चट्ट चेटक सा करता॥४०॥

'प्रताप पताका' रचयिता कविराजा पं० श्री हरनाथजी, ब्रज नगर, झालावाड़, विक्रम सं० १९९७
पृष्ठ १६–१७ से उद्धृत

अर्थः— १. छणिवालों — बिजली
२. अट्टासों — अट्टा
३. नट्टवट्टा — नट का गोला
४. थनवारन — साईस
५. नाले — नारे
६. कुम्भन — मस्तक

प्रताप-विसर्जन

—राधाकृष्णदास

उन्नत-सिर गिरि-अवलि गगन सों उत बतरावत।
इत सरवर पाताल भेदि अति छवि छहरावत॥
मंद पवन सीरी बहै होन लगे पतझार।
पर्नकुटी नरसिंह लसत एक मानों कोउ अवतार॥
हरन भुव भार को॥१॥

मुख-मंडल अति शांत, कांतिमय चितवन सोहै।
भरे अनेकन भाव व्यग्र चारिहुँ दिसि जो है॥
वीर-मडली घेरि कै प्रभु की गति रहे जोहि।
मनु भीषम सर-सयन परे कौरव पांडव रहे सोहि॥
हृदय उमड़यो परै॥२॥

लखि निज प्रभु को अंत समय की वेदन भारी।
व्याकुल सब मुख तकैं सकैं धीरज नहिं धारी॥
राव सलूमर रोकि निज हिय उदवेग महान।
हाथ जोरि विनती कियो अति हरुए लगि प्रभु कान॥
वचन आरत सने॥३॥

अहो नाथ, अहो वीर-सिरोमनि भारत-स्वामी!
हिंदू-कीरति थापन में समर्थ सुभ नामी!!
कहां वृत्ति है आपकी, कौन सोच, कहं ध्यान?
देखि कष्ट हिय फटत है, केहि संकट में है प्राण॥
कृपा करिकै कहो॥४॥

सुनत दुख भरे बैन नैन तिनके दिशि फेर्‌यो।
भरि कै दीरघ सांस सबन तन व्याकुल हेर्‌यो॥
पुनि लखि सुत तन फेरि मुख अति संतप्त अधीर।
धरि धीरज अति छीन सुर बोले वचन गंभीर॥
परम आतंक सो॥५॥

हे! हे! वीर-सिरोमनि सब सरदार हमारे।
हे! विपत्ति-सहचर प्रताप के प्रान-पियारे॥

तुव भुव-बल लहि मै भयो रच्छा करन समर्थ।
मातृ-भूमि-स्वाधीनता को प्रबल सत्रु करि व्यर्थ॥
अनेकन कष्ट सहि॥६॥

या प्रताप नै उचित कहौ कै अनुचित भाखौ।
वा स्वतंत्रता हेतु जगत-सुख तृन-सम नाखौ॥
ढाइ महल खंडहर किये सुख सामान विहाय।
छानि बनन की धूरि को गिरि गिरि मे टकराय॥
क्लेश को लेश नहिं॥७॥

पै जब आवत ध्यान लह्यो जो सहि दुख इतने।
सो अमूल्य निधि मम पाछे रहि है दिन कितने॥
तुच्छ वासना मे पग्यो दुःख सहन असमर्थ।
चंचल अमरहिं देखि कै होत आस सब व्यर्थ॥
सोच भावी दसा॥८॥

कहि दुखमय ये वचन अमर तन दुख सो देख्यो।
मूंदि नैन जल भरे स्वास लै सब दिशि पेख्यो॥
सन्नाटा चहुं दिशि छयो सब के मुख गंभीर।
पृथ्वी दिशि हेरें सबै भरे महा हिय पीर॥
बैन नहिं कछु कढ़ै॥९॥

करि साहस पुनि राव सलूमर सीस नवायो।
अभिवादन करि अति विनीत ये वचन सुनायो॥
पृथ्वीनाथ! यह सोच क्यों उपज्यो प्रभु-हिय आज।
कुंवर बहादुर तैं परी कौन चूक केहि काज॥
निरासा जो भई॥१०॥

बदलि पास कछु सँभरि बैन परताप कह्यो पुनि।
अति गभीर सतेज मनहुं गुंजत केहरि धुनि॥
"सुनो वीर मेवार के गौरव राखनहार।
मेरे हिय की वेदना जो किमो आस सब छार॥
अमर के कर्म ने॥११॥

एक दिवस एहि कुटी अमर मेरे ढिग बैठ्यो।
इतनेहि में मृग एक आनि के वहां जु पैठ्यो॥
हरबराइ संधानि सर अमर चल्यो ता ओर।
कुटिया के या बांस में फंस्यो पाग को छोर॥
अमर तोहू न रुक्यो॥१२॥

बढ़न चहत आगे यह पगिया खैंचत पाछे।
पै नहिं जिय में धीर छुड़ावै ताको आछे॥
पागहु फटी सिकारहू लग्यो न याके हाथ।
पटकि पाग लगि झोंपड़िहिं अतिहिं क्रोध के साथ॥
बैन मुख ते कढ़े॥१३॥

रहु रहु रे निर्बोध अमर-गति रोकनहारे।
हम न लेहिंगे सांस बिना तोहि आज उजारे॥
राज भवन निर्मान करि तेरो चिह्न मिटाइ।
जो दुख पाये तोहि में सो दैहौं सबै भुलाइ॥
सुखद आवास रचि॥१४॥

तबहीं ते ये बैन शूल-सम खटकत मम हिय।
यह परि सुख-वासना अवसि दुख दिवस बिसारिय॥
अति अमोल स्वाधीनता तुच्छ विषय के दाम।
बेचि सिसोदिय कीर्ति को यह करि है अवसि निकाम॥
रुके हम सोचि एहि॥१५॥

हिंदूपति के बैन सुनत छत्री कोपे सब।
अति पवित्र रजपूत-रुधीर नस नस दौर्‌यो तब॥
लै लै असि दृढ पन कियो छ्वै छ्वै प्रभु के पाय।
"जौ लौं तन, स्वाधीनता तौ लौं रखौं बचाय॥
संक करिये न कछु"॥१६॥

दृढ़प्रतिज्ञ छत्रिन पन सुनि राना मुख विकस्यो।
आश-लता लहलही भई मुखते यह निकस्यो॥

"धन्य बीर तुम जोग हीं यह पन तुमहिं सुहाय।
अब हम सुख सों मरत हैं, हरि तुम्हारे सदा सहाय ॥
यही आसीस मम" ॥१७॥

देखत—देखत शांति—सदन परताप सिधाए।
पराधीनता—मेघ बहुरि भारत सिर छाए ॥
सबही सुख परताप संग कियो विसर्जन हाय।
दीन-हीन भारत रहयो सुख संपदा गंवाय ॥
ताहि प्रभु रच्छिए ॥१८॥

प्रताप का राम राज्य

—कवि रावमोहनसिंह

इत प्रताप निज भटन युत, लेय विजय को नाह।
रम्य धरा राजत रहे, गाजत रहे प्रवाह ॥३२६॥

सवैया

पातलपाय विजे पतसाहसों, राजन को तुरराव्है रज्योकरें।
जाहिके राज कलंकिन कोउ, कलंकित एक मयंक बज्योकरे॥
तावत ग्रीषम मे तरनी इक भीरत भुर्जन छाड़ि भज्योकरें।
श्रो उमड़े उदधी घुमड़े घन, व्है मदमत्त मतंग गज्योकरे ॥३२७॥

श्रंग कसें तनत्रांन उदे दिन, छाहुरी ऊपर छन्न छयो करें।
वाहुवंधे भुजवंध वही इक, पच्चुरिही सिरपें चढ़ियो करें॥
श्रंकलहे महारानियकें इक वाहिनी श्रंक कृपानि व्हियो करें।
लेय मुगल्ल चुगल्ल न ठल्ल ही, पातल की इक पीठ लियो करें ॥३२८॥

पातल भो भुवसो श्रनमी, भवसो श्रनमीन सदा नमियो करें।
लोभ करें नहें लच्छियको, जय लच्छियको इक लोभ कियो करें॥
पातनतेंन प्रसन्न हुवें कविपातन पिखि प्रसन्न व्हियो करें।
साहन को दंडनीक सुही, इक साहनको नहदण्ड दियो करें ॥३२६॥

पातल वीर श्रचल्ल चलेंसजि, व्है श्रनटल्ल टले श्रघतें मुख।
निठुर तोपिडरें श्रदवादतें, व्है मुख कंठ दे ट्रुठुन को दुख॥
मांनके मित्र श्रमित्रहु मांनके, संयमीव्है रखें पंगुरी की रुख।
व्है सुपती कूपतीजु कहाश्रत, पोषकव्हैं करें भावहू की भुक ॥३३०॥

जापरताप के शाशनवींच, सछिद्र सुनें मुकताजु सहस्त्रन।
तोपन धूम्र श्रंधेर यही, विनही श्रपराध कटे वहुवस्त्रन॥
व्हैंमुंहजोर रहै कोऊ घोटक, पीरतपेखे किनेइक नस्त्रन।
छद्म धरेंवक वढ़िढ तुरे नख, देय संताप घतेघन शस्त्रन ॥३३१॥

———

महाराणा का महत्व

—जयशंकर प्रसाद

सज्ज सभागृह में सब अपने स्थान पर
वन्दी, चारण, प्रतिहारीगण थे खडे,
ढले हुए सुन्दर सांचे में शिल्प के
पुतले-जैसे सजे गये हों भवन में।
पुष्पाधार, सजाए कुसुमिति क्यारियां,
मौन खडे थे सुन्दर मालाकार से,
कृत्रिम भंवर न गूंज रहा त्रास से।
सुन्दर मणिमय मंच मनोरम था लगा,
बैठे थे उपधान सहारे हिन्द के—
अकबर शाहशाह चिबुक कर पर धरे।
अभिवादन कर, खडे रहे निर्दिष्ट निज-
स्थानों पर सब चतुर शिरोमणि मंत्रिगण
उस प्रभावशाली सतेज दर्बार मे
क्षत्रिय नरपतिगण भी सविनय थे झुके।

तब रहीमखां के प्रति रुख करके, चतुर–
अकबर ने कुछ हंस कर पूछा व्यंग से–
"कहिये यहां आगरे की जलवायु से
स्वास्थ्य हुआ सब ठीक आपका वा नहीं?"

कहा खानखाना ने सिर नीचे किये–
"शहंशाह अब भी कुछ वैसा हैं नहीं,
जैसा अच्छा होना हूं मै चाहता,
इसीलिये अब मेरी हैं यह प्रार्थना
मुझे हुक्म हो तो जाऊ काश्मीर ही,
क्योंकि वही जलवायु मुझे हैं स्वास्थ्यकर;
यही बताया है हकीम ने भी मुझे।"
अकबर ने फिर कहा–भला यह तो कहो,
क्योंकर ऐसा स्वास्थ्य तुम्हारा हो गया?"

कहा खानखाना ने फिर कुछ नम्र हो—
"बस हुजूर, मुझसे न वही कहलाइये
जिसे आपसे कहा नहीं मैं चाहता।
क्षमा कीजिये! यदि आज्ञा होगी कि हां,
कहो! मुझे फिर सच कहना ही पड़ेगा।"

अकबर ने तब कहा- "सत्य निर्भय कहो।"
कहा खानखाना ने झुक कर-"जिस दिवस
मुझे बनाकर सैनप भेजा आपने
वीर भूमि-मेवाड़—विजय के हेतु, हां—
उस दिन सचमुच मुझे असीम प्रसन्नता
हुई, कि मैं भी देखूंगा उस वीर को,
जो अब तक हो कर अबाध्य सम्राट का
करता है सामना बड़े उत्साह से!
सचमुच शाहंशाह एक ही शत्रु वह
मिला आपको है कुछ ऊंचे भाग्य से;
पर्वत की कन्दरा महल हैं, बाग हैं—
जंगल ही, आहार—घास फल फूल हैं;
सच्चा हृदय सहायक, उसके साथ हैं;
मुगल-वाहिनी से होता जब सामना
भिड़ जाना सन्मुख उसका कर्त्तव्य था,
सुकुमारी कन्या त्यों बालक का कभी
छिन जाता जो आहार बना जो घास से।
वे भी जब हैं अश्रु बहाते तो नहीं
होता है पाषाण-हृदय द्रवमय कभी।
तिस पर भी उसके उस हृदय-महत्व का
कैसे मै वर्णन कर सकता हूं प्रभो!
राजकुंवर ने बेगम को वन्दी किया
फिर भी सादर उसे भेज कर पास में
मेरे, मुझको कैसा हैं लज्जित किया
मनोवेदना से मैं व्याकुल हो उठा;

इसीलिये यह रोग हुआ है असल में ।
इससे छुटकारे का एक उपाय है—
आज्ञा हो तो मैं भी कुछ विनती करूं ।"

हंस और बोले अकबर—'हां-हां कहो,
सब मुझको है विदित हुआ जो जो वहां ।"
कहा खानखाना ने—'राणा ने कभी—
किया नहीं आक्रमण आपके राज्य पर ।
अपने छोटे राज्य मात्र से वे तुष्ट हैं,
और किसी से भडक रही हो शत्रुता
तो वह अपने भुजबल से जो कर सके
करे, शिथिल होगा ! तो भी बल आपका
बढा रहेगा ! ऐसे सज्जन व्यक्ति से
आप क्यों न अपना महत्व दिखलाइये ।
सच कहिये, क्या ऐसे उन्नत हृदय को
दुख देना है अच्छा ईश्वर-नीति मे ?
केवल चुप हो जाना ही है आपका—
सन्धि शांन्ति के मंगलघोष समान ही,
दो महत्वमय हृदय एक जब हो गये
फैलेगा फिर वह महान सौरभ यहां
जिसके सुखमय गंध-प्रेम मे मत्त हो
भारत के नर गावेंगे यश आपका ।"

अकबर ने फिर कहा—"बात यह ठीक है,
अब न लड़ाई राणा से उपयुक्त है ।
भेजो आज्ञा पत्र शीघ्र उस सैन्य को,
सब जल्दी ही चले आयं अजमेर में ।"
कहा खानखाना ने-'हे उन्नत हृदय—
भारत के सम्राट ! दयामय आपकी
सुयश-लता की बीज उर्वरा-भूमि मे
शान्ति-वारि से सिंचित हो फलवती हो ।
अब न काम है जाने का काश्मीर को
इन चरणों की सेवा ही भू-स्वर्ग है !"

कवित्त

—शोभालाल कौशिक, जयपुर

जो उर जरी है कुल-कानि-नेह-डोरी जोति, मान हित मौत जो भरी है थर गोरी सी,
रौरत प्रताप त्यों निगोरी सी फकीर भांति, चोरी हू प्रकासैगी न डूमकि ठगोरी सी।
"कौशिक" प्रताप तें प्रभाकर-प्रभा सी साहु, श्रीयक चमासैगी नु भागे ग्रात भोरी सी,
निपट निगोरी सी परी है जो कृपान कर, तो फिरि सुतन्त्रता परी है कर जोरी सी ।।१।।

रौरत प्रताप ये सुतंत्रता हमारी घिरी रन-बदरी को बरजोर बिजरी सी है ,
नैन-पुतरी सी है प्रवीन प्रान-नागर की, साहु मान-सागर की सुघर तरी सी है ।।
जीवन-जरी सी है हरी सरीर नगम की, जंगम सरीर की सजीवन जरी सी है।
"कौशिक" सलोक की त्रिलोक निकरी सी खरी उर सुर-लोक की मनोहर परी सी है ।।२।।

भव-भय सीलम की भारी भयवारी श्रौर, ताप-त्रय ग्रीसम की सिसिर बयारी है,
प्यारी पखवारी है 'कौशिक" हमारी मन, माले वैरि लावन मे मार रखवारी है।
भनत प्रताप या सुचरित सुतन्त्रता पै साहु भाज मारन की चोट चाय मारी है,
नारी छिनगारी है न यार दिलदारवारी, ये तो दिल-दारवारी यार चिनगारी है ।।३।।

तू तो उतपाती उतपातन को आदी न हों क्यो भयो अकारन हमारी प्रतिवादी है,
"कौशिक" तिहारी कौन हजार आबादो करी कौन धौं हरी हम तिहारी शाहजादी है।
भनत प्रताप साहु सादी सी हमारी तो ये कुल मरजाद की मुराद बुनियादी है ।
होवै जो आजादी बरबादी हू सवाई स्वाद जो नहीं आजादी निसवादी राजगादी है ।।४।।

जोरि जोरि टोरी घोर सुभट करोरनि की दौरि दौरि हम पै करत बरजोरी सी,
ठिठोरी सी 'कौशिक" तिहारी साहु थोरी पर रौरत प्रताप यह हमारे हिय होरी सी।
अब झखझोरी सी त्रसैगी रन - चंग सोर भोरी सी धरा-चहू लहू के रग बोरी सी,
रोरी सी लसैगो अग जंग-रंग-भू की धूरि धार खग हू की त्यो ग्रसैगी अग गोरी सी ।।५।।

तेरे धन-धाम की तृसना पर धूरि डारि हमने रसना को हरि - नाम - रस बोरी है,
भनत प्रताप कुल-कानि की उपासना में "कौशिक" सहास प्रान हूं की श्रास छोरी है।
काम की हमारे नाहि तिहारी सैनसाही साहु राह लेहु अपनी क्यो करत सरफोरी है,
दाम दिसि दौरी धरा-धाम नेह जोरी सु तो नाम-कीच बौरी कोरी चाम की चटोरी है ।।६।

वसन-फटे की छटा - वलित पटोरी और दसन-जटे की सुधा-कलित कटोरी है,
कौन धौं तिहारी सी न "कौशिक" टटोरी पर भनत प्रताप यह मेरी प्रान डोरी है।
साहु ये सुतंत्रता है अंतर कठोर खरी जाने ढरि काहू सो न करी गंठजोरी है,
चोरी है न काहू की कृपा के कीच बोरी है न ये तो नीच कोरी चन्द्रहास की चकोरी है ।।७।।

पुन्य - पटुता तें कटु कपट कटीलौ काटि निपट सपाट बढी बाढ हिन्दुता की है,
"कौशिक" इहा न चटकीले ठाठ - बाट बैठो साहु लचकीली ढरी खाट हिन्दुता की है।
रौरत प्रताप प्रेम-कद-रस-बूंदी चखो निरखो विराट लगी लाट हिन्दुता की है,
चाट बन्धुता की हैं कुमार बिनु मोल तुली लूटि लेहु लूटि खुली हाट हिन्दुता की है ।।८।।

तुम्हीं ?

—हरिकृष्ण 'प्रेमी'

छली प्रलोभन ने जब छल से,
छले सरलता के सब प्राण ।
तुमने ही चरणों से ठुकरा,
चूर्ण किया उसका अभिमान ।।

भारत के सारे बल को जब,
फसा बेड़ियो ने जब अनजान ।
तब केवल तुमही फिरते थे,
वन-वन पागल सिह समान ।।

वहा विलासो की लहरो मे,
अन्धा बन सारा ससार ।
तुम ही अपने सारे जीवन,
करते रहे कष्ट से प्यार ।।

सारा भारत मौन हुआ जब,
सोता था सुख से नादान ।
तब बन्धन के विकट जाल से,
लड़ा रहे थे तुम ही जान ।।
सूर्य झुका, झुक गये कलाधर, झुके गगन के तारे ।
अखिल विश्व के शीश झुके, पर झुके न तुम प्रताप प्यारे ।।

त्याग भूमि पृष्ठ २८१ से

प्रताप के वंशजों से

—रामनरेश त्रिपाठी

दिग्विजयी वीरों के वंशज !
चक्रवर्तियों के हे प्रतिनिधि !
विश्व-विदित पुरुषों के स्मारक !
स्वयं समस्त विधानों के विधि !

हे क्षत्रिय ! है एक बूंद भी,
रक्त तुम्हारे तन में जब तक !
पराधीन बनकर तुम कैसे ?
अवनत कर लेते हो मस्तक !!

त्याग भूमि पृष्ठ २६३ से

स्मृति-गान

—शान्तिप्रिय द्विवेदी

अरे वीर ! क्या तुझे कमी थी—जो छोड़ा तूने घर द्वार ?
सुख सम्पति से बड़ा और क्या-जिसके लिये हुआ बलिहार !
जह मुगल-दरबारो मे थीं होती नूपुर की झनकार,
वहां भली क्यो लगी तुझे तलवारो की खन-खन खनकार !
वह विराग था कैसा तेरा-जिसके लिये हुआ मोहताज ?
ओ जंगल के राजा ! प्रताप ! क्यों छोड़ा महलो का राज ?

त्याग भूमि पृष्ठ ३५० से

मेवाड़ से

—द्विजेन्द्रलाल राय

हे मेवाड़ पहाड़ ये जूझा जहां सिंह परताप।
अटल रहा पर्वत-सा यद्यपि सहे घोर सन्ताप।।
धधकी रूपागिनी पदमिनि की जहां प्रवल चहुँओर।
कूद पड़ी थीं जिसमें सेना यवनो की घनघोर।।
हे मेवाड़ पहाड ये जिसकी लाल धजा फहराती है।
दर्प पुराना चूर किया है यवनो का, बतलाती है।।

हे मेवाड पहाड यही जहँ लाल हुआ है नीर।
रक्त वहा मर मिटे जहां है लाखो छत्री वीर।।
म्लेच्छराज को गढ़ चितौर से मार भगाया दूर।
हर लाया उसकी कन्या को वापारावल सूर।।
हे मेवाड़ पहाड ये जिसकी लाल धजा फहराती है।
दर्प पुराना चूर किया है यवनो का बतलाती है।।

है मेवाड़ पहाड ये गलता वन करके नित छीर।
मधुर सुखद हैं सबसे जिसके अन्न फुल फल नीर।।
कुंजो मे करते हैं कलरव जहाँ सारिका कीर।
कानन मे जहँ बहै सुगन्धित शीतल मन्द समीर।।
हे मेवाड पहाड़ ये जिसकी लाल धजा फहराती है।
दर्प पुराना चूर किया है यवनों का, बतलाती है।।

नभ को इस मेवाड-शैल का शिखर रहा है चूम।
भरी हुई है स्वर्ग ज्योति से यह सारी वन-भूम।।
वन फूलो से ललनाएं सब करती है सिंगार।
दयावती, पतिव्रता, साहसिनी नहिं ऐसी संसार।।
ये मेवाड़ पहाड़ ये जिसकी लाल धजा फहराती है।
दर्प पुराना चूर किया है यवनो का, बतलाती है।।

(अनुवादक-रामचन्द्र वर्मा)

मेवाड़-पतन-द्विजेन्द्रलाल राय (नाटक, अनुवादक-रामचन्द्र वर्मा, हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर-प्रकाशन पृष्ठ १०-११

चेतावणी रो चूंगट्यो

—केसरी सिंह बारहट, कोटा

पग-पग भम्या पहाड़, धरा छोड़ राख्यो धरम।
(ईंसूं) महाराणा र मेवाड़, हिरदे बसिया हिन्द रे ॥१॥

घण घलिया घमसाण, (तोई) राण सदा रहिया निडर।
(अब) पेखंतां फुरमाण, हल चल किम फतमल हुवै ॥२॥

गिरद गजां घमसाण, नहचैं धर माई नहीं।
(ऊ) मावै किम महाराण, गज दोसै रा गिरद मे ॥३॥

ओरां ने आंसाण, हाकां हरवल हालणो।
(पण) किम हाले कुल राण, (जिण) हरवल साहां हक्किया ॥४॥

नरियंद सह नजराण, झुक करसी सरसी जिकां।
(पण) पसरे लो किम पाण, पाण छतां थारो फता ॥५॥

सिर-झुकिया सह-साह, सीहासण जिम साम्हने।
(अब) रलणो पगत राह, फावे किम तोने फता ॥६॥

सुकल चढ़ावे सीस, दाण धरम जिणरो दियो।
सो खिताब बखशीस, लेवण किम ललचावसी ॥७॥

देखेला हिंदवाण, निज सूरज दिस नेह सूं।
पण तारा परमाण, निरख निसासा नाकसी ॥८॥

देखे अंजस दीह, मुलके लो मन ही मना।
दंभी गढ़ दिल्लीह, सीस नमतां सीसवद ॥९॥

अन्तवेर आखीह, पातल जो बातां पहल।
(वे) राणा सह राखीह, जिण री साखी सिर जटा ॥१०॥

कठिन जमानो कोल, बांधे नर हिमत बिना।
(यो) बीरां हंदो बोल, पातल साँगे पेखियो ॥११॥

अब लग सारां आस, राण रीत कुल राखसी।
रहो साहि सुखराम, एकलिंग प्रभु आपरै ॥१२।

मान मोद सीसोद, राजनीत बल राखणो।
(ई) गवर्रमिट री गोद, फल मीठो दीठो फता ॥१३॥

महाराणा प्रताप ने अपनी आन-बान और भूमि की स्वतन्त्रता की रक्षा की दृष्टि से जो उत्कट त्याग और बलिदान किया, वह सिसोदिया वंश की धरोहर बना। जब कभी कोई मेवाड़ाधिपति अपनी वंश परम्पराओं से विमुख होता तो उसको प्रताप का स्मरण कराया जाता। राजस्थान के सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी श्री केसरी सिंह बारहठ ने इसी आशय की यह कविता महाराणा श्री फतहसिंह को लिखी, जब उन्होंने सन् १९०३ ई० में दिल्ली-दरबार में शरीक होने के लिये प्रस्थान किया।

प्रताप-यश

—महाराज श्री विजयसिंहजी

अकबर गज अप्रमाण,
　　　　लंगर तज टाणा लगो ।
रोक्यो निज बल राण,
　　　　तोमर पाण प्रतापसी ॥१॥

अकबर पाँन अथाह,
　　　　धर्म-नाव बोरन धस्यो ।
महिपत होय मल्लाह,
　　　　ते राखी राणे पता ॥२॥

कमधज अरु कछवाह,
　　　　दुहिता दे राती धरा ।
रामचन्द्र कुल राह,
　　　　राण पते भुज बल रखी ॥३॥

त्याग भूमि पृष्ठ २६६ से ।

मेवाड़ा मेवाड़ वणाई रजवट री पटशाला

—महाराज चतुरसिंहजी

राणा धीर धरम रखवाला, थूं रघुकुल रा वटवाला ।
थूं रजवट रा वटवाला ॥
वीर प्रताप राम रा पोता, जशरा जगत उजाला ।
भलां पालणो खला खपाणो, चौसट घड़ी आपरा चाला ॥१॥
दो दरियाव तर्‌या इक साथे चेटक चढवावाला ।
सम्या क्रोड दुख, छोड सभी सुख, खम्या न खोट खवाला ॥२॥
मेवाडा मेवाड वणाई रजवट री पटशाला ।
एडी ठोड् न दियो अगोठो, वढतो गयो वढाला ॥३॥
थारो नाम कोन सुण होवे मुकना मद दताला ।
मनखां पणो सिखायो सागे मनख मात्र रा वाला ॥४॥
खोटां री छाती मे खटके हात हाथ रा भाला ।
एकलिंग रे रिया आशरे दिया दुरामणां टाला ॥५॥

ए मेदपाट रा तू जाया चित्तौड़ा !

—श्री सुमनेश जोशी

जीत्योड़ां रा गीत ग्यान नित गाया,
पण जूंझणेरां ने जग जाण्या अवतारी
ए मेदपाट रा तू जाया चित्तौड़ा,
जूंझारां में थारी ऊंची सिरदारी ।

(२)

तू राज तिलक सूं महाराणा पद पायो,
पण भिनखपणा रो तिलक कियो खुद हाथां,
तूं राणां सूं छिन में बणग्यो वैरागी
तूं अलख जगाई, जाग्यो अणगिण राता ।

(३)

तू राजमुकट सिंहासण, सुखरो सपनो —
सब मेदपाट रे सुख रे खातर वार्यो,
तू धरती सोयो पातल-दूना जीम्यो,
तू मरण पंथ रो भेष अनूठो धार्यो ।

(४)

तूं खुदरे हाथां खुदरी चिता जलाई,
तू जल बल ने सोने सो चमक्यो, चाल्यो,
तू लोहारे रा लोहा ज्यूं जल जल ने,
जीवण रो साचो नुवो-नुवेलो ढाल्यो ।

(५)

तू राजदण्ड सूं विरत, राज्य सूं विलग्यो,
तू रच्यो मरण-त्यौहार, मरण व्रत पाल्यो,
तू भूख्यो, तिरस्यो वन वन अटक्यो, भटक्यो,
(पण) सत्तांधीशां रो गरब पलक मे गाल्यो ।

(६)

तू छप्पन री चोटी चढ़ने चिंघाड़्यो,
(के) रुक जा दिल्ली रा तुरक बादशा रुकजा?
आ अमर शहीदां–सतियां री धरती है,
झुक सके अगर तो इणरे आगे झुकजा ।

(६)

आ धरती गीदड़ नहीं, सिंघ जाया है,
जिणरी छाती में भर्यो वज्र फौलादी ,
जो बरबादी ने क़दम क़दम पर न्यौते ,
बदले में मांगे धरती री आजादी ।

(८)

आ धरती जाया आत्मबली, अभिमानी ,
ज्यांरी छायां सूं काल् कांपतो आयो ,
जो जीत्या सो जीत्या जुग रा जोधां सा ,
मरग्या तो मरने मरण-पंथ बतलायो ।

(९)

तू छप्पन री चोटी चढ़ने ललकार्यो ,
(के) आवो सिर रा सौदा करण्या सरदारां ,
धरती माता रो नाक बचावण खातर ,
म्यांनां सूं बाहर काढो अब तरवारां ।

(१०)

केसरिया कर कर उमड़्या दल गोगूंदे ,
गर्ज्या के झुकणो निज सत्ता में सोहवे,
परदेशी सत्ता आगे नहीं झुकांला ,
चाहे सूरज रो उगणो पिच्छम होवे ,

(११)

अकबर रे कांनां पोंहच्या ए संदेशा ,
भेजी मेवाडां वो फौजी चतरंगी ,
हलदी घाटी में जंग मच्यो जोधांरो ,
तू कूद्यो रण मे ले गिणती रा संगी ।

(१२)

रणचण्डी चेती, कुण हार्या कुण जीत्या—
इणरी तो केवल ख्याता रह गई साखी ,
पण तू मिट मिट ने अमिट लेख लिख मिटग्यो,
के अमर हुवा जो लाज धरण री राखी ।

प्रताप प्रतिज्ञा

—श्री केसरीसिंह बारहठ

(दोहा)

सुधर रान सबही सुन्यो, और नृपन आचार ।
पराधीन भूपन दिए, बार बार धिक्कार ॥

अरि गन तें डरि हों नहीं, करिहों नहीं कुकर्म ।
पग अकबर परिहों नहीं, धरिहों नहीं विधर्म ॥१०७॥

(मनहर)

सारीरिक सक्ति घटे प्रान के पयान समें,
तदपि घटाय हों न मैं तो मनुसाई को ।
कदाचित स्वास बढ़ि जाय अंतकाल बेर,
तदपि बढ़ाय हों न तुरक बड़ाई को ।
वृद्धता लिये तें झुकि जाय है शरीर तोहू,
तनिक झुकाय हों न सीस आततार्इ को ।
प्रानप्रिय परिजन को भूलि यदि जे है तोहूं,
भूलि हैं न पत्ता कबी भारत भलाई को ।

केसरीसिहजी बारहठ निवासी गांव सोन्याणा जिला उदयपुर द्वारा रचित 'प्रताप-चरित्र' से उद्धृत-काव्यांश ।

प्रताप-मान सम्वाद

—केसरीसिंह बारहठ

मान— रावरे हितू हैं सदा वाक्य मन कर्मना तें,
तातें मन मेरो कहिवे को अभिलाख्यो है।
कहत विचारे कोऊ मानत न ताकी एक,
सारे मित्र मण्डल को आप ठेल राख्यो है।
लाभ और हानि को विचार में न लावत हो,
ऐसो हट नाहक ही कैसे झेल राख्यो है।
महारान ज्ञानी व्है अज्ञानी की-सी बात करो,
केवल स्वतंत्रता मे कहू मेल राख्यो है॥

प्रताप— प्यारी हे स्वतंत्रता सबै ही जीव धारिन कौं,
छोरि कर याको मैं तो मन बहलाऊँ ना।
व्है के परतन्त्र तीनलोक को न राज चाहौं,
काहू के डराए हू तें दिल दहलाऊँ ना।
देवन के देव एकलिंग है हमारे नाथ,
ताके अतिरिक्त सीस काहू पै नमाऊँ ना।
हार जाऊँ समर, उजार जाऊँ देस, देह–
डारि जाऊँ तोऊ जमींदार कहलाऊँ ना॥

मान— सम्मति हमारी है सलाम करिवे की रान,
जिनकी सलाम बीच सम्पति को धाम है।
जिनकी सलाम ही ते भूपन के भूप होत,
जिनकी सलाम तें जहान बीच नाम है।
जिनकी सलाम तें असाध्य सोउ साध्य होत,
जिनकी सलाम तें सधै न कौन काम है।
नाहक ही ऐसो हट आप गहि लीजै नाहिं,
एक बेर कीजै पातशाह सौं सलाम है॥

प्रताप— कैसे तुर्क चर्नन मे तेगन धरत भूप,
वदन झुकाय कैसें सीस को नमावें है?

करत सलाम प्रात कैसे है विलोम गति ?
पीछी चोवदार कैसें लूम पकरावें है ?
कैसे कर बद्ध होय आमखास रहैं खरे,
कैसे महिपाल अधोदृष्टि सौं रहावें है ?
कहा करे मान ! हम सदातें असिक्षत है,
ऐसी सभ्यता सो वन्दे करनो न आवे है ।।

मान— कीनी है सलाम जिन भूपन ने मान कहे,
ताके निज भौनन में रहत आनन्द है ।
जाकी राज-रानियां उदग्र महलों के मध्य,
नूपुर वजात चली जात मन्द मन्द है ।
दम्पति की सुखद विलासता विलोकि वे कों,
नभ मे घरीक रुकिजात गति चन्द है ।
साह की कृपा के कैते सुघर विलासी वृंद,
सुख के हिन्डोरे चढे झूलत नरिन्द है ।।

प्रताप— कोउ नर सर्व भांति ऊचोहूं चढचो तो कहा?
जाको जस एकवार तांत पै चढचो नहीं ।
कंवर अपार धन धाम में बढचो तो कहा,
जाको मन जाति अभिमान में वढचो नहीं ।
पढि के पुरान, वेद पण्डित भयो तो कहा ?
जो पै कुल-धर्म-पाठ रंच हू पढचो नहीं ।
हायन हजार स्वास मुख तै कढचो तो कहा?
देस हित एक हू उसास जो कढचो नहीं ।।

मान— अकवर पातसाह भारत के भूपन को,
दासता की जकर जंजीर जरि दीने है ।
जापै भयो कोप को कटाच्छ जवनेश जूको,
ताके घर संजमनी बीच भर दीने है ।
कैते नृप सीस आसमान सों अराय रहे,
धाय धाय चर्नन में सस्त्र धर दीने है ।

आप को बिगारबे की बात हैं कितीक रान?
बडे बडे साहन को मात कर दीने है ॥

प्रताप— भीलन की पल्लिन मे फिरत रहोंगो सदा,
कुटी में रहोगो महलात में रहोंगो ना ।
खावत रहोंगो बैल पात गिरि कन्दरन,
पारतन्त्र व्यंजन को पावत रहोंगो ना ।
कूरम ! विधर्मिन को दास हों कहोगो कहा?
मै तो तुर्क हाय व्है के दच्छन रहोंगो ना ।
जाति व्है रहोगो मैं विजाति व्हे रहोगो कहा?
मात व्है रहोंगो मातहत व्है रहोंगो ना ॥

मान— भारत के भूप सब साह के अधीन भए,
छत्रिन की जाति मग आपको गहेगी ना ।
धकत दिलीस्वर की क्रोध की अगनि बीच,
बनि के पतग देह आपनीं दहेगी ना ।
कैवल स्वतंत्रता के कारन विलासता कों,
छोरि कर कष्ट नेक कबहू सहेगी ना ।
रान श्री प्रताप यह डावरे सी बात करो,
रावरे रखेते ही स्वतँत्रता रहेगी ना ॥

प्रताप— भारत के भूपति स्वतन्त्रता चहै न चहै,
नवरोजा जार कर्म कबहू सहैगे ना ।
सीसवद वन्स होय जनानी अवारी अग्र,
हूरम हजूर मह पैदल बहैंगे ना ।
दास के समान आमखास मे खरे ही खरे,
रेसम की लूम रास हमको गहेगे ना ।
फलचर कहेंगे त्रनचर कहेंगे लोग,
बनचर कहेंगे अनुचर कहेंगे ना ॥

चेटक री टापां सूं गूंजी आ धरती मेवाड़ी

—सौभाग्यसिंह शेखावत

चेटक री टापां सूं गूंजी आ धरती मेवाड़ी ।
पेंड पेंड पर लड़्यो सूरमों भमियो बीहड़ पहाड़ी ॥
पान फूल वन पत्तियां पाई,
पाखर सेज सजाई ।
अकबर री अणपार फौज में,
वध वध खाग बजाई ॥
चेटक री टापां सूं गूंजी आ धरती मेवाड़ी ।
बीजलसार सावलां रमियो भमियो बीहड़ पहाड़ी ॥
हल्दीघाटी री आंगणियो,
बीरां रगत रंगाई ।
चेटकड़ो हाथीड़ा माथे,
खुड़ताला खूड़काई ॥
चेटक री टापा सू गूंजी आ धरती मेवाड़ी ।
पान पान नै रंग कसूमल भमियो बीहड़ पहाड़ी ॥
वट रजपूती दूभर वांकी,
आजादी अलसाई ।
पीथल री परवानों पाकर,
मरवांणो मुलकाई ॥
चेटक री टापां सूं गूंजी आ धरती मेवाड़ी ।
पेंड पेंड पर लड़्यो सूरमों भमियो बीहड़ पहाड़ी ॥
कास खजाना रीता खाली,
भूख त्रखा भरमाई ।
स्याम ध्रमी भामासा आसा,
आडी आय वंधाई ॥
चेटक री टापां सूं गूंजी आ धरती मेवाड़ी ।
पेंढ पेंड पर लड़्यो सूरमों भमियो बीहड पहाड़ी ॥

खड्ग कूदालां खिणां कूप नै,
सद रगत नीर सींचाई ।
फूलो फली फसर कर फैली,
इसड़ी वेलि उगाई ॥
चेटक री टापां सूं गूंजी आ धरती मेवाड़ी ।
पैंड पैंड पर लड़्यो सूरमो भमियो बीहड़ पहाड़ी ॥
हार जीत भगवत रै हाथ,
पुरसारथ सकलाई ।
आजादी री पौव लगाकर ॥
सूरो सुरग सिधाई ॥
चेटक री टापां सूं गूंजी आ धरती मेवाड़ी ।
पैंड पैंड पर लड़्यो सूरमो भमियो बीहड़ पहाड़ी ॥

—※—

पातल और पीथल

—कन्हैयालाल सेठिया

अरे घास री रोटी ही,
जद वन विलावड़ो ले भाग्यो ।
नन्हो सो अमरचो चीख् पड़्यो,
राणा रो सोयो दुःख जाग्यो ।।१।।

हूं लड़्यो घणों, हूं सह्यो घणो,
मेवाडी मान वचावण ने ।
मैं पाछ नहीं राखी रण में,
वैरयां रो खून वहावण ने ।।२।।

जव याद करूं हलदी घाटी,
नैणां में रगत उतर आवै ।
सुख-दुख रो सायी चेतकड़ो,
सूती सी हूक जगा जावे ।।३।।

पण आज विलखतो देखूं हूं,
जद राजकँवर नै, रोटी नै ।
तो क्षात्र धर्म ने भूलूं हूं,
भूलूं हिन्दवाणी चोटी नै ।।४।।

आ सोच हुई दो टूक तडक,
राणा री भीम वजर छाती ।
आंख्यां में आंसू भर वोल्यो,
हूं लिखस्यूं अकवर ने पाती ।।५।।

राणा रो कागद वांच हुयो,
अकवर रो सपनो-सो सांचो ।
पण नैणं करचा विस्वास नहीं,
जद वांच-वांच ने फिर वांच्यो ।।६।।

बस दूत इसारो पा भाज्यो,
पीथल ने तुरत बुलावण नै ।
किरणां रो पीथल आ पूग्यो,
अकबर रो भरम मिटावण नै ॥७॥

"म्हें बांध लियो है पीथल ! सुण,
पिंजड़ा में जंगली सेर पकड़ ।
यो देख हाथ रो कागद है,
तूं देखां फिरसी कियां अकड़ ॥८॥

हूं आज पातस्या धरती रो,
मेवाड़ी पाग पगां में है ।
अब बता मनै किस रजवट के,
रजपूती खून रगां में है" ॥९॥

जद पीथल कागद ले देखी,
राणा री सागी सेनाणी ।
नीचे सूं धरती खसक गयी,
आंख्यों में भर आयो पाणी ॥१०॥

पण फेर कहीं तत्काल सँभल,
"आ बात सफा ही झूठी है ।
राणा री पाग सदा ऊँचीं,
राणा री आण अटूटी है ॥११॥

ज्यो हुकुम होय तो लिख पूछूं,
राणा रै कागद रै खातर ।"
"लै पूछ भलां ही पीथल ! तूं,
आ बात सहीं–" बोल्यो अकबर ॥१२॥

"म्हे आज सुणी है, नाहरियो,
स्याला रै सागै सोवै लो ।

म्हे आज सुणी है, सूरजड़ो,
वादल री ग्रोटाँ खोवैलो ॥१३॥

पीथल रा ग्राखर पढ़ता ही,
राणारी ग्राँख्यां लाल हुई।
"धिक्कार मनै, हूं कायर हूं,
नाहर री एक दकाल हुई ॥१४॥

"हू भूख मरूँ, हू प्यास मरूँ,
मेवाड़ धरा ग्राजाद रह्वै ।
हूं घोर उजाड़ां में भटकूँ,
पण मन में मां री याद रह्वै ॥१५॥

पीथल ! के खिमता बादल री,
जो रोकै सूर उगाली नै ।
सिंहा री हाथल सह लेवै,
वा कूख मिली कद स्याली नै" ॥१६॥

जद राणा रो सन्देश गयो,
पीथल री छाती दूणी ही ।
हिन्द वाणी सूरज चमके हो,
ग्रकवर की दुनियां सूनी ही ॥१७॥

राणा-प्रताप

—वृद्धिशंकर त्रिवेदी 'शिल्पी', उदयपुर

ऐ ! राजस्थानी राजपूत !
ऐ ! भारतमाता रा सपूत !
ऐ ! स्वतन्त्रता रा अग्रदूत !
राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(१)

जाणूं हूं थारी रग-रग में, हो रगत बह्यो राजस्थानी ।
जाणूं थारी तलवारां में, हो बाप्पा रावल रो पाणी ।
कीरत कुम्भारी भालै में, थारे हरदम ही बसती ही ।
थें वे बगतर बांध्या जिणमें, साँगा री छाती कसती ही ।

बिण सोच कियां डाकणियां रो, घनघोर गुफा में घुस जाणो ।
कुल देवी रो कहणो सुणनें, नीडर व्है खड्ग उठा लाणो;
राणा हमीर री वा हिम्मत, थारी नस-नस में ही सागै ।
चूंडा ज्यूं देणो त्याग सकल जो त्याग करै कोई मांगै ।

वा उदयसिंग री सूझबूझ ।
हिवड़ै लें लडियो जूझ जूझ !
इतिहास बण्योडो हे सबूत !
ऐ ! राजस्थानी राजपूत !
राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(२)

थें पडयो पगतले जद देख्यो, वो राजस्थानी राजमुगट
थें देख्या भाई-भाई जद, आपस में लड़ मरता कट-कट ।
भारत री छाती रौंद रौंद, वैर्‌यां रा बढ़ता दल आता ।
थें देख्या दुसमण रे कब्जे, पुरखां रा गाढ़ा गढ़ जाता ।

वो पदमण-करुणा रो साको, थारी आंख्यां में दौड़ गियो ।
उण धुआंधार धव धव करती, आंधी हिवड़ा ने कँपा दियो ।

अणवुझ्या अंगारा जौहर रा, राखोड़ी नीचे दबियोड़ा ।
वो जयमल-पत्ता रो मरणो, वे जकां जकां पड़िया फोड़ा ।
लोई रो घूंट तुरत पीदो ,
गांगेय-सरीखो प्रण कीदो ।
इतिहास बण्योड़ो है सबूत ।
ऐ ! राजस्थानी राजपूत !
राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(३)

जो राजस्थानी राजपूत, एको कर लेवं आपस में ।
तो शार्दूलां सूं छेड़ करें, आ बात न वेर्‌या रे बस में ।
मुगलां सूं खारा हा पठान, खोई आजादी लेवण ने ।
खिलजी, सैयद, लोदी, सूरी, बैठा हा गुस्सा मे तण ने ।

अकबर आ बात जाणतो हो, इण में रत्ती भर झूठ नहीं ।
म्हारो तो बाल न बांको व्हे, जो रजपूतां मे फूट रहीं ।
पण, आ शतरंजी चाल नहीं, बांका राठौड़ समझ पाया ।
दुसमण सूं नाता जोड़ जोड़, उल्टा भायां पर गुर्राया ।
पातल ! थें कीदा सावचेत ,
भायां सूं तोड़ो नहीं हेत ।
इतिहास बण्योड़ो है सबूत ।
ऐ ! राजस्थानी राजपूत !
राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(४)

पण, मानसिंग ने नहीं जंची, अकबर सूं कीकर घात करे ।
भोलो व्हेवं है राजपूत, कहदे सो पूरी बात करे ।
राजपूतां में एको न व्हियो, थारे मन में आ टीस रही ।
दिल्ली पर दुसमण राज करे, हिवड़े में कड़वी रीस रही ।

थें धार लियो हर कीमत दे, मायड़ रो मान बचाऊंला ।
चाहे दो चार बार हारूं, पण जीत अन्त में जाऊंला ।

म्हेलाँ रो मोह म्हनै कोनी, पाना पर खाऊँला रोटी ।
आजादी री रखवाली में, तन कर, दूँला बोटी-बोटी ।
सोनो, चांदी, सुख, सेज, छोड़,
थूँ गियो डूँगराँ दौड दौड़ ।
इतिहास वण्योडो है सबूत ।
ऐ ! राजस्थानी राजपूत !
राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(५)

थें अलख जगायो घर घर जा, डेरा डाल्या झूँपडियाँ में ।
'सामन्ती' तज 'साथी' वणग्यो, अणथाहा दुखरी घड़ियाँ मे ।
'राणी जाया, मेणी जाया,' थें कह्यो बरोबर है सारा ।
रजपूत, भील, मेणा, सगला, हा थने सरीखा ही प्यारा ।

थें छापा-मार-युद्ध सिखला, आजादी रो दिवलो जोयो ।
भूखो-तिरस्यो ही लडचाँ कियो, पण सुख री नींद नहीं सोयो ।
वे 'सगर' 'शक्त' भी छोड गया, तो पण थें टेक नहीं छोड़ी ।
कर अपणी वजर-भीम-छाती, सब सहियो आण नहीं तोडी ।
जो एकबार थें लियो धार,
पाछो न कदै बदल्यो विचार ।
इतिहास वण्योडो है सबूत ।
ऐ ! राजस्थानी राजपूत !
राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(६)

आयो मान ले मुगल-फौज, दिल्ली सूँ पढ़ उल्टी पाटी ।
डूँगर डूँगर री खाक छाण, पहुँच्यो सीधो 'हल्दीघाटी' ।
सँग लियाँ महाबत, शाहबाज, वे घणा घणा भट अभिमानी ।
अकबर रा छाँट्योड़ा जोद्धा, तातार और वे अफगानी ।

तो पातल ! थें चेटक चढ़नै, आडो फिर मारग रोक दियो ।
बाईस हजार बहादुर ले, मुगलाँ रो पाणी माप लियो ।

वो झालो-मान मरद बाँको, गोविन्दसिंग भील् राजा ।
सब जणाँ हूलस्या लड मरवा, बाजण लाग्या मारु बाजा ।

चेटक तुडवातो हो लगाम,
करवाने अपणो अमर नाम ।
इतिहास वण्योडो है सबूत ।
ऐ ! राजस्थानी राजपूत !
राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(७)

'जय एकलिंग' कह टूट पड्यो, अणगिणती रो कर दियो ढेर ।
मूली-गाजर ज्यूँ मुगल फौज, कटग्रा में लागी नहीं देर ।
मेवाडी दस दस मुगलाँ सूँ, टक्कर लेता हा दौड़ दौड़ ।
चेटक चढ़ग्यो हाथी माथै, पण थें सलीम ने दियो छोड़ ।

गोला हमीद री तोपा रा, खलबली मचादी अरिदल मे ।
झाले दे दिया प्राण अपणा, लख थने मुसीबत रा पल में ।
सोलै हजार व्हे गिया खेत, रँग अपणै लोहू से माटी ।
यूँ स्वतन्त्रता रो मोल चुका, इतिहास रच्चो हल्दीघाटी ।

चेटक रो देख्यो त्याग अमर,
तो गियो सत्क रो नशो उतर ।
इतिहास वण्योडो है सबूत ।
ऐ ! राजस्थानी राजपूत ।
राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(८)

व्ही हार लडाई में तो पण थें मन में हार नहीं जाणी ।
आजादी रे अर्पण करदी, बाकी वचियोड़ी जिन्दगाणी ।
गाडोल्या तक घर-बार छोड, कर गिया उजागर आ धरती ।
तलवार, तीर, भाला घडिया, क्यूँ के आ सबरी माँ धरती ।

पच्चीस बरस तक अन्तिम दम, थूँ डिग्यो नहीं अपने प्रण सूँ ।
'सामा-कोदाँ सूँ पेट पाल, थूँ कदै न विमुख व्हियो रण सूँ ।

पण, हद होवै है धीरज री, अब उण रो भी छेड़ो आग्यो ।
जद अमरसिंग रे हाथां सूँ, वनविलाव रोटी लै भाग्यो !!

आखिर फर अपणो पत्थर-मन ।
थें लिख्यो पत्र दिल्ली फोरन ।
इतिहास बण्योड़ो है सबूत ।
ऐ ! राजस्थानी राजपूत !
राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(६)

दिल्ली में हरख अपार हुओ, अकबर रे मनरी बात हुई ।
जाणैं अन्धारो जीत गयो, उजियाला माथै घात हुई ।।
पण पीथल दिल्ली बैठो हो, तो फेर अँधारो रहे कठै ।
सूरज-वंशी री देख-रेख, खुद सूरज करतो रहे जठै ।।

पीथल अकबर ने कह्यो तुरत, फोनी ए राणारा अक्खर ।
कुण तो पण कीदो है मजाक, वो जीतेजी लेला टक्कर ।।
उण लिखिया दो ही बोल जकां, वा बात न विगड़ सकी थारी ।
उल्टी अकबर ने पीथल सूँ, प्यादै री मात मिली भारी ।

वो सुरसत रो सुत हो सागै,
उण रे कहतां कुण न्हीं जागे ।
इतिहास बण्योड़ो है सबूत .
ऐ ! राजस्थानी राजपूत !
राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(१०)

जद देख्यो सोना-चांदी बिन, बिन फौज टल्ला प्रण पाल्यो ।
कीदी अपणी करड़ी छाती, मेवाड़ छोड़ ने थूँ चाल्यो ।
पण, आ बड़ भागण सां जामण, बेर्यां री दासी बण रेवै ।
धन री ढेरी माथै बैठा, बेटा ओ कीकर सह लेवै ।

वो भामाशाह तुरत दौड़यो, थेल्यां मे भरी असरफ्यां लै ।
बोल्यो राणा मत व्है निराश, लड जितरै संकट नहीं टलै ।
थूं फेर एकठी कर फोजां; आड़ावल रो अभिमान वचा ।
व्हे देस न दुसमण रे अधीन थूं वैरयां सूं घमसाण मचा ।

जो भौम जणै इसड़ा जाया ।
दुसमण री पड़ न सकै छाया ।
इतिहास वण्योडो है सबूत ।
ऐ ! राजस्थानी राजपूत ।

राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

(११)

ऐ ! सागैड़ा गुहिलौत ! गुफा रा नाहर थूं वारै आयो ।
कीदीं दकाल, वण गियो काल ! थूं दुसमण रे माथै छायो ।।
गोविन्दसिंग, वो शक्तिसिंग, वो अमरसिंग भीलूराजा !
दुसमण रा पांव उखाड़ दिया, पाछा वाज्या मारू वाजा ।

मांडल, चित्तौड़, उंठाली नै, दो चार किला वाकी रहग्या ।
पण सूरजड़ो आथमग्यो तो, सपनाँ रा शीश-महल ढहग्या ।
भारत माँ रोई सिर धुन धुन, सहियो न गियो ओ वजरपात ।
थें कीदी गोद जकाँ खाली नहें, विधना री टल सकी घात ।

थूं मरयो नहीं ऐ ! मृत्युञ्जय !
ओ देश करै थारी जय-जय ।
इतिहास वण्योड़ो है सबूत ।
ऐ ! राजस्थानी राजपूत ।

राणा प्रताप ! राणा प्रताप !!

Pratap the mighty

H. S. Mordia, Udaipur.

Who knows not Pratap
Our Pratap the mighty,
The ideal hero
In world's history,
The lord of freedom
Power and piety',
Who stood unbent
Before Akber's might ?

Might that was strongest
In men, money and opportunities
Of any Emperor
Of the then world :
Of the then world—
World which produced
The finest specimen of kingship
Both in the East and the West ?

Who knows not pratap—
The Sun of the Sun-got clan—
The very example of
Living endurance,
Tenacious perseverance,
Indomitable courage,
Firm determination and of the
Most pure and spotless character—
A rare combination to be found
In the history of the world ?

The Last Dialogue

Shri J. S. Singhvi, I. A. S., Udaipur.

The faithful chiefs of many a glorious day,
Stood round the dying hero's bed of hay,
A streak of mental anguish made Salumbra inquire,
"What afflicts the valiant heart of the worthy sire ?"

"Chiefs thoughts of tomorrow torment my soul,
No longer in medpat freedom's drums may roll,
Amar may not lay aside mirth on Pichhola lake,
And you may not face the foe for freedom's sake"

"Dewan : we' ll always keep Medpat's honour at heart.
And face the foe steadfast bearing our part.
We know not fear once our swords are unsheathed,
We know that here a great trust in bequeathed."

'Sleep well' O master without peer in chivalry and fame,
We swear by Bapa's throne and Ekling's name
Despite foe's legions strong and their might,
We' ll stand together for the country and the Right."

विविध लेख

आधुनिक विचारक एवं शोध विद्वान

- राष्ट्रीय व्यक्तित्व
- कृतित्व
- सिद्धान्त एवं नीतियां

ज्वालाकाथकराल शोणित झरीमन्त्रे हृढे रचश्चले :
कालाकार कृपाण हस्तवलि तैर्नृत्यत्कबन्धैर्भुवं ॥
कृत्वालङ्कृतिमेषयच्च वसनं श्री चित्रकूटाभिधन्त्यक्त्वाब्दे
युग बाहुषट्क्षितिमिते प्रोक्ते पुरे प्राविशत् ॥ ८ ॥

सोयं कार्यवशादवाप्य नगरं झाडोल सञ्ज्ञे पुनः
स्मृत्वा तत्र पद स्वकीयमगमत्कैलाससञ्ज महत् ॥
वर्षोस्मिन् वसुहस्तषट्क्षितिमिते राज्याभिषिक्तोभवतस्यायं
तनय प्रतापउदितः सन्दर्शितेऽब्दे सुधी ॥ ९ ॥

यस्यायं यत्प्रतापेन युधि मुहुरथो दह्यभानस्तुरुष्काधीशः
सञ्ज्ञान्न लेभे न च जयमपि सद्भानुना भूप्रदेशे ॥
तेनायं श्री प्रतापाधिय इति गदितो वीरधीरोविवस्वांश्चावण्डाख्ये पुरे यः
खगशर रसभूसम्मिते स्वर्जगाम ॥ १० ॥

(गोकुलचन्द्रमा मन्दिर प्रशस्ति,)

मराठी साहित्य पर राजपूतों के इतिहास का प्रभाव

—डा. एम. एस. कान्डे

ईसा की आठवीं शताब्दि से लगभग १००० बरसो तक विदेशी अरब, तुर्क मुगल आदि आक्रमणकारियो के विरूद्ध राजस्थान तथा प्रमुखतः मेवाड के राजपूत वीरों ने जो संग्राम किया वह भारतीय इतिहास में अद्वितीय है। बापा रावल के काल से राजस्थान के विभिन्न राजवंशो ने अपने धर्म, शांति और स्वतन्त्रता की रक्षा के लिये जो अलौकिक वीरता दिखाई वह राजस्थान के साथ समूचे भारतीय इतिहास को प्रदीप्त करती है। भारत के राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के लिए राजपूत वीरो ने जो वीरता एवं बलिदानपूर्ण कार्य किये हैं, उनका यशोगान करना हर भारतीय का कर्तव्य है।

मध्यकालीन मराठी साहित्यः—

इस वीरकाल की चरमसीमा मध्यकाल मे हुई। मध्यकालीन भारतीय भाषाओं का साहित्य मूलतः आध्यात्मिक है। राम कृष्ण अथवा शिव गणेश आदि देवताओ तथा उनके भक्तो के आदर्श इस साहित्य मे चित्रित हैं। समकालीन वीरो की उपेक्षा अतीत के भक्त चरित्रो का गान करना इस काल के कवियो को अधिक भाता था। विशिष्ट काल के वीर पुरुषों की अपेक्षा, शाश्वत सुख को देने वाले भगवान की और उनके भक्तो की अर्चना करना इन सन्तो का उद्देश्य रहा। मध्यकालीन मराठी साहित्य मे यह प्रवृति विशेष रूप से दिखाई देती है। ईसा का १३ वीं शताब्दिसे १९ वीं शताब्दि तक महाराष्ट्र में ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ, तुकाराम, मुक्तेश्वर, वामन पंडित मोरोपंत आदि प्रतिभा–संपन्न कवियों की एक परम्परा प्राप्त होती है, किन्तु इन कवियों ने सामयिक वीरों का चरित्रगान नहीं किया है। महाराष्ट्र के इतिहास में स्वाधीन मराठा राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति सभी भारतीय श्रद्धाभाव रखते हैं। उनसे प्रेरणा लेने वाले महाराष्ट्रीय वीरो में नानाजी, संताजी, संभाजी, धन्नाजी, बाजीराव, ज्येष्ठ माधवराव आदि वीर पुरुष प्रसिद्ध हुए हैं। लेकिन उनके समकालीन साहित्यकार राम, कृष्ण की कथाओं में ही अधिक रंगे रहे। धर्म एवं संस्कृति पर होने वाले अत्याचारो के प्रति वे जागरूक थे, किन्तु भगवद् आराधना को ही वे एक मात्र मुक्ति का मार्ग मानते थे। इस कारण मध्यकालीन महाराष्ट्र में प्रायः राष्ट्रवादी वीरकाव्य की रचना प्राप्त नहीं होती है। इस दृष्टि से महाराष्ट्र धर्म का संदेश देने वाले समर्थ रामदास ही मात्र अपवाद रहे।

राजपूतों संबंधो ऐतिहासिक उपन्यासः—

१९ वीं शताब्दी के मध्यकाल में अंग्रेजी शासन स्थिर हुआ। इसी के आसपास स्वाधीनता के सपने देखने वाले देश भक्त विचारको की पीढी का उदय हुआ। उन्होने अंग्रेजो का विरोध करने के लिये कलम को तलवार की तरह प्रयुक्त करके

भारत के गौरवशाली अतीत को रेखांकित किया। महाराष्ट्र के साहित्य में भारत के अन्य प्रदेशों के वीर पुरुषों के चरित्र भी चित्रित किये गये। उसी काल मे मराठी साहित्य मे राजपूत वीरो और वीरांगनाओ का गुणगान होने लगा। राष्ट्रवीरों के चरित्र गान से जन सामान्य को प्रेरणा देने की विचारधारा को, लोकमान्य तिलक द्वारा प्रवर्तित गणेशोत्सव और शिवाजी-उत्सव जैसे राष्ट्रीय समारोहो से बल मिला। 'तिलक युग' के इस नवीन साहित्यिक जागृति-काल मे सामाजिक उपन्यासो के साथ ऐतिहासिक उपन्यास भी लिखे गये। अनेक उपन्यासकारो ने राजपूत इतिहास से कथाए और चरित्रो को चुना है। मुख्यतः राणा प्रताप, राणा हमीर, पद्मिनी, दुर्गादास आदि चरित्रो को लिया गया है। मराठी के उपन्यास सम्राट श्री हरिनारायण आप्टे ने अपने उपन्यास में औरंगजेब की सेना का सामना करने वाले राजसिंह की कथा वर्णित की है। श्री हरिनारायण आप्टे ने दृढ प्रतिज्ञ चन्द्रसिंह तथा राणा हमीर आदि की कथाएं वर्णित की है। इसके अलावा बापा रावल, चित्तौड़ के युद्ध एवं जौहर आदि उनके प्रिय विषय रहे हैं। लगभग २५ उपन्यासो का विषय राजपूतो के इतिहास पर आधारित है। हरिनारायण आप्टे और नारायण हरि आप्टे दोनो के उपन्यास लोकप्रिय हुए हैं लेकिन हरि नारायण का 'रुपनगरचो राजकन्या' शीर्षक उपन्यास इन सभी मे कला की दृष्टि से प्रथम कोटि का है।

ऐतिहासिक नाटकः—

राजपूतों के शौर्य, साहस, बलिदान और स्वातन्त्र्य प्रेम को विषय बनाकर मराठी साहित्य में कई नाटकों की रचना की गई है। ई.सं. १८९२ मे श्री शिरवलकर और मोडक द्वारा लिखा हुआ 'राणा भीमदेव' नाटक लगभग ३० वर्षो तक रंगमंच पर प्रभाव डालता रहा। इन लेखकों में से श्री शिरवलकर ने अपने 'पन्नारत्न' अर्थात् 'दिव्य राजनिष्ठा' नामक नाटक में पन्नाधाय के कल्याणोदात चरित्र का अंकन किया है। राणा प्रताप के जीवन पर ३-४ नाटक लिखे गए हैं। लेकिन वीररस की अपेक्षा भक्तिरस की प्रियता के कारण मीराबाई की कथा मराठी मे अधिक लोकप्रिय हुई। श्री शुक्ल और श्री देसाई द्वारा मीरा के जीवन पर लिखित नाटक अत्यधिक सफल हुए। श्री अ. वा. वरवे कृत 'महाराणा प्रतापसिंह', श्री कृ. प्र. खाडिलकर कृत 'प्रेमध्वज', श्री शा. गो. गुप्ते कृत 'रक्तध्वज', श्री ह. कृ. कुलकर्णी कृत 'प्रतापी प्रतापसिंह', श्री ग. कृ. बोडस कृत 'राणा प्रताप' आदि नाटकों की रचना राणा प्रताप के जीवन को लेकर हुई।

ऐतिहासिक काव्यः—

नाटककारों की अपेक्षा कवियों ने राजपूत इतिहास का चित्रण अधिक सफलतापूर्वक किया है। मराठी के कवियों का युद्धवीर राजपूत और उनका साथ निभाने वाली स्त्रियों के प्रति सदैव आकर्षण रहा है। फुटकर कविताएं, प्रबन्ध काव्य और दीर्घ कथात्मक काव्य; तीनों विधाओं में मराठी के कवियों ने राजपूतो के इतिहास से

कथावस्तु ली है। १९ वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में प्रबन्ध काव्य की विधा का प्रचलन हुआ और उसमें ऐतिहासिक प्रबन्ध काव्य विशेष लोकप्रिय हुए। श्री ब. रा. प्रधान द्वारा ई० सं० १८६७ में लिखित 'देवसेनी' नामक अनूदित काव्य को जयपुर के इतिहास की पृष्ठभूमि प्राप्त है। ई० सं० १८८८ में वासुदेव शास्त्री खरे द्वारा लिखित 'यशवंतराव' महाकाव्य में पेशवा--काल के व्यक्तियों का नाममात्र आधार ग्रहण कर मराठों और राजपूतों के दीर्घकालीन संघर्ष का चित्रण हुआ है। इस चित्रण में इन दोनों समाजों के देशभक्ति, वीरता आदि गुणों का सम्मान करके कवि ने राष्ट्रहित की दृष्टि से उनके एकता की आवश्यकता प्रतिपादित की है। हिन्दी के महान् लेखक आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी इस काव्य के बारे में लिखते हैं, "भारत में आदर्श नरेश, देशभक्त, वीर शिरोमणी और महात्मा हो गए हैं। हिन्दी के सुकवि उन पर काव्य करें तो बहुत लाभ हो। 'पलाशीर युद्ध', 'वृतसंहार', मेघनाद वध' और 'यशवन्तराव महाकाव्य' की बराबरी का एक भी काव्य हिन्दी में नहीं है। वर्तमान कवियों को इस तरह के काव्य लिखकर हिन्दी की श्रीवृद्धि करनी चाहिये।"

श्री दुर्गादास तिवारी नामक एक हिन्दी-भाषी कवि ने महाराष्ट्र मे रहकर मराठी में वीरकाव्यो की रचना की है। उनके 'महाराणा प्रतापसिंह' प्रबन्धकाव्य में प्रतापसिंह की पत्नि को भी उनके समान महत्वपूर्ण स्थान देकर उनके वीरकृत्यो का वर्णन किया गया है। तिवारी के 'नन्दिनि' काव्य में औरंगजेब कालीन पृष्ठभूमि है और उसमे राजपूतों के अपने आपसी भेदों के कारण मुगलों से हार खानी पड़ी यह ऐतिहासिक सत्य प्रस्तुत किया गया है।

अनेकों मराठी प्रबन्ध काव्यों में मेवाड़ के इतिहास की कृष्णाकुमारी की अन्तः आत्मा को छूने वाली करुणकथा वर्णित है। श्री जुवेकर, श्री पारखी, श्री गणेश शास्त्री लेले, श्री गो. वा. कानिटकर और श्री ताटके आदि कवियों ने इस विषय को लेकर काव्य रचना की है। इन कवियों में से श्री गणेश शास्त्री लेले (१८७४) और श्री कानिटकर (१८८२) के काव्य विशेष आकर्षक और रसिकप्रिय हुए हैं। विशेषतः इन काव्यों में कृष्णाकुमारी का विषपान और उसकी माता का शोक, ये दो प्रसंग करूणरसपूर्ण तथा प्रभावशाली बने हैं। श्री गो. क. कानिटकर के 'अकबर बादशाह' (१८७९) प्रबन्ध काव्य में राणा प्रतापसिंह के संदर्भ हैं, यद्यपि नायकत्व अकबर को दिया गया है। श्री ना कृ. गद्रे (१९०१) ने 'श्री महा प्रताप सिंह काव्य' प्रबन्ध काव्य लिखा है।

आधुनिक मराठी काव्य में कवि विनायक श्री वि. ज. करदीकर ने प्रथमतः राष्ट्रीय मुक्तक काव्य लिखे, जो राष्ट्र नायको के आदर्श और सामयिक भावो से ओतप्रोत हैं। अतीत के गौरव की प्रवृति सर्वत्र प्राप्त है। उनके 'वीरमती' काव्य में जोधपुर नरेश जसवतसिंह की वीर पत्नि वीरमती का चरित्रांकन हुआ है। "समरांगण में पीठ दिखाने की अपेक्षा मृत्यु श्रेयस्कारी है" यह सन्देश इस काव्य से मिलता है। राजपूत वीरांगनाओं का चरित्र चित्रण विनायक के काव्य की

एक विशेषता है। इस चित्रण से परतन्त्र राष्ट्र को प्रेरणा प्राप्त होगी, ऐसा उन्हे विश्वास था। इस विश्वास के साथ उन्होंने संयोगिता, कृष्णाकुमारी, पन्ना, दुर्गावती, पद्मिनी आदि के चरित्र अंकित किए हैं। इन वीरांगनाओ के जीवन में व्यक्तिगत मानापमान या विलासिता की अपेक्षा राष्ट्रीय मानापमान और स्वातन्त्र्येच्छा को अधिक महत्व दिया गया है। स्वत्व रक्षा के लिए हर बलिदान के लिए वे हमेशा प्रस्तुत रहती हैं। राजपूत स्त्री जीवन की यह उदात्त और स्फूर्तिदायी जीवनकथा कवि विनायक ने अनेक काव्यो मे गायी है।

विनायक मात्र कवि थे फिर भी राजपूतों के जीवन से वे आकृष्ट हुए। स्वतन्त्र्य वीर सावरकर और उनके सहयोगी स्वातन्त्र्य शहीद गोविन्द तो खुद स्वातन्त्र्य संग्राम मे हिस्सा लेने वाले व्यक्ति थे। अतः अगर उनके काव्य में राजपूतों के आदर्शो का चित्रण मिलता है तो उसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए। कवि गोविन्द ने अपने 'भारत प्रशस्ति' काव्य में राणा प्रताप को भारत के श्रेष्ठ पुरुषो में गिना है।

"तो विक्रम तो प्रताप चद्रगुप्त तो ।।
छत्रपति छत्रसाल,पृथ्वीराज तो ।।
भारतीय वीरसिंह संघ होय तो ।।"

स्वातन्त्र्य वीर सावरकर ने अपनी कविता 'हिन्द सुंदराती' मे लिखा है,

प्रताप शिव वंदा। श्री गुरु गोविंदा ।।
संभव दे, उद्भव दे। वेजी स्फूर्ति ।।"

सावरकर के सहयोगियो में मराठों के इतिहास के साथ राजपूतों के इतिहास की स्मृति भी देशभक्ति की प्रेरणा के रूप में रखी जाती रही। उन लोगो में 'गावा चित्तोरगढ़ वा शनवारवाड़ा' (चित्तौड या शनवारवाडे का स्तुति गान करना चाहिये) जैसे समारोह मनाएं जाते थे और उनके मण्डल की स्त्रियां स्वत्व रक्षा के लिये जौहर करने वाली राजपूत वीरांगनाओ के आदर्श सामने रखती थीं।

'वाजी प्रभु ठरू घदे युवसंघ सर्व'
'आम्ही चित्तौड़ युवती युवती सर्गव'
ऐसे उद्गार निकाले जाते थे।

मराठी मे ऐतिहासिक और वीररस प्रधान काव्य के लिए 'पोवाडा' दीर्घ कथात्मक और गेय काव्य--प्रकार प्रयुक्त होता है। तिलक युग के अनेक कवियों ने लोगो के मन की स्वदेश प्रेम की भावना जाग्रत करने के लिए पुराने और नए वीरों की कथाओ पर काव्य रचना की और अनेक शायरों ने जनसमूह के सम्मुख उनका गान किया। इनमें से अनेको शायरो ने प्रतापसिंह के उज्वल चरित्र का गान किया। श्री अडविलकर कृत 'रजपूत रमणी अर्थात् चितुरगढचा वेढा' या श्री खाडिलकर कृत 'क्षात्रकुलमणा पृथ्वीराज चव्हाण' जैसे पोवाड़ो को छोड़ें तो अन्य अनेको की रचना प्रतापसिंह के जीवन पर ही हुई है, जिसमें श्री मुचाटे कृत राणा प्रतापसिंहाचा पोवाड़ा, श्री साठे कृत स्वधर्मनिष्ठ वीर राणाप्रतापसिंह, श्री जावडेकर, सोपानदेव कृत प्रतापीप्रतापसिंह आदि प्रसिद्ध हैं।

बाल साहित्य:-

पाठशाला के छात्रों में वीरवृति निर्माण हो इसलिए उनके लिए वीरकाव्य लिखने की परम्परा मराठी साहित्य में निर्मित हुई है। इस परम्परा में श्री दसनूरकर, श्री चिपलूनकर, श्री औरी आदि लेखको ने राजपूतों के इतिहास की घटनाओं पर कथालेखन किया है। श्री कारखानीस ने 'कृष्णा कुमारी', 'साध्वी मीराबाई' और 'स्वामिभक्त पन्ना' तीन बाल नाटक लिखे हैं। श्री द०कृ० कुलकर्णी ने 'प्रतापी प्रतापसिंह' बाल नाटक की रचना की है।

आधुनिक काल के देशभक्त कीर्तनकारों ने आध्यात्मिक या भक्तिरसात्मक देवता चरित्रों और संतचरित्रों के साथ ऐतिहासिक वीर चरित्रो को भी अपने कीर्तनो में स्थान दिया है। इनमें राजपूत वीर कथाओं को भी स्थान मिला है। श्री वा. शि. कोल्हटकर ने 'सती पद्मिनी' और 'वीरांगना संयोगिता' की कथाओं को कीर्तन के लिए लिख कर प्रकाशित किया है।

इतिहास ग्रंथ:—

ललित साहित्य की अपेक्षा वैचारिक साहित्य की निर्मिति कम मात्रा में होती है। राजपूतों का भारतीय इतिहास में विशेष स्थान होने की वजह से अनेक मराठी विचारकों ने जीवनी और इतिहास विधाओं में राजपूत इतिहास का अध्ययन किया है। जीवनी में राणा प्रताप को स्थान मिला है। उस काल में कर्नल टॉड के 'एनल्स ऑफ राजस्थान' ग्रंथ से लोग आकृष्ट हुए थे। ललित साहित्य में इस ग्रंथ के आधार पर अनेक उपन्यासों, नाटकों और काव्यों की रचना हुई। इसी ग्रंथ पर आधारित लोकहितवादी द्वारा लिखित 'उदेपुरचा इतिहास' (१८९२) ग्रंथ २ वर्षों में दो बार मुद्रित हुआ। इसके लगभग ४० वर्ष बाद अमरावती में रहने वाले श्री ह. वा. देशपाण्डे ने राजपूतों के इतिहास का सूक्ष्म परिशीलन करके दो ग्रंथ लिखे। 'राजपूत राज्याचा उदय व ह्रास' ग्रंथ में मेवाड़, जयपुर जोधपुर, बून्दी आदि के राजपूत घरानों का राजनैतिक इतिहास दिया है। 'राजपूत संस्कृति' ग्रंथ में राजपूतो के जीवन की विशेषताओ की तथा भारतीय इतिहास को उनकी देन का वर्णन करके उनके दोषो और परम्परा-ह्रास के कारणों की भी चर्चा की गई है। आज के प्रसिद्ध मराठी विचारक डा० पु ग. सहस्त्रबुद्धे ने अपने ग्रंथ 'हिन्दु समाज: संघटना आणि विघटना' में ८०० वर्षों तक इस्लाम के आक्रमणों का सामना करने वाली राजपूतो की वीर परम्परा का वर्णन करके उन कारणों की चर्चा भी की है जिनसे राजपूत भारत मे एक हिन्दू साम्राज्य प्रस्थापित नहीं कर सके।

भाव प्रधान ललित साहित्य और विचार प्रधान ललितेतर साहित्य दोनों विभागो ने मराठी में राजपूतो के इतिहास को प्रयुक्त किया है। उनके इस इतिहास को देखते हुए दो बातें स्पष्ट हो जाती है। एक यह कि भारत के भावी पीढ़ी को अपनी सुख-सम्पन्नता को अर्जित करने के लिए राजपूतो की सफलताओं को ध्यान मे लेना चाहिए। यह बात यहां के विद्वानो ने स्वीकार की है। दूसरी

बात यह है कि मराठी कवियों की दृष्टि सीमित नहीं है। मराठों के गौरवशाली अतीत के साथ राजपूतों की स्वतन्त्रता के हेतु बलिदान देने वाली गौरवशाली परम्परा को भी उन्होंने सामाजिक आदर्श के रूप में लगातार चित्रित किया है।

इस तरह का वीररसपूर्ण साहित्य ई० स० १९३० तक ही अधिक मात्रा में निर्मित हुआ। यही बात मराठों के इतिहास के बारे में भी है। १९३० के बाद ऐतिहासिक उपन्यासों, नाटकों, काव्यों या अन्य विधाओं की रचना कम मात्रा में हुई दिखाई देती है। इसका कारण उस युग की राजनैतिक परिस्थितियों मे ढूंढा जा सकता है। १९२० ई० मे लोकमान्य तिलक की मृत्यु के बाद देश में गांधीजी का प्रभाव बढा। इस कारण महाराष्ट्र में तिलक से प्रेरित क्रान्तिकारी विचार-धारा का प्रभाव धीरे धीरे कम होता गया। कुछ वर्षों तक एक प्रकार से ऐतिहासिक साहित्य की रचना बन्द रही। लेकिन आधुनिक काल में फिर एक बार इसकी ओर प्रवृति बढ़ रही है। राजस्थान के वीरों, मुख्यतः महाराणा प्रताप को महाराष्ट्र के जन-जीवन में बड़ा महत्व दिया जाता है। आज भी महाराष्ट्र के किसी भी राष्ट्रीय समारोह में शिवाजी के साथ प्रतापसिंह की तस्वीर भी पूजी जाती है। भारतीय परम्परा में राजपूत वीरों ने जिन आदर्शों की प्रस्थापना की है वे महाराष्ट्र को सदैव स्मरण रहेंगे और महाराष्ट्र के कलाकार राजपूत इतिहास से सदैव प्रेरणा लेते रहेंगे।

सदो दयोद्भवो भास्वान् प्रतापो वारूणीं जहौ।
भवत्सकवरध्वाते न संन्ध्याक्तो न चारस्तभाः ॥४०॥

कृत्वाकरे खड्ग लतां स्वबल्लभां प्रतापसिंहे समुपागते प्रजे।
साखंडितामानवतीद्विषन्चमूः सकोचयंती चरणं पराङ्मुखी ॥४१॥

[जगन्नाथराय मन्दिर प्रशस्ति, उदयपुर]

महाराणा प्रताप और कर्नाटक

—श्री नगेश हस्वार

कर्नाटक का भरतखंड के प्राचीन और अर्वाचीन इतिहास में बहुत महत्व का स्थान है। उसकी अपनी निजी ऐतिहासिक विशिष्टता है तथा उसकी भारतीय संस्कृति को अपनी विशिष्ट देन रही है।

भारतीय इतिहास में कर्नाटक :—

भारतीय इतिहास के शताब्दियों लम्बे काल में जब-जब भी महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए, घटनाएं घटी तथा नवीन विचारधाराओं ने जन्म लिया, उनका कर्नाटक पर बराबर प्रभाव पड़ा है। भारत के सम्पूर्ण इतिहास पर दृष्टिपात करने पर यह कहा जा सकता है कि अधिकांश महत्वपूर्ण घटनाएं एवं परिवर्तन प्रायः उत्तरी भारत में ही हुए हैं क्योंकि उत्तर भारत पर निरन्तर विदेशी आक्रमण होते रहे और स्वभावतः उन आक्रमणों तथा दासता के विरुद्ध आजादी की जो चेष्टाएं वहां की गई वैसी अन्य प्रान्तो में नहीं हुई।

आजादी का सच्चा मूल्य ऐसे लोग ही समझ सकते हैं जो उसकी रक्षा के लिये सर्वस्व अर्पण करते हैं। राष्ट्र के लिये रक्त तर्पण करने वाले स्वातन्त्र्य वीर पुरुषसिंह व्यक्ति हमारे इतिहास के हर एक पन्ने में मिलते हैं। ऐसे पुरुष सिंहों में चित्तौड़ के राणा प्रतापसिंह का स्थान केवल राजपूताना के इतिहास में ही नहीं बल्कि समस्त भारत के इतिहास में सर्वोच्च है। उसका आदर्श और राष्ट्र प्रेम भारत के ऐतिहासिक आकाश में ध्रुव तारे की भाँति अटल रूप से प्रदीप्तमान हैं।

ऐसे महापुरुषों के आदर्श और कार्य दूसरों के लिये प्रेरणास्रोत और स्फूर्तिदायक होते हैं। राणा प्रताप और शिवाजी के अनुपम जीवन से प्रेरणा पाकर भारत के असंख्य लोग राष्ट्र के लिये शहीद हुए हैं। राणा प्रतापसिंह के त्याग, बलिदान, राष्ट्र-प्रेम आदि गुणों का प्रभाव कर्नाटक की जनता पर उतना ही पड़ा है, जितना कि अन्य प्रदेशों पर।

भारत के इतिहास की विशेषता है विभिन्नता में एकता। यद्यपि भारत के विभिन्न भागों का इतिहास अलग अलग रहा है, किन्तु वे एक दूसरे से प्रभावित होते रहे हैं और उनमें एकता का सूत्र सदैव जीवित रहा है। उत्तर भारत में कई बड़े बड़े साम्राज्य स्थापित हुए, उनम बहुत कम दक्षिण में पहुंचे। जो साम्राज्य दक्षिण तक फैले वे बहुत कम समय तक टिक पाये। दक्षिण के कतिपय राज्यों ने भी उत्तर भारत के प्रदेशों को विजित किया किन्तु वे भी बहुत दिनो तक न रहे। इसका कारण यही है कि उत्तर और दक्षिण क बीच में दुर्गम पर्वत श्रेणियां एवं जंगल अवस्थित हैं। इसलिये उत्तर और दक्षिण के मध्य सांस्कृतिक सम्बन्ध अखंड होने पर भी राजनैतिक दृष्टि से इन दो भागो का सम्बन्ध पुरातन इतिहास में अधिक नहीं रहा है।

विजयनगर साम्राज्यः—

राणा प्रताप के पहले दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य उत्कर्ष की स्थिति में था। इसके राजा लोग सदा बीजापुर, अहमदनगर, गोलकुन्डा आदि मुसलमान राज्यों के साथ, अपनी स्वतन्त्रता वनाये रखने के लिए, लडते आए थे। राणा प्रताप ने अप्रत्यक्ष रूप से विजयनगर से स्फूर्ति पाई होगी। किन्तु विजयनगर साम्राज्य के अन्तिम समय में विजयनगर के राजाओ ने राणा प्रताप से प्रेरणा ग्रहण की है। वे अन्त तक मुसलमानों से हिन्दू साम्राज्य की रक्षा के लिए प्रताप की भांति लड़े। इतना ही नहीं यह कह सकते हैं कि सारे भारत के लोगों ने देश की स्वतन्त्रता के लिए राणा प्रताप से प्रेरणा प्राप्त की है।

राणा प्रताप की वीर कहानी कर्नाटक के घर घर में प्रचलित है। कर्नाटक में जो राजपूत लोग हैं वे आज तक राणा प्रताप को अपना आदर्श मानते हैं। मुस्लिम आधिपत्य एवं अत्याचार से पीडित होकर वहुत से राजपूत स्वतन्त्रता-उद्वेग से मुस्लिम राज से दूर होकर कर्नाटक में आ वसे थे। इन लोगो ने कर्नाटक के लोगो को मुस्लिम राज्य के विरुद्ध लडने में सहयोग दिया। कर्नाटक के लोगो में अपने यहां के राष्ट्र-वीरों की भाति प्रताप भी गौरव और आदर का पात्र वना है। राणा प्रताप की स्वातन्त्र भावना, स्वाभिमान, स्वदेश-प्रेम, अपूर्व त्याग आदि का कर्नाटक के सभी लोग प्रशसा करते आए हैं।

कन्नड़ साहित्य में प्रताप:—

प्रताप के वारे म कई पुस्तकें कन्नड़ भाषा में लिखी गई हैं। १९५४ में मैसूर के काव्यालय, प्रकटनालय द्वारा प्रकाशित वासुदेवय्या का 'आर्यकीर्ति' नामक ग्रन्थ अमूल्य है। इसमें राणा प्रताप के जीवन का हृदयस्पर्शी चित्रण प्रस्तुत किया गया है। कर्नाटक के सुप्रसिद्ध उपन्यासकार श्री पंडित लि. वें. गलगनाथ ने बीसवीं सदी के प्रारम्भ में राणा प्रतापसिंह के समग्र जीवन को उपन्यास के रूप में प्रस्तुत किया। 'राणा प्रताप सिंह' उपन्यास सारे कर्नाटक में जनप्रिय हुआ है। उसके वाद भी कई लोगों ने प्रताप के जीवन पर ग्रन्थ रचे हैं। श्री सा. शि. मरुलय्या रचित 'राणा', नाटक ने रंगमंच पर भारी ख्याति प्राप्त की है। साथ साथ श्री मिटीजी रचित नाटक 'राणा प्रतापसिंह' बहुत ही जनप्रिय हुआ है। कर्नाटक मे विद्यालय कक्षाओ की पाठ्य पुस्तको मे राणा प्रतापसिंह की आदर्श जीवनी का समावेश किया गया है। इसके अलावा कन्नड भाषा मे कई और पुस्तकें निकली हैं।

उन्नीसवीं एवं बीसवीं शताब्दि के ब्रिटिश साम्राज्यवाद विरोधी आन्दोलन में भारतीय स्वतन्त्रता सग्राम को महाराणा प्रताप के स्वातन्त्र्य प्रेम, अदम्य साहस, उत्कट त्याग एवं अनुपम वलिदान से भारी प्रेरणा मिली। स्वय कर्नाटक प्रदेश के स्वातन्त्र्य आन्दोलन ने प्रताप एवं शिवाजी जैसे महापुरुषों के आदर्श से वड़ी शक्ति और विश्वास प्राप्त किया है।

स्वातत्र्य संघर्षः—

१८२४ ई० में कर्नाटक में सर्वप्रथम स्वतन्त्रता के लिये अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ने के लिये कित्तूर चेनम्मा साहस के साथ तलवार खींचकर खड़ी हुई। चित्तौड के युद्धों एवं शाको तथा प्रताप के बलिदान का आदर्श उसके सन्मुख था। उसके बाद कर्नाटक में आजादी का जो संघर्ष चला उसमें हम राणा प्रताप के आदर्श की झलक देख सकते हैं। उस समय में जिन देश-प्रेमी नेताओं की गाथा गाकर आंदोलन किये गये उनमें हमें आदर्श पुरुष प्रताप का नाम भी मिलता हैं। कर्नाटक के नेता कर्नाटक कुल पुरोहित आलूर वेंकटराव ने कर्नाटक के एकीकरण की लड़ाई में राणा प्रताप के आदर्श को अपनाया था। इस बात को उन्होने अपने वक्तव्यो और लेखों में प्रकट किया और लोगों में स्वतन्त्रता की भावना जागृत की थी। इस तरह कर्नाटक ने महापुरुष राणा प्रताप के आदर्श को अपना आदर्श मानकर और उससे प्रेरणा पाकर स्वतन्त्रता प्राप्त करने तथा उसके बाद कर्नाटक प्रदेश के एकीकरण करने का संघर्ष किया।

इस तरह राणा प्रताप केवल राजस्थान का ही नहीं वरन् समूचे भारत का एक महान् नेता था। उसका आदर्श सभी देश-प्रेमियो के हृदय में देश-प्रेम की भावनाओं को जीवित रखने का कार्य कर रहा है। उनका जीवन सदा स्मरणीय रहेगा। वह सारे विश्व के लोगों के लिये प्रेरणादायक रहेगा।

राणा प्रताप अमर रहे।

जब लौं तन मे प्राण न तब लौं टेकहि छोड़ौं।
स्वाधीनता बचाइ दासता-शृंखल तोड़ौं॥
जो निज कुल-मरजाद सहित तौ जीवन।
नहिं तातें शतगुणित मरन रन मैं जस पीवन॥
जो पै निज शत्रुहिं मारिकै यह परतिज्ञा राखिहौं॥
तौ या सिंहासन पै बहुरि पग धारन अभिलाखि हौं॥

—राधाकृष्णदास

महाराणा प्रताप तथा राष्ट्रीय कविता

—डॉ० लक्ष्मीनारायण दुबे

राजस्थान वीर प्रसू वसुन्धरा है। उसके सपूतों में महाराणा प्रताप का नाम तथा स्थान शीर्षस्थ है। वे वीर-शिरोमणि थे। वे राष्ट्र पुरुष थे। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। वे भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के भीष्म पितामह थे। वे हमारे राष्ट्रीय गौरव, प्रतिष्ठा तथा स्वाधीनता के आदि पुरुष हैं। उन्होंने स्वतन्त्रता की ऐसी ज्योति प्रज्वलित की जो कि राष्ट्रीय आन्दोलन के रूप में विकसित हुई। उनका व्यक्तित्व जीवन चरित्र, कार्य तथा सिद्धान्त कवियो के लिए प्रेरणा-स्त्रोत रहे हैं। वे साहित्यकारों के प्रेरणा-पुंज हैं। उनका जीवन आलोक-स्तम्भ है। उन पर मध्यकालीन एवं आधुनिक राजस्थानी साहित्य में विपुल रचनाएं लिखी गई। हिन्दी का आधुनिक राष्ट्रीय काव्य भी उनके यशोगान से परिप्लावित है।

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी 'पत्रावली' में महामानव प्रताप को श्रेष्ठ श्रद्धांजलि अर्पित की है। हिन्दी में उन पर अनेक काव्यों की सृष्टि हुई है। उनसे न केवल हमारा काव्य ही अपितु गद्य-साहित्य तथा पत्रकारिता भी प्रभावित हुई है।

अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी महाराणा प्रताप के परम भक्त थे। उन्होंने अपने राष्ट्रीय पत्र 'प्रताप' का नामकरण भी वीर-पुंगव प्रताप की पुण्य स्मृति में ही किया था। साप्ताहिक 'प्रताप' को हिन्दी पत्रकारिता का उल्का-पिण्ड माना गया है यह पत्र ९ नवम्बर, १९१३ ई० को कानपुर से प्रकाशित हुआ। बाद में सन् १९२० में दैनिक भी हो गया। गणेशजी ने प्रवेशांक में अपने इष्ट-देव महाराणा प्रताप का न केवल स्मरण ही किया--अपितु उनको सर्वाधिक महत्व प्रदान करते हुए, बलिदान की गाथा गाते हुए महाराणा प्रताप का निम्न स्तवन किया है:— ' महान् पुरुष-निःसन्देह महान् पुरुष ! भारतीय इतिहास के किस रत्न में इतनी चमक है? स्वतन्त्रता के लिए किसने इतनी कठिन परीक्षा दी? जननी-जन्मभूमि के लिए किसने इतनी तपस्या की? देश-भक्त, लेकिन देश पर एहमान जमाने वाला नहीं, पूरा राजा, लेकिन स्वेच्छाचारी नहीं। उसकी उदारता और दृढ़ता का सिक्का शत्रुओं तक ने माना।" संपादकीय के अन्त में गणेशजी लिखते हैं:—

"प्रताप ! हमारे देश का प्रताप ! हमारी जाति का प्रताप ! दृढ़ता और उदारता का प्रताप ! तू नहीं है, केवल तेरा यश और कीर्ति है। जब तक यह देश है और जब तक संसार में दृढ़ता, उदारता स्वतन्त्रता और तपस्या का आदर है, तब तक हम क्षुद्र प्राणी ही नहीं, सारा संसार तुझे आदर की दृष्टि से देखेगा। संसार के किसी भी देश में तू होता, तो तेरी पूजा होती और तेरे नाम

पर लोग अपने को न्यौछावर करते। अमेरिका में होता, तो वाशिंगटन और लिंकन से तेरी किसी तरह कम पूजा न होती। इंगलैंड में होता, तो वेलिंगटन और नेलसन को तेरे सामने सिर झुकाना पड़ता। स्काटलैंड में वालेस और राबर्ट ब्रूस तेरे साथी होते। फ्रांस मे जोन ऑफ आर्क तेरे टक्कर की गिनी जाती और इटली तुझे मेजिनी के मुकाबले में रखती।"

गणेशजी का 'प्रताप' आजीवन महाराणा प्रताप का अनुसरण करता रहा। विपत्तियों में अडिग बना रहा। राष्ट्रीयता तथा स्वाधीनता के गीत गाता रहा।

महाराणा प्रताप ने देश की रक्षा के लिए घास-फूस की रोटियां खायी, जंगल-जंगल भटके, पत्थरो और पत्तों पर सोए परन्तु मुगल सम्राट अकबर के दरबार में, अन्य राजपूत नरेशों के समान, मत्था नहीं टेका। इसीलिए, आधुनिक कवियों की बात तो छोड़िए, अकबर का दरबारी कवि पृथ्वी-राज भी उनका कीर्ति-गायन करता था और अब्दुल रहीम खानखाना उनकी प्रशंसा कर अपने को कृतकृत्य मानता था। अकबर उनका लोहा मानता था। प्रताप का नाम सुनते ही वह सिरहाने के सर्प के समान भयातुर हो जाता था। हर राजपूत माता प्रताप सदृश्य पुत्र प्राप्ति के लिए लालायित रहती थीं। प्रताप ने मस्तक को काट कर अपनी हथेली पर रख लिया था। अब डर कैसा? राजस्थान के नगर-नगर, गांव-गांव और वन-वन में उन्होंने ऐसा अलख जगाया और स्वाधीनता की धूनी रमायी कि आज प्रत्येक भारत वासी को उन पर गर्व है- अभिमान है।

महाराणा प्रताप के इतिहास से संबंधित प्रत्येक वस्तु कवियों के लिए संजीवनी बन गई। क्या चित्तौड, क्या चेतक, क्या हल्दीघाटी और क्या भामाशाह— सभी को कवियों ने अपनी भावांजलि अर्पित की है। श्यामनारायण पाण्डेय का 'हल्दीघाटी' नामक महाकाव्य महाराणा प्रताप की सर्वश्रेष्ठ काव्यमयी अभिव्यंजना एवं मूल्यांकन है।

महाराणा प्रताप के कृतित्व की वन्दना से कवियों की वाणी पुण्याभिषिक्त हुई है। शम्भूदयाल श्रीवास्तव ने 'महाराणा प्रताप और स्वतन्त्रता' नामक कविता का अन्त इस प्रकार किया है:—

"धन्य धन्य है पावन जननी धन्य धन्य
भारतमाता,
मरणासन्न समय भी जिसका पुत्र यही
जपता जाता॥
जब तक प्रिय स्वतंत्रते! तन में लगती है
तव सुखद समीर।
तब तक रण से तिल भर भी न हटेंगे, हम हैं
भारत वीर॥"

अप्रैल, १९२४ को राष्ट्रीय मासिक पत्रिका 'प्रभा' में प्रकाशित 'दीपक' नामक कविता में, राम-नरेश त्रियाठी ने भारत के महान् व्यक्तियों में महाराणा प्रताप का भी नामोल्लेख किया है—

"राम, भीष्म, हनुमान, भीम, अर्जुन, गौतम,
गिरिधर का,
चन्द्रगुप्त, चाणक्य, वीर विक्रम, अशोक,
शकर का,

गुरु गोविन्द, प्रतापसिंह, श्री दयानन्द, अकबर का,
बाल तिलक का पिता आज है मार्ग ढूंढता घर का।
सिर पर मृत्यु, ओंठ पर ईश्वर, साथी कौन किधर है।
हाय! अन्धेरे में दीपक से खाली इसका कर है।।"

महाराणा प्रताप और उनका युग बीत गया। प्राचीन का "वैभव" भी नहीं रहा। अतीत की स्मृति सुखद तथा मधुर होती है। अतीत की अनुभूति कवियों की प्राणशक्ति है। इसीलिए 'राष्ट्रीय पथिक' को विगत की बातों का अभाव दिखायी देता है और उनमें कवि को चित्तौड तो दिखायी देता है परन्तु महाराणा प्रताप कहां है?:-

"हे दिल्ली, चित्तौर, सिंहगढ, मरु, बुन्देल, पाचाल।
किन्तु कहां, दुर्गा, प्रताप, शिवा, पृथ्वीराज, छत्रसाल।।
हैं पानीपत, हल्दीघाटी कुरुक्षेत्र चौगान।
किन्तु कहां वह युद्ध-कला, वीरत्वत्याग-विज्ञान।।"

आचार्य गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही' द्वारा सन् १९२१ में लिखित अपनी कविता मे स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिए बलिदानियो की अर्चना आवश्यक मानते हैं जिनमें महाराणा प्रताप अग्रणी हैं।

"वीर प्रताप शिवा के पद का निज हृदयो मे ध्यान करो,
हे भारत के लाल, पूर्वजो की कृति पर अभिमान करो।
स्वतंत्रता के लिए मरे जो उनका चिर सम्मान करो,
हे 'त्रिशूल' अनुकूल समय यह अब अपना बलिदान करो।।"

ठाकुरप्रसाद शर्मा के लिए चित्तौड़ का पत्थर भी अत्यन्त पवित्र और भव्य है—

"गौरव रक्षक वीर-भवन आधार ?
वीर कर स्पर्शित सहस्त्रशः बार।
उत्पादक जन-हृदय भाव अभिराम,
पावन महान्! सादर तुम्हे प्रणाम।।"

जैसा कि उपरि लिखित है श्यामनारायण पाण्डेय महाराणा प्रताप के सर्व प्रथम प्रबन्धकार हैं। 'हल्दीघाटी' नामक प्रबन्ध काव्य सन् १९३९ में लिखा गया। इसमें मेवाड़ केसरी राणा प्रताप के युद्ध-वृतान्तो को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह वीररस प्रधान कृति है। इसके नायक प्रताप हैं। भूमिका में ही कवि ने प्रताप का गुण गान इन शब्दो में किया है:—

"महान्! इन्हीं कतिपय घटनाओं को मैंने कविता का रूप दिया है। यह खण्ड काव्य है अथवा महाकाव्य, इसमें सन्देह है, लेकिन तू तो निःसन्देह महाकाव्य है। तेरे जीवन की एक-एक घटना ससार के लिए आदर्श है और हिन्दुत्व के लिए गर्व की वस्तु।"

पाण्डेयजी को महाराणा प्रताप के समाधि-स्थल को देखकर ही यह कृति लिखने की प्रेरणा मिली थी। यद्यपि इस रचना में महाकाव्योचित

गरिमा का अभाव है फिर भी महाराणा प्रताप का यह खड़ी बोली में सशक्त तथा ओजस्वी चित्रण है। भाषा में बड़ा आकर्षण है। शब्दों का चुनाव, शैली की क्षिप्रता, शिल्प का सघन रूप–सभी कुछ महाराणा प्रताप के वीरत्व, शौर्य, स्वाभिमान तथा श्रेष्ठत्व के सर्वथा अनुकूल है। प्रकृति चित्रण का एक कवित्वमय दृश्यांकन–'अवलोकनीय है' :—

" सावन का हरित प्रभाव रहा, अम्बर पर
थी घनघोर घटा।
फहरा कर पख थिरकते थे, मन हरती थी
वन–मोर–छटा ॥
पड़ रही फुही झीसी झिन–झिन, पर्वत की
हरीवनाली पर।
'पी कहा!' पपीहा बोल रहा, तरु–तरु की
डाली–डाली पर ॥
वारिद के उर में दमक-दमक, तड़-तड़ बिजली
की तड़क रही।
रह–रहकर जल था बरस रहा, रणधीर
भुजा थी फड़क रही ॥"

सन् १९४५ मे पाण्डेयजी ने 'जौहर' नामक प्रबन्ध काव्य भी लिखा जो कि महारानी पद्मिनी की कथा का वर्णन है।

महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, महाराजा छत्रसाल, महारानी लक्ष्मीबाई, परम वीर तांत्या टोपे आदि स्वतंत्रता–संग्राम के अजेय तथा महान् सेनानियो का जीवन किसी भी राष्ट्र के लिए वरदान तुल्य हो सकता है। महाराणा–प्रताप आज हमारे इष्टदेव हैं। उनका सर्व होमकारी और त्यागी जीवन हमारे लिए जीवन की चेतना बन गया है। काव्य ने महाराणा प्रताप सदृश्य नायक तथा चरित्र प्राप्त कर अपने आपको गौरवान्वित किया है।

प्रताप! हमारे देश का प्रताप! हमारी जाति का प्रताप! दृढता और उदारता का प्रताप। तू नहीं है, केवल तेरा यश और कीर्ति है। जब तक यह देश है और जब तक संसार में दृढता, उदारता, स्वतन्त्रता और तपस्या का आदर है तब तक हम ही नहीं सारा संसार तुझे आदर की दृष्टि से देखेगा। संसार के किसी भी देश मे तू होता तो तेरी पूजा होती और तेरे नाम पर लोग अपने को न्योछावर करते।

—(स्व०) गणेश शंकर विद्यार्थी

व्यक्तित्व सम्बन्धी एक तुलनात्मक अध्ययन

महाराणा प्रताप और सम्राट अकबर

—डॉ० सत्य प्रकाश

महाराणा उदयसिंह के ज्येष्ठ पुत्र महाराणा प्रताप ने ९ मई सन् १५४० ई० को जन्म लिया था। सम्राट अकबर ने महाराणा प्रताप से केवल १॥ वर्ष पूर्व सन १५३८ में जन्म लिया था। दोनो को अपने २ जीवन के प्रारम्भिक काल में परिस्थितियो से लडना पड़ा था। दोनों असाधारण व्यक्तित्व के अपने २ ढंग के प्रतिभाशाली शासक थे। दोनों के आदर्श यद्यपि भिन्न थे पर दोनो में एक ही प्रकार की लगन और साध उन आदर्शों के पालन करने हेतु थी। दोनों बड़ा से बड़ा त्याग अपने उद्देश्यों की पूर्ति में करने को सदा तत्पर रहते थे। दोनों क्रियावान व्यक्ति होने के साथ २ बड़ी उच्च-कोटि के देश भक्त थे। दोनों एक ही आयु के होने के कारण साहस, पुरुषत्व, चारित्रिक दृढता, देशभक्ति, सैनिक प्रतिभा तथा नेतृत्व के उच्चतम प्रतीक होने में एक दूसरे से होड़ लगाये हुए थे। एक दूसरे के प्रतिद्वन्द्वी होते हुए भी वे दोनो एक दूसरे के गुणों की परख करने वाले भी थे। दोनों में केवल इतनी समता थी कि दोनों अपनी धाक अपने छोटे व बड़े क्षेत्र मे व्यक्तियों पर रखना चाहते थे। सम्राट अकबर जहाँ सारे देश पर एक छत्र साम्राज्य स्थापित कर अपना प्रभुत्व सारे देश पर स्थापित करना चाहता था वहां महाराणा प्रताप अपनी जन्मभूमि मेवाड़ को स्वतन्त्र तथा विदेशी शासन से सदा मुक्त देखना चाहता-था और इसके लिए वह अपने प्राणों की बाजी लगाने में भी चूक न करने वाला था। महाराणा प्रताप में अपने स्वर्ग के गौरव एवं अपने वंश की मर्यादा की रक्षा का व्रत था। वह किसी भी दशा में अपने पूर्वजों की आन बान व शान को सम्राट अकबर की अध्यक्षता स्वीकार करके धूल-धूसरित 'नहीं' करना चाहता था। स्वतन्त्रता का प्रेमी होने के अतिरिक्त महाराणा प्रताप राजपूत-घराने की मर्यादा की रक्षा करने वाला था। अकबर को भलीभाँति ज्ञात था कि प्रताप का राजपूतो मे कितना आदर था। वह जानता था कि विना उसके उसकी आधीनता स्वीकार किये हुये दूसरे राजपूत सरदारों का उसकी आधीनता स्वीकार करना असम्भव सा था।

उदयसिंह के ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते महाराणा प्रताप की ३२ वर्ष की आयु में अपने पिता की मृत्यु के पश्चात् गोगून्दा मे गद्दी प्राप्त हुई थी कि-तु राजतिलक कुछ दिन पश्चात् कुम्भलगढ मे हुआ था। महाराणा प्रताप उस समय प्रौढावस्था में होने के कारण अपने कन्धो पर पड़े शासन सम्बन्धी बोझ के भार के उत्तरदायित्व को भली प्रकार समझता था किन्तु जैसा कर्नल टाड ने एक स्थान पर कहा है- प्रताप उस समय साधन-रहित, राजधानी रहित एवं हताश साथियों एवं बन्धुओं से घिरा हुआ था। पर इतना होते हुए

भी वह साहस का अँचल न त्याग कर अपने कुल की मर्यादा का सहारा लेकर चित्तौड़ को मुगलो के चुंगुल से बाहर निकालने के लिए कटिबद्ध था। वह न केवल अपनी खोई हुई जाति मर्यादा को पुनः प्राप्त करने की चिन्ता में था वरन् अपनी खोई हुई शक्ति को प्राप्त करने के लिए पागल सा था। उसके पिता ने सन् १५६७ में चित्तौड़ की रक्षा का भार जयमल के हाथो में सौंपा था और उसने स्वयं गिरवा की पहाड़ियो की शरण ले ली थी और प्रताप ने अपने जीवन के साढ़े चार वर्ष पश्चिमी मेवाड के ऊबड़-खाबड़ प्रदेश मे विचरण करने की ठान ली थी। महाराणा प्रताप के दादा राणा सांगा ने विदेशी आक्रमणकारी बाबर से लोहा लिया था किन्तु कनवाहा के मैदान में उन्हें करारी हार खानी पड़ी थी। राणा सांगा तथा उसके वंशजों के हृदय में बाबर तथा उसके वशजों के प्रति विरोध और द्वेष की भावना होना स्वाभाविक सी थी। बाबर के थोड़े वर्षों के शासन के पश्चात् उसके पुत्र हुमायूं का शासन हुआ। किन्तु उसे थोड़े दिन पश्चात ही भारत छोड़ना पडा। दिल्ली पर पठान शेरखां का अधिकार हो गया। मुगल इस प्रकार से विदेशी आक्रमणकारी के अतिरिक्त कुछ और न रहा। हुमायूं ने अवसर पाकर अपने जीवन की संध्या में फिर भारत पर आक्रमण किया तथा दिल्ली का शासक हुआ, पर उसकी मृत्यु शीघ्र हो गई। उसकी मृत्यु के पश्चात् अकबर जो उस समय बालक था शासक हुआ। मुगल सम्राटों की तीसरी पीढ़ी मे जन्म लेने वाला वह घटनाओ के क्रम के परिणामस्वरूप यदि राणा प्रताप की दृष्टि में विदेशी और आक्रमणकारी के रूप में समझा गया हो तो कोई आश्चर्य की बात नहीं कही जा सकती। राणा प्रताप के परम्परागत धरोहर के रूप में स्वदेश एवं स्वधर्म के प्रति शक्ति प्राप्त थी क्योंकि उसका परिचय उसका दादा दे चुका था। सम्राट अकबर भी अपने दादा की भांति भारत में शासन जमाने के लिए जहां तक मेवाड़ का प्रश्न था बडा से बडा त्याग करने को उद्यत था। यदि राणा प्रताप अपना सर्वस्व अपने देश की रक्षा के हित में न्यौछावर करने को उद्यत था तो सम्राट अकबर भी अपना प्रभुत्व उस क्षेत्र म जमाने के लिए भी बड़ा से बड़ा बलिदान करने को कटिबद्ध था। अकबर ने राणा प्रताप के पिता के जीवनकाल में चित्तौड पर आक्रमण कर उसे जीत लिया था। चित्तौड़ का महान साका हो चुका था। उसमें चित्तौड़ की वीर और वीरांगनायें सहस्त्रो की संख्या में अपने प्राणो की आहुति दे चुकी थी। इस पराजय के पूर्व ही महाराणा उदयसिह चित्तौड छोडकर उदयपुर जा बसे थे। इस रोमांचकारी घटना के परिणाम स्वरूप ही राणा प्रताप के हृदय में अपने पिता के प्रति क्रोध, आक्रमणकारी अकबर के प्रति विद्वेष तथा क्षोभ रखना अस्वाभाविक न था। पर उसने मर्यादाओ का उलघन न करके मेवाड़ को स्वतंत्र करने तथा अकबर के सामने घुटना न टेकने की ठान ली थी। उसी प्रकार से सम्राट अकबर ने देश के अन्य राजपूत राजाओ की तरह मेवाड़ के शासको को झुकते न देखकर साहस न छोड़ा और उनका निरन्तर सामना करना ही सोचा।

राणा प्रताप गौरवपूर्ण राजवंश के एक समुज्ज्वल रत्न थे। वह जिस राज्य से सम्बद्ध थे उसका भूतकाल बहुत ही समुज्ज्वल एवं गरिमायुक्त रह चुका था। बापा रावल, राणा कुम्भा और राणा सांगा की वीरता एवं शौर्य को उन्होंने उत्तराधिकारी के रूप में प्राप्त कर लिया था। एक पीढ़ी पूर्व ही राणा सांगा का लोहा सारे राजस्थान में माना जाता था और सारे राजस्थान के राजा उसको अपने शिरमौर मानते थे। आमेर के राजा मान का सम्राट अकबर के साथ घनिष्ट सम्बन्ध तथा आमेर के अन्य राजाओ के भी राज्य; सम्पत्ति एवं प्रभाव का निरन्तर विस्तार मेवाड़ के राज्य के लिए एक भयंकर संकट उपस्थित किये हुये था। मेवाड़ में उस समय भी राणा आर्थिक दुर्व्यवस्था का सामना कर रहा था। राणा का साथ अन्य राजा–महाराजा भी नहीं दे रहे थे। ऐसी स्थिति में राजा मान की वीरता, शासन पटुता और दान की यश गान जो देश में फैल रहीं थी उस सब को देखते हुए राणा प्रताप में राजा मान के प्रति शत्रुता, घृणा और क्षोभ होना स्वाभाविक ही था पर राणा प्रताप अपनी स्वतंत्रता के प्रति प्रेम, सत्य-निष्टा के आगे किसी भी हेय विचार को अपने में नहीं रख रहा था– यह आश्चर्य ही नहीं वरन् उसके असाधारण व्यक्तित्व की बात थी। सम्राट अकबर संकट और विपत्तियो का वह मानस–पुत्र था जिसने तेरह वर्ष की आयु में साक्षर न होते हुए भी दिल्ली में सिंहासन पर बैठने के थोड़े दिनो पश्चात् हेमू से राज्य के लिए लोहा लिया। विजयी अकबर ने पराजित एवं घायल शत्रु की हत्या से विमुख हो अपनी मानवता का प्रथम परिचय किया। तीन सौ वर्ष पुराने इन भावी शासन में सम्भवतः प्रथम बार ही अकबर ने अपने आपको भारतीय अनुभव किया और अपने साम्राज्य को भारतीय साम्राज्य का रूप दिया। ऐसा करने के लिए उसने अपने साम्राज्य के मुसलमान--भिन्न नागरिकों को नागरिकता का समान अवसर दिया। अकबर का साम्राज्य संगठन इस प्रकार से विजेता का अधिनायकत्व नहीं था वरन भारतवर्ष की राजनैतिक एकता का तत्कालीन परिस्थितियों के अनुरूप एक यथासम्भव श्रेष्ठ संगठन था। यद्यपि इस समग्र नव कल्पना को ध्यान में लाने एवं उसे मूर्तरूप देने का सारा काम अकबर का था। उसको सहायता एवं समर्थन का बल बाहर से पर्याप्त मात्रा में मिला। ऐसे भारत–राष्ट्र की स्थापना जिसमे सारा देश सम्मिलित हो और जिसमें देश की सभी विभिन्न कोटि के नागरिको का सक्रिय सहयोग हो, अकबर के व्यक्तित्व की एक सबसे बड़ी देन भारत के इतिहास को है। जैसा कि अन्यत्र कहा गया है अकबर एक सर्वतोमुखी प्रतिभा-सम्पन्न व्यक्ति था। अधिक पढ़ा लिखा न होने पर उसमें सूझ-बूझ, दूरर्दशिता तथा जनप्रियता अनुपम थी। उसकी वीरता एवं उसके शौर्य से भी उसमें अद्भुत वैयक्तिक आकर्षण था। विराट नीति को स्थिर करके सूक्ष्म से सूक्ष्म बातों को समझना एवं निर्णय देना— ऐसे दो गुण उसमें थे जिसने उसे उदार मित्र के साथ उदार शत्रु भी बना दिया था। कला – प्रियता एवं गुण ग्राहकता उसमें

महाराणा प्रताप—एक व्यवस्थापक के रूप में

—डॉ० गोपीनाथ शर्मा, एम ए. पी. एच. डी.

सांगा की मृत्यु मेवाड के इतिहास में एक विघटन के युग का प्रारंभ करती है जिसके फल-स्वरूप मेवाड में अनेक राजनीतिक उथल-पुथल तथा विभिन्न आन्तरिक और अभ्यन्तरिक समस्याओ का प्रारभ होता है। १५२८ से १५३७ ई० की थोडी अवधि मे ही मेवाड पर तीन शासकों का राज्य हो चला था जिसमें सिवाय पारस्परिक द्वेष और स्वार्थ सम्पादन के प्रयत्नों के अतिरिक्त कोई महत्वपूर्ण घटना उल्लेखनीय नहीं है। रत्नसिंह और सूरजमल के वैमनस्य ने मेवाड और हाडौती के सम्बन्ध में कटुता पैदा कर दोनो राज्यो को निर्बल बना दिया। दोनो का पारस्परिक द्वेष इतना बढ़ गया कि वे एक दूसरे को जीवित नहीं देख सकते थे। अन्त में दोनों शिकार के बहाने लड़कर मृत्यु की गोद में जा बैठे[1]। जब रत्नसिंह के छोटे भाई विक्रमादित्य मेवाड के शासक बने तो वहाँ की दशा अत्यन्त शोचनीय हो चली। उन्हें अपने पद और उत्तरदायित्व का कोई भान नहीं था। शासन कार्य में उन्हे कोई रूचि न थी। चाटुकारो और पहलवानो की संगति में रहकर उन्होने अपने पद और अधिकार का दुरूपयोग करना आरंभ कर दिया। उनके व्यवहार से असन्तुष्ट होकर अभिमानी सरदारों ने दरबार में जाना बन्द कर दिया और वे अपने-अपने ठिकाने में जाकर रहने लगे[2] जब इस अवस्था में बहादुरशाह ने मेवाड पर आक्रमण कर दिया तो महाराणा के लिए सिवाय शत्रु से अपमानजनित सन्धि करने के सिवाय और कोई चारा न रह गया। इस पराभव ने भी राणा की आंखों को न खोला और वे अपने रहन-सहन तथा व्यवहार में पूर्ववत् बने रहे[3]। फल यह हुआ कि पृथ्वीराज के औरस पुत्र वणवीर ने अवसर पाकर १५३६ ई० में राणा की हत्या कर दी और वह स्वय मेवाड का शासक बन बैठा। जब अराजकता और निन्दनीय कार्यों का दौर बढता ही जारहा था कि कई सरदारो ने मिल कर उदयसिंह को अपना नेता स्वीकार किया और वणवीर को परास्त कर उसे (उदयसिंह) मेवाड़ का शासक घोषित किया[4]।

१. वीर विनोद, भाग २, पृ. ४, ख्यात, पत्र २६-२७

२. ओझा · उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग १, पृ. ३९४; कैंब्रीज हिस्ट्री ऑफ इण्डिया, भाग ३, पृ. १३०, जी. एन. शर्मा-मेवाड एन्ड दी मुगल एम्परर्स पृ. ४७

३. बेले, हिस्ट्री ऑफ गुजरात, पृ '३६१-६२; मीरान, पृ. २६०-६३ (पाण्डुलिपि)।

४. कुम्भलगढ़ दान पत्र, वि. स. १५९४; अमर काव्य वशावली, पृ. ३२; मेवाड एण्ड मुगल एम्परर्स, पृ. ५९-६०।

में खेती की व्यवस्था से जनता के लिए काम भी खोज निकाला गया और उस भू-भाग को आवाद करने में भी सहायता मिल गई। इस नई व्यवस्था से आक्रमणकारियों को बडी हानि हुई— एक तो उनके लिए विध्वंसकारी कार्यों के लिए कुछ भी अवशेष न बचा था और दूसरा शत्रुओं के लिए रसद प्राप्त करने की संभावना समाप्त हो गई[6]।

जब इस व्यवस्था से सुरक्षा प्रवन्ध समुचित रूप से सम्पादित हो चुका तो प्रताप ने अपने अपने सामन्तों तथा आश्रितों का भी सहयोग प्राप्त करने में प्रयत्नशीलता दिखाई। इस कार्य में उन्हें अपने व्यक्तित्व, आदर्शवादिता तथा क्रियाशीलता से बडी सफलता मिली। शिशोदिया सरदार, स्थानीय सरदार तथा अन्य वाहरी राजपूत-वंशों ने प्रताप को अपना नेता स्वीकार किया और सभी मेवाड़ की सुरक्षा के लिये उसके सहयोगी वन गये। चौहान, शिशोदिया, तंवर, राठौड, सोलंकी आदि राजपूत वंशों ने मेवाड़ के लिए बलिदान चढ़ाने को अपना-अपना सैन्य वल प्रताप को सुपुर्द कर दिया और सभी देश की रक्षा के कार्य में लग गये। इन राजपूत वंशो के अतिरिक्त ब्राह्मण, वैश्य, शूद्र तथा भीलों के जत्थे भी महाराणा के साथ देश-रक्षा के पुनीत कार्य के लिए कमर वांध कर तैयार हो गये। हल्दीघाटी के युद्ध में इन सभी जातियों का, जिनमें मुसलमान भी सम्मिलित थे, सहयोग था। राज्य के तथा राज्येतर सामन्तो तथा सम्पूर्ण जनता का सहर्ष सहयोग प्राप्त करना और आस-पास के राज्यों से मैत्री-संयोग बढ़ाना प्रताप की सहिष्णु तथा विचारशील नीति का परिचायक है। इस नीति को समयोचित और चतुर नीति कहा जा सकता है[7]।

सुरक्षा नीति की भांति प्रताप ने सैन्य व्यवस्था तथा युद्ध-प्रणाली को भी नया मोड़ दिया। हल्दीघाटी के युद्ध के पहिले प्रताप ने जगह-जगह चौकियां बिठादी थी तथा गुप्तचरों को भी लगा दिया था जिससे शत्रुओं की चाल से वे अवगत हो सकें। युद्ध के लिए उन्होने सम्पूर्ण सेना को नहीं लगाया था, वरन् सेना के कुछ अंग को कोल्यारी में सुदूर छोड़ा था जो मुगलों की वियकित सेना को परेशान कर सके और स्थानीय सेना के इलाज आदि आवश्यकता में सहायता पहुंचा सके। पुरानी राजपूत प्रणाली की भांति युद्ध में लडकर मर मिटने पर प्रताप विश्वास नहीं करते थे। यही कारण था कि उन्होने किसी युद्ध में या मोर्चे में डटकर मुगलो से मुठभेड न की। शत्रु को अपनी छावनी में घेर लेना, उसकी रसद को रोक लेना, भागती हुई सेना का पीछा करना, शत्रु के डेरे को लूटना

---

६ वदाउनी : मुन्तखाव, भा. २, पृ २२८; वीर विनोद, भा. ५, पृ. १४६, जी. एन. शर्मा : मेवाड एण्ड दी मुगल एम्परर्स, पृ. ८६ ८७

७. सूर्यवश, पृ. १९, वंशावली राणाजीनी पृ. ६८; बदाउनी : मुन्तखाव, भा. २, पृ. २३१, अकबरनामा, पृ. ९९, १५२, तबकात, पृ. ३३३, जी. एन. शर्मा · मेवाड़ एण्ड दी मुगल एम्परर्स, पृ. ९१-९६।

ग्रादि नई प्रथाएँ थी जिन पर प्रताप ने बल दिया जिसके फलस्वरूप अकबर की महान् शक्ति प्रताप को परास्त न कर सकी। एक ही युद्ध में लड़कर युद्ध को समाप्त करना वह सही नहीं समझते थे। युद्ध को लम्बा बढ़ा कर शत्रु की शक्ति का नाश करना वे अधिक उपयोगी मानते थे। इस नई गति विधि से प्रताप अपने समय में (चित्तौड़ और मांडलगढ़ को छोड़) पुनः मेवाड़ को अधीन करने मे सफल हुए[8]।

जन-जागरण तथा जन-संगठन की क्षमता भी प्रताप में खूब थी। सम्पूर्ण पहाडी भागों में घूम-घूम कर तथा कष्ट साध्य जीवन को बिताकर उन्होने जनता के नैतिक स्तर को बनाये रखा। प्रताप ने उनके जीवन की समस्या को अपने जीवन की समस्या बनाया। वे कई दिन ग्रामीण जनता के बीच में विचरण करते रहते और जन-आन्दोलन के द्वारा देश को सजग बनाये रहे। मुगलों के लिए ऐसे नए संगठन का मुकाबला करना बडा कठिन था[9]।

जब मुगलों का भय कम हो गया और देश भी एक सूत्र में संगठित हो चला था तो प्रताप ने जन जीवन को सुव्यवस्थित करने का बीडा उठाया। उन्होने नई बस्तियों को एक रूप देने के लिए चांवड में राजधानी को स्थापित किया। समुचित शासन व्यवस्था के लिए वे शासन के प्रमुख कर्णधार बने परन्तु उन्होंने कई विभागों की देख रेख के लिए विभागीय अध्यक्षों की नियुक्ति की। पुराने अधिकारी या तो मर चुके थे या नई प्रणाली के लिए उपयुक्त नहीं थे। महाराणा ने नई शासन व्यवस्था के लिए नए दल को तैयार किया। रामा नामक मुख्य प्रधान को हटाकर भामाशाह की नियुक्ति इसी दिशा में एक नया कदम था[10]। इस प्रकार की शासन व्यवस्था में परम्परा और नई परिस्थिति के अनुकूल आचरण का सामंजस्य था। जिस विभागीय वर्गीकरण की शासन पद्धति का प्रारंभ प्रताप ने किया था उसी का रूप हम महाराणा अमरसिंह के समय में पाते हैं[11]।

समसामयिक ग्रन्थो व अन्य साधनों के अध्ययन से स्पष्ट है कि प्रताप की राजधानी में न्याय का समुचित प्रबन्ध था। अपराधियो की संख्या उचित दण्ड देकर कम करदी गई थी जिससे चोरी डकैती तथा अनैतिक आचरण का राज्य म कोई भय नहीं रह गया था। अमरसार का लेखक अलंकृत भाषा में लिखता है कि यदि प्रताप के

---

८. नेणसी ख्यात, पृ. ११–१२; वीर वीनोद, पृ. १५,;
जी. एन. शर्मा : मेवाड़ एण्ड दी मुगल एम्परर्स, पृ ९६--१०७;

९, अकबरनामा, भा. ३, पृ. १६६;
जी. एन. शर्मा : मेवाड एण्ड दी मुगल एम्परर्स, पृ. ११०।

१०. मामो परधानों करे, रामो कीधो रद्द, प्राचीन पद्य, उधृद्त,
ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भा, १ पृ. ४३१।

११. अमरसार, प्रताप वर्णन, श्लोक, ६०–७५। सर्ग १, श्लोक २५५--२५६।

राज्य में पाष की विद्यमानता स्त्रियों के अलकाओं में ही थी चोरों के पकड़ने के लिए पाष का उपयोग नहीं होता था। इसका आशय यह है कि सभी में नैतिक आचरण था अतएव दण्ड में कठोरता का प्रयोग करने की आवश्यकता न थी[12]।

प्रताप की राजधानी की स्थिति भी व्यापार वाणिज्य की अभिवृद्धि के लिए अत्यन्त उपयोगी थी। चावण्ड के चारो ओर फल, फूल तथा धान्य की पैदावार के लिए भूमि उपयोगी थी। ऐसे समृद्ध स्थान को राज्य का केन्द्र बनाकर प्रताप मे केवलमात्र सुरक्षा के विचार से प्रजा का हित सम्पादन नहीं किया वरन् गुजरात तथा मालवा से व्यापारिक सम्बन्ध स्थापित करने मे सफलता प्राप्त की[13]।

एक अच्छे शासक की भांति प्रताप ने कलात्मक प्रवृत्तियों को भी प्रोत्साहन दिया। इन प्रवृत्तियों में चित्रकला की प्रवृति बड़े महत्व की थी जो चावण्ड चित्रशैली[14] के नाम से विख्यात है। मेवाड़ चित्र शैली को इस शैली ने समृद्ध बनाने में बड़ा योग दिया था। इस शैली में विषय के प्रतिपादन में तथा रंगो के प्रयोगों में सादगी तथा भाव प्रदर्शन में गांभीर्य प्रमुख हैं। इस शैली के बने हुए चित्र श्री गोपीकृष्ण कानोड़िया तथा श्री मोतीचन्द खजानची के संग्रहो में सुरक्षित हैं। एक रागमाला का चित्र जो प्रताप के समय के ठीक बाद वि. सं. १६६२ में बना था इस बात को प्रमाणित करता है कि रागमाला का चित्रण प्रताप के समय से प्रारंभ हो गया था तथा इस माला का आधार स्थानीय चित्रकला की अभिव्यक्ति था। इससे यह भी प्रतीत होता है कि रागमाला का चित्रकार निसारदी (नासिरुद्दिन) या निसार आदि चित्रकार थे जो एक चित्र को अनेक चित्रकार मिलकर मुगल पद्धति के अनुकूल बनाते थे। निसार या निसारुद्दीन का नाम यह भी सिद्ध करता है कि प्रताप के राज्य की नीति धर्म सहिष्णु थी जिसमें जाति, धर्म आदि का भेद न था। शासकीय नियमों में उदारता थी अन्यथा निसारदी या नासिरुद्दिन नामक व्यक्ति के लिए राज्याश्रय संभव न था। यदि हम चित्रशैली को अधिक बारीकी से देखते हैं तो स्पष्ट होता है कि पृष्ठभूमि के चित्रण में तथा पुरुष और स्त्रियों की आकृति मे दक्षिण तथा पश्चिमी तटीय भागो और मालवा के प्रभाव की भी छाप है। ऐसा प्रतीत होता है कि तब तक मेवाड का सांस्कृतिक सम्बन्ध इन विभिन्न भागो से परिपक्व अवस्था में पहुंच चुका था।

चित्रकला की भांति प्रताप ने स्थापत्य कला में भी रूचि ली। उनके समय के स्थापत्य मे

---

१२. अमरसार, प्रताप वर्णन श्लोक, ६०-७५

१३. वही, श्लोक ६०--७५।

जी. एन. शर्मा : मेवाड़ एण्ड दी मुगल एम्परस, पृ. ११७-११८।

१४. मेरा लेख : मेवाड़ पेन्टिग, उत्तर भारती, भा. ६, नं. २, पृ. ६२--६३।

सैनिक तथा साधारण जन-जीवन के स्थापत्य का सम्मिश्रण था। उस समय के बने हुए महलो की दीवारो, सुरक्षा के प्रबन्धों और बुर्जों के अवशेष जो कमोल, उभयेश्वर, कमलनाथ, चावण्ड आदि में पाये जाते हैं इन विशेषताओं को स्पष्ट बतलाते हैं। इन सभी महलो को पहाडी नाको तथा घने जंगली भाग में बनाया गया था। चावण्ड के महलों में तो दबी हुई नालियां भी दिखाई देती हैं जो पास वाले जलाशय से पानी लाने और उसे इकट्ठा करने की योजना बतलाती है। इन महलों से गुप्त मार्ग से निकलने के साधन भी सैनिक स्थापत्य पर प्रकाश डालते हैं[15]।

प्रताप की व्यवस्था में साहित्यिक उन्नति का भी प्रधान स्थान है। पद्मिनी चरित्र की रचना तथा दुरसा आहडा की कविताएं प्रताप के युग को आज भी अमर बनाये हुए हैं। चावण्ड में यह परम्परा पिछले समय तक भी मिलती रही हैं।

प्रताप में, अतएव, एक अच्छे सेनानायक के हीं गुण न थे वरन् उनमें एक अच्छे व्यवस्थापक की विशेषताएं थी। उनका ओजस्वी चरित्र उन प्रतीको में हैं जो शासन, कला तथा सामाजिक संगठनों से सम्बन्धिन है।

राष्ट्रे प्रदोषयति नित्यमहो प्रदीप्तां
नाम्नः स्मृति. सपदि यस्य नवात्मशक्तिम्
वीराग्रणि विजयते भुवि स प्रतापो
राणावर स्त्रिभुवन प्रथितः प्रतापः ॥१॥

स्वात्माभिमान जनको जनमानसेषु
प्रोद्दीप्त भास्वर यशः परिभासमानः
राणा प्रताप- रविरेष सदोदयः सन्
नास्तं कदाचन गतो न पुनश्चगच्छेत् ॥२॥

—पं० विद्याधर शास्त्री

१५. शोध-पत्रिका में मेरा लेख-महाराणा प्रताप की उजड़ी हुई राजधानी;
मेरा लेख, महाराणा प्रताप और उनका पर्वतीय जीवन, महाराणा प्रताप (स्मारिका), जयपुर, पृ.४४।

महाराणा प्रताप और तंवर नरेश

—रत्नचन्द्र अग्रवाल

उदयपुर के प्रख्यात सरस्वती भण्डार में सुरक्षित 'अमर काव्य' नामक ग्रन्थ में लिखा है कि मेवाड नरेश महाराणा उदयसिंह (प्रतापसिंह के पिता) ने ग्वालियर नरेश रामशाह (रामसिंह) को उनकी सहायतार्थ मेवाड़ में बारांदसोर नामक प्रदेश दे दिया था[1]। यह रामशाह ग्वालियर के राजा 'विक्रमादित्य' का पुत्र था। मुगल सम्राट अकबर के सेनापति इकबाल खां से पराजित होने पर रामशाह अपने तीनों पुत्रों, शालिवाहन, भवानीसिंह, और प्रतापसिंह, सहित मेवाड़ाधिपति उदयसिंह की शरण मे आगए थे[2]। प्रसिद्ध इतिहासकार 'अलबदायुनी' ने अपने ग्रंथ मुन्तखबुत्तवारीख में हल्दीघाटी युद्ध का आंखो देखा वृत्त प्रस्तुत करते हुए यह लिखा[3] है कि "इस लड़ाई मे चित्तौड़ वाले जयमल के पुत्र और ग्वालियर के तंवर नरेश रामशाह अपने पुत्र शालिवाहन सहित बड़ी वीरता के साथ लड़कर मारे गए। तवर-वश का एक भी वीर पुरुष बचने न पाया"। दूसरी ओर माननीय ओझाजी ने[4] यह भी मत प्रतिपादित किया है कि "विक्रम संवत् १६३३ (=१५७६ ईस्वी) में महाराणा प्रतापसिंह के पक्ष में रहकर, हल्दीघाटी की प्रसिद्ध लड़ाई में अकबर की सेना से लड़कर राजा रामशाह अपने दो पुत्रो सहित काम आया। केवल उसका एक पुत्र शालिवाहन बचने पाया"। यह विरोधाभास प्रतीत होता है। स्थिति तो यह है कि हल्दीघाटी के युद्ध में रामशाह का ज्येष्ठपुत्र शालिवाहन भी स्वर्गलोक पधारा था। सन् १९५६ मे मुझे हल्दीघाटी क्षेत्र में, 'खमणोर' ग्राम के बाहर समतल भूमि पर बनी हुई दो छतरियों की खोज करने का सुअवर प्राप्त हुआ था। ये दोनों आधुनिक ब्लॉक डेवलपमेन्ट कार्यालय के पीछे विद्यमान हैं। श्री ओझाजी ने भी इनका उल्लेख नहीं किया है। इनमें से बांई ओर की छोटी सी छतरी के एक स्तभ पर लघुलेख उत्कीर्ण है जिससे यह सिद्ध होता है कि विक्रम संवत् १६८१ में महाराणा प्रताप के पोत्र महाराणा कर्णसिंह ने उक्त स्मारक का निर्माण कराया था और "यह ग्वालियर के राजा रामशाह के पुत्र शालिवाहन की छतरी है" शीलालेख में इसका स्पष्ट उल्लेख उपलब्ध है। मेवाड़ी भाषा का यह लघुलेख हल्दीघाटी के युद्ध के प्रसंग में रक्तलाई अर्थात् रक्तताल नामक

१, गौरीशंकर हीराचन्द ओझा, राजपुताने का इतिहास, १९३२, भाग २, पृष्ठ ७३२

२. टॉड राजस्थान (हिन्दी), प्रथम खण्ड पृष्ठ ३५२-५३.

३ ओझा उपर्युक्त, पृष्ठ ७४८.

४. उपर्युक्त, भाग १, पृष्ठ २३५.

स्थल विशेष की जानकारी करने में सहायक है— यहीं पर तंवर वंशज राजा रामशाह व उनके पुत्र सद्गति को प्राप्त हुए थे। मेवाड़ की स्थिति महाराणा प्रताप के पौत्र कर्णसिंह के राज्यकाल में सभल चुकी थी—उसी समय इन तंवरवंशी नरेशों को श्रद्धांजलि समर्पित करते हुए 'शालिवाहन' की यह छतरी वनायी गयी थी। मेवाड़ के महाराणा कर्णसिंह ने अपने पितामह महाराणा प्रताप के साथी इन वीरो की याद को बनाए रखा और उनका एक स्मारक भी बना दिया- यह उनकी उदारता का सूचक है।

उपर्युक्त लघुलेख तत्कालीन इतिहास की महत्वपूर्ण सामग्री है। इसका सुपाठ्याश निम्न रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है:—

पक्ति १- समत[5] १६८१ बरषे[6]।
,, २- रना[7] करणसीघ जो।
,, ३- ने कराई छतरी[8]
,, ४- गलेरक[9] रज[10] की
पंक्ति ५- रजमरस[11] बेटो[12]
,, ६- सलवहण[13] ज री[14]
,, ७- सोलवट[15] मदीजत
,, ८- .. ने कम कीधो[16]

उक्त लेख की लिपि देवनागरी व भाषा मेवाडी है जो भाषा विज्ञान की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

'खमणोर' ग्राम से वाहर इस छतरी के चारों ओर सुविशाल समतल भूमि वनास नदी के किनारे तक फैली है यह स्थल विशेष 'रक्तताल होना चाहिए। 'खमणोर' ग्राम का नाम तो 'खामणपुर' था— यह विक्रम सँवत् १३१७ के, खमणोर से ही प्राप्त, एक शिलालेख में वर्णित है। उक्त शिला आज कल उदयपुर के राजकीय संग्रहालय की शोभा बढ़ा रही है।

रणछोड़ भट्ट कृत प्राचीन संस्कृत ग्रन्थ 'अमर काव्य' मे वर्णित शालिवाहन सम्वन्धी उद्धरण भी महत्वपूर्ण है यथाः—

---

५. सवत्
६. वर्षे
७. राणा कर्णसिंह ज
८, छतरी बनवाई
९. ग्वालियार के
१०. राजा के
११. राजा रामशाह के
१२. पुत्र
१३. शालिवाहन
१४. की
१५. सिलावट = सूत्रधार जिसका नाम 'मदीजत' था।
१६. ने काम किया अर्थात् छतरी का निर्माण किया।

तत्र प्रविष्टंश्चतुरुष्क वीरान् दिल्लीशहिन्दूकगणांश्च धीरान् ।
निवारयामास न ते प्रविष्टा यदा समस्ता : प्रबभूवुरुग्रा : ।।
ते कच्छवाहा--मुगला : पठानास्ततो भटान् प्रेषयति स्म राणा ।
पुत्रैर्युत तु वर शालिवाहनं सरामसाहिं युधि चाहुवाणकान् ।
झालादिकान् खण्डितवन्त एव तानेते गत तवरमण्डल दिवि ।।
विखण्डितानां भवनेश्वरस्य महाभटानां गणनां विधातुम् ।
विद्याविनोदी स गणेश्वरोपि शक्तो न कोऽन्यः प्रभवेत् समर्थः ।।

यहाँ भी युद्ध में रामशाह, शालिवाहन एवं अन्य तँवर वंशी वीरो के निधन का स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

खमणोर ग्राम के बाहर उपर्युक्त छतरी व शिलालेख मुगल एवं राजपूत इतिहास की महत्वपूर्ण थाती है और तत्कालीन स्थापत्य कला की दृष्टि से भी उल्लेखनीय है। यह उस सपूत का स्थायी स्मारक है जिसने मुगल आक्रमणों से टक्कर लेने मे तनिक भी संकोच न किया था। यह उस लाडले शालिवाहन की याद दिलाता है जो अपने पिता व भाइयो के साथ मेवाड़ रक्षा कार्य हेतु स्वर्ग सिधारा था। मेवाड नरेश कर्णसिंह ने इस छतरी का निर्माण करा ग्वालियर नरेशों की महत्वपूर्ण सहायता के प्रति आभार प्रदर्शित किया था। यह मेवाड़ और ग्वालियर के प्राचीन राजघरानो को एक सूत्र में पिरोने वाला अटूट धागा है। हल्दीघाटी खमणोर क्षेत्र के बीच इस छतरी की महत्वपूर्ण विद्यमानता तो और भी उल्लेखनीय है।

***

तत्तनूजनिरय प्रतापको यत्प्रतापमिहिरोशुजनिर्य :
वैरिवर्ग वनितास्त्रपयोदः ख्यापयत्यतितरांनिजकीर्ति ।।८।।

(भीमपद्मोश्वर मन्दिर प्रशस्ति)

कुम्भलगढ़ का युद्ध (१५७८ई०)

—श्रीराम वल्लभ सोमानी

जैसलमेर भंडार में भोज चरित नामक एक हस्तलिखित ग्रन्थ सग्रहित है। इस ग्रंथ की प्रतिलिपि कुम्भलगढ़ मे १५७७ ई० में की गई थी और अन्त की प्रशस्ति में अकबर और प्रताप सम्बन्धी कुछ वृतांत दिया है जो सम सामायिक इतिहास के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है।

महाराणा प्रताप जिसने अकबर की आजन्म अधीनता स्वीकार नहीं की थी मेवाड़ की राजगद्दी पर २८ फरवरी १५७२ ई० को आसीन हुआ था। अकबर का मेवाड पर सबसे पहला आक्रमण महाराणा उदयसिंह के शासनकाल में १५६७–६८ ई० में चित्तौड़ पर हुआ था। उस समय दुर्ग का भार जयमल और पत्ता को सोंप कर महाराणा कुम्भलगढ़ के पहाड़ों की तरफ चला गया। जयमल बीरमदेव राठोड [1] का पुत्र था और मेड़ता हाथ से निकल जाने के पश्चात् यह मेवाड चला आया था। चित्तौड़ युद्ध के १ वर्ष पूर्व की, जयमल के शासनकाल में कोठारिया ग्राम में लिखी "धर्मदत्त कथा" (१५६६ ई०) की [2] प्रशस्ति मिली है। यह ग्रन्थ इस समय राघनपुर के जैन भँडार में संग्रहित है। इस प्रशस्ति के अवलोकन से प्रकट होता है कि जयमल को कोठारिया गांव जागीर में मिला हुआ था। आमेर शास्त्र भंडार में "सम्यक्त्व कौमुदी" नामक [3] एक हस्तलिखित ग्रंथ संग्रहित है। यह ग्रंथ चित्तौड पर अकबर की विजय के कुछ समय पश्चात् १५६८ ई० में कुम्भलगढ़ में महाराणा उदयसिंह के राज्य में लिखा गया था। इससे प्रकट होता है कि उस काल में महाराणा उदयसिंह वहां अवस्थित हो चुका था।

इस प्रकार महाराणा प्रताप ने अकबर के साथ शत्रुता पैत्रिक सम्पत्ति के रूप में प्राप्त की थी जिसके फलस्वरूप उसे आजन्म युद्ध में व्यस्त रहना पड़ा था। अकबर जैसे प्रवल शासक से

(१) बीरमदेव मेडता का स्वामी था। इसका मालदेव के साथ दीर्घकाल तक संघर्ष चलता रहा। इसने अजमेर से लेकर चाकसू तक का भाग जीत लिया था। इसके समय की कई ग्रंथ प्रशस्तिया मिलती हैं। इनसे वि० स० १५९२ मे मेडता पर इसका अधिकार होना प्रकट होता हैं। मालदेव ने मेड़ता जीत लिया तव बीरमदेव ने शेरशाह से सहायता लेकर वापस मेडता प्राप्त कर लिया।

(२) सवत् १६२३ वर्ष माघ मासे कृष्ण पक्षे चतुर्थी तिथौ सोमवारे श्री कोठारिया नगरमध्ये राष्ट्रकूट श्री जयमलजी राज्येमच्छ्री खरतरगच्छ गण गगननमोमणि कल्प श्री पूजिनदेव सूरिविजयराज्ये—

(धर्मदत्त नृपकथा की प्रशस्ति)

(३) "संवत् १६२५ वर्ष शाके १४९० प्रवर्तमाने दक्षिणायने मार्ग शीर्ष शुक्लपक्षे षष्ठम्यां शनौ श्री कुम्भल मेरुदुर्गरा० श्री उदयसिंह राज्ये श्री खरतरगच्छे श्री गुणलाल उपाध्याये. स्ववचनार्थ लिखापित—"

(सम्यक्त्व कथा कौमुदो की प्रशस्ति)

युद्ध करने के लिये उसने न केवल मेवाड को संठ-ठित किया वल्कि एक-२ देशवासी के दिल मे मातृभूमि के लिये मर मिटने का सकल्प[4] पैदा कर दिया था। यह युद्ध मेवाड के राजपूत वर्ग तक ही सीमित नहीं था। वल्कि सब ही वर्गो के लोगो ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया था। भीलो का सह-योग अभूतपूर्व था। उसने मुगल सेनाओ पर गुरिल्ला पद्धति से आक्रमण कर उन्हे इतना परेशान कर दिया था कि किसी भी मुगल सेना-पति की हिम्मत नहीं होती थी कि वह मेवाड के पहाडी भागो में आक्रमण के लिये आसानी से प्रवेश कर सकें।

फारसी तवारीखों में अकवर की कुम्भलगढ विजय [6] १३ शव्वान हि० सं० ६८६ (१५ अक्टूवर, १५७८) में होना वर्णित है। इसकी विक्रमी संवत् की तिथि १६३५ वि० सं० आती है। यह आक्रमण शाहवाजखां के नेतृत्व मे किया गया था। महाराणा प्रताप ने राव भाण के नेतृत्व में वहां थोड़ी सी सेना रहने दी और अल्पकालीन युद्ध के पश्चात् कुम्भलगढ़ पर अक-वर का अधिकार हो गया। दुर्ग को भारी विनाश हुआ। कहा जाता है कि कोई जीवित प्राणी नहीं वचा था जो वस्तुत अकवर की प्रभुसत्ता स्वीकार कर सके। किन्तु "भोज चरित" की इस प्रशस्ति से पता चलता है कि अकवर के शासन-काल में कुम्भलगढ़ पर नियमित रूप से कार्य चलता आ रहा था। इसमे स्पष्टतः "अकवर-वातशाह राज्ये कुम्भलगढ़ विग्रहे विजयो भवति" शब्द अंकित है। यह प्रशस्ति युद्ध के शीघ्र वाद की ही हो सकती है। इतना विशाल आक्रमण होते हुए भी प्रतिलिपिकार अपना कार्य यथावत् करता रहा था और मुगलों के शासनकाल मे भी यह कार्य जारी रखा था जो उल्लेखनीय है। इसके विपरीत कुमारपाल ने जव पाली पर आक्रमण किया [7] तव त्रुटित ग्रंथ लेकर कई प्रतिलिपिकार वहां से भाग खड़े हुए। मेवाड़ मे वि. सं. १६३३-से १६३५ तक दोनो वर्षो मे भीषण संघर्ष चलता

---

(४) श्री जी. एन. शर्मा—मेवाड एण्ड मुगल एम्परर्स पृ० ७६-७७

(५) भीलो का महत्व १४ वी शताब्दी के प्रारम्भ से ही मिलता है। वि० सं० १४०५ में विरचित "प्रद्युम्नचरित" में भीलो द्वारा मार्ग शुल्क लेने का उल्लेख मिलता है। (हउ वटवाल नारायण तणउ, देइ दाण मुहि लागउ घणउ) वि० स० १४११ में विरचित श्रावकाचार मे इनके जगल में निवास और धनुष वाण लेकर के विचरण वर्णित है। शृंगी ऋषि के लेख के अनुसार महाराणा हमीर ने इन्हे पहली वार जीतकर मेवाड के राजाओं के आधीन बनाया था। कुम्भा के समय यह जाति एक महत्वपूर्ण सैनिक क्षमता वाली जाति थी। पारसी तवारिखों मे इनके कई संदर्भ उपलब्ध हैं।

(६) मुन्तखाव उत तवारीख जिल्द ०, पृष्ठ २७५

(७) पंचाशक प्रकरण वृति की वि० स० १२०७ की प्रशस्ति द्रष्टव्य हैं इसमे "पल्लीभगे त्रुटितं पुस्तकामिद-मग्रहीत" लिखा है।

रहा था। कभी किसी महत्वपूर्ण चोकी को मुगल सैनिक ले लेते थे और कभी राजपूत इन्हें वापस हस्तगत कर लेते थे। अकबर स्वयं भी मेवाड में आया था। उसने वि० सं० १६३३ में राजा मानसिंह, भगवानदास आदि के नेतृत्व में कुछ सेना इसलिए भी भेजी कि राणा की गतिविधि मालूम की जा सके। अकबर गोगून्दा गया और वहां से मोही और मदारिया की तरफ गया। इस प्रकार सम्पूर्ण पहाडी क्षेत्र को उसने घेर लिया ताकि राणा कहीं भी कुशलतापूर्वक भाग न सके किन्तु उसे इसमें कोई सफलता नहीं मिली। अकबर अपनी इच्छा की पूर्ति किये विना ही मालवा लौट गया। इसके पश्चात् कुछ सेना मानसिंह के नेतृत्व में भेजी। इस सेना ने भी राणा से कुछ क्षेत्र जीत लिये किन्तु राणा ने उसे वापस पहाडों में जाने को बाध्य कर दिया[8] कुम्भलगढ़ विजय के लिये शाहबाजखां को लगाया। जिसने उक्त दुर्ग को विजित किया था। इस प्रकार इस प्रशस्ति के सम्बन्ध मे दो विकल्प हो सकते हैं :—

(१) या तो इसमें वर्णित घटना उक्त युद्ध के पहले की है।

(२) या इसमें दी गई तिथि गलत है।

इस सम्बन्ध मे घटनाकाल के शीघ्र बाद ही हि० स० ९८७ तक पूरी हुई तारीख-ए अकबरी, मे जिसे हाजी मोहम्मद आरिफ कन्धारी ने लिखी थी, पृष्ठ २६२-२६३ पर इसका वर्णन इस प्रकार है :—

"हि० सं० ९८४ में रोहतास का किला जीता और इस साल में अकबर अजमेर आया शाहबाजखां को कुम्भलमेर का किला जीतने भेजा। दुर्ग विजय की सूचना सफर हि० सं० ९८६ में शाहबाजखां तथा अन्य दरवारियो द्वारा दरवार में भेजी गई कि बहुत ही मुश्किल से इस किले को अपने कब्जे में कर लिया गया है। इस कारण कि हजरत बादशाह सदैव अपने सेवको की खुशी और उन्नति का ध्यान रखते हैं और हमेशा उनका यह स्वभाव है कि इस्लाम धर्म को मानने वालो तथा इस्लाम धर्म की दिन प्रतिदिन उन्नति होती रहे तथा कुफ्र की हिमायत करने वालो के समस्त स्थान दरवार के सामन्तों द्वारा विजित हो। चूंकि कुम्भलमेरु का किला ऐसे मुल्क में स्थित है कि उसकी ऊंचाई बहुत है और देखने वालों की आंख उसके छज्जे तक मुश्किल से पहुँचती है और यदि उसको देखने का प्रयास भी करते हैं तो पीछे की ओर सिर के बल गिर पडते हैं। चूंकि उनका यह उद्देश्य था कि यह किला उनके अधिकार में आ जाय, अतः उन्होंने जीतने के लिये समस्त चिन्ता दरवार के सामन्तो पर निहित की। इस पहाडी इलाके में एक राणा का राज्य है कि उसके महलो की ऊंचाई और वहा तक पहुंचने के रास्तों

(८) "मान प्रकाश" में मानसिंह द्वारा कुम्भलमेरु जीतने का उल्लेख है- (शोध पत्रिका वर्ष १८, अंक १, पृष्ठ ३५ एव ३७) शाहबाजखां द्वारा की गई विजय इससे भिन्न रही होगी क्योंकि इसमे दुर्ग विजय का श्रेय मानसिंह को दिया हुआ है।

की कठिनाई के कारण उसने अपने मस्तिष्क में घमंड को स्थान दे रखा था। अपने समस्त साथियों तथा समकालियो से गर्व करता था कि मैं किसी के आधीन नहीं हूं। आज तक कोई वादशाह अपने लगाम की डोरी से उसके कान नहीं छेद सका। तथा इस्लाम राज्य का उस देश मे पदार्पण नहीं हुआ था। न जाने कितने वादशाह तथा सुल्तान उस प्रदेश को जीतने के लिये परेशानी तथा हसरत को लेकर मर गये और इस किले को फतह करने में हमेशा हार मानी। हजरत वादशाह के मनमें यह था कि खुदा के आशीर्वाद से इस किले को अपने कब्जे में ले आये— उपर लिखे हुए सन् में शाहवाजखां ने धोखे और चालाकी से (खिदहाव फरेवदादा) उस किले को कब्जे में कर लिया। समस्त जनता को जो किले में थी तलवार के घाट उतार दिया। राणा भागकर पहाड़ों में चला गया।"

इस वर्णन से स्पष्ट है कि शाहवाजखां का घेरा लम्वे समय तक रहा था। अथवा एक वार हि० सं० ९८४-८५ में संभवतः उसे कुछ सफलता मिली हो और राणा द्वारा इसे वापस जीत लिया गया हो। अन्यथा कत्ले ग्राम के बाद जैन साधुओं का वहां ग्रन्थ-रचना करना कभी भी संभव नहीं हो सकता है। इस संबंध मे और शोध किया जाना चाहिये। प्रशस्ति समसामयिक है इसलिए प्रामाणिक मानी जा सकती है। मूल प्रशस्ति में "गोपाचल सस्थान मध्ये लिखितं" वाक्य है। यह संभवतः कुम्भलगढ दुर्ग का ही एक भाग है। मूल प्रशस्ति इस प्रकार है:—[९]

इति श्री धर्मघोष गच्छे धर्मसूरिसताने पाठक राजवल्लभ कृते श्री भोज चरित्रे भानुमती विवाह वर्णनो देवराज सज्जीभूत वर्णनो नाम पंचम प्रस्तावः। श्री भोज चरित्रं सम्पूर्ण समाप्तम्। ग्र थाग्रम् १८०१ !! संवत् १६३४ वर्षे चैत्रवदि १० दिने अकवर पातीसाह् विजयराज्ये कुंभमेरगढ विग्रहेविजयो भवति। वा० भावधर्म शिष्य गणि श्री उदयनन्द सीषस्य (शिष्यस्य) हारी लिखितं स्वलूमधे (?) मांगलिक ययो भवति। कली (लि) काल समा (समये) चैत्रे दसमी। बुध बासरे। गोपाचल संस्थान मध्ये लीक्षतं भोज चरित्र ज...?

(९) जैसलमेर भण्डार की ताडपत्रीय सूची, ग्रंथांग २५६

पातल और पीथल का पत्र व्यवहार

—डॉ० मनोहर शर्मा

पृथ्वीराज राठौड और महाराणा प्रतापसिंह राजस्थान के इतिहास में परम प्रकाशमान हैं। इन दोनों महापुरुषो का व्यक्तित्व असाधारण है, फलस्वरुप इनको देश भर में गौरव प्राप्त हुआ है। राजस्थान मे इस प्रकार के चारित्र्य-सम्पन्न नरवीरों के संबंध में स्तुति परक पद्यो का लोक प्रचलित होना सर्वथा स्वाभाविक है क्योकि यहां की जनता का इतिहास-बोध सदा से बडा उत्कट रहा है। किसी भी लोकवीर के गुण-कर्मों से प्रभावित होकर कवि-वाणी प्रकट होती है और फिर वह जनता के जीवन का अग बन जाती है। लोग उसे भूलते नहीं और समयानुसार अपने पूर्वजो के चरित्रगान के समान उसका प्रयोग करके गौरवान्वित होते हैं। इसी रूप में पृथ्वीराज राठौड (पीथल) और महाराणा प्रतापसिंह (पातल) का पद्यात्मक पत्र-व्यवहार है। वह निम्न रूप में प्राप्त है —

पृथ्वीराज राठौड

पातळ जो पतसाह, बोलै मुख हूंता बयण।
मिहर पिछम दिस माँह, ऊगै कासपरावउत॥१॥
पटकूं मूछा पाण, कै पटकूं निज तन करद।
दीजे लिख दीवाण, इण दो महली वात इक॥२॥

महाराणा प्रतापसिंह

तुरक कहासी मुख पतो, इण तन सूं इकलिंग।
ऊगै जांही ऊगसी, प्राची वीच पतंग॥१॥
खुसी हूंत पीथल कमध, पटको मूंछां पाण।
पछटण है जेतै पतो कलमां सिर केवाण॥२॥
साग मूंड सहसी सको, सम जस जहर सवाद।
भड पीथल जीतो भला, बैण तुरक सूं वाद॥३॥

इन दोहो (अथवा सोरठो) का प्रसँग इस प्रकार प्रकट किया जाता है कि महाराणा ने विपत्तियो से संत्रस्त होकर दिल्लीपति अकबर को आधीनता-सूचक पत्र लिखा, जिसे पाकर बादशाह ने पृथ्वीराज राठौड के सामने बड़ा गर्व प्रकट किया। पृथ्वीराज ने उस पत्र को नकली बतलाते हुए प्रतिकार हेतु दो सोरठे महाराणा को लिख भेजे और उनका उत्तर तीन दोहो मे उन्हे प्राप्त हुआ।

इस लौकिक-प्रवाह की ऐतिहासिकता के सबंध मे विद्वानो मे मतभेद है और प्रामाणिकता हेतु कोई पुष्ट साधन उपलब्ध न होने पर भी यह विवाद चल रहा है।

इन दोहो मे प्रयुक्त दो शब्दरूप विशेष ध्यान देने योग्य हैं। वे हैं—पातल (प्रतापसिंह) और पीथल पृथ्वीराज। राजपूत-समाज मे पत्रव्यवहार का शिष्टाचार वडा ही सम्मानपूर्ण एवं उच्चकोटि का है। 'पातल' और 'पीथल' शब्दरूप राजपूतों के लिए चारण-समाज में परम्परानुसार प्रयुक्त किए जाते हैं। इस प्रकार इस पत्र व्यवहार की शैली राजपूत-समाज की न होकर किसी चारण-कवि की चीज प्रतीत होती है। चारण सरस्वती

का उपासक है परन्तु मूल--रूप में वह शक्ति का पुत्र है। प्रस्तुत पद्यों का समग्र--प्रभाव इन्हे किसी चारण की रचना ही प्रकट करता है।

इस प्रकार पात्रो की विचारधारा को दृष्टि में रखते हुए उनके मुख से कहलवाई गई यह किसी महान् कवि की वाणी है, जिसका नाम काल--प्रवाह ने अज्ञात कर दिया है। राजस्थान की लोक--प्रचलित साहित्य--सामग्री मे से इस प्रकार के और भी अनेक उदाहरण सहज ही दिए जा सकते हैं। इतिहास--वोध से सम्पन्न और काव्य रसिक राजस्थानी जनता ने उदार--हृदय रहीम को भी तो राजस्थानी कवि बनाकर सुख माना है। जन--साधारण में कहा जाता है कि रहीम ने महाराणा प्रतापसिंह को यह दोहा लिख भेजा था—

ध्रम रहसी, रहसी धरा, खिस जासी खुरसाण।
अमर विसभर ऊपरै, राख नेहचो राण ॥

स्पष्ट ही इस दोहे के रूप में प्रकट राजस्थानी कवि की वाणी को रहीम की रचना मान लिया गया है और इस में प्रयुक्त 'अमर शब्द' की ओर कोई ध्यान ही नहीं देता। साधारण जनता को इसकी प्रामाणिकता के विवाद में कोई रुचि भी नहीं है।

उपर्युक्त पद्यात्मक--पत्र व्यवहार की ऐतिहासिकता के बारे में काफी लिखा गया है परन्तु इसकी साहित्यिक--गरिमा के संबध में किसी ने प्रकाश डालने की चेष्टा नहीं की है, जो एक उपयोगी और सरस विषय है। ध्यान रखना चाहिए कि ये पद्य विशेष रूप से अर्थ--गंभीर हैं।

प्राचीन काल से भारतीय प्रजा के सामने अपनी स्वाधीनता एवं जीवन-पद्धति की सुरक्षा का विकट प्रश्न रहा है। इस पुनीत कार्य हेतु सदा से भारतीय जनता संघर्ष एवं आत्म--बलिदान करती रही है। वाह्य--आक्रमणकारियो ने अनेक बार इस देश को आक्रान्त किया और हर समय भारतीयो द्वारा उनका सामना किया गया। समय--समय पर यहा ऐसे त्यागी और वीर महापुरुष हुए हैं, जो देश की सम्मिलित शक्ति एवं गौरव के प्रतीक--रूप म लोक--सम्मान क पात्र बने हैं।

कई बार हमारा राष्ट्र गौरव गिरा भी है परन्तु वह सर्वथा विनष्ट कभी नहीं हुआ। दिल्लीपति अकबर के जमाने में भारतीयों के सामने बडी विकट स्थिति आई और देश--गौरव के बचे रहने में संदेह पैदा हो गया। उस समय भारतीयता की उपासक समस्त प्रजा की आँखें महाराणा प्रतापसिंह की ओर लगी हुई थीं। महाराणा स्वयं वनवासी बने हुए थे परन्तु वे सम्पूर्ण देश के लिए गौरव के प्रतीक थे। उनकी आन ही भारतीयों की आन थी। ऐसी स्थिति में यदि महाराणा पराधीनता स्वीकार कर लेते तो भारत का सम्मान सर्वथा विनष्ट हो चुकता और हजारो वर्षों से जिस ज्योति को जागृत रखने के लिए असख्य नरवीरो ने आत्म-बलिदान किया था, वह व्यर्थ चला जाता। इसी भावना से प्रेरित होकर किसी राष्ट्रकवि ने ये दोहे (अथवा सोरठे) बना कर भारतीय प्रजा को समर्पित किए हैं।

पृथ्वीराज राठौड़ स्वयं उच्चकोटि के कवि एवं भारत-भक्त थे। उनके मुख से उपर्युक्त सोरठे कहलवाकर राजस्थानी-कवि ने सोने को सुगन्ध-मय बना दिया है। ये उदगार पृथ्वीराज राठौड़ के ही प्रतीत होते हैं और उनके चारित्र्य के सर्वथा अनुकूल हैं। परन्तु अन्य राजस्थानी-कवियों की वाणी में भी असाधारण संजीवनी-शक्ति प्रकट हुई है और उन्होने आश्चर्यजनक रूप से वीर-निर्माण का कार्य किया है। महाराणा प्रतापसिंह महावीर थे, वे कवि न थे। उनका चारित्र्य उनके उत्तर में प्रकाशमान है। इस प्रकार इस पत्राचार में स्वाभाविकता का जो सौन्दर्य द्रष्टव्य है, वह अन्यत्र दुर्लभ है।

पृथ्वीराज के पत्र में दिए गए प्रथम पद्य को लीजिए। अकबर दिल्ली का बादशाह है। उसने बड़ी शक्ति संचित कर रखी है। परन्तु महाराणा प्रतापसिंह भारत के हृदय-सम्राट हैं। एक ओर भौतिक शक्ति है तो दूसरी तरफ आत्मा का बल है। अकबर ने अपनी नीति और तलवार से यहां साम्राज्य स्थापित कर लिया परन्तु फिर भी महा-राणा के रूप मे भारत की आत्मा स्वाधीन थी। वह कभी अकबर के सामने झुकी नहीं। यह एक ओर शक्तिशाली विस्तृत-साम्राज्य एवं दूसरी ओर छोटे से भूभाग में केन्द्रित एक राष्ट्र के गौरव का संघर्ष था। राष्ट्रकवि ने प्रथम सोरठे में इसी प्रश्न के महत्व की ओर संकेत किया है— "यदि प्रताप अपने मुख से ऐसा वचन कहता है कि अकबर 'बादशाह है' तो काश्यपुत्र सूय पश्चिम मे उदय होने लगता है।" महाराणा स्वयं सूर्यवंशी हैं और उनका लोक-प्रतिष्ठित विरुद 'हिन्दुआ-सूरज' है। महाकवि ने इस प्रयोग के द्वारा प्रकृति की आदि-परम्परा और भारतीय जीवन-पद्धति को समान धरातल पर प्रतिष्ठित किया है। इस प्रकार महा-राणा के द्वारा पराधीनता स्वीकार करना सृष्टि-क्रम का स्पष्ट परिवर्तन है। जो किसी भी स्थिति में वांछनीय नहीं।

दूसरे सोरठे जैसा उद्गार तो शायद ही कभी किसी कवि के मुख से प्रकट हुआ होगा— "शिव (एकलिंग) की सृष्टि के व्यवस्थापक (दीवाण), मुझे दो में से एक बात लिख दो - "मैं अपनी मूंछो पर स्वाभिमान के साथ हाथ फेरूं या अपने शरीर को स्वयं ही तलवार से काट डालूं ?" इन शब्दो में कविमुख से सम्पूर्ण भारत की आत्मा बोल रही है। राजस्थानी-साहित्य में इस प्रकार की और भी अनेक रचनाएं हैं, जिनके द्वारा वह सम्पूर्ण भारत की आवाज के रूप में सामने आता है। इस दोहे के पीछे भी सम्पूर्ण भारत के हृदय की पीड़ा है। यह एक व्यक्ति की आवाज नहीं परन्तु एक प्राचीन एवं विशाल जाति की आवाज है। यह एक प्राचीन राष्ट्र के जीवन-मरण का प्रश्न है, जो प्रताप की 'हां या ना' पर निर्भर है। अतः कवि विस्तार मे नहीं जाना चाहता। उसने लघुतम प्रश्न उपस्थित किया है। राष्ट्र का गौरव ही राष्ट्रकवि का जीवन है। राष्ट्र की पराधीनता राष्ट्रकवि की मृत्यु है। वह मान खोकर जीवित रहना नहीं चाहता। भारतीय कवि का स्वाभाविक रूप यही है, जिसका इस राज-स्थानी सोरठे मे साक्षात् दर्शन करके पुण्य-लाभ किया जा सकता है।

कवि ने बहुत ही थोडे से शब्दों में बड़ी गहरी बात कह डाली है। ऐसे प्रश्न का उत्तर महाराणा प्रतापसिंह के द्वारा उसी रूप में दिया जा सकता है, जिस रूप में वह आगे के तीन दोहो में दिया गया है। जब कवि-वचन रूपी पवनदेव ने भ्रम की घनघटा को उड़ा दिया तो सूर्य का प्रकट होना अनिवार्य ही था।

महाराणा की ओर से दिए गए उत्तर में 'तुरक' शब्द विशेष रूप से ध्यातव्य है। भारत मे असुर, यवन, म्लेच्छ, तुरक आदि शब्द समानार्थक से हो गए हैं और इन सब के पीछे एक ही भावना है। यह भावना भारतीय स्वाधीनता एवं संस्कृति पर चोट करने वालों के प्रति विरोध की सूचक है। भारत एक जीवित राष्ट्र है। उसमे आक्रामक के प्रति सार्वजनिक-विरोध की स्थायी भावना है। उसमे सुदूर स्थित आत्मीय के प्रति सुदृढ़ भावात्मक एकता है। महाराणा के उत्तर में यही दृढ़ता प्रकट हुई है। इसका सार है— "राठौड़ पृथ्वीराज, तुम गर्व के साथ मूँछों पर ताव दो। सूर्य तो सदा ही पूर्व मे ही उदित होगा। मेरे विषय में तुर्क से किए गए विवाद मे सदा ही तुम्हारी विजय है।"

इस प्रकार इस पत्र व्यवहार के पाच पद्यों में भारत की विजय का गौरवगान है। यह अकबर पर महाराणा प्रतापसिंह की विजय है। यह अकबर पर पृथ्वीराज राठौड़ की विजय है। सबसे ऊपर यह कवि--वाणी की विजय है। राजस्थान में सदा से कवि को विशेष सम्मान मिलता रहा है। इसका मूल कारण कवि--वाणी की तीव्र प्रेरणा है, जो इस पत्राचार में व्याप्त है। ❋

महाराणा प्रताप की तलवार, शिवाजी या दुर्गादास राठौड़ की तलवार किसी की भी मान ली जाय, एक ही बात है। इसकी तीखी धार कभी मन्द नही होती। यह वैसी ही कठोर और वैसी ही तेज धार युक्त बनी रही है और बनी रहेगी जैसी कि उन प्रातः स्मरणीय वीरो के हाथ मे बनी रही थी। अधिक समय तक काम मे न लाने से यदि कुछ जंग लग भी जाता है तो कर्त्तव्य-धर्म-बल से उठे हुए हाथ से चलने एवं रुधिर से धुलने पर वह अधिक तेज होकर अधिक चमकने लगती है।

(स्व०) क्रान्तिकारी राव गोपालसिंह
(खरवा ठाकुर)

विरुदछिहत्तरी

— डॉ॰ मोतीलाल मेनारिया

विरुदछिहत्तरी[1] डिंगल भाषा की एक बहुत विख्यात रचना है। लोकप्रियता की दृष्टि से इसका डिंगल साहित्य मे सर्वोपरि स्थान है। साहित्य-प्रेमियो द्वारा जितना मान इस छोटी सी रचना को प्राप्त हुआ उतना डिंगल भाषा के बड़े से बड़े ग्रन्थ को नहीं मिला। यह ग्रन्थ मेवाड़ के महाराणा प्रताप की आत्म-कथा से जुड़ा हुआ है। अतएव जहां कहीं महाराणा प्रताप का यशोगान होता है, जहाँ कहीं उनके शौर्य और पराक्रम की चर्चा होती है, वहां विरुदछिहत्तरी के दो-चार दोहे अवश्य सुनने को मिलते हैं।

अभी तक विरुदछिहत्तरी दुरसाजी आढ़ा की कृति मानी जाती रही है और कहा जाता रहा है कि यह मुगल सम्राट अकबर के समय की रचना है। परन्तु कुछ गहराई से अध्ययन करने पर ये बातें निर्मूल जान पडती हैं।

विद्वानो ने दुरसाजी का अस्तित्व – काल सं॰ १५९२–१७१२ स्थिर किया है[2] जो अनुमानाश्रित है। लेकिन ये अकबर के समकालीन थे, इसमें कोई मतभेद नहीं है। क्योंकि ये बीकानेर-नरेश महाराजा रायसिंह (सं॰ १६३०–४८) के आश्रित थे जो अकबर के विश्वासपात्र सेनापति थे और जिन्होने इनको चार गांव, एक करोड़ पसाव और एक हाथी प्रदान किया था[3]। किन्तु इससे यह सिद्ध नहीं होता कि विरुदछिहत्तरी अकबर की समसामयिक रचना है और यह दुरसाजी आढा की कृति है। कारण, इसमे मुगल बादशाह अकबर के लिये अत्यन्त अभव्य शब्दावली का प्रयोग हुआ है।[4] जैसेः—

गढ़ ऊंचो गिरनार, नीचो आवू ही नही।
अकबर अघ अवतार, पुन अवतार प्रतापसी॥
अकबर कुटिल अनीत, और विटल सिर आदरे।
रघुकुल उत्तम रीत, पाले राण प्रतापसी॥
अकबर कूट भजाण, हियाफूट छोड़े न हठ।
पगां न लागण पाण, पणधर राण प्रतापसी॥
अकबरियो हल आस, अंब पांस भाखे अधम।
नाथे हिये निसास, पास न राण प्रतापसी॥
गोहिल कुल घन गाढ, लेवण अकबर लालचो।
कोड़ी दे नह काढ़, पण घर राण प्रतापसी॥
अकबर मच्छ अयाण, पूछ उछालण वल प्रवल।
गोहिल-वत गह राण, पाथोनिधी प्रतापसी[4]॥

१, श्री प्रताप सभा, उदयपुर, द्वारा प्रकाशित।

२. डिंगल गीत, (रावत सारस्वत और कुवर चंडीदान द्वारा संपादित), पृ०–१४ (टिप्पणिया)

३ दयालदास री ख्यात, पृष्ठ ११८।

४. विरुदछिहत्तरी, पृ० १, ३, ४, ८ और ७१।

अकबर जैसे प्रतापी सम्राट के व्यक्तित्व के संबंध में कोई भी समकालीन कवि विशेषकर अकबर का आश्रित कहा जाने वाला कवि ऐसा लिखने का साहस नहीं करेगा और न उसका आश्रयदाता उसे ऐसा लिखने की इजाजत देगा।

यह अकबर-कालीन रचना नहीं है, इसका दूसरा प्रमाण अन्तर्साक्ष्य के रूप में इस पुस्तक में ही उपलब्ध है। यथा:—

दिल्ली हूंत दुरुह, अकबर चढ़ियो एक दम।
राण रसिक रणरुह, पलटे केम प्रतापसी॥
उड़े रीठ अणपार, पीढ लगा लाखां पिसण।
वेढीगार वकार, पैठो उदियाचल पतो॥
अकबर दल अप्रमाण, उदैनयर घेरे अनय।
षांगा बल खूंमाण, साहां दलण प्रतापसी॥
देवारी[5] सुरद्वार, अड़ियो अकबरियो असुर।
लड़ियो भड़ ललकार, पोलां खोल प्रतापसी[6]॥

अन्तिम दोहे में देवारी के दरवाजे पर अकबर और प्रताप के युद्ध का वर्णन है जिसकी पुष्टि इतिहास से नहीं होती। अकबर अथवा अकबर की सेना से महाराणा प्रताप का कभी कोई युद्ध देवारी के दरवाजे पर नहीं हुआ। मुस्लिम सूत्रों के अनुसार अकबर उदयपुर में आया अवश्य था पर वह देवारी के रास्ते से नहीं आया। वह दिल्ली से सीधा अजमेर पहुंचा और वहां से गोगून्दा, मोही, मदारिया[7] तथा उदयपुर[8] होता हुआ बांसवाड़े[9] चला गया।

इसी दोहे के चतुर्थ चरण में 'पोलां खोल-प्रतापसी' से उदयपुर के विभिन्न दरवाजों की ओर संकेत है। परन्तु उस वक्त ये दरवाजे थे ही नहीं। उदयपुर की शहरकोट और इन दरवाजो को बनवाने का काम महाराणा प्रताप के पौत्र महाराणा कर्णसिंह (सं० १६५६-८४) ने आरम्भ किया था[10], पर उनके समय मे पूरा नहीं हो सका। इसलिए आगे के महाराणाओ के समय में भी चालू रहा और अन्त में जाकर महाराणा संग्रामसिंह द्वितीय (सं० १७६७-१८०८) के शासनकाल में समाप्त हुआ।

इन तथ्यों के आधार पर विरुदछिहत्तरी का रचनाकाल सं० १८०८ के बाद का स्थिर होता है।

---

५. देवारी का दरवाजा उदयपुर से ७ मील दूर पूर्व दिशा में देवारी रेलवे स्टेशन के पास है। इसको महाराणा उदयसिंह (१५९४-१६२८) ने बनवाया था। इसके किवाड महाराणा राजसिंह ने (सं० १७०९-३७) ने लगवाये थे। इस सम्बन्ध की एक प्रशस्ति वहां लगी हुई है; "महाराजाधिराज महाराणाजी श्री राजसिंहजी आदेशात सावण सुद ५ सोमे सम्वत् १७३१ विषे पोल रा कमाड चढ़ाव्या॥ लिखतु जोषी गोरखदास साह पंचोली नाथू पंचोली।"

६ विरुदछिहत्तरी, पृष्ठ ८ और ९.

७. प्रो० श्रीराम; महाराणा प्रताप (अंग्रेजी), पृ० ८९.

८. वही; पृ० ९१.

९. डा० ओझा; उदयपुर राज्य का इतिहास, पृ० ७५७.

१०. डा० ओझा; उदयपुर राज्य का इतिहास, पृ० ८२९.

इस संदर्भ में विरुदछिहत्तरी की भाषा के संबंध में भी थोड़ा-सा विचार कर लेना समीचीन जान पड़ता है। डा० तैस्सितोरी ने डिंगल भाषा के दो स्वरूप माने हैं— (१) प्राचीन डिंगल और (२) अर्वाचीन डिंगल। सं० १२५० से सं.१६५७ की डिंगल को उन्होंने प्राचीन डिंगल और सं. १६५७ से अब तक की डिंगल को अर्वाचीन डिंगल कहा है[11]। विरुदछिहत्तरी की भाषा अर्वाचीन डिंगल है। इसकी भाषा दुरसाजी के डिंगल गीत आदि की भाषा से नहीं मिलती, जिनकी भाषा वस्तुतः प्राचीन डिंगल है। उदाहरण:—

—गीत—

अह माथे राण आभ लग ऊंचो,
नव पडे वस भालर नाद ॥
रोप्या भला रायपुर राणा,
पडे न आतप तणो प्रसाद ॥१॥

मेछां अगम भुवनमें सूरज,
गुण पूजाकर पूज गया ॥
अगाहट रोपै इल ऊपर,
अमर तणों देवल अमर ॥ २ ॥

पाषाणां चुणियां वह पहुंची
अबका दिन जातां अन भंव ॥
वड़ा वडा गजबंध वपाणों
दापाहरा तणां धजबंध ॥ ३ ॥

अवचल मंडप करै अगाहट,
मुर जिम थापै कवे मुर ॥
मुहे मांगियो तू दीवो मौन
पता मनोहर रायपुर[12] ॥ ४ ॥

—दुरसाजी

मांगो करम सहाय, बादर सूं भिड़ियो वेहद।
अकबर कदमां आय, पड़ै न राण प्रतापसी ॥
अकबर कनै अनेक, नम नम नीसरिया नृपति।
अनमी रहियो एक, पहुमी राण प्रतापसी ॥
हलदीघाटी हरोल, घमंड उद्धारण अरि घड़ा।
धारण करण अडोल पहुंच्यो राण प्रतापसी ॥
दुविधा अकबर देख, किण विध सूं थापल करे।
पमंग ऊपर पेख, पाखर राण प्रतापसी ॥

—विरुदछिहत्तरी[13]

भाषा का यह अन्तर इतना स्पष्ट है कि इस सम्बन्ध में अधिक टीका-टिप्पणि व्यर्थ है।

डिंगल कविता के सैकड़ों प्राचीन लिखित संग्रह-ग्रन्थ हमारे देखने में आये हैं। इनमें से कुछ में दुरसाजी आढ़ा के फुटकर गीत, कवित्त (छप्पय), भूलणा इत्यादि पढ़ने को मिले पर विरुदछिहत्तरी के दोहे कहीं दिखाई नहीं दिये। सिर्फ २० वीं शताब्दी के दो-एक हस्तलेखों में ये दोहे देखे गये जिनसे विदित होता है कि विरुदछिहत्तरी इतनी पुरानी रचना नहीं है जितनी कि वह मानी जा रही है।

---

११. वचनिका राठौड़ रतनसिंहजी री महेसदासौतरी, पृष्ठ ४ (भूमिका)।
१२. ठाकुर भूरसिंह शेखावत; महाराणा यशप्रकाश, पृ० १४३–१४४।
१३. पृ० ४, ६, ७ और १०।

सारांश, यह कि विरुदछिहत्तरी न तो मुगल सम्राट अकबर अथवा महाराणा प्रताप के समय की रचना है और न यह दुरसाजी आढ़ा की लिखी हुई है। सम्वत् १६०० के बाद किसी समय किसी दूसरे व्यक्ति ने इसे लिखा है [14] और प्राचीन बताने के अभिप्राय से दुरसाजी का नाम इसके अन्तिम दोहे में जोड दिया है:—

कवि प्रारथना कीन, पडित हूँ न प्रवीणपद।
दुरसो आढो दीन, प्रभु तुव शरण प्रतापसी [15]॥

:

······The historians of Akbar, dazzled by the commanding talents and unlimited means which enabled him to gratify his soaring ambition, seldom have a word of sympathy to spare for the gallant foes whose misery made his triumph possible. Yet they too, men and women, are worthy of remembrance. The vanquished, it may be, were greater than the victor.

Vincent A Smith.

१४ सम्वत् १९६६ में स्वर्गीय ठाकुर भूरसिंह शेखावत का 'महाराणा यशप्रकाश' ग्रन्थ छपा था। इसमें विरुदछिहत्तरी पूरी की पूरी प्रकाशित हुई है। इसी समय कोई व्यक्ति इस रचना को लिखकर सामने लाया जान पड़ता है।

१५. विरुदछिहत्तरी ; पृष्ठ १६ ।

कर्मवीर भामाशाह

—बलवन्तसिंह महत्ता

महाराणा प्रताप के प्रधान मन्त्री वीर भामाशाह का प्रथम उल्लेख समकालीन ग्रन्थ कवि हेमरत्नसूरि[1] कृत "गोरा बादल कथा पद्मनी चउपई"[2] की प्रशस्ति में मिलता है, वह इस प्रकार है:—

पृथवी परगट राण प्रताप ।
प्रतपइ दिन दिन अधिक प्रताप ।।
तस मत्रीसर बुद्धि निधान ।
कावडिया कुल तिलक निधान[3] ।।
सामि धरमि धुरि भामु साह ।
वयरी वस विधुंसण राह ।।
तसु लघुभाई ताराचन्द ।
अवनि जाणि अवतरिउ इन्द्र ।।
ध्रूय जिम अविचल पालइ धरा ।
शत्रु सहू कीधा पाधरा ।।
तसु आदेश लही सुभ भाई ।
सभा सहित पांमी सुपसाई ।।
वात रची ए बादिल तणी ।
सांमि धरमि ए सोहामणी ।।

भामाशाह का जन्म वि० सं० १६०४ आषाढ शुक्ला १० सोमवार तदनुसार २८ जून, १५४७ ई० को हुआ माना जाता है। इसके अनुसार भामाशाह महाराणा प्रताप से सात वर्ष छोटा था। भामाशाह की मृत्यु महाराणा प्रताप से तीन वर्ष बाद माघ शुक्ला ११, १६५६ विक्रमी को हुई, जब वह ५१ वर्ष का था[4]। महाराणा अमरसिंह ने गंगोद्भव तीर्थ [मेवाड--राजघराने का दाह सँस्कार स्थल] में स्वयं के लिए निर्धारित स्थान के निकट भामाशाह का दाह संस्कार कराया और छत्री बनाने की आज्ञा दी। इस सम्मानपूर्ण कार्य द्वारा वीर भामाशाह को उसके द्वारा मेवाड के राजवंश के लिये की गई उत्कट सेवाओं के लिये श्रद्धांजलि अर्पित की गई[5]।

---

१. हेम रत्नसूरि समकालीन अयाचक विद्वान साधु थे। भामाशाह के भाई ताराचन्द ने इनसे आल्हा-उदल के ढंग पर गोरा-बादल और पदिमनी चरित्र लिखवाया था। इस ग्रन्थ की रचना वि० सं० १६४५ के श्रावण शुक्ला ५ को सादड़ी में की गई, जहाँ पर प्रताप की ओर से प्रशासक नियुक्त था।

२. इस ग्रन्थ का प्रकाशन हाल ही में राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर ने किया है।

३. भामा बावनी खुम्माण रासो आदि प्राचीन ग्रन्थो में भी भामाशाह का कावडिया कुल में उत्पन्न भारमल का पुत्र होना लिखा है।

४. वीर विनोद भाग २ पृ० २५१

५ गंगोद्भव, आयड़ (उदयपुर) में महाराणाओ के दाह सस्कार-स्थल में भामाशाह की छतरी विद्यमान है।

भामाशाह जैन धर्मानुयायी कावेडिया गोत्र का ओसवाल महाजन था। श्री अगरचन्द नाहटा ने १६ वीं शताब्दी की दो पट्टावलियां प्रकाशित कराई हैं जिनके अनुसार वि॰ सं॰ १६१६ में उसका पिता भारमल चित्तौड में विद्यमान था जो पहिले तपागच्छ का अनुयायी रहा, बाद में उसने देवागर से प्रभावित होकर नागोरी लोकागच्छ को स्वीकार कर लिया था। इनसे भारमल के परिवार के धनी बनने का वृतान्त भी मिलता है[6]। भारमल को महाराणा सांगा ने अलवर से बुलाकर अपने पुत्र विक्रमादित्य की सुरक्षा का उत्तरदायित्व देकर रणथभोर दुर्ग की किलेदारी प्रदान की थी[7]। महाराणा उदयसिंह ने वि० स० १६१० में भारमल को अपना सामन्त बनाकर एक लाख का पट्टा दिया था। चित्तौड की तलहटी में पाडन पोल के पास इनकी हस्तिशाला थी और किले पर महलों के सामने तोपखाने के पास उनकी बड़ी हवेली थी। इससे महाराणा उदयसिंह के काल में इस परिवार की उच्च प्रतिष्ठा एवं स्थिति का प्रमाण मिलता है।

उदयपुर में भामाशाह महलों के पास गोकुलचन्द्रमाजी के मन्दिर के निकट रहते थे जो स्थान दीवानजी की पोल के नाम से प्रसिद्ध हुआ। महाराणा प्रताप के काल में जावर एक महत्वपूर्ण सुरक्षा–स्थल रहा माना जाता है। यहां मोती-बाजार के निकट भामाशाह की हवेली थी ऐसी

---

६. ॥ ॐ शिव ॥ सं० १६१६ चित्रकूट महादुर्गे कावडिया
नन्दनो भारमल्लो धनी तपागणीयो ऽ भूत। तेन देवागर
सूरिणामभिधानं युद्ध क्रियाधारक त्वं चाश्रुतं तदादित इव
तदगुण रंजित चेतस्कोऽवदत् · · · · · इति भाव तया
शुद्धात्मा भारमल्ल तस्मिन्न वसरे, तत्र त्या भोमा
नामा नाहटोऽस्ति तद्‌गृहेपु पुण्य योगाद्दक्षिणावर्त : शंख
प्रादुर्भूत तत्सान्निध्यात गृहे अष्टादशकोस्यो धनस्य प्रकटी भवति ॥
— — ... ... —
भामा कोऽवदत कर्णे भो। सामय सम्बधिन् मम पुत्री
तव च पुत्रो भविष्यति तयो सम्बंध- कर्तुं श्री फल स्थाने इदमदभुत
महात्म्यं शंखं ददामि, इत्यनिन्तच्य समुत्पन्न परमामोदो वहुत दान
मान पूर्ववम गृहीतं भारमल्ल : गृहकोष्ठ कान्त : समभ्यच्र्य समयक
चन्दन चतुष्कि कोपरि सस्मृतो देवस्ने नाष्ट दशकोटि धन तत्र प्रकटित कृतं।

७. वीर विनोद भाग २, पृ० २५२। मेवाड़ के इतिहास में ओसवाल परिवार के लोगों को किलेदारी का उत्तरदायित्व दिया जाता रहा है। ऐसे सुप्रसिद्ध किलेदारो में रणथम्भोर का भारमल, कुम्भलगढ का आशासाह, चित्तौड़गढ का महता चीत, प्रताप के समय में कुम्भलगढ का महता नरबद; माण्डलगढ़ का महता अगरचन्द प्रमुख हुए हैं।

मान्यता रही है। जावरमाता का विशाल मन्दिर[8] भी भामाशाह द्वारा निर्मित माना जाता है।

भामाशाह के प्रारम्भिक जीवन के संबध में कुछ ज्ञात नहीं होता। यह सभव है कि महाराणा उदयसिंह द्वारा चित्तौड़ त्याग के साथ यह परिवार भी उसके साथ पहाड़ो में चला गया हो। उस काल मे भामाशाह ने पर्वतीय जीवन का अच्छा अनुभव प्राप्त किया। ऐतिहासिक दृष्टि से भामाशाह का प्रथम उल्लेख हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की सेना के हरावल के दाहिने भाग में युद्ध करने का मिलता हैं। उसके साथ उसका भाई ताराचन्द भी था। युद्ध के प्रारम्भ में प्रताप के हरावल ने बादशाही सेना को जो शिकस्त दी, वह प्रसिद्धि है। भामाशाह और उसका भाई हल्दीघाटी के युद्ध से बच गये।

हल्दीघाटी के युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप ने मुगल बादशाह के खिलाफ एक दीर्घकालीन कठिन पर्वतीय युद्ध का प्रारम्भ किया, जो लगभग बारह वर्षों तक अनवरत रूप से चला। इस सघर्ष में प्रताप के अविचल एवं वफादार सहयोगी के रूप मे भामाशाह इतिहास में प्रसिद्ध हो गया है। इसी सँघर्ष के दौरान में वह एक अच्छे योद्धा एव रणनीतिज्ञ तथा कुशल प्रशासक एवं संगठक के रूप में प्रकाशित हुआ। यही कारण था कि कुछ वर्षो बाद ही राम महासाणी के स्थान पर महाराणा प्रताप ने भामाशाह को अपना प्रधान मन्त्री नियुक्त किया। इस घटना के संबंध मे निम्न कहावत प्रसिद्ध हुई:—

भामो परधानो करे, रामो कीदो रद्द।
धरची बाहर करण नूं, मिलियो आय मरद्द ॥

प्रताप के दीर्घकालीन युद्ध की कई महत्वपूर्ण घटनाओं के साथ भामाशाह का नाम जुड़ा हुआ है। भामाशाह ने मेवाड़ की सैन्य टुकड़ियों का नेतृत्व करते हुए स्वतन्त्र रूप से कई बार शाही इलाको पर आक्रमण किये और लूटपाट कर मेवाड़ के स्वातन्त्र्य सघर्ष के लिये धन प्राप्त किया। ये आक्रमण गुजरात, मालवा और उत्तर मेवाड के सरहद के इलाको मालपुरा आदि में होते थे। आमेर का मानसिंह जब मेवाड मे शाही थाने स्थापित कर रहा था उस समय कुंवर अमरसिंह के साथ भामाशाह मालपुरे की लूट मे लगा हुआ था। वि० सं० १६३५ का

---

८. जावरमाता का मन्दिर सबसे पहिले वसन्तगढ निवासी जेतक ने महाजनों के निगम की आज्ञा से वि० सं० ७०३ में मेवाड के राजा शिलादित्य के समय में बनाया था। उस समय यह स्थान उद्योग और व्यापार का बडा केन्द्र था और दूर दूर से आये हुए महाजन यहां रहते थे। [सामोली के शिलालेख के आधार पर]

महाराणा रायमल के काल में मालवे के बादशाह द्वारा इस मन्दिर का विध्वस कर दिया गया था। भामाशाह ने इसका पुननिर्माण कराया हो। वि० स० १६५० का शिलालेख मन्दिर में मौजूद है।

भामाशाह का मालवे का धावा सुप्रसिद्ध है। चूलिया में महाराणा प्रताप को भामाशाह ने जो पच्चीस लाख रुपये तथा वीस हजार अशर्फियां भेंट की, वह इसी का परिणाम था।

दिवेर की घाटी के युद्ध मे महाराणा प्रताप की सेना ने मुगल फोजो को वुरी तरह परास्त किया। डा० कासिका रंजन कानूनगो ने लिखा है कि इस महत्वपूर्ण युद्ध में चूण्डावतो और शक्तावतो के साथ भामाशाह ने प्रमुख भाग अदा किया था[9]। खुम्माण रासो के अनुसार महाराणा अमरसिंह के काल मे भामाशाह– अहमदावाद से दो करोड का धन लेकर आया था[10]।

महाराणा प्रताप के प्रधान होने के नाते उसने प्रशासन की व्यवस्था, सैन्य संगठन, युद्धनीति और आक्रमणों की योजना आदि मे भामाशाह ने प्रमुख हिस्सा लिया होगा, यह निसन्देह है और इससे भामाशाह की योग्यता और कुशलता का तथा उसकी सेवाओ एवं उपलब्धियो का आभास मिलता है। महाराणा प्रताप के ताम्रपत्रो-परवानो आदि पर भामाशाह का उल्लेख मिलता है।

वादशाह ने अपनी भेद नीति के द्वारा न केवल राजपूतो को एक दूसरे के विरुद्ध करके अपने दरवार में उच्च पद, मंसव आदि देकर रखा था, वल्कि राजपूत राज्यों के आंतरिक प्रशासन का कार्य करने वाले अधिकारियो को भी वह मुगल दरवार मे प्रतिष्ठा देता था। ओसवाल जाति के वच्छावत कर्मचन्द को, जो पहिले वीकानेर का प्रधान रहा था, दरवार में वैठक देना इस वात का उदाहरण है। भामाशाह को इसी भांति महाराणा प्रताप से अलग करने का प्रयत्न किया गया। अकवर के द्वारा इस उद्देश्य से भेजे गये चतुर कूटनीतिज्ञ अब्दुर रहीम खान खाना ने भामाशाह से मुलाकात की और उसको प्रलोभन आदि देकर वादशाह की सेवा मे आने को कहा। यह वात उस समय हुई जव कि महाराणा प्रताप संकटपूर्ण आर्थिक एवं सैनिक स्थिति मे जीवन और मृत्यु का संघर्ष कर रहे थे। भामाशाह द्वारा ऐश्वर्यपूर्ण जीवन के प्रलोभन को ठुकराना और स्वाभिमान एवं सच्चाई का संकटपूर्ण जीवन स्वीकार करना उसके उज्ज्वल चरित्र का प्रमाण है।

भामाशाह ने महाराणा प्रताप और महाराणा अमरसिंह के राज्यकाल मे जिस कुशलता और राज्यभक्ति के साथ प्रधान का कार्य किया उससे भामाशाह को तो प्रतिष्ठा और विश्वास मिला तथा उसके घर मे तीन पुश्त तक तीन महाराणाओं का प्रधान पद रहा। वास्तव में वह वस्तपाल, तेजपाल जैसा जो अन्हिलवाड़ा के सोलंकी राजाओ

---

९. K. R. Qanungo : Studies in Rajput History P. 52

१०. कप्पड पीया कापड़ा, लीधो धन दो कोड़।
साथ समान कियो सहू, समा कीया सजोड़॥
अहमदावाद सु भामो साह। अमर पास आयो उछाह॥

के प्रधान थे और जिन्होने आबू पर जैन मन्दिर बनवाये, पराक्रमी और नामवर था। भामाशाह के लिये यह प्रसिद्ध है कि उसने मरने से पहिले अपनी पत्नी को एक बही दी, जिसमे मेवाड के खजाने का कुल हाल लिखा हुआ था और कहा सकट के समय यह बही महाराणा के नज्र करना। इस खजाने से महाराणा अमरसिंह का कई वर्षों तक खर्च चलता रहा[11]।

जनश्रुति के आधार पर भामाशाह के संबंध में एक मान्यता चली आती है। जब महाराणा प्रताप अत्यन्त संकट में पडे और राज्य के सभी आर्थिक साधन समाप्त होने से स्वदेश छोड कर अन्यत्र जाने लगे तो भामाशाह ने बहुत बड़ी संपति लाकर प्रताप को भेंट की जिससे पच्चीस हजार सेना का १२ वर्ष तक निर्वाह हो सकता था[12]। श्री गौ० ही० ओझा इस बात को कल्पित कथा मान कर लिखते हैं कि भामाशाह और उसका पिता भारमल उदयपुर राज्य के सच्चे स्वामिभक्त, सेवक थे। भामाशाह ने राज्य के खजाने की सुव्यवस्था रखी। किन्तु महाराणा प्रताप के पास धन की कमी होने की बात सही प्रतीत नहीं होती। भामाशाह राज्य की सम्पति को सुरक्षित स्थानों मे गुप्त रूप से रखवाता था, जिसका ब्यौरा वह एक बही में रखता था। वही बही उसने अपनी मृत्यु के पूर्व अपनी स्त्री को दी[13]। श्री कानूनगो भामाशाह द्वारा भेंट की गई सम्पत्ति को अपने सैनिक अभियान द्वारा लूट कर लाई गई सम्पत्ति मानते हैं।[14] स्पष्ट ऐतिहासिक प्रमाण के अभाव मे इस सम्बन्ध में सही स्थिति प्रकट करना कठिन हैं। किवदंती का आधार यदि भामाशाह का त्याग है, जिसके लिये भामाशाह की इतिहास मे प्रसिद्धि हुई है, तो यह भी असंभव नहीं प्रतीत होता कि धनी परिवार का होने से स्वयं प्रताप के साथ त्याग एवँ बलिदान का जीवन व्यतीत करने वाले भामाशाह ने अपनी पारिवारिक संपत्ति को भी स्वतन्त्रता के निमित्त प्रताप को भेंट की हो।

कानूनगो भामाशाह की प्रशसा मे लिखते हैं कि उसका नाम सम्पूर्ण राजपूताना मे उतने ही श्रद्धा और आदर से लिया जाता है, जितना कि महाराणा प्रताप का। भामाशाह न तो नेताजी पालकर था और न नाना फडनवीस।[15] श्यामलदास ने भामाशाह के पराक्रम और नाम की तुलना अन्हिलवाडा के सुप्रसिद्ध प्रधान वस्तपाल, तेजपाल से की है।

---

११. वीर विनोद भाग २, पृष्ठ २५१-२५२

१२. कर्नल जेम्स टॉड कृत राजस्थान का इतिहास भाग प्रथम

१३. ओझा · उदयपुर का इतिहास प्रथम भाग पृष्ठ ४६३

१४. K. R Qanungo : Studies in Rajput History P. 52

१५. वही। नेताजी पालकर शिवाजी का विश्वस्त साथी था जिसको औरगजेब ने प्रलोभन देकर अपनी ओर मिला लिया था। नाना फडनवीस एक प्रसिद्ध मराठा कूटनीतिज्ञ और देशभक्त हुआ है किन्तु उसने सार्वजनिक धन का अपने स्वार्थ के लिये दुरुपयोग किया।

कविवर लोचन प्रसाद पांडे ने भामाशाह को भाव भीनी श्रद्धांजली देते हुए कहा है: —

पूजा के योग्य तू है, वणिक, सजीव श्री शक्ति की मूर्ति तू है।
हे अहा धन्य तेरा वह धन, जननि भक्ति की मूर्ति तू हैं॥

तुझसे स्वाभिमान चतुर मन्त्री, वर आत्म त्यागी वीर।
भारत में क्या दुर्लभ है, इस वसुधा मे भी धार्मिक वीर॥

महाराणा प्रताप की वीरता उस भावना की प्रतीक है जिससे अधीन जातियाँ अन्यायियों की सत्ता के विरुद्ध बगावत करती हैं और मनुष्य जुल्मों के आगे गर्दन झुकाने से इन्कार कर देता है।

—कविवर रामधारीसिंह 'दिनकर'

अरावली पहाड़ों का सामरिक महत्व

—जमनालाल दशोरा

अरावली की स्थिति एवं बनावट:—

पृथ्वी के इतिहास मे आदिकाल में निर्मित अरावली आडाअॅवला या अरडावंनिया पहाडो के नाम से पुकारे जाते हैं। ये पहाड़ भारत के उत्तर-पश्चिमी प्रान्त राजस्थान के बीचों-बीच दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व तक ४३० मील लम्बे फैले हुए हैं और राजस्थान के बाहर दिल्ली तक चले गये हैं। इस प्रकार समग्र अरावली पहाडों की लम्बाई कच्छ की खाडी से दिल्ली तक करीब ७०० मील है। इनकी ऊंचाई दक्षिण मे आबू के पास ५६१५' है लेकिन उत्तर मे जाते जाते घटकर १०००' तक रह जाती है। ये एक विशिष्ट प्रकार के जल विभाजक का काम करते हैं। इन पहाड़ो से कई नदियां निकल कर पूर्व और पश्चिम दिशाओ मे बहती हैं। अरावली पहाड दक्षिण मे १५० मील तक चौड़े होकर दो शाखाओ मे बंट जाते हैं एक शाखा राजस्थान के दक्षिण से उत्तर पूर्व की ओर चलकर अजमेर जिले मे होती हुई टोंक, जयपुर, झुंझनू और अलवर जिलो मे होती हुई दिल्ली तक चली गयी है। दूसरी शाखा बांसवाडा, चित्तौड, कोटा, और बून्दी जिलो मे होती हुई अजमेर के पास पहली शाखा से मिल जाती है। इन के बीच-बीच मेवाड, उपरमाल और हाडोती के पठार बन गये हैं जो समुद्र की सतह से २००० फीट से अधिक ऊंचे हैं।

अरावली पहाड राजस्थान की प्राकृतिक बनावट के मुख्य अंग हैं तथा वे इस प्रदेश को दो भागों में विभक्त करते हैं। इसके पश्चिम में विस्तृत थार का मरुस्थल राजस्थान का २/३ भाग घेरे हुए है। ये पहाड इस मरुस्थल को आगे नहीं बढने देते हैं। इन पहाडो मे विंध्याचल के बराबर सघन और आर्थिक महत्व के वन तो नहीं पाये जाते हैं लेकिन इनकी प्राचीन चट्टानो में लोहा, जस्ता, शीशा, ताम्बा, अभ्रक, संगमरमर, एस्बस्ट्स आदि कई खनिजों के भंडार पाये जाते हैं। ये पहाड हजारो वर्षों से आदिवासी भीलो, गरासियों और मीणो के निवास स्थल रहे हैं। इन पर सुरक्षा के लिये राजपूत काल मे ६ठी से १६वीं शताब्दि के मध्य अनेकों दुर्गों की संरचना हुई। १६वीं-१७वीं शताब्दि में ये पहाड महाराणा उदयसिंह, प्रतापसिंह और राजसिंह के लिये अच्छे सैन्य संचालन स्थल और सुरक्षा के स्थान रहे।

ऐतिहासिक भूमिका:—

पर्वतमालाओ का मानव इतिहास में व्यापक सामरिक एवं राजनैतिक महत्व रहा है। युद्ध-रत सैनिकों ने संकटकाल मे पहाड़ों का सुरक्षात्मक उपयोग किया है। भारत के इतिहास में अरावली पहाड़ सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सुरक्षात्मक स्थान रहे हैं और इन पहाड़ों की चोटियों, घाटियों

झरनो और दर्रों का वर्णन इतिहास में यत्र-तत्र बड़े रोचक ढंग से अंकित हुआ है। यह पर्वत-माला संकटकाल में युद्ध-रत योद्धाओ के लिये सैन्य संगठन करने और एकाएक आक्रमण करके पुनः पहाडो मे छिप जाने वाली गुरिल्ला युद्ध नीति के लिये बहुत ही उपयुक्त और महत्वपूर्ण आधार रहे हैं। किन्तु ये पहाड शान्तिकाल मे मानव के लिये आनन्ददायक प्राकृतिक सौंदर्य-स्थल तथा मौन और एकाकी साधना करने वाले योगियो के लिये उपयोगी स्थल भी रहे हैं।

राजनैतिक सीमा-विभाजन की दृष्टि से भारत के इतिहास मे विंध्याचल पर्वतमाला की भांति अरावली पर्वतमाला का बड़ा महत्व रहा है। इस पर्वतमाला द्वारा राजस्थान प्रदेश के पूर्वी एवं पश्चिमी भागो मे विभक्त होने से भिन्न भिन्न शक्तियां जन्म लेती रही। मध्यकाल मे पश्चिम मे मारवाड में प्रधानतः राठोड़ो और पूर्व मे मेवाड में सिसोदिया राजपूतो का आधिपत्य रहा। थार के रेगिस्तान एवं इस पर्वतमाला के कारण उत्तर के आक्रमणकारी प्रायः पूर्व की ओर अथवा पश्चिम की ओर मुड़ जाते थे। दक्षिण-विजय को प्रस्थान करने वाले दिल्ली के बादशाह भी पर्वतीय भाग के विस्तृत प्रदेश को प्रायः अछूता छोड जाते थे। दक्षिण की ओर ऐतिहासिक दृष्टि से इस पर्वतीयमाला ने राजस्थान और गुजरात प्रदेशो के बीच विभाजन रेखा का कार्य किया है। पहाड़ो में सुरक्षा की दृष्टि से घने वन, ऊंची घाटियो और गुफाओ के स्थल बड़े महत्वपूर्ण होते हैं। ये स्थल सदा से वनीय जन्तुओं के निवास स्थान रहे हैं। आत्म रक्षा की दृष्टि से मानव ने इन स्थलों में प्रवेश किया। मैदानी इलाको की भांति जब तीर, तलवार और बल्लभ पर्वतो में भी चलने लगे तो ऊंचे २ पर्वतो पर दुर्गों का निर्माण शुरु हुआ और पर्वतीय इलाको की सुरक्षा की दृष्टि से नवीन सामरिक व्यवस्था एवं रीति-नीति का जन्म हुआ। इस प्रकार की दुर्ग-संरचना के क्रम मे अरावली पहाडो पर कई दुर्गों का निर्माण हुआ जिनमें दिल्ली, बयाना, राजगढ़, झुंझनू, आमेर, तारागढ़, (अजमेर), उंठाला, देवगढ़, कुंभलगढ़, कोटडा, मांडलगढ़, भैंसरोड़गढ़, बूंदी, हम्मीरगढ़, जहाजपुर, मंडोर, सिरोही, सिवाना, जालोर, अचलगढ़ (आबू) जोधपुर, गलियाकोट, देवलिया, प्रतापगढ, कुशलगढ, ओंगगढी, बांसवाडा आदि किले बने। इसी प्रकार राजस्थान मे विंध्याचल के ढालो पर धौलपुर, रणथम्भोर, कुम्हेर, भैंसरोडगढ़, चित्तोड, इन्द्रगढ़, उंटगढ़ आदि किलों का निर्माण हुआ। इन किलो की उपादेयता एवं उपयोगिता वर्षों तक उनके अजेय रहने पर प्रकट होती रही। राजस्थान के चित्तौड़गढ, रणथम्भोर आदि किले अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण तक अजेय रहे। भरतपुर का किला तो अंग्रेजो की गगनभेदी तोपो के सामने भी अजेय रहा।

सामरिक महत्व:--

इस भांति पर्वतमाला तथा उन पर स्थित दुर्ग सामरिक दृष्टि से कई प्रकार से उपयोगी सिद्ध होते थे।

१. घोड़े हाथियों आदि पर सवार होकर आक्रमण करने वाले लोगो के लिये अज्ञात एवं दुर्गम घाटियो को पार करना बड़ा कठिन होता था तथा आक्रमणकारियो को गुप्त पर्वतीय स्थलो से होने वाले तीरो, पत्थरो आदि के प्रहारों से भयानक विनाश का सामना करना पड़ता था।

२. ऊँचाई के कारण दूर से आने वाले शत्रु आसानी से दिखाई पड जाते और उनकी गतिविधियो की जानकारी रखना सरल होता था।

३. आक्रमणकारी के तीर और बन्दूको की गोलिया किले में रहने वाले सैनिकों का उतना विनाश नहीं कर पाती थी, जितना कि पर्वत की चोटी पर बने किले के परकोटे मे रहने वाले लोग बुर्जों, सहतीरो से तीरो, बन्दूको एवं पत्थरो से आक्रमणकारियो का विनाश करते थे।

४. किले घिर जाने पर किले के अन्दर कई दिनो के रसद और पानी का प्रबंध होने के कारण किले के अन्दर से एवं बाहर से शत्रु पर अचानक आक्रमण कर भाग जाने वाली युद्ध-नीति से आक्रमणकारियो को त्रस्त किया जाता था एवं उस इलाके से आवश्यक रसद आदि प्राप्त करना भी कठिन कर दिया जाता था।

५. सकरे पर्वतीय मार्गो, दर्रों को प्राय: द्वार बनाकर बद कर दिये जाते थे। वहा दोनो ओर पहाड़ो की चोटियो पर चोकसी के लिये सैनिक रहते थे, जिससे हमलावर लोगो को संकरे मार्ग मे होकर जाने मे कठिनाईया रहती थी और कई बार दर्रे पार करते करते ही उनकी बहुत सी फौजें काट दी जाती थी। महाराणा प्रताप, महाराणा राजसिंह आदि के काल में जब जब मुगल सेनाओं ने मेवाड पर आक्रमण किया, उन्हें धाँगडमऊ, मुंकदडा, देवारी, चीरवा, ऊंदरी के घाटो या देसूरी एवं राणकपुर की नाल या हल्दी-घाटी से होकर प्रवेश करना पड़ता था। इन संकरे पर्वतीय मार्गो मे उनको भारी विनाश का शिकार होना पडता था। ऐसा कहते हैं वर्तमान जयसमुद्र का निर्माण भी संकरे पहाडी मार्ग को रोकने के लिये किया गया। इसके पानी को पार कर शत्रु सेना के लिये दूसरे किनारे के इलाके पर आक्रमण करने में भी बड़ी बाधा आती थी। इसी सुरक्षा की दृष्टि से पिछोला झील के किनारे उदयपुर के राजमहल बनाये गये तथा उदयपुर नगर बसाया गया।

६ अरावली पहाड के दक्षिण-पूर्व के मगरा, छप्पन, भोमट, मेवल, कांठल, वागड आदि इलाको के सघन वनो तथा चित्तौड, बूंदी, कोटा, सवाई माधोपुर और भीलवाडा के पहाड़ो में पाये जाने वाले सघन वनो में उत्तरी भारत के समतल मैदानों के रहने वाले आक्रमणकारी सदैव असफल रहे। इन पहाडी इलाको मे विपत्ति के समय रहने पर खाने के लिये जंगली अनाज और जगली जानवरो का शिकार उपलब्ध हो सकता है।

७ सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि इन पहाड़ों के विषम वातावरण में स्वच्छंद निवास करने वाली और पहाडी मार्गो से परिचित युद्धप्रिय आदिम जातिया निवास करती हैं जिनका सहयोग जब कभी किसी राजा को प्राप्त हुआ उसको

पराजित करना प्रवल से प्रवल शत्रु के लिये असाध्य होगया। इसके अलावा प्राकृतिक जीव और मलेरिया आदि बीमारियाँ आदि भी बाहर से आने वाले लोगो के लिये घातक प्रमाणित होती थी। इस प्रकार अरावली पहाड़ों मे निवास करने वाले लोगो पर आक्रमण करना प्राय. उतना ही दुघर्ष और संकटप्रद था जितना कि शेर की गुफा में प्रवेश कर उसे छेड़ना। साथ ही इन वनवासियो से शस्त्र, भोजन, वस्त्र और आवास के साधन प्राप्त हो जाते थे जो आक्रमणकारी के लिये दुर्लभ होते थे।

अरावली के प्रसिद्ध दुर्ग:—

अरावली पर्वतमाला के विस्तृत क्षेत्र में निर्मित कई दुर्ग इतिहास-प्रसिद्ध रहे हैं। मेवाड और हाडौती, अजमेर और आमेर के दुर्गो का निर्माण इन्ही पहाड़ों पर हुआ है। इन पर्वतमालाओ का महत्व मेवाड के इतिहास में महाराणा सांगा से राजसिह तक अत्यधिक रहा है। महाराणा प्रताप का तो समग्र जीवन ही अरावली पहाड़ों में कटा था। यह कहना भी अत्युक्ति न होगी कि महाराणा प्रताप और अरावली पहाड़ एक दूसरे के पर्यायवाची बन गये थे।

अरावली पहाड़ो पर दुर्ग बनाने का अधिकांश कार्य राजपूतों द्वारा किया गया है। परिहार, परमार, चौहान, सिसोदिया, राठोड़, कछवाहा और भाटी राजपूतों ने चित्तौड़, आबू, स्वर्णगिरि (जालोर) तारागढ़, रणथम्भोर, कुंभलगढ़, भटनेर, सिवाना, मांडलगढ़, बयाना, मलियाकोट, आमेर, जैसलमेर, मण्डोर और जोधपुर के किले बनाये। जाटों ने धौलपुर, भरतपुर, डीगके किले बनाये। इस प्रकार इन सब दुर्गों को देखने पर ज्ञात होता है कि सबसे अधिक किलो के बनाने का काम ६वीं से १६वीं शताब्दि के मध्य हुआ। इस काल में अरावली पहाडो पर छोटे बड़े १०० से भी अधिक किले बनाये गये। इनमें सबसे अधिक किले और इमारतें बनाने का काम महाराणा कुम्भा ने किया। उन्होंने अपने जीवन काल मे ८० किले और कई इमारतें बनायी।

इतिहास मे कई शताब्दियों तक सुदृढ दुर्गों ने आक्रान्ताओ से रक्षा करने का कार्य सफलतापूर्वक किया। मध्यकाल मे बारूद के आविष्कार के साथ दुर्गों की अभेद्यता टूट गई। अलाऊद्दीन खिलजी द्वारा चित्तोड़ और रणथम्भोर दुर्गों का ध्वंस इसका प्रारम्भ था। अरावली के अन्दर के घने भागों के दुर्गों का महत्व फिर भी बना रहा।

अरावली और प्रताप:-

१५६७ ई० के चित्तौड-पतन के बाद अरावली पर्वतमाला का सामरिक दृष्टि से नवीन तरह से उपयोग किया गया। महाराणा उदयसिंह चित्तौड़ की असमर्थता का ख्याल करके अरावली के घने भागों मे चले गये। उन्होंने चारो ओर दुर्गम पर्वतीय श्रेणियो से घिरी वर्तमान उदयपुर घाटी को अपना केन्द्रस्थल बनाना निश्चित किया।

निरन्तर मुगल आक्रमणों के आगे महाराणा प्रताप को उदयपुर की घाटी भी त्यागना पड़ा, क्योंकि इस घाटी में प्रवेश के लिये उत्तर और पूर्व दिशाओं में अपेक्षाकृत सरल मार्ग हैं। गोगूंदा

स्थान का चुनाव भी प्रताप को शीघ्र ही छोड़ना पडा, क्योंकि देसूरी और हल्दीघाटी के मार्गों से प्रताप पर मुगल सेना का बरावर दबाव पड़ता रहा। अन्त में प्रताप अरावली के अत्यधिक विकट भागों में चले गये। छप्पन का पर्वतीय भाग प्रताप के लिये स्थायी सुरक्षा-स्थल बन गया। उससे लगी हुई दक्षिण-पूर्व की ओर की चावंड की घाटी को प्रताप ने अपना राजनैतिक एवं सामरिक कार्य-स्थल (राजधानी) बनाया।

चावँड का स्थान सामरिक दृष्टि से बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ। इस स्थान पर आक्रमण करना शत्रु के लिये दुस्तर कार्य था। आक्रमण होने पर निकट के दुर्गम एवं वनीय पर्वतो मे गायब होना आसान रहता था। इसके अलावा इस स्थान से निकल कर समय समय पर मालवा, गुजरात और गोडवाड इलाको में आक्रमण कर लूटपाट मचाना तथा लौट कर पहाडों मे छिप जाना बड़ा सरल रहता था। इसी स्थान से प्रताप और उसके सेनापतियो ने कई वार मुगल प्रदेशो पर सफल आक्रमण किये, मुगल सेनाओ का विनाश किया और धन एवं साधन प्राप्त किये। प्रताप ने इसी समय सफल 'छापामार' युद्ध नीति का संगठन एव संचालन किया। जिसके लिये वे इतिहास-प्रसिद्ध हो गये हैं। इसी नीति का बाद मे शिवाजी ने प्रयोग किया।

इस संकट-काल में प्रताप और उसके साथियो के परिजन भीलो के सहारे छप्पन के विकट एवं दुर्गम पर्वतो में रहते थे। सम्भवत मेवाड़ राज्य के सभी प्रकार के साधन कोष आदि भी इस भाग में सुरक्षित रखे गये होगे। कमलनाथ के पर्वत पर प्रताप का सपरिवार रहने की वात इस इलाके में प्रसिद्ध है और उस पर्वत पर आज भी कुछ खंडहर अवशिष्ट हैं, जहां प्रताप का परिवार रहता था।

अरावली के इस भाग में भ्रमण करने पर सर्वत्र प्रताप से सम्वंधित स्थान, खंडहर, स्मारक आदि दृष्टिगत होते हैं। इन सभी स्थानों के साथ प्रताप के जीवन की कोई न कोई घटना जुड़ी हुई है। इन इलाकों मे प्रताप के सम्वन्ध मे कई प्रकार की घटनाएं एवं किवदंतियां प्रचलित हैं जो प्रताप के जीवन एव चरित्र पर अच्छा प्रकाश डालती हैं।

हिन्दी-काव्य और महाराणा प्रताप

—डॉ० रामगोपाल शर्मा 'दिनेश'

हिन्दी-काव्य में भक्ति, शृंगार एवं वीरता की तीन प्रमुख प्रवृतियां मिलती हैं। इन प्रवृतियों में वीरता की प्रवृति उसके साथ आदिकाल से ही जुडी हुई है। भक्तिकाल मे यह प्रवृति दिव्य चरित्रो का अंग बनी और रीतिकाल के शृंगारिक वातावरण मे इसने देश और धर्म के लिए युद्ध-रत वीरो का साथ दिया। आधुनिक काल मे इस प्रवृति का विकास राष्ट्रीय भावना के रूप में हुआ जिसके फल-स्वरूप अनेक ओजस्वी चरित्र भारतीय मानस को प्रभावित करने में समर्थ हुए। हिन्दी-काव्य को समृद्ध बनाने वाली वीरता की इस प्रवृति ने ही भारतीय इतिहास को महाराणा प्रताप का वह पवित्र तथा शौर्यपूर्ण चरित्र दिया, जिसके बिना महाराणा प्रताप का प्रताप वह प्रखरता न प्राप्त कर पाता जो आज उसे प्राप्त है, अस्तु।

हिन्दी-काव्य मे महाराणा प्रताप संबधी कविता की अलग एक धारणा हो बन गई है। उनके जीवन-काल से अब तक मुक्तक और प्रबन्ध की शैलियो में अनेक काव्य लिखे गए हैं। उन काव्यो की विषय और शिल्प की दृष्टि से ही नहीं जीवन-दर्शन की दृष्टि से भी अनेक मौलिक प्रवृतियां हैं, जिनका सम्यक् आकलन एक स्वतंत्र शोध-प्रबन्ध का विषय है।

ध्यान देने की बात है कि हिन्दी-काव्य की रचना डिंगल, पिंगल, ब्रज, अवधी, मैथिली और खडी बोली की छ भाषा-शैलियों में हुई है। आधुनिक काल तक आते आते ये शैलियां मिलकर एक हो गई हैं और भाषा-शैली की दृष्टि से हिन्दी-काव्य को एक-रूपता प्रदान करने मे सफल हुई हैं।

इन छः भाषा-शैलियो मे से राणा प्रताप-संबंधी काव्य-धारा का विकास केवल ४ मे ही हुआ। अवधी और मैथिली में अब तक कोई स्वतन्त्र काव्य देखने को नहीं मिला। डिंगल और पिंगल राजस्थान की बोलियो की साहित्यिक काव्य-शैलियां थी। इनमें रचना करने वाले कवि प्रायः चारण और भाट थे, जो आश्रयदाता राजाओं का गुणगान करते थे। राणा प्रताप का अधिकांश जीवन युद्धो मे व्यतीत हुआ था, अत वे किसी भी अर्थी कवि को आकृष्ट नहीं कर सकते थे। केवल वे कवि ही उनके चारित्र पर काव्य-रचना कर सकते थे, जो किसी के दिव्य गुणो पर रीझ सकते हों या जिन्हे देश और समाज की रक्षा की चिंता हो। राजस्थान के इस महावीर राणा प्रताप के गुणों पर ऐसे अनेक कवि रीझे और उन्होने डिंगल शैली में एक ऐसी शाश्वत काव्य-धारा प्रवाहित की जो खड़ी बोली की शैली मे विकसित राष्ट्रीय काव्य-धारा की गँगा में मिलकर एक तीर्थ के रूप मे परिवर्तित हो गई।

इतिहास के मर्मज्ञ और हिन्दी साहित्य के भक्त डॉ० देवीलाल पालीवाल ने बहुत परिश्रम से अप्रकाशित रूप में उपलब्ध डिंगल के समस्त काव्य-सृजन का प्रकलन "प्राचीन डिंगल काव्य में महाराणा प्रताप" नामक ग्रंथ में किया है। इस ग्रंथ को देखने से पता चलता है कि राणा प्रताप संबंधी काव्य की रचना हिन्दी में उनके समकालीन कवि पृथ्वीराज से ही प्रारंभ हो गई थी। वही कवि था, जिसने घास की रोटी भी संतान के हाथ से छिन जाने पर अकबरी साम्राज्य के आगे झुक जाने का निश्चय करने वाले राणा प्रताप को पत्र लिख कर सचेत किया था। फिर उन्होंने देश की बलिवेदी पर जिस गरिमा के साथ अपने आपको समर्पण किया, उसे भारतीय इतिहास भुला नहीं सकता। पृथ्वीराज की ये पंक्तियां उस इतिहास का महिमा-शिखर हैं—

जासी हाट बात रहसी जक
अकबर ठग जासी एकार।
रह राखियो खत्री ध्रम राणं
सारा ले बरतो ससार॥

डिंगल में पृथ्वीराज के स्वर मे स्वर मिला कर जिन अन्य समकालीन कवियों ने राणा प्रताप के पावन चरित्र का गायन किया उनमें, दुरसा आढा पीरा आसिया, रामा सांदू, जाड़ा मेहडू, गोरधन वोगसा आदि के नाम प्रमुख हैं। ये वे कवि हैं, जिन्होंने किसी कामना से प्रताप का यश-गान किया था, अपितु उनके सामने राणा प्रताप के वे गुण थे जिनसे देश और जाति की रक्षा होती है। दुरसा आढा ने लिखा है—

आया प्रन भूपत आवाहण
भुजंग भजग तजे बल भंग,।
रहियौ राज खत्रीध्रम राखण
सेत उरग कलोधर संग॥

रामा सांदू ने राणा प्रताप की वीरता पर रीझ कर केवल कविता ही नहीं की थी, अपितु आत्म-बलिदान भी किया था, जिसका कवि पृथ्वी-राज राठौड़ ने अपनी कविता में बड़े गौरव के साथ स्मरण किया है :—

चारण जाणं माय चारणा
अवं समै विच नथ, अनथ,
धरमां तणौ न वैठो धरणं
रामौ वैठो रभ रथ।

पृथ्वीराज राठौड का प्रताप के संबंध में निम्नांकित दोहा उसके समकालीन अन्य कवियों की भावनाओं को भी अपनी भावभूमि मे समेटे हुए हैं:—

माई एहडा पूत जण, जेहडा राणा प्रताप।
अकबर सूतौ ओझकं, जाण सिराणे साप॥

इन पंक्तियों से अनुमान लगाया जा सकता है कि अपने समकालीन हिन्दी काव्य पर ही राणा के पुण्य चरित्र का कितना गहरा प्रभाव था। राजाओं के आश्रय मे रहने वाले कवियों ने अपने अपने आश्रयदाताओं का बड़े बड़े ग्रंथों में गुणगान किया है किन्तु वे सभी बड़े ग्रंथ इस एक दोहे की भाव-गरिमा पर तुल जाते हैं। पृथ्वीराज प्रताप के शत्रु के दरबार मे रहे थे, अतः उनमे अधिक प्रताप के पराक्रम का अकबर पर पड़ने वाला प्रभाव अन्य कौन कवि जान सकता था?

अकबरी दरबार के ही एक अन्य व्रजभाषा कवि गंग भी महाराणा प्रताप की वीरता, देश-भक्ति एवं गरिमा से अत्यधिक प्रभावित थे। उन्होंने भी मुक्त कंठ से प्रताप के गुणो का वर्णन किया है।

प्रताप के समकालीन कवियो ने केवल मुक्तक कविताएं लिख कर ही प्रताप की प्रशंसा नहीं की अपितु प्रवन्ध कविता में भी उनके यश का गान किया था। माला सांदू ऐसे कवियो मे प्रमुख है। उसने 'महाराणा प्रतापसिंहजी रा झूलणा' नामक प्रवन्ध कविता की रचना की। डिंगल के कुछ अन्य कवियो ने भी प्रताप के सवध मे प्रवन्धनात्मक कविताए लिखी। किसोरदास, दलपतिविजय एव गिरधर आसिया के नाम ऐसे कवियो मे गिनाए जा सकते हैं। गिरधर आसिया का 'सगत रासौ' काव्य की उदात्त भाव-भूमि पर प्रताप की महिमा प्रस्तुत करता है।

व्रजभाषा की शैली मे राणा प्रताप का वर्णन स्वतंत्र प्रवन्घ के रूप में नहीं मिलता। किंतु इसका यह अर्थ नहीं कि उसमे प्रताप-संबंधी स्वतत्र काव्य लिखे ही नहीं गए होगे। वस्तुत: मुगलो के आतक के कारण मध्य देश की भषा मे उनका उतना प्रचार-प्रसार नहीं हो सका। मुक्तक रुप मे जो अन्य उदाहरण मिलते हैं उनमे व्रज-भाषा के कवि-मानस पर प्रताप के निरतर वढ़ते हुए प्रभाव का अनुमान सरलता से लगाया जा सकता है। डा० देवीलाल पालीवाल ने कई एसे सुन्दर छद अप्रकाशित संग्रहो से खोज निकाले हैं जिनसे प्रताप के चरित्र पर चढ़ता हुआ व्रजभाषा की कलात्मक अभिव्यक्ति का रंग अत्यधिक आकर्षित हो उठा है।

उदाहरणार्थ १९वीं शताब्दि के कवि स्वामी गणेशपुरी के प्रताप संबंधी मुक्तको में से एक छंद इस प्रकार है:-

बाढ़ी वीर हाक हर डाक भुव चाक चढो।
ताक ताक रही दूर डाक चहुँ कोर में।
बोलिकै कुबोल हय तोल वहलोल खां पै।
वागो-प्रान कता रान पता को विनोद में।
टोप कटि टोपी लाल टोपा कटि पीत पट
सीस कटि अंग मिली उपमा सुमोद मे।
राह गोद मंगल की मंगल गुरु की गोद
गुरु गोद चद की अरु चद रवि गोद मे॥

अगर व्रजभाषा की शैली में लिखी गई प्रताप-संवधी सभी मुक्तक कविताएं सुरक्षित रह पाती तो उससे हिन्दी साहित्य की अद्भुत समृद्धि होती। किंतु मुगल साम्राज्य के आतक ने परा-धीन जाति को वह सव नहीं करने दिया। स्वतंत्रता-पूर्वक वे कवि प्रताप का यशगान नहीं कर सकते थे जो राजदरबारों मे रहते थे और अन्य कवियो के काव्य की सुरक्षा के साधन ही नहीं थे।

व्रजभाषा में प्रताप-संवंधी प्रवन्ध-काव्य का उदाहरण केसरीसिह बारहठ का 'प्रताप चरित्र' काव्य है। इसकी रचना १८८४ वि० मे सोन्याणा (मेवाड़) में हुई थी। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अपनी कविता में राष्ट्रीय भावनाओ को स्थान देकर हिन्दी कवियों के लिए राष्ट्रीयता का जो मार्ग प्रशस्त किया था, उसी का प्रतिफल इस काव्य में हुआ है। "प्रताप-चरित्र" के इस छंद की भाव-भूमि देखिए:—

पूरन पवित्र परताप, है चरित्र तेरो।
पढिवे तें मेट देत संकट भिताप में॥
मेरे जानिके में रामनाम सो महान मंत्र।
पाठ के करे ते हठि जात पुन्ज पाप के॥"

वीर-रस-पूर्ण इस काव्य में केसरीसिंहजी बारहठ ने राणा प्रताप की वीरता का सर्वत्र मनोहारी आलंकारिक वर्णन किया है। कवि ने रीतिकालीन आलंकारिक शैली ही नहीं अपनाई, अपितु परम्परा से चले आते हुए उपमान भी स्वीकार किए हैं तथा पौराणिक संदर्भों का सहारा लेकर रोचकता उत्पन्न की है। उदाहरणार्थ रणभूमि का दृश्य यहां दृष्टव्य है। इस वर्णन से ब्रजभाषा की अतिशयोक्ति पूर्ण वर्णन की कडी जुडती है:—

अलकापुरी में अजौंपरी राशि मुन्डन की,
अजौं चन्द्रहासन सुवास इतरन की।
रक्तनाल वहे तातें धरा ना पटी है अजौं,
दीखत है लाल लाल अजौं भूमि रन की।
घोर घमासान रच्यों पातल इरिद्वी घाट,
पीर ना मिटी है अजौं रोष के फनन की।
साल प्रतिसल टाल टाल के निकाल कर,
अजौं चन्द्रमाल खाल आढत गजन की।

निश्चय ही इन पंक्तियों में कवि ने ओज रखा है, उसके पीछे जातीयता के स्वाभिमान की ठोस भूमिका है, जो आधुनिक कालीन राष्ट्रीयता के विरोध मे कहीं भी खडी नहीं मिलती। गांधीवादी राष्ट्रीय भावना के गायको ने भी जातीयता के भावो को महत्व दिया है तथा विभिन्न कथा-प्रसंगो एवं भाव-भूमियो से राष्ट्र को जगाने, बलिदान करने एवं स्वतंत्रता लाने की प्रेरणा बारहठ के प्रताप-चरित्र में भी वर्तमान है।

ब्रजभाषा का आसन छीनने वाली खड़ी बोली में तो महाराणा प्रताप का एक ऐसा भव्य विम्ब राष्ट्रीय भावना की भूमि से उठा, जिसने समस्त देश को ही अपने जादू से चमत्कृत कर दिया। जनता, कवि तथा स्वाधीनता के सेनानियों को राणा प्रताप स्वतंत्रता के पर्याय नजर आने लगे। वस्तुतः खडी बोली की प्रताप-संबंधी कविता ने राष्ट्रवीर की जो मानस-प्रतिमा देश को दी, उसका स्थान शिवाजी तो ग्रहण कर ही नहीं सके, अन्य आधुनिक शहीद भी नहीं कर पाए।

खडी बोली में राणा प्रताप संबंधी काव्य मुक्तक और प्रबन्ध दोनो ही रुपों में प्रचुर परिमाण मे लिखा गया। जहां तक प्रताप-संबंधी मुक्तक-काव्य का प्रश्न है, उसमें भावना के रंग अधिक उभरे हैं, किंतु प्रबन्ध काव्य में विचार और राष्ट्रीयता का दर्शन भी उभर कर आया है। जिन कवियो ने राणा प्रताप के संबंध में मुक्तक कविताएं रची हैं, उनमें प्रसाद, निराला, माखनलाल चतुर्वेदी, सुभद्राकुमारी चोहान, मैथिलीशरण गुप्त, दिनकर, नवीन, सोहनलाल द्विवेदी, शिशु, रामावतार 'अरुण' राकेश, श्यामनारायण पाण्डेय जगन्नाथ प्रसाद मिलिन्द, सुमनेश आनंद मिश्र, रामनरेश त्रिपाठी, कन्हैयालाल सेठिया तथा हरिकृष्ण प्रेमी आदि कवि प्रमुख हैं। इन कवियो ने प्रताप को मातृभूमि को मुक्ति दिलाने वाला मा का सच्चा सपूत तथा देश और जाति का रक्षक बतलाया है।

सर्वत्र उसकी वीरता का वर्णन राष्ट्रीय दृष्टि से किया गया है। अधिकांश मुक्तक कविताओं में प्रताप के चरित्र की वे भूमियां अनावरित की गई हैं, जो आधुनिक परिवेश में देश के प्रति प्रेम जगाती हैं तथा जाति की स्वाधीनता के लिए बलिदान की प्रेरणा देती हैं। उदाहरणार्थ 'वीरांगना' (डा० रामगोपाल शर्मा दिनेश' कृत) में 'राणा का स्वप्न' कविता में राणा समस्त देश की पराधीनता की पीड़ा अनुभव करता हुआ स्वप्न मे मृत चेटक की यह बोली सुनता है:—

वह अरि जो भारमाता को
बधन मे जकड़े बैठा है,
जो दिशि–दिशि से ऊपर के सब
अंबर को पकडे बैठा है,
हिल जाय गगन उसका भय से
ऐसी हुंकार सुनाओ तो।
उठ प्रलयपयोधर से गरजो
असि से ज्वाला चमकाओ तो॥

प्रसिद्ध कवि हरिकृष्ण प्रेमी ने समस्त देश की स्वतंत्रता के लिए प्रताप को वन वन भटकता हुआ देखा है:—

भारत के सारे बल को जब, कसा वेड़ियो ने अनजान।
तब केवल तुम ही फिरते थे, वन वन पागल सिंह समान॥

जिन कवियों ने खडी बोली मे प्रताप के पावन चरित्र को विषय बनाकर प्रबन्ध-काव्यो की रचना की, उनमे जयशंकर प्रसाद, श्यामनारायण पाण्डेय, गोकुलचंद्र शर्मा और रणवीरसिंह शक्तावत के नाम प्रमुख हैं। जयशकर प्रसाद ने "महाराणा का महत्व" एवं गोकुलचंद्र शर्मा ने "प्रणवीर प्रताप" नामक खण्डकाव्य में प्रताप के चरित्र का शौर्यपूर्ण राष्ट्रीय चित्र उभारा है। इन कार्यों की भाषा आधुनिक युग की व्यापक राष्ट्रीयता को अभिव्यक्त करने में पूर्ण समर्थ है। कवियों ने प्रताप की वीरता के पीछे उसके त्याग, बलिदान जाति-हित एवं पराक्रम के भावो को सारे देश के साथ जोड कर चित्रित किया है।

श्यामनारायण पाण्डेय की 'हल्दीघाटी' मे राष्ट्रीयता का पक्ष उतना महत्व नहीं रखता जितना महत्व उन्होंने प्रताप के हिन्दू-प्रेम को दिया है। व्यक्ति-पक्ष प्रधान है, फिर भी वह पक्ष राष्ट्र के कल्याण की भावना को महत्व देता है। वीरता आदि के चित्र जितनी ओजपूर्ण भाषा मे पाण्डेयजी ने प्रस्तुत किए हैं, उतनी ओजपूर्ण शब्दावली भूषण के काव्य में भी नहीं मिलती। अत. दृष्टिकोण की ही नहीं कवित्व की भी हल्दी-घाटी को गरिमा प्राप्त हुई है।

शिशुपालसिंह 'शिशु' ने भी हल्दीघाटी की एक रात मे प्रताप को राष्ट्रीय दृष्टि से देखा है। रणवीरसिंह शक्तावत के 'प्रताप' महाकाव्य मे यद्यपि हिन्दू-प्रेम को वर्णन की पृष्ठभूमि बनाया गया है तथापि कवि ने हिन्दू शब्द के अर्थ को धर्म की भावना तक सीमित न रखकर भारतीय जाति का वाची बना दिया है और उसकी स्वतंत्रता का अपहरण करने वाले शासक-वर्ग को यवन की संज्ञा दी है। अतः 'प्रताप' महाकाव्य की भाव-धारा भी राष्ट्रीयता के उपक्रमों में ही प्रवाहित मिलती

है। अभिव्यक्ति में अभिव्येवता अधिक होने पर भी भावोद्‌बोधन की अपार क्षमता है।

इन काव्यों के अतिरिक्त रामनारायण माथुर कृत "हल्दीघाटी का युद्ध" मिश्र कृत "भारतसूर्य" आदि ग्रंथ भी महत्वपूर्ण कहे जा सकते हैं।

सारांश यह कि हिन्दी-काव्य में महाराणा प्रताप को अपने काल से ही गौरवपूर्ण स्थान मिलना आरंभ हो गया था। उनके त्याग, बलिदान, स्वातंत्र्य-भावना तथा प्रजा मुक्ति की कामना को कवि-गण आदरणीय और उल्लेखनीय मानने लगे थे। अतः अपनी प्रतिभा के प्रसूनो से वे इस पावन चरित्र का गायन करने को प्रेरित हुए। हिन्दी की डिंगल, पिंगल, व्रजभाषा एवं खड़ी बोली नामक चार भाषा-शैलियो में वह चरित्र निरंतर ऊंचा उठता गया और आधुनिक काल में आकर समस्त देश को जगाने मे सहायक हुआ। खड़ी बोली के कवियो ने राणा प्रताप के उस बलिदान को मुगलो की शक्ति के आगे कोई विशेष परिणाम नहीं लगाया था। अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिलाने में सबसे बड़ी प्रेरणा-शक्ति सिद्ध कर दिखायी। भविष्य में भी यह पावन-चरित्र हिन्दी काव्य में ऐसी प्रेरणा-शक्ति बनकर रहेगा — यह निश्चित है।

मेवाड़ में जैन धर्म और आ० हीर विजय सूरि को—

महाराणा प्रताप का दिया हुआ पत्र

—अगरचन्द नाहटा

मेवाड मे जैन धर्म का प्रचार काफी प्राचीन काल से है। चित्तौड के निकटवर्ती माध्यमिका नगर से प्राप्त जैन अभिलेख के अनुसार जैन धर्म का प्रचार महावीर-निर्वाण के कुछ समय बाद ही हो गया था। माध्यमिका नगर से जैन साध संघ की माध्यमिका शाखा निकली। वैसे उज्जैनी, दशपुर आदि मालव-प्रदेश में तो भ० महावीर के समय से ही जैन धर्म प्रचारित था ही। महावीर के कुछ शताब्दियों बाद तक के मेवाड के जैन धर्म प्रचार संबधी उल्लेख ज्ञात नहीं है पर आठवीं शताब्दी में आचार्य हरिभद्रसूरि हुये। उन्होने चित्तौड मे रहते हुये 'धूर्ताख्यान' नामक प्राकृत ग्रंथ की रचना की। प्राचीन प्रबन्धों के अनुसार आचार्य हरिभद्र तो चित्तौड के ही थे। उसके बाद तो समय-समय पर अनेक जैनाचार्यों और साधु-साध्वियो का भी मेवाड प्रदेश में विहार होता रहा। १३ वीं शताब्दी में जगचन्द्र सूरि आहड (आभाटपुर) में आये और उनके विशेष तप करने से वहाँ से 'तपागच्छ' का प्रादुर्भाव हुआ। १२ वीं शताब्दी से खरतर-गच्छ का भी इस प्रदेश में अच्छा प्रचार रहा है। सुप्रसिद्ध आचार्य जिनवल्लसूरि और जिन दत्तसूरि का चित्तौड़ में काफी प्रभाव था। १५वीं शताब्दी के प्रारम्भ मे जिनोदयसूरिजी ने मेवाड़ में जैन धर्म का अच्छा प्रचार किया। उनके विहार का कुछ वर्णन 'विज्ञप्ति महालेख' में पाया जाता है जो मुनि जिन विजयजी सम्पादित 'जैन विज्ञप्ति लेख संग्रह" मे छप चुका है। १५वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध मे खरतरगच्छ की दो शाखायें जिनवर्द्धनसूरि और जिनभद्रसूरि से अलग-अलग हो गई। जिनवर्द्धन सूरि की पिप्पलक शाखा के आचार्यों के कई लेख चित्तौड आदि में प्राप्त हुये हैं। १७वीं शताब्दी में खरतरगच्छ में दो और शाखा-भेद हुये अर्थात् जिनरंगसूरि और जिनरत्नसूरि दोनों की परम्परा अलग-अलग हो गई। और दोनों का उदयपुर आदि में अच्छा प्रभाव रहा। इधर विजयगच्छ और लोंकागच्छ का भी १७वीं-१८वीं शताब्दी में विशेष प्रचार हुआ। आगे चलकर स्थानक-वासी और तेरापंथी सम्प्रदाय का प्रभाव भी मेवाड प्रदेश में बढ़ता गया। उदयपुरादि में अन्य कई गच्छों के जैन महात्मा जाति वाले हैं। १७वीं शदी के हीरानंदसूरिजी को महाराणा कुंभा ने कविराज पद दिया था।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय के उपरोक्त गच्छों के अतिरिक्त दिगम्बर सम्प्रदाय का भी इस प्रदेश में अच्छा प्रचार रहा है। चित्तौड़ का जैन कीर्ति स्तम्भ दिगम्बर श्रावक का ही बनाया हुआ है। चित्तौड़ पर श्वेताम्बरों के तो ३२ जैन मंदिर १६वीं

शताब्दी मे विद्यमान थे जिनका उल्लेख 'चित्तौड़ चैत्य पारपाटी' मे मिलता है और इस सबध मे मेरा लेख जैन सत्यप्रकाश व शोध पत्रिका मे छप चुका है। शोध पत्रिका के प्रारम्भिक वर्षों में 'जैन साहित्य मे चित्तौड़' शीर्षक लेखमाला मैने प्रकाशित करनी प्रारभ की थी। पर वह दो-तीन अंकों में ही प्रकाशित हो सकी, आगे का काम रूक गया। मेवाड के गांव गांव में जैनों की बस्ती है। और अनेक स्थानों में जैन मन्दिर हैं। उन सबका इतिहास टटोला जाय तो काफी नवीन जानकारी प्रकाश में आ सकेगी। स्व० यतिवर्य अनूपऋषिजी ने मेवाड़ के कई स्थानो के जैन मन्दिरो व मूर्तियो के लेख सग्रहीत किये थे।

मेवाड के अनेक स्थानो के महत्वपूर्ण विवरण जैन काव्यादि ग्रन्थो में पाये जाते हैं। उनका सग्रह किया जाय तो इस प्रदेश के इतिहास पर अच्छा प्रकाश पड सकता है। १५वीं शताब्दी में पोरवाड धरणासाह ने महाराणा कुम्भा के राज्य काल मे बहुत ही कलापूर्ण और अजोड़ स्थापत्य कला वाला त्रैलोक्यदीपक जैनमदिर बनाया। १६वीं शताब्दी के करमासाह ने शत्रुंजय तीर्थ का उद्धार किया जिसका विवरण मुनि जिनविजयजी सम्पादित 'शत्रुंजय तीर्थ द्वारा प्रवन्ध' आदि मे पाया जाता है। १७वीं शताब्दी के भामाशाह और १८वीं शताब्दी के दयालशाह तो विशेष प्रसिद्ध हैं ही।

महाराणा प्रताप के समय मेवाड की स्थिति बडी विकट रही। सम्राट अकवर ने कई बार सेना भेजकर मेवाड़ को तहस-नहस करने का प्रयत्न किया पर महाराणा ने अनेक कष्ट सह कर भी अपनी आन-बान को सुरक्षित रखा। चित्तौड़ का आक्रमण कितना भँयकर था, इसका कुछ वर्णन खम्भात के पोरवाड जैन कवि ऋषभदास ने प्रसंग-वश 'हीर विजय सूरि रास' में किया है।

अकबर और प्रताप के समय दो महान जैनाचार्य बडे ही प्रभावशाली हुये हैं। उन्होने सम्राट अकबर को जैन धर्म का प्रतिबोध किया था। तपागच्छ के आचार्य हीर विजयसूरि संवत् १६३९ में फतहपुर सीकरी जाकर सम्राट से मिले थे और संवत् १६४८-४९ में लाहोर जाकर खरतरगच्छ के आचार्य जिनचन्द्रसूरि ने सम्राट को जैन धर्म के प्रति विशेष आकृष्ट किया। इन दोनों आचार्यों के साथ सम्राट अकवर का विशेष धार्मिक सबंध रहा, इसका विशेष विवरण 'सुरीश्वर सम्राट', और हमारे युग प्रधान जिनचन्द्रसूरि' ग्रन्थ में प्रकाशित हो चुका है।

सम्राट अकबर अपने प्रारंभिक जीवन में काफी क्रूर रहा है। पर अन्तिम जीवन में अनेक धर्माचार्यों के सम्पर्क में आने से उसमें काफी परि-वर्तन आ गया। तपागच्छीय शातिचद्र, भानुचन्द्रादि और खरतरगच्छीय मानसिह (जिनसिंह सूरि), समय सुन्दर आदि का भी अकबर से अच्छा संबध था। हीर विजय सूरि और जिनचन्द्रसूरि के सम्राट पर प्रभाव के सूचक कई फरमान-पत्र प्राप्त होते हैं और शिलालेखो (समकालीन) के आधार पर भी यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि अकबर ने अपने राज्य में वर्ष ६ महीने जितने दीर्घकाल के समय भिन्न-भिन्न दिनो में जीव-हत्या बन्द करवा दी थी और अनेक जैन तीर्थों

की सुरक्षा के फरमान भी जारी किये थे। जैन-महापर्व-पर्युषण के १२ दिन जीव हिंसा न की जाय इसका एक फरमान तपागच्छ वालो को दिया गया और आषाढ़ चौमासे के ८ दिन तक जीव हिंसा न हो तथा खम्भात बन्दर की मछलियां न मारी जाय ऐसे फरमान खरतरगच्छ के जिनचन्द्र सूरिजी को दिये गये। अकबर का शासनकाल भारत का स्वर्णकाल या उन्नति का युग कह सक्ते हैं। जैन धर्म एवं समाज का भी इस समय अच्छा उत्थान हुआ।

महाराणा प्रताप वर्षों तक अकबर के प्रतिद्वन्दी रहे। एक के ऊपर एक आपदाएं उनके उपर आती रही, इसलिये धार्मिक दृष्टि से मेवाड में विशेष प्रगति नहीं हो पाई, जैनाचार्यों के साथ महाराणा प्रताप का क्या ऐसा सबंध रहा, इस विषय में विशेष कुछ नहीं कहा जा सकता। पर जैन श्रावको का मेवाड मे काफी प्रभाव था, इसलिये साधु-साध्वियों का इस प्रदेश में उस संघर्ष के समय में भी विहार होते रहना सम्भव है। आसपास के अनेक स्थानो में तो जैन यति-महात्माओं द्वारा धर्म प्रचार होता ही था। 'जैनानन्द पुस्तकालय, आगम मंदिर, पालीताणा' से मुझे एक ऐसे पत्र की नकल प्राप्त हुई है जिसके अनुसार राणा प्रताप ने आ० हीरविजय सूरिजी को एक पत्र भेजा था। और उसमे अपने वहां आने का अनुरोध किया था। मूल पत्र कहां है ? जिसकी कि यह नकल की गई, यह ज्ञात नहीं हो सका है। पत्र की भाषा और शैली भी कुछ संदिग्ध सी है। संवत् १६३५ के आसोज सुदि ५ को यह पत्र लिखा गया है। उस समय हीर विजय सूरि सम्भवतया गुजरात में थे। मगसुदानगर को यह पत्र भेजा गया है। यह नगर कौनसा और कहां है ? यह ठीक से पता नहीं। इस पत्र से राणा प्रताप उस समय चावण्ड में थे। इस पत्र की प्रामाणिकता के संबंध में तो मैं मूल पत्र देखे बिना कुछ नहीं कह सकता। पर मुझे जैसी प्रति मिली है उसकी नकल नीचे दी जा रही है।

हीर विजय सूरि को राणा प्रताप का दिया पत्र ?

श्री रामोजायति ।।

श्री गुणेस प्रसादातु श्री एकलिंगप्रसादातु स्वस्त श्री मगसुदानग्र म्हासुभस्थाने सरब औपमा लाअेक भटारकजी म्हाराज श्री हीरवजेसूरजी चरण कुमलायण स्वस्त श्री वजेकटक चावड रा डेरा सुयाने म्हाराज धराज श्री राणा प्रताप सीयजी ली० पगे लागणो वचसी, अठारा समाचार भला है, आपरा स्दा भला छाहीजे। आप बडा के पुजणीक है बडा करवा रालेजी जीसु ससट रखावेगा अप्र १ आपरो पत्र अणादना म्हे आहीआ सो करण कर लखावेगा श्री बड़ा हजुर री बगत पदारवो हुवो जीस्में अठासु पाछा पदारता पातसा अकब्रजी ने जेना बाद म्हे ग्यान रो प्रतिबोद दीदो जीरो चमतकार मोटो बता आ जीवहिंसा छरकला त्या नाम पखेरू री वतीसो माफ काइ जीरो मोटो उपगार कीदो सो श्री जेन राग्र म्हे आप असाइज अदोतकारो अबार री स्मे देखता आप जुफेले न्ही

श्राखी पुरव हीद स्थान अत्र वेद-गुजरात सुदा चारू दसा मे धरम रो बडो अदोतकार दखाणो जढ़ा पछे आपरो हुओ न्ही सो कारण कई वेगा पदारसी आगे सु पटा प्रवाना कारण रा दसतुर माफक आप्रेहेजी माफक तोल मुरजाद सा बावत रेगा श्री बडा हजुर री बखत आप्री मुरजाद सामो आवारी कसू पडी सुणी सो काम कारण लेखे भुल रइवेगा जीरो अदेसो न्ही जाणेगा आगेसु श्री हेमाआचरजी ने श्री राज म्हे मान्याहे जीरो पटो कर देवा णो जी माफगयारो पगरा भटारख गादी प्रआवेग तो पटा माफक मान्य जावेजा श्री हेमाचारजी ने पेला श्री वडगच्छ रा भटारख जी ने बडा कारण सु श्री राज म्हे मान्या जी माफक आपने आपरा पगारा गादी प्र पाटवी तपगच्छ राने मान्या जावेगाइ सुवाये देस म्हे आप्रे गच्छ रा देवरो तथा उपासरो वेगाजी री मुरजाद श्री राज सुवा दूजा गछरा भटारख आवेगा सो राखेगा श्री समरण ध्यान देव जात्रा करे जठे आद करावसी भुलसी न्ही ने वेगा पदारसी प्रवा णगी पचोली गोरो समत १६३५ रा वर्षे आसोज सुद ५ गुरूवार ॥

श्री जैनानद पुस्तकालय आगम मदिर पालीताणा प्रति न० ३६७०

महाराणा प्रताप-सम्बन्धी नवीन ज्ञातव्य

—डा० पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, एम. ए; पी.एच.डी.

एक प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ[1] मे महाराणा प्रताप सम्बन्धी कतिपय नवीन ज्ञातव्य प्राप्त हुए हैं। विद्वज्जगत् की जानकारी और विचार हेतु इन उल्लेखों को यहां प्रस्तुत किया जाता है।

सुप्रसिद्ध हल्दीघाटी-युद्ध मे ग्वालियर के रामशाह तंवर द्वारा अपने पुत्रों सहित महाराणा प्रताप के पक्ष में मुगल सेना से लडते हुए काम आना सम्वद्ध समस्त इतिहास ग्रन्थो से विदित होता है। प्रस्तुत ग्रन्थ से ज्ञात होता है कि रामशाह महाराणा प्रताप से रु. ८००-०० आठ सौ रुपये रोकड प्रतिदिन प्राप्त करते थे। अवश्य ही रामशाह के साथ निश्चित संख्या में सैनिक भी थे जिनके व्यय हेतु उक्त द्रव्य उन्हे प्रतिदिन प्राप्त होता था।

इस उल्लेख से महाराणा प्रताप की तत्कालीन सम्पन्नता प्रकट होती है।

हल्दीघाटी–युद्ध विषयक उक्त उल्लेख इस प्रकार है :—

"राजा रामशाह तुंअर, गुआलेर रो धणी महाराणाजी श्री प्रतापसिंहजी कनै था। सो विषामाहे रुपईया ८०० रोज १ रोकड़ पावता। हलदी री घाटी वेढ़ १ तठै कांम आया। सं० १६३२ श्रावण वदि ७ राणो प्रतापसिंघजी कछवाहों मोनसींघ सुं वेढ़ तिण माहे काम आया। सोनिगरो मोनसींघ अखैराजोत १ राठौड़ रामदास जैतमालोत २ राजा रांमसाह ग्वालेर रो धणी ३ डोडीयो भीम साडावत ४ पडिहार सेढ़ू ५ सादू रामो धरमावत ६।"

विचारणीय है कि हल्दीघाटी युद्ध का समय प्रसिद्ध इतिहास ग्रन्थों में विक्रमी संवत् १६३३ द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ला २ दिया गया है और इस लेख मे विक्रमी संवत् १६३२ श्रावण कृष्णा ७ है।

महाराणा प्रताप ने हल्दीघाटी युद्ध के पश्चात् कठिनाई मे बाहर से सहायता प्राप्त करने का प्रयत्न किया, किन्तु महाराणा के मंत्री भामाशाह ने सैनिक व्यय की उचित व्यवस्था की। इस विषय में उक्त ग्रन्थ में यह उल्लेख मिलता है।

"राणांजी श्री प्रतापसींघजी नौ विषामाहे पाति साहजी री फौजा जोर दबाया। बवण नौ क्युं ही पहूंचै नहीं। तद दीवाणजी कह्यो। हु अहमदानगर रै पातिसाह तीरे जासा। तरै सा भामै कह्यो। बारा वरस तांई पांच हजार घोडा नौ तेल नै षावाण ताई चाहीजसी। सो हु दावं ही तठा सुदेसु। दीवाण इसी मत विचारो"

महाराणा प्रताप के प्रसिद्ध दिवेर युद्ध के विषय मे निम्नलिखित उल्लेख है—

१. राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर में सुरक्षित, हस्तलिखित ग्रन्थ, क्रमांक ३५४६४.

"पछै रांणो प्रतापसींघजी इणे मगरे आया। सुर तांण चकतौ पातिसाह रौ भाई गांम देवेर रै थाणै थो। सो राणांजी ऊपर आयौ। तठै वेढ़ हुई। तठै राणांजी रा साथ री गोली सुरताण चकतो रै लागी। रांणौजी लडाई जीती। बीजी तरफ सहबाजखान कांबौ थो। सो पिण न्हासे गदौ। राणाजी रै धरती वली।"

कर्नल जैम्स टॉड ने दिवेर युद्ध भूमि को ग्रीस के प्रसिद्ध रणक्षेत्र पेरेयान से उपमित किया है।2 ४६० ई० पूर्व के मेरेथान युद्ध में शूरवीर युनानियों ने विजय प्राप्त कर ईरानियो को अपने देश से बाहर निकाल दिया था।

इस ग्र थ मे आगे लेख है कि महाराणा प्रताप का जन्म संवत् १५९७ में हुआ और महाराणा प्रताप ने विक्रमी सवत् १६५७ मे मालपुरा लूटा:—

"सँवत १५९६ रा जैठ सुदि ३ राणांजी श्री प्रतापसींघजी रौ जन्म। सं० १६५७ रा चैत माहे रांणै प्रतापसींघजी मालपुरो मारयौ। सँ० १६५७ दिन ३ लूट्यो।"

विचारणीय है कि महाराणा प्रताप का जन्म स० १५९७ ज्येष्ठ शुक्ला ३ को और देहान्त स० १६५३ मे माघ शुक्ला ११ को माना जाता है। इस ग्रन्थ में महाराणा प्रताप के मृत्युकाल के विषय में कोई उल्लेख नहीं मिलता है। इस ग्रन्थ में लेखनकाल उपलब्ध नहीं है किन्तु संभव है कि इस ग्रन्थ का लेख महाराणा प्रताप का समकालीन हो। महाराणा प्रताप जैसे राष्ट्रीय वीरो के संबंध में अनेक लेख हमारे प्राचीन हस्त-लिखित ग्रन्थो में उपलब्ध होते हैं। इतिहासकारो का परम कर्त्तव्य है कि ऐसे बिखरे हुए लेखों को विधिवत् संकलित करें और सम्यक् रूपेण इनका परीक्षण करते हुए हमारे राष्ट्रीय इतिहास का पुनर्निर्माण करें।

❊::❊: ❊

---

२. एनल्स एण्ड एण्टीक्विटाज आफ राजस्थान क्रुक सस्करण लन्दन भाग १ पृ० ४०२३

वीर भावना के प्रमुख प्रेरक : महाराणा प्रताप

—डॉ० महेन्द्र सागर प्रचंडिया

प्रभु का संसारी संस्करण पुरुष है। पुरुष मे चार पुरुषार्थों का सम्यक् समीकरण विद्यमान रहता है। जीवन मे इन पुरुषार्थों को उद्दीप्त करने के लिये वीर-भावना का संचार आवश्यक है। वीर-भावना से अणुप्राणित होकर जो पुरुष इन पुरुषार्थों का योग-प्रयोग करते हैं, वे वस्तुतः कामवीर, अर्थवीर, धर्मवीर और मोक्षवीर कहलाते हैं। इन चारो पुरुषार्थों में जो सम्यक् रुप से वीर होता है उसे महावीर कहते हैं। हमारे यहां प्रत्येक युग मे ऐसे महावीर अवतरित होते रहे हैं। सोलहवीं शताब्दी के महावीर : विख्यात महाराणा श्री प्रतापसिंह के श्रीनाम से जाने, माने और पहिचाने जाते हैं।

महाराणा प्रताप के जीवन ने भारतीय जीवन को विशेषतः प्रभावित किया है। व्यक्ति समाज और समाज राष्ट्र का निर्माण करता है। इसी प्रकार राणा प्रताप ने अपनी स्वतत्रता मेवाड की स्वतत्रता और मेवाड की स्वतंत्रता राष्ट्र की स्वतंत्रता मानी थी। उनका यह स्वतत्रता का प्रयोग हमे मय-समय पर अणुप्राणित करता रहा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे देश-वासियो मे वीर भावना भड़काने के लिये महाराणा प्रताप के जीवन-चरित्र ने धधकती ज्वालामुखी का काम किया है।

"कविर्मनीषी परिभू स्वयंभू" स्वयं कवि की वाणी का विषय बनकर हिन्दी वीर काव्य साहित्य को समृद्ध किया है। इस संदर्भ में महाकवि प० श्यामनारायणजी पांडेय कृत हिन्दी खड़ी बोली की पहली और अकेली काव्यकृति-'हल्दीघाटी', स्वर्गीय प० गोकुलचन्द्र शर्मा विरचित 'प्रणवीर प्रताप,' शिशुपालसिंह शिशु' कृत "हल्दीघाटी की एक शाम" श्री व्रजेन्द्र अवस्थी रचित 'चेतक' तथा श्री भागीरथ भास्कर की प्रताप विषयक ओजस्वी रचना विशेषतः उल्लेखनीय है। राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली द्वारा बाल साहित्य के प्रकाशन का यशस्वी कार्यारम्भ हुआ है। इसी सदर्भ में श्री विश्वनाथजी लिखित 'महाराणा प्रताप' नामक कृति महत्वपूर्ण है। वर्षा ऋतु मे विशेष रूप से यहा के लोक-जन-जीवन में आल्हा के साथ महाराणा प्रताप विषयक आख्यान गाये दुहराये जाते हैं। यहाँ हम इन काव्य कृतियो मे चित्रित प्रताप के प्रतापी-जीवन की संक्षिप्त चर्चा कर उस वंद्यवीर आत्मा को 'शब्द श्रद्धाजलि' अर्पित करेंगे।

वीर भावना के रूप में महाराणा प्रताप और वीर-व्यवहार कुशल की दृष्टि से क्षत्रपति शिवाजी का नाम उत्तर भारत के बच्चो-बच्चो के लिये आलोक स्रोत का काम करता रहा है। कविवर श्री भागीरथ भास्कर ने प्रताप की शक्ति और शौर्य का उल्लेख करते हुये कहा हैं— यथा

'ताप था प्रताप था
प्रताप की कलाई मे !'

× × ×

युद्ध क्षेत्र में प्रताप के प्रताप से भयभीत शत्रुपक्ष की दशा-दुर्दशा का उल्लेख पठनीय है— यथा—

"हल्दी फिर जाती
हल्दीघाटी की लड़ाई में ।"

इस महान् आत्मा का पवित्र-चरित्र, देश-भक्ति, स्वाधीनता, स्वाभिमान, स्वावलम्बन और आत्मत्याग आदि अनेक सद्गुणों की चर्चा श्री पं० गोकुलचन्द्रजी शर्मा की आदिम काव्यकृति- 'प्रणवीर-प्रताप' में २०२ छन्दो में हुई है ।

चित्तौड़गढ को स्वतंत्र कराने का दृढ संकल्प क्या आज के शासको के लिये समर्थ प्रेरणाप्रद 'राजपथ' नहीं हैं । यथा-

'मै राज्यसुख भोगा करू ,चित्तौड गौरव नष्ट हो।
मुख मोड़ लू कर्त्तव्य से क्या देशसेवा भ्रष्ट हो।"

× × ×

"मेवाड़-धरणी शत्रुकर से मुक्त होगी शीघ्र ही,
गुरु गर्व होकर चूर्ण होगा पतित मुगल महीन्द्र ही।
अब तुर्क सिंहासन हिला दूंगा उडा आर्यध्वजा,
इन क्रूर यवनोको चखा दूंगा अहो रण का मजा।"

राणा की प्रतिज्ञा प्रत्येक देशवासियो के हृदय मे देशप्रेम, निस्वार्थ कर्तव्य भावना का अमूल्य प्रेरणा स्रोत रहा है । यथा –

"तबतक न शय्या-शयन नृप, प्रासाद वास करूं कभी,
It was probably a little before the Rana's withdrawal, when his small army was practically surrounded, that what Badayuni describes as his personal exploit took place. The eye-witness account of this writer is vitiated by the lack of correct sequence of the events, and its author's unconcealed prejudices must be corrected by a reference to Abul Fazl's brief but precise description. After the battle was all but won, and the Mughal van aud wings had returned to fight, Badayuni on the advice of Asaf Khan went on shooting indiscriminately, friendly aud enemy Rajputs alike, claiming that it was a service to Islam and taking comfort from the idea that he had done his duty by fighting against the 'infidels' and earned the merit due to a 'ghazi' (slayer of infidels).

Before the Rana had quitted the field, Jhala Bida of Badi Sadri out of pure devotion snatched away the royal umbrella from over the head of his chief who, surrounded by the enemy, was in imminent danger, and rushing forward against Man Singh's men cried out that he was the Rana. This released the pressure on Pratap and, accompanied by Hakim Sur, he was able to escape safely through the Haldighati pass to Gogunda. The battle continued for sometime after the Rana had left the field. Bida met the hero's death that he had coveted The struggle came to an end with his fall and the remnant of the Rana's army turned its back and retreating through the pass reached Koliyari, west of Gogunda, without molestation. The battle had begun at about 8 in the morning and ended at mid-day. Man Singh came out victorious 14

The battle claimed a huge toll of lives on both the sides. On the Imperial side 150 troopers were killed and more than 300 were wounded. The Rana lost more than 500, most of whom were 'distinguished men' The more prominent among those who laid down their lives were Raja Ram Shah of Gwalior and his three sons, Jhala Bida of Badi Sadri, Ram Das of Badnor, Dodia Bhim Singh, Shankar Das Rathor. Rawat Naitsi and Jhala Man Singh The members of the Tanwar ex-ruling family of Gwalior paid loyally with the last drop of their blood for the protection and hospitality accorded to them by their generous patron, and not a single male member fit enough to succeed Raja Ram Shah survived the battle of Haldighati The number of the wounded on the Rana's side must have been more than double that of the dead.15

The result of Haldigati

Haldighati proved to be as barren a victory as it was hardwon Man Singh's campaign failed in its primary object, viz, the death or capture of Rana Pratap and the subjugation of Mewar The 18th

14. A N, Vol III, p 174–175, M. T. Vol II, p 230–234, T A, Vol. II, p 323, Vir Vinod Vol II, p 150–153
15. A. N. Vol III, p. 175; M. T., Vol. II, p. 233–234, T A. Vol II, p. 323, Ojha, Rajputana ka Itihas Vol. II p. 755.

of June in the burning hills of western Mewar was so hot that "the very brain boiled in the cranium" and "the air was like a furnace and no power of movement was left in the soldiers" Naturally the exhausted Mughals were unable to pursue[16] the fugitives and the Rana escaped safely to Koliyari, west of Gogunda, where he spent the night following the battle in security. Moreover, the Mughals were apprehensive of being ambushed, and they believed the Rana had concealed his troops behind the hills and might renew the contest So Man Singh returned to his camp at the bank af the Banas, and moved to Gogunda the next day

The battle did not break the Rana's power, it only caused a temporary set-back to his fortune From more than one point of view the battle proved to be a blessing in disguise. Far from disheartening him or making him give up resistance, it stiffened the the Rana's attitude and give him fresh confidence. The brave stand of his troops against the most powerful and the richest monarch on earth convinced him of his moral strength and determined him to continue the struggle. Haldighati is a dividing line between Pratap's policies and activities before June 18, 1576 and after that date. After the valuable experience gained In this battle the programme of the recovery of the Mughal occupied Mewar began to be given a practical shape. Pratap would not repeat the mistake of a frontal attack on a wastly superior enemy in the open field. Hence-forward he adopted the guerilla system of warfare so well-suited to the physical condition of his country and the genius of his people, particularly the primitive Bhils. The lessons of Haldighati became responsible for a change in the character of warfare between Pratap and Akbar.

16 T A, Vol II, p. 323, wrongly thinks that the Mughals pursued the fugitives

IS MAHARANA PRATAP TO BLAME FOR RESISTING AKBAR ?

—*Dr. Dasharatha Sharma*

Maharana Pratap is sometimes blamed for not having helped the unification of India by recognising Akbar's suzerainty.[1] But the scholars arguing like this should take into consideration the conditions under which the Rajputs were required to serve the Mughal Emperor. Were the conditions good enough to be accepted by a self-respecting people ? Or were the Rajputs to surrender everything, especially their honour, before they could be the pillars of the edifice called the Mughal Empire and by some even the Mughal confederation ? Till then the Rajputs had played a brilliant role in the history of India. They had fought for its independence and every Rajput ruler to whichever clan he might have belonged regarded other clansmen as members of his own fraternity as it were and treated them with all the considerations which are and should be the privilege of every self-respecting people. Did they have the same or a similar treatment at Akbar's court ?

We are prone to idealise Akbar's reign With only the fulsome Akbarnama and other Muslim histories as our guides, we give Akbar more than his due. We disbelieve Tod But we should not, at least, have any reason to disbelieve the Dalapat Vilasa a Rajasthani historical chronicle which was written during the reign of Maharaja Rai Singh of Bikaner (1571-1611 A D) and has been published recently by the Sardul Rajasthani Research Institute, Bikaner. It is an account of an eye-witness. We find from it that Rai Singh's cousins were given in marriage to Akbar, and Rai Singh served Akbar loyally at Jodhpur, Sirohi, Nagor, various sites in Gujrat and Siwana. As far as the material side was concerned. these services, whether of the Bikaner house or others, did not remain unrecognised and unrewarded. But one ought to look to other things also, things which do matter in a rational being's life but refuse to be measured in a material scale.

When Akbar began his qamargha hunt in the Bhera-Rohtas-Girjhaka area, many of the Rajput chiefs accompanying the Emperor were encamped on the bank of the river Jhelum On Akbar's reaching there the Rajputs hastened to put on their clothes and pay respect to him. One Darji, however, was a bit late Akbar whipped him himself A young Rajput prince, named Prithidipa, had been allwoed to play on by his maternal uncle Though surrounded by Rajputs for whose sentiments he should have cared, Akbar ordered the poor uncle to be whipped, and the self-respecting Rajput, unable to bear the insult, and

1. See Dr R S Tripathi's The Rise and Fall of the Mughal Empire (Referred to by Dr A L Srivastava in Summaries of Papers submitted to the IHC, Aligarh 1960, p 35)

expecting neither sympathy nor backing from anyone stabbed himself thrice with his one dagger, thereby infuriating the Emperor even further and making him pass an order for having the Rajput trampled to death by an elephant. The Rajput chiefs looked on helplessly, not even one raising his voice in protest against Akbar's inhuman orders.

When Prince Dalpat Singh of Bikaner and some of his companions saw Akbar after cremating the Rajput's body, they found him shouting, " Let the Hindus consume cows and the Muslims pigs " He took off his turban and had his locks cut off. The Rajputs also took off their turbans (and probably followed his example) Akbar's shouting continued, "These Rathods have royal blood in their veins but the Sekhawats are mere Jats." Normally no Rajput tolerates such insults But tehse wonderful Rajputs of Akbar's court instead of reacting suitably to the occasion, retired sheepishly to their tents, and puttig on their bodies the signs of 'Sankha' and Chakra' prepared themselves for death (an ignoble one of course, because it was for no noble cause and nothing better than the suicide of a hapless victim of destiny) If Akbar did not ultimately have them put to death, it was ot non account af Rajput valour or martial spirit, but because he could, when he desired, put a curb on his own caprices.

Stories of the way Akbar treated Rajputs must have reached Maharana Pratap and made him realise the utter ignominy of submitting to Akbar, even in the interests of a so-called confederation. A man does not live by bread alone, though the Maharana realised the importance of bread too, if we are to believe some of the stories of his wanderings and sufferings in the hills and jungles of Mewar, and Indians may feel deservedly proud of the fact that Rajasthan had till then a few proud spirits which put freedom and self-respect above the tinsel of material rewards. Rajput chivalry lived on after 1557 A D. not in the persons of rich Rajput grandees of the Mughal court, like the Maharaja Man Singh and Rai Singh, but the brave fighters like Maharana Pratap and others who inspired by his example yearned to live only in an atmosphere of full freedom, political as well as cultural

●●

महाराणा प्रताप के आदर्श और सिद्धान्त

डॉ० देवीलाल पालीवाल

भारतीय इतिहास के विख्यात स्वातन्त्र्य योद्धा महाराणा प्रताप का ऐतिहासिक मूल्यांकन इतिहासकारो द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार से किया गया है, जिससे प्रताप के सम्बन्ध में अनेक प्रकार के मत सामने आये हैं। एक बात मे लगभग सभी इतिहासकार एक मत हैं, कि महाराणा प्रताप इतिहास में एक अटल प्रतिज्ञापालक, अदम्य स्वतन्त्रता-प्रेमी एवं महान् त्यागी और बलिदानी योद्धा हो गया है। किन्तु उसके ऐतिहासिक महत्त्व उसके व्यक्तित्व एवं उसके आदर्श, सिद्धान्त और नीतियो के बारे में विचार वैभिन्य है।

प्रताप और इतिहासकार

डा० रामप्रसाद त्रिपाठी लिखते हैं-" राणा प्रताप की वीरता, अटल स्वतंत्रता-प्रियता और कष्ट साधना एव बलिदान से प्रभावित होकर कई आधुनिक लेखको ने प्रताप के संघर्ष के सम्बन्ध में जो कुछ लिखा है वह गभीर इतिहास नहीं है। अबुल फजल और अन्य फारसी लेखकों ने शूरवीर प्रताप को महत्त्वहीन चित्रित किया है, जब कि कतिपय अन्य लेखकों ने अकबर और मानसिंह को। यह संघर्ष हिन्दू और इस्लाम धर्मों के बीच में नहीं था बल्कि मुगल साम्राज्य और मेवाड राज्य के बीच का संघर्ष था।

"प्रताप के साहस सकल्प और अदम्य इच्छा शक्ति की कितनी ही प्रशंसा की जाय, किन्तु यह स्वीकार करना पडेगा कि उसके सिद्धान्त राजपुताना के अन्य तत्कालीन राजाओं के सिद्धान्तों से सर्वथा भिन्न था। प्रताप मेवाड की स्वतंत्रता और सिसोदिया वश के प्रभुत्त्व के लिए लडा, किन्तु अन्य राजा लोग उस के सम्बध में उत्साहित नहीं हुए क्योकि मेवाड के बडे शासकों के सम्बंध मे उनका पूर्व अनुभव सुखद नहीं रहा। यह कहना अविवेकपूर्ण होगा कि शेष सभी राजपूत कायर एवं डरपोक हो गये थे और उन्होने अपनी स्वतंत्रता सुख-उपभोग के लिए बेच दी थी। अकबर ने अपनी नीतियों से यह सिद्ध कर दिया था कि वह उनके राज्यों को आत्मसात नहीं करना चाहता था और न वह उनके सामाजिक, आर्थिक, और धार्मिक जीवन में हस्तक्षेप करना चाहता था। वह चाहता था नये साम्राज्यी संघ (Imperial Confederation) के प्रति उनकी वफादारी, उनका खिराज देना, विदेशी नीतियों का समर्पण करना, मुगल संघ की निश्चित सैनिकों के साथ सेवा करना तथा अपने राज्यों को मुगल साम्राज्य का एक अंग मानना। मेवाड के चारण-भाटो की प्रचारात्मक रचनाओं के अतिरिक्त अन्य कोई प्रमाण नहीं मिलते जिनसे यह सिद्ध किया जा सके कि तमाम राजपूत राजाओ पर वैवाहिक संबंध थोपना अकबर की सामान्य नीति थी। राजपूत राजा इसके लिए स्वतत्र थे।

"सभी परिस्थितियों पर गौर करके अधिकांश राजपूत राजाओं ने ईमानदारी और विश्वास से मुगल सम्राट की अधीनता में मुगल संघ में शरीक होना पसन्द किया। विवेक और दूरदर्शिता मुगल संघ में शरीक होने वाले राजपूतों के साथ थी जब कि प्रताप कोरे काल्पनिक आदर्शों और भावुकतापूर्ण विचारों से ग्रस्त था।"[1]

डा. गोपीनाथ शर्मा का मत है—"यह स्वीकार्य है कि अकबर एक महान और उदारचेता सम्राट था, जिसने देश को राजनैतिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से एकताबद्ध करने की आदर्श नीति का अनुसरण किया। प्रताप का एकता से अलग रहना उस महान कार्य पर एक प्रकार का बड़ा आघात था। उस सीमा तक प्रताप की नीति उसके देश के लिये हानिकारक थी। यदि उस समय प्रताप मुगल व्यवस्था मे शरीक हो जाता तो वह अपने देश को विनाश और बरबादी से बचा सकता था। उस का दीर्घकालीन संघर्ष उन दिन को आने से नहीं रोक सका जब कि उसके पुत्र अमरसिंह के काल में मेवाड़ मुगल साम्राज्य के आधीन हो गया। यदि मेवाड को वही अवसर पहिले मिला होता तो उसका पिछड़ापन मिट गया होता।" आश्चर्य की बात यह है कि उपरोक्त मत प्रकट करने के साथ-साथ डा. शर्मा यह भी कहते हैं—"किन्तु प्रताप का नाम हमारे देश के इतिहास मे स्वतन्त्रता के एक महान सैनिक के रूप में अमर रहेगा जिसने संघर्ष के इस नैतिक स्वरूप पर अपना ध्यान केन्द्रित किया और भौतिक लाभ अथवा हानि की चिन्ता किए बिना लड़ता रहा। उसने हिन्दुओं के गौरव को कायम रखा। जब तक यह जाति जीवित है, वह इस बात के लिये चिरस्मरणीय रहेगा कि उसने एक विदेशी के विरुद्ध संघर्ष में अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। स्वतन्त्रता के एक महान योद्धा, आदर्श के दृढ़ पालनकर्ता और चरित्रवान योद्धा के रूप में आज भी वह करोड़ों लोगों के लिये आदर्श व आशा का स्रोत बना हुआ है।"[2]

डा. गोपीनाथ शर्मा के इस परस्पर विरोधी तर्कों से पूर्ण मत के अनुयायी कई और विद्वान भी हैं। कतिपय विद्वान प्रताप के उद्देश्यों और आदर्श को संकीर्ण मानते हैं। विजय चन्द्र मजूमदार कहते हैं—"यदि आदर्श ऊंचा न हो तो प्रताप की जैसी दृढता और वीरता भी फलदायक नहीं हो सकती। प्रताप चाहे कितने बडे देवता क्यो न हो वह अपने वंश गौरव की प्रतिष्ठा रखने के लिये व्यग्र थे।" डा. रघुवीरसिंह के मतानुसार "स्वाधीन भारत के इस नये वातावरण में तत्कालीन ऐतिहासिक धारणाओं का राष्ट्रीय दृष्टिकोण से निष्पक्ष अनुदर्शन करने पर राणा प्रताप के विशिष्ट आदर्शों की संकीर्णता और उसकी विरोधपूर्ण नकारात्मक नीति में हर प्रकार की रचनात्मकता का पूर्ण अभाव सुस्पष्ट हो जाता है।"[3] इसी बात को

1. R P. Tripathi Rise & Fall of the Mughal Empire, P. 222-225
2 G N Sharma Mewar & the Mughal Emperors, P 121
3 डा रघुवीरसिंह · पूर्व आधुनिक राजस्थान, पृष्ठ 77

श्री राजेन्द्रशंकर भट्ट बदल कर इस भांति कहते हैं—" आदर्श चाहे कितना संकीर्ण हो उसमें सम्पूर्ण आस्था रखकर उसके लिये सर्वस्व बलिदान करने वाले कभी नहीं मरते।" 4 कतिपय विचारकों ने इससे आगे बढ़ कर राणा प्रताप को अबुल फजल की भाँति एक छोटा जमींदार, विवेकहीन विद्रोही आदि भी माना है।

प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव ने महाराणा प्रताप के आदर्श तथा उद्देश्यो एवं नीतियो के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की है। महाराणा प्रताप द्वारा अकबर के भारत की एकता के महान् कार्य में शरीक न होने के के सम्बन्ध में वे कहते हैं कि ऐसा करना प्रताप की ही भूल थी, उसके बारे में हां या नहीं मे उत्तर देना कठिन है। डा० श्रीवास्तव कहते हैं कि भूतकाल में वर्तमान युग की धारणाओं एवं विचारों को पढ़ने से यह भ्रांति उत्पन्न हुई है। उनका कहना है कि प्रताप के तथाकथित असहयोग के लिये प्रताप की अपेक्षा अकबर अधिक दोषी था, जो प्रताप के मुगल दरबार में हाजिरी देने की बात पर अधिक अडिग रहा। अकबर की हठ के कारण युद्ध चलता रहा और अमरसिंह के काल मे जहांगीर द्वारा मेवाड़ के राणा को मुगल दरबार मे हाजिर होने से मुक्त रखने की शर्त स्वीकार करने पर ही शान्ति हुई। डा० गोपीनाथ शर्मा के तर्क को भ्रमपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा है कि १६१५ ई. में अमरसिंह को जहांगीर से सम्मानपूर्ण सन्धि की जो शर्तें मिली वह प्रताप और अमरसिंह के १८ वर्ष लम्बे संघर्ष के कारण ही। यह सम्मान आमेर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, डूंगरपुर आदि राज्यों को नहीं मिला। डा. श्रीवास्तव कहते हैं– "प्रताप को अकबर महान के विरुद्ध सफल संघर्ष के कारण भारतवर्ष की प्रधान तात्विक भावना (Elemental Spirit) का प्रतीक माना गया है, जो सर्वथा उचित है। यह भावना देश के परम्परागत गौरव की रक्षा करती है और उस गौरव पर आंच लाने वाली हर बात के विरुद्ध संघर्ष करती है।5 किन्तु डा. श्रीवास्तव यह भी कहते हैं कि प्रताप में रचनात्मक योग्यता, दृष्टि की व्यापकता और राजनैतिक अन्तर्दृष्टि का अभाव था।6

तत्कालीन धार्मिक स्थिति और प्रताप

महाराणा प्रताप के सम्बन्ध में प्रकट किये गये विभिन्न इतिहासकारो के मतो पर विचार करने तथा प्रताप के आदर्श और सिद्धान्तो की चर्चा करने के पूर्व यह आवश्यक है कि हम तत्कालीन परिस्थितियो तथा प्रचलित धारणाओं एवं सामासामाजिक वातावरण पर गौर करें जो उस समय व्याप्त थे। निःसंदेह ही इतिहास का मध्य युग धर्मान्धता और अत्याचारो से परिपूर्ण रहा है, भारत भी इस वातावरण से अछूता नहीं रहा। सामन्ती राजतन्त्रीय युग के इस काल मे धार्मिक प्रचार-प्रसार के पीछे साम्राज्यी-प्रसार और नवीन

4. राजेन्द्र शंकर भट्ट : महाराणा प्रताप, पृष्ठ 116
5 A L. Srivastava , AKbar the Great, Vol. 1, P. 222-224
6. Ibid, P. 197

प्रदेशों की विजय के मन्सूबे रहते थे। विशेष बात यह है कि भारत मे धार्मिक कट्टरता और अत्याचार का काल इस्लाम के प्रवेश से प्रारम्भ होता है, जो भारत मे प्रविष्ठ होने के समय तक अपने क्रान्तिकारी स्वरूपको खोकर रुढीवादी और विकृतिपूर्ण बन चुका था। इस्लाम के आगमन के पूर्व और बाद में भी मूल भारतीय सांस्कृतिक परंपरा उदारता, सहिष्णुता और समन्वय की रही, यद्यपि इस देश में धार्मिक मत-मतान्तर बढते ही गये थे किन्तु अशोक और हर्षवर्धन जैसे सम्राटो की व्यवहार-परम्परा बराबर चलती रही। मध्य एशिया से निरन्तर आक्रमण होते रहे, दिल्ली में सल्तनतें बदलती रही और प्रत्येक नवीन आक्रमणकारी भौतिक लक्ष्यो की पूर्ति के लिए बडे से बडे 'गाजी' के रूप मे प्रकट होता रहा।

इन परिस्थितियो में निस्सन्देह ही मुगल साम्राज्य के निर्माता अकबर को इस बात का श्रेय जाता है कि उसने अपनी दूरदर्शिता, राजनैतिक सूझबूझ और साहस से नवीन नीतियो का सूत्रपात किया,जो भारतीय भावना और परम्परा के अनुरूप थी। उस काल मे भारत जिस धार्मिक और सामाजिक परिवर्तन की हलचल से गुजर रहा था उसका भी अकबर की धार्मिक नीतियों के निर्माण पर भारी असर पडा था।[7] अकबर के उदार दृष्टिकोण और व्यवहार ने धार्मिक और सांस्कृतिक सहिष्णुता एव समन्वय की प्रवृत्तियो को बडा बल दिया। अकबर की इस नीति ने उसकी साम्राज्यी सत्ता को जन-आधार प्रदान किया, जो उसके पूर्व की सल्तनतो को प्राप्त नहीं हुआ था, जिनकी सत्ता भारत पर विदेशी जुए के समान ही रही। किन्तु अकबर के दृढ प्रयत्नों के बावजूद भी उसकी उदार नीतियो का कट्टरपंथियो द्वारा विरोध ही नहीं हुआ बल्कि उसके काल में भी समय-समय पर ऐसी घटनायें होती रही जो भारतीय मानस को आघात पहुँचाने वाली थी। यह स्वाभाविक था कि विदेशी दासता एवं धार्मिक असहिष्णुता के विरुद्ध संघर्षरत राजपूत सघ का नेतृत्व करने वाले सिसोदिया वंश का उत्तराधिकारी प्रताप (जिस वंश को सम्पूर्ण दिल्ली-सल्तनत काल के कार्यकलापो एव परिवर्तनो का ज्ञान था) अपना दृष्टिकोण स्थिति के गहन और परिपूर्ण अध्ययन और भविष्य मे होने वाले परिवर्तनो को ध्यान में रख कर बनाता।

भारत मे अकबर ने अपने साम्राज्य का प्रारम्भ युद्धबन्दी हेमू का वध करके और 'गाजी' (काफिरो का वधिक) की उपाधि धारण कर के शुरू किया।[8] मुबारक, मीर हब्शी, खिज्रखां, मिर्जा मुकीम और याकूब जैसे उदारवादी अथवा शिया धर्म को मानने वाले लोग अत्याचार के शिकार हुए। बदायुनी लिखता है कि न केवल गैरमुसलमानो बल्कि सभी मत के विरोधियों को भी टूट कर मार डालने का रिवाज प्रचलित था (वह स्थिति १५६९ ई के पूर्व तक रही)। यहा तक कि १५८८ ई मे जब एक शिया धर्मानुयायी को कत्ल करने वाले सुन्नी को फांसी की सजा दी

7 Sri Ram Sharma The Religious Policy of the Mughal Emperors, Page-18
8 Ibid , Page 11

गई तो लाहोर के लोगो ने मृत शिया की कब्र को अपवित्र किया ।[9] अब्दुलनबी ने काजी की शिकायत पर एक ब्राह्मण का इस्लाम की निन्दा के दोष के कारण वध कर दिया । लाहोर के गवर्नर हुसैन खां ने, जो १५७६ मे मरा, हिन्दुओ के लिये अपनी बाँहो पर विभिन्न रगो के पेवन्द लगाने, घोडो पर सवारी नहीं करने देने जैसे अपमान जनक नियम लागू कर रखे थे। अबूल फजल और बदायुनी आदि समकालीन लेखक इस बात के साक्षी हैं कि १५९३ ई० तक कई हिन्दू बलात् मुसलमान बनाये गये थे। जब अकबर ने टोडरमल को वित्त मन्त्री बनाया तथा मानसिंह को मुगल सेनापति बना कर महाराणा प्रताप के विरुद्ध भेजा तो बड़ा विरोध हुआ और अकबर को हिन्दुओ की सेवाओ के उपयोग और राजपूत का राजपूत के विरुद्ध उपयोग आदि तर्क देकर विरोध को शान्त करना पडा था। हल्दीघाटी के युद्ध मे बदायुनी और आसफखाँ का वार्तालाप प्रसिद्ध है[10] १५८१ ई० मे सूरत मे कतिपय पुर्तगीज बन्दियो को इस्लाम धर्म स्वीकार करने के आधार पर जान बख्शी गई । १५७२-७३ ई० मे जब कांगडा विजय किया गया तो नगरकोट के मन्दिर की देवी का छत्र तीरो से छेद दिया गया, २०० गायो का वध किया गया और उनका रक्त मन्दिर की दीवारो पर छिड़का गया। उसी वर्ष हुसैन-कुलीखा लाहोर से मसूद हुसैन और अन्य बन्दियों को सींगो सहित गाय के चमडे में बन्द करके दरबार में हाजिर हुआ[12] ऐसी घटनाएं उस समय घटी जो उस काल की प्रचलित कट्टर धारणाओं एव मनोवृत्तियो की द्योतक हैं।

धार्मिक उदारता और स्वतन्त्रता का पोषण

राजस्थान के राजपूत और मेवाड के सिसो-दिया इतिहास में धार्मिक उदारता और समन्वय के लिये प्रसिद्ध रहे हैं। वे शिव एव शक्ति के उपासक होते हुए भी बौध धर्म, जैन धर्म, वैष्णव

9 Akbarnama, Vol II, Page 46

10 युद्ध करते समय जब प्रताप के राजपूत सैनिको और मुगल सेना के राजपूत सैनिको के मध्य फर्क करना कठिन हो गया तो बदायुनी ने यह बात एक अन्य मुगल सैनिक आसफखां से कही तो उत्तर मिला– राजपूत किसी भी ओर का मारा जाय, इससे इस्लाम का लाभ ही है। मानसिंह को मुगल सेना का सेनापति बनाने का बदायुनी भी विरोधी था, किन्तु जब उसने मानसिंह को प्रताप के विरुद्ध बड़ी वीरता और चातुर्य से लड़ते देखा तो प्रसन्न होकर बोला कि हिन्दू द्वारा इस्लाम की तलवार धारण करने की मुल्ला शेरी की बात सही है।

11. Badayuni, Vol II, Page 162.

12 Akbarnama, Vol II, Page 46.

कबर के शासन के सम्बन्ध मे कुछ और बातें भी विचारणीय हैं– राज्य भाषा विदेशी फारसी भाषा थी। १००० जात और सवार से ऊपर के १३७ मन्सबदारो मे हिन्दू केवल १४ थे। मुगल फौजो मे तब भी मध्य एशिया के लोगों की बडी मात्रा में भर्ती की जाती थी और उनको ही प्रधानतः जिम्मेदारी के पद दिये जाते थे।

धर्म और इस्लाम धर्म के प्रति सहिष्णु बने रहे और उनको अपने मत-प्रचार की स्वतन्त्रता दी। प्रताप ने इस विरासत को बडी पवित्रता से निभाया। यही कारण था कि प्रताप को हकीम-खाँ सूर का सहयोग और जालोर के ताजखाँ की मित्रता मिली। प्रताप द्वारा अब्दुल रहीम खान-खाना के स्त्री बच्चो की पूरी हिफाजत और सम्मान के साथ वापस लौटाने की बात इतिहास प्रसिद्ध है। प्रताप अथवा उसके अनुयायियो का एक भी ऐसा कृत्य इतिहास मे नहीं मिलता जिससे धर्मान्धता और कट्टरता प्रकट होती हो। यद्यपि प्रताप और उसके सहयोगी १५६८ ई० मे अकबर द्वारा चित्तौड मे किये गये ३०००० व्यक्तियो के सहार को कभी नहीं भूल सके। तत्कालीन स्थितियो मे प्रताप का अकबर के प्रयोजन के प्रति सशकित रहना पूरी तरह स्वाभाविक था।

प्रताप की आशका निर्मूल नहीं निकली। अकबर की मृत्यु के बाद ही असहिष्णुता और कट्टरता ने पुनः सिर उठाया और औरगजेब के काल मे पुन. भीषण स्थिति पैदा होगई। मनुष्य जीवन की सबसे मूल्यवान वस्तु होती है उसकी आत्मा की स्वतन्त्रता, उसके विश्वासो और विचारो की स्वतन्त्रता। उस पर जब प्रहार होता है तो वीर और साहसी लोग प्राणार्पण करके भी मुकाबला करते हैं और जो लोग ऐसा नहीं कर पाते हैं वे पराधीन दास हो जाते है। प्रताप ने जो निर्णय लिया और निश्चय किया उसको अन्तिम दम तक निभाया। इतिहास साक्षी है कि प्रताप का निर्णय गलत नहीं था।

विदेशी दासता के विरुद्ध संघर्ष

मुगल तुर्कों और पठानो की भांति विदेशी जाति के लोग थे, जिन्होने आक्रमण करके उत्तरी एवं मध्य भारत पर अधिकार कर लिया था। अकबर ने पठान शक्ति के ह्रास, पठानो व हिन्दुओ के वैमनस्य और राजपूत एवं अन्य हिन्दू शक्तियो के गृह-कलह का अपनी दूरदर्शिता एव कूटनीतिज्ञता से लाभ उठाकर मुगल शक्ति को बलवान बना लिया था। प्रताप अन्य राजपूत राजाओ की भांति मुगलो की दासता स्वीकार करने के लिये तैयार नही था। राजस्थान के राजपूत और प्रधानतः मेवाड़ के राजपूत विदेशी सत्ता के खिलाफ निरन्तर सघर्ष करते रहे थे और उसके अस्थायी स्वरूप और शासन परिवर्तनो को ध्यान मे रखते हुए कार्यवाही करते रहे थे। प्रताप को अपने वश के गौरवपूर्ण इतिहास का अहसास था और महाराणा कुम्भा और सांगा जैसे पूर्वजो की परम्परा और आदर्श उसके सम्मुख थे।[13] मेवाड को सांगा और प्रताप के बीच के काल मे तथा उससे पूर्व

---

13 अबुल फजल लिखता है— राणा को इस बात का घमड था कि वह उस कीर्तिमान वश में उत्पन्न हुआ है, जिसके पूर्वजों ने इस देश पर प्राचीन काल मे शासन किया था। अपनी स्थिति की दृढ़ता, भूमि के विस्तार और राजपूत सहयोगियो की बडी संख्या के कारण, जो कि स्वाभिमान की रक्षा के लिये प्राणोत्सर्ग करने को उद्यत हैं, प्रताप की दृष्टि पर पर्दा गिर गया है।
Akbarnama, Vol III, p 244.

अलाउद्दीन खिल्जी के समय विदेशी जाति के प्रभुत्व का संकट देखना पडा था, मेवाडी या तो लड़ते रहे या उन्होने सम्मानजनक सुलह आदि अवश्य करली, किन्तु दासता कभी स्वीकार नहीं की।

प्रताप ने निश्चय ही परिस्थितियो को ध्यान में रखते हुए अकबर के साथ किसी प्रकार की सम्मानजनक सधि के लिये प्रयत्न किया। यही कारण था कि प्रताप ने अकबर द्वारा प्रेषित चार-चार दूतमडलो का पूरा स्वागत किया और तीसरे राजदूत भगवन्तदास के साथ प्रताप ने अपने कुवर अमरसिंह के साथ मेवाड का दूतमंडल भी आगरा भेजा।[14] किन्तु अकबर प्रताप को भी उसी स्थिति में आधीन बनाना चाहता था, जिसमे कि अन्य राजपूत राजा थे। उस स्थिति का अर्थ था मेवाड का महाराणा मुगल दरबार मे हाजिर होकर अपनी सेवाएं अर्पित करे, दरबार मे मुगल शिष्टाचार के अनुसार सिज्दा करे, मन्सबदार बनकर मुगल साम्राज्य के विस्तार एव दृढ़ता के लिये अपनी शक्ति एवं सेनाओ का उपयोग करे और मेवाड को मुगल साम्राज्य की जागीरी भूमि के रूप मे स्वीकार करे। (अकबर ने राजपूत राजाओ पर अपनी कन्याओं का विवाह उसके साथ करने के लिये सीधा दबाव डाला हो उसका कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं मिलता, इसलिये यह मान्यता अस्वीकार्य है कि अकबर की ओर से प्रताप पर इस प्रकार का कोई भी दबाव डाला गया हो।) प्रताप इस स्थिति को स्वीकार करने के लिये तैयार नही था।

तत्कालीन राजस्थानी साहित्य, राजपूत धारणाओ एवं परम्पराओं तथा तत्कालीन राजनैतिक परिस्थितियो का अध्ययन करने से डा० त्रिपाठी का यह मत सही प्रतीत नहीं होता कि अन्य राजपूत राजाओ ने ईमानदारी, विश्वास और विवेक से तथाकथित "मुगल संघ" मे शरीक होना स्वीकार किया। डा० त्रिपाठी Mughal Imperial Confederation के स्वरूप को कितना ही महत्त्व दें, वह भारतीय परम्पराओ एव परिस्थितियो के अनुरूप राज्य-संघ नहीं था। अकबर के साम्राज्य का आधार केन्द्रीय निरंकुश राज्य सत्ता, स्वेच्छाचारी शासन और उसमें सम्मिलित विभिन्न राज्यो द्वारा अपनी स्वतत्रता का पूर्ण समर्पण था। अकबर की तमाम धार्मिक एव राजनैतिक उदारता के बावजूद अकबर के साम्राज्य का प्रधान तत्व केन्द्रीय सत्ता का निरंकुश एव स्वेच्छाचारी स्वरूप बना रहा। यह बात फारसी तवारीखो से भी स्पष्ट हो जाती है। बीकानेर राजघराने से सम्बधित एक तत्कालीन ऐतिहासिक महत्व का ग्रन्थ "दलपत विलास" मुगल दरबार मे सेवारत राजपूत राजाओ की असह्य एव अपमानजनक स्थिति की वास्तविकता को प्रकट करता है।[15] लगभग सभी राजपूत राजा मन्सबदार बना कर अपनी सेनाओं सहित अपने राज्यो से दूर मुगल अभियानो मे भेज दिये जाते थे। उनके राज्यों के

14. Akbarnama, Vol III, p. 92.

15. दलपत विलास, सं० रावत सारस्वत पृ० ६५–१०५

भीतर और मुगल दरबार में निरतर ऐसे षड्यन्त्र चलते रहते थे, जिससे राजपूत राज्यों की आंतरिक स्वायत्तता नाममात्र की रहती थी। मुगल शासन पद्धति अधीनस्थ राजाओं के वंशाधिकारी को सिद्धान्त रूप में नहीं मानती थी। ऐसे राजा सिद्धांत रूप में मुगल जागीरों के स्वामी थे। उनके राज्य मुगल जागीर के रूप में थे। जब कोई राजा मरता तो उसके उत्तराधिकारी को सम्राट द्वारा उत्तराधिकार की सनद दी जाती थी। ऐसे मौकों पर मुगल बादशाह द्वारा कभी कभी वंश परम्परा के अनुसार हकदार के स्थान पर अन्य को उत्तराधिकारी बना दिया जाता था। बीकानेर, जोधपुर आदि राज्यों की घटनाएं यह भी प्रकट करती हैं कि जब भी कोई राजपूत राजा थोड़ा-बहुत स्वतत्र रुख अपनाने की चेष्टा करता, उसके लिये अपना राज्य खोने का खतरा पैदा हो जाता था।

राजपुताने के अन्य राजाओ ने मुगल आधीनता स्वीकार तो की किन्तु प्रसन्नता एवं विश्वास से नहीं, परिस्थितियों की मजबूरी और अपने राज्यों को कायम रखने की दृष्टि से। अकबर की भेद नीति एव सैन्यशक्ति ने उन्हे झुका दिया। राजपूतों के गृह कलह एवं अकबर की प्रलोभन नीति के कारण राजपूत सरदारो तथा राजाओं में आगरा दौड के लिये होड लग गई। अकबर का दरबार समस्त राजपुताना के राजनीतिक षड्यन्त्रों का केन्द्र बन गया। एक समकालीन राजस्थानी कवि ने इस स्थिति को इन शब्दों मे प्रकट किया—

आलापै राग गारडू अकबर,
दे पैंतीस असट कुल दाव।
राण सेस वसुधा कथ राखण,
राग न पातरियो अहराव ॥[6]

अकबर ने राजपूत भावनाओं तथा उनके स्वार्थों को ध्यान में रखते हुए अपनी राजपूत-फूट-नीति निर्धारित की। एक ओर अकबर ने आधीन राजपूत राजाओ के पास उनके राज्य रहने दिये और उनके धार्मिक विश्वासो का आदर किया, दूसरी ओर उनमें दरबारी प्रलोभनो के लिये तथा बादशाह का कृपापात्र बनने के लिये गौरवविहीन प्रतिस्पर्द्धी पैदा की। राजाओ के बीच तथा प्रत्येक राज्य के सरदारो और राजाओ के बीच गुटबाजी और वैमनस्यता उत्पन्न की। समय-समय पर उनके राज्यो मे आन्तरिक हस्तक्षेप किये। वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित करने वाले राजा अकबर के निकट के कृपापात्र बने और दरबार में अधिक प्रतिष्ठा हासिल की और वे दरबारी षड्यन्त्रों में अपनी सुरक्षा और प्रभाववृद्धि की दृष्टि से अधिकाधिक भाग लेने लगे। संक्षेप मे अकबर की कूटनीति ने राजपूत सघ को सदा के लिये पगु बना दिया, राजपूत शक्ति को छिन्न भिन्न कर दिया, राजपूतो को उनके परम्परागत शौर्य एव आत्म-गौरव से विहीन कर दिया और उनके बीच अधिक गहरा वैमनस्य और कटुता उत्पन्न कर दी।

प्रताप अकबर की भेद नीति का शिकार नहीं हुआ, यह उसकी शक्ति से भयभीत नही हुआ और

---

6. डा० देवीलाल पालीवाल : प्राचीन डिंगल काव्य में महाराणा प्रताप, पृष्ठ ६

न उसके दरबारी ऐश्वर्य के प्रलोभन का शिकार हुआ। उसके विपरीत उसने मुगल-दासता के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल बजाया। तभी समकालीन राजस्थानी कवि जाड़ा मेहडू ने कहा—

हाथी बंध घणाँ घणां हैमर वध
कसूं हजारो गरब करौ ।
पातल राण हसै त्यां पुरसां
भाड़ै महला पेट भरौ ॥[17]

एक अन्य कवि के शब्दों में—
गिरपुर देख गवाड़, भमिया पग पग भाखरौं ।
मह अजसै मेवाड़, सह अजसै सीसोदिया ॥[18]

क्षात्र धर्म की रक्षा—

समकालीन और बाद के राजस्थानी साहित्य ने महाराणा प्रताप को एक आदर्श वीर के रूप में प्रस्तुत किया है। उसने प्रताप को क्षत्रियत्व के रक्षक के रूप में देखा है। भारत की क्षत्रिय जाति की सदा से कुछ आदर्श परम्पराएं रही, जिनकी राजस्थान के राजपूतों में मान्यता रहीं और वे उनका पालन करते रहे। वश गौरव एवं आत्म सम्मान की रक्षा, विदेशी दासता के विरुद्ध एकता और संघर्ष, स्वतंत्रता-संघर्ष में सर्वस्व त्याग और बलिदान, प्रतिज्ञापालन, चारित्रिक उच्चता, शरणागत को अभयदान आदि बातें क्षत्रियत्व के सिद्धांत की मुख्य आधार थी।

मध्यकालीन राजस्थानी साहित्य क्षत्रियो में उत्पन्न स्वार्थपरता, संकीर्ण भावना, नैतिक पतन पारस्परिक फूट और विलासप्रियता आदि बातों के लिये राजपूतों को कोसता है। प्रताप के समकालीन राजस्थानी कवियो ने प्रताप को सच्चा क्षत्रिय और क्षात्र-धर्म का रक्षक माना है जबकि अकबराधीन राजपूत राजाओ को उन्होने अपने क्षुद्र स्वार्थों नैतिक पतन और विलासिता के कारण पराधीनता स्वीकार करने के लिये कोसा है। डा० त्रिपाठी, डा० शर्मा, डा० रघुबीरसिंह आदि का यह मत भ्रामक है कि प्रताप के आदर्श मे सिसोदिया लोगों के गौरव की रक्षा की ही भावना रही। उनका यह मत प्रतापकालीन विचारकों के मत से मेल नहीं खाता, जिन्होंने प्रताप के सघर्ष को न केवल मेवाड़ की स्वतंत्रता और सिसोदिया वंश की आन-बान की रक्षा का सघर्ष माना है बल्कि प्रताप को विदेशी मुगलो के खिलाफ देश की रक्षा के लिये लडने वाले, क्षात्र-धर्म की रक्षा के लिये संघर्ष करने वाले तथा स्वाभिमान और स्वतत्रता के लिये सघर्ष करने वाले योद्धा के रूप मे देखा है। यही कारण है कि एक ओर ग्वालियर का तवर राजा रामसाह और उसके परिजन तथा हकीमखां सूर जैसे योद्धा प्रताप के पक्ष में युद्ध करते हुए मारे जाते हैं, विभिन्न खापो के राजपूत प्रताप की सेना में एकत्रित होते हैं, राजस्थान भर से स्वतत्रताप्रिय राजपूत, चारण आदि मेवाड मे आते हैं; और इतना ही नहीं प्रताप के इस सघर्ष में मध्यकालीन युद्धों में सामान्यत निष्क्रिय और उदास रहने वाली जनता तमाम प्रकार का त्याग करके प्रताप को अटट और

17. वही, पृष्ठ ३८
18 वही, पृष्ठ ५७

अदम्य वफादारी के स थ सहयोग प्रदान करती है, दूसरी ओर अकबर के आधीन हो गये राजपूतों एव अन्य लोगों मे भी प्रताप के सघर्ष के प्रति हम-दर्दी और प्रशसा की भावना मिलती है ।

विचारणीय बात है कि अकबर के तमाम प्रयत्नो, शक्तिसिह जगमल, सगर आदि भाइयों के मेवाड़ त्याग तथा मेवाड की भीषण बरबादी के बाद भी मेवाड़ के सामन्त वर्ग में कोई फूट नहीं पडी और मेवाड़ के लोग आतंकित अथवा प्रलोभित नहीं किया जा सके । बीकानेर के कर्मचन्द की भाति मेवाड के भामाशाह को भी रहीम खानखाना द्वारा मुगलो की ओर मिलाने की चेष्टा की गई, किन्तु उसको सफलता नहीं मिली । यह सब प्रताप के व्यापक राष्ट्रीय आदर्शों के कारण ही सम्भव हुआ । इसी कारण मारवाड के राव चन्द्रसेन, जालोर के ताजखा, सिरोही के राव सुर-ताण, बूदी के दूदा, ईडर के नारायणदास तथा अन्य छोटे राज्यो के साथ मुगल विरोधी मोर्चा बनाना सभव हुआ । प्रताप के आदर्श के सम्बन्ध मे पृथ्वीराज राठोड़ ने, जो स्वयं अकबर का सेवक था, यह विचार प्रकट किये हैं :–

जासी हाट बात रहसी जग, अकबर ठग जासी एकार ।
रह राखियो खत्री ध्रम राणो, साराले बरतै संसार ।।

मुगल विरोधी दीर्घकालीन संघर्ष मे प्रताप ने अन्त मे जो सफलता प्राप्त की, वह भी इतिहास का एक अनूठा उदाहरण है । अकबर की सम्पूर्ण शक्ति और कूटनीति प्रताप को कुचलने में असफल रही और जब थोड़ा सा अवसर मिला तो प्रताप ने कुछ ही महीनों में न केवल पहाड़ी प्रदेश बल्कि अधिकांश मैदानी भाग भी वापस जीत लिया ।

प्रताप और अकबर

हम आज आधुनिक प्रजातन्त्रीय युग में रह रहे हैं । आज से लगभग चार सौ वर्ष पुरानी धारणाओं और कार्य-कलापों मे हम वर्तमान युग की मान्यताओं के दर्शन नहीं कर सकते और यदि ऐसा करते हैं तो हम इतिहास के साथ न्याय नहीं करेंगे । डा. रघुवीरसिह जब यह कहते हैं कि राष्ट्रीय दृष्टिकोण से निष्पक्ष अनुदर्शन करने पर राणा प्रताप के विशिष्ट आदर्श की सकीर्णता और उसकी विरोधपूर्ण नकारात्मकता की नीति में रचनात्मकता का अभाव दृष्टिगत होता है तो उनकी यह मान्यता ऐतिहासिक संदर्भ को भुला देती है । प्रताप के कार्यों को युग के सदर्भ में देखने से यह स्पष्ट हो जाता है कि उसने एक विशिष्ट आदर्श, प्रयोजन और उद्देश्य को लेकर सघर्ष किया । वह आदर्श मेवाड तथा सिसोदिया वश की सीमाओं में बन्धने वाला आदर्शनहीं था बल्कि आभारतीय था । प्रताप भूतकाल की ऐतिहासिक घटनाओं से अव-गत था और उस काल का राजनैतिक व तावरण भी उसके सन्मुख स्पष्ट था । वह अकबर के साथ समझौते की सीमा तक जाना चाहता था, किन्तु भविष्य भी उसके सन्मुख झांक रहा था । वह उदारता, सहिष्णुता, नैतिकता और चारित्रिक उच्चता की दृष्टि से आदर्श व्यक्तित्व था । इन

19. वही, पृष्ठ ५

गुणों में वह अकबर से बढ़ा-चढ़ा था। उदारता एव सहिष्णुता के वातावरण-निर्माण की दृष्टि से अकबर चेष्टा कर रहा था किन्तु अकबर जिस घेरे में बन्द था, वहां क्या ये मूल्य स्थायी रह सकते थे ? प्रताप का विरोध नकारात्मक नहीं था बल्कि उसका संघर्ष स्वतन्त्रता, स्वायत्तता और आत्म-गौरव के मूल्यों की रक्षार्थ रचनात्मक सघर्ष था। उसने अकबर की उदारता और सहिष्णुता की नीतियों पर कभी आघात नहीं किया और उसने स्वयं कभी भी अनुदार और कट्टर व्यक्ति की भांति व्यवहार नहीं किया। उसका संघर्ष रक्षात्मक था, उन बातों के लिये जिनको अकबर की निरंकुशता स्वीकार नहीं करना चाहती थी। अकबर की निरंकुश सत्ता में भावी विघटन और कट्टरता के बीज छिपे हुए थे जो आगे जाकर पुन: फूटे। भारतवर्ष की एकता सदैव अनेकता (Unity in diversity) की मान्यता में रही। अकबर ने राजपूताने के राजाओ से जो सन्धि की, उसमें उसकी यह मान्यता नहीं रही। उसने राजपूताने में फूट के बीज बोये, राज्यों को कमजोर किया और उनके परम्परागत गौरव और विशिष्टताओ पर आघात किया। अन्यथा अकबर और प्रताप के बीच सम्मानजनक सन्धि कभी असम्भव नहीं होती।

निष्कर्ष

डा. आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव ने ठीक ही कहा है कि प्रताप भारत की तात्विक भावना (Elemental Spirit) का प्रतीक था। यह भावना सदैव राष्ट्र की स्वतन्त्रता और गौरव की रक्षा के संघर्ष में आगे रही है। महाराणा प्रताप राष्ट्रीय स्वतन्त्रता और गौरव की भावना से ओत-प्रोत था, यद्यपि उसने यह भावना एक छोटे से क्षेत्र में बडी शक्ति का मुकाबला करते हुए प्रदर्शित की।

यह प्रताप के उच्च आदर्श ही थे, जिन्होंने प्रताप को भारत की भावी पीढ़ियों के हृदय में प्रतिष्ठित किया और जिनके कारण वह भारतीय जनता का अमर प्रेरणा-स्रोत बन गया। भारत मे जब भी अन्याय और जुल्म के खिलाफ आवाज उठी, प्रताप का स्मरण किया गया। स्वयं छत्रपति शिवाजी के लिये प्रताप ने एक आदर्श उदाहरण का कार्य किया। ब्रिटिश-विरोधी स्वातन्त्र्य संघर्ष में बगाल से लेकर गुजरात तक और सुदूर कर्नाटक तक महाराणा प्रताप के अनुपम स्वातन्त्र्य सघर्ष और बलिदान के उदाहरण ने जन-जन को उत्साहित किया, बल और विश्वास दिया और स्वतन्त्रता के लिये सर्वस्व अर्पित करने की प्रेरणा दी। यह कम महत्व की बात नहीं है कि भारतीय इतिहास का महान सम्राट, विशाल साम्राज्य का स्वामी और शक्तिशाली शासक अकबर भारतीय जन-मानस मे वह स्थान नहीं ग्रहण कर सका जो महाराणा प्रताप ने प्राप्त किया है।

प्रताप के विचारों की उदारता, सिद्धान्तों और आदर्शों की महानता, चरित्र की पवित्रता, व्यवहार की नैतिकता तथा स्वतन्त्रता के लिये उसके अटल निश्चय, अप्रतिम त्याग और बलिदान ने उसको भारतीय इतिहास का अमर व्यक्तित्व बना दिया है।

O

महाराणा प्रताप सम्बन्धी कतिपय जनश्रुतियां

—देव कोठारी

महाराणा प्रताप के जीवन से सम्बन्धित अनेक जनश्रुतियां मेवाड में प्रचलित हैं। इनमें से कुछ जनश्रुतियों ने तो मेवाड़ के इतिहास में स्थान पा लिया है, बहुत सी अभी तक मौखिक रूप से प्रचलित हैं। उन सबको संकलित कर क्रमानुसार दिया जा रहा है जो प्रताप सम्बन्धी सामग्री एकत्रित करते समय प्राप्त हुई हैं।

१. चेटक को खरीदना

प्रताप जब राजकुमार थे, कंधार का एक व्यापारी नीला 'चेटक' और 'नाटक' नाम के दो घोडे बेचने के लिये नगर मे लाया। घोडो की विशेषताए सुन कर प्रताप ने व्यापारी को बुलाया और घोडो की परीक्षा करने के लिये नाटक घोडे को एक बडे मैदान मे खडा करके उसके खुरो को लोहे की किसी मजबूत वस्तु के साथ जमीन मे गाड दिये। इसके बाद प्रताप घोडे पर सवार हुए तथा चाबुक लगा कर एड लगाई। घोडे के चारो खुर वहीं गडे हुए रह गये और लहूलुहान घोडा मैदान मे दौड़ता रहा। घोडे को रोक कर ज्यो ही प्रताप नीचे उतरे घोडा वहीं गिर कर मर गया। प्रताप ने प्रसन्न होकर दोनो घोडो का मूल्य देकर नीले चेटक को खरीद लिया। इसी नीले घोडे चेटक के लिये प्रसिद्ध है कि वह एक टांग कट जाने पर भी हल्दीघाटी के मैदान से प्रताप को बचा कर ले गया और तब प्राण त्यागे।

२. प्रताप व शक्तिसिंह का मनमुटाव

एक बार प्रताप व शक्तिसिंह अन्य दरबारियो के साथ पास ही के जगल में शिकार खेलने गये। जंगल में उन्हें हरिन नजर आया और तत्काल दोनों ने तीर छोडे। तीर एक साथ हरिन के लगे, हरिन मर गया। हरिन के पास प्रताप व शक्तिसिंह पहुँचे तो दोनो के बीच विवाद हो गया कि किसके तीर से हरिन मरा है? विवाद इतना बढा कि दोनों वहीं तलवारें निकाल कर लड़ने लगे। किसी दरबारी का उन्हे छुडाने का साहस नहीं हुआ किन्तु एक वृद्ध राजपुरोहित यह न देख सका। पास मे जा कर समझाने लगा परन्तु दोनो भाई नहीं माने, इस पर राजपुरोहित ने कटार निकाल कर यह कह कर अपने सीने में घुसेड दी कि तुम्हे नर खून की आवश्यकता है तो यह लो। राजपुरोहित की लाश देख कर दोनो का क्रोध शान्त हुआ। प्रताप ने शक्तिसिंह को इस पर मेवाड़ से चले जाने को कहा। शक्तिसिंह अकबर से जा मिला।

३. प्रताप व मानसिंह का वैमनस्य

अकबर की ओर से मानसिंह प्रताप को समझाने के लिये उदयपुर आया। प्रताप ने उदयसागर की पाल पर उसे एक भोज दिया किन्तु राजपूतो के नियम के अनुसार भोज मे प्रताप सम्मिलित नहीं हुए और अपने पुत्र अमरसिंह को भेज

दिया। मानसिंह ने प्रताप के नहीं आने का कारण पूछा तो बताया गया कि उनके सिर में दर्द है। इस पर मानसिंह अपना अपमान समझ कर उठ गया तब तक प्रताप भी वहां आ गये उन्होने कहा कि जो अपनी बहन बेटियो को मुगलो के साथ ब्याह देते हैं उनके साथ हम भोजन नहीं करते। इस पर मानसिंह ने कहा कि मै आपके सिर-दर्द का इलाज करने के लिये शीघ्र ही आऊंगा। उसी समय किसी ने कहा कि आप आते समय अपने फूफा को भी लेते आवे। प्रताप ने भी कहा कि अगर आप स्वयं की ताकत से आयेंगे तो आपका स्वागत मालपुरा के वहां करेंगे और अकबर की सेना के साथ आये तो जहां सम्भव हुआ वहां करेंगे।

४. प्रताप व शक्तिसिंह का मिलन

हल्दीघाटी के युद्ध से प्रताप झाला मान (बीदा) के कहने से जब लौट पडे तो दो मुगल सैनिको ने प्रताप का पीछा किया। शक्तिसिंह ने जब यह देखा तो भाई का प्रेम उमड आया और मुगल सैनिको का पीछा किया। आगे एक नाले को लांघ कर प्रताप और चेटक तो आगे बढ गये किन्तु शक्ति ने मुगलो को वहीं मार गिराया और नाला लांघ कर 'ओ नीला घोड़ा रा असवार' को जोर से आवाज लगाई। प्रताप रुक गये। शक्तिसिंह पास आकर प्रताप के पैरो मे गिर पडा। उधर चेटक युद्ध में पैर कट जाने से घायल हो गया था वहीं मर गया। शक्तिसिंह ने अपना घोड़ा प्रताप को दे कर वहां से रवाना कर दिया और स्वय मरे दोनो मुगल सैनिकों मे से एक का घोडा लेकर वापस युद्ध स्थल पर आ गया।

५. प्रताप की प्रतिज्ञा

मेवाड पर मुगलों के आक्रमणों से प्रताप के अन्य सामन्तो के साहस मे कमी आने लगी। ऐसी स्थिति मे प्रताप ने सब सामन्तो को एकत्रित कर उनके सामने रघुकुल की मर्यादा की रक्षा करने और मेवाड़ को पूर्ण स्वतन्त्र करने का विश्वास दिलाया और प्रतिज्ञा की कि जब तक मेवाड़ को स्वतन्त्र नहीं करा लूंगा तब तक राजमहलो में नहीं रहूंगा, पलंग पर नहीं सोऊंगा और पंच धातु (सोना, चांदी, तांबा, पीतल, और कांसा) के बर्तनो में भोजन नहीं करूंगा।

६. कुंभलगढ़ के कुंओं में जहर

हल्दीघाटी के युद्ध के बाद प्रताप कुंभलगढ़ जाकर पुनः लडाई की तैयारी करने लगे, तब शाहबाज खां ने आकर कुंभलगढ घेर लिया और एक सामन्त को रुपयो और जागीर का लालच देकर अपने पक्ष में करके उससे कुंभलगढ के बडे कुएं के पानी मे जहर मिलवा दिया। जब मौतें होनी शुरू हुई और प्रताप को पता चला तो किले को कुछ विश्वस्त लोगो को सम्हला कर पीछे के रास्ते से पास के जंगल मे चले गये। शत्रुओ के भयंकर आक्रमणो को देख कर बाद मे किले के फाटक खोल दिये गये। राजपूत मारे गये और किले पर शाहबाजखां का कब्जा हो गया।

७ प्रताप बाल-बाल बचे

कमलनाथ-आवरगढ़ मे जब प्रताप रह रहे थे, रात्रि को शत्रुओ के आने का समाचार मिला।

प्रताप रात्रि मे ही कुछ विश्वस्त सैनिकों को लेकर उधर रवाना हुए। रास्ते में एक भील-भीलनी मिले। उन्होने प्रताप को उधर जाने से रोका किन्तु प्रताप नहीं माने। साथ के सैनिको के समझाने पर प्रताप वापस लौट पडे। सुबह होने पर जब जाने वाले सैनिकों व शत्रुओ के बारे में समाचार मालूम कराये गये तो पता चला कि शत्रु तो भाग गये किन्तु सब राजपूत सैनिक घायल पडे हुए हैं। उन्हे वहां से गढ़ में मंगवा कर उपचार किया गया। बाद मे उन भील व भीलनी की तलाश की गई किन्तु वे नहीं मिले।

८ माली को मौत के घाट उतारा

मेवाड मे मुगल सैनिको को कहीं से रसद सामग्री न मिल सके इस उद्देश्य से एलान करवा दिया गया कि कोई भी व्यक्ति खेतो मे कुछ भी न बोये। ऊटाला (वल्लभ नगर) गाव मे वहां के एक माली ने मुगल सेनिको के बहकावे मे आकर अपने खेत मे कुछ सब्जियां बो दी। प्रताप को जब इस बात का पता चला तो स्वय ऊटाला गये, स्थिति का पता लगाया और जब उन्हे सत्यता पर विश्वास हो गया तो सब्जी बोने वाले माली को मौत के घाट उतार दिया।

६. प्रताप द्वारा राज-मर्यादा का पालन

अकबर की यह इच्छा हुई कि अपनी आन पर अडे रहने वाले प्रताप के जगल के जीवन के बारे मे उसे कुछ जानकारी मिले। इस उद्देश्य से उसने अपने एक वफादार व्यक्ति को राजपूत का वेश पहना कर मेवाड भेजा। बडे प्रयत्न के बाद वह व्यक्ति एक दिन प्रताप के निवास स्थान पर पहुंचा। उसने देखा कि प्रताप एक ऊंचे पर्वत पर बैठे हुए हैं तथा पास मे बैठे सामन्तो को एक एक दोना भोजन का दे रहे हैं। अन्त में प्रताप ने स्वयं लिया और फिर सब खाने लगे। यह बात जब अकबर को मालूम हुई तो प्रताप के जंगल में भी इस मर्यादा पालन तथा अपने साथियों के साथ इस स्नेह और समानता की भावना से बड़ा प्रभावित हुआ।

१०. वनबिलाव द्वारा रोटी छीनना

धोलिया पहाड में जब प्रताप रह रहे थे उस समय उन्हे खाने के लिये अनाज नहीं मिल पा रहा था। बड़ी मुश्किल से उन्होने 'मोल' नाम के घास के बीजो को एकत्रित कराया और दो तीन रोटियाँ बनवाई। इसमे से एक रोटी का टुकड़ा लेकर उनकी राजकुमारी खा रही थी। उसी समय जगल से एक वनबिलाव आया और वह रोटी का टुकडा छीन कर भाग गया। रोने की आवाज सुन कर जब प्रताप उधर आये तथा उन्हे सब स्थिति मालूम हुई तो बडी ग्लानि हुई और उन्होंने अकबर से सन्धि करने के लिये पत्र लिखा।

११. हकीम की आदर्श भावना

एक बार प्रताप के साथी सामन्तो की कुछ औरतें सैनिकों के हाथ पड गई। मुसलमान सैनिक उन्हे कहा ले गये हैं यह पता नहीं लग रहा था। दूसरे दिन रात्रि को एक मुसलमान हकीम घोडे पर बैठ कर प्रताप के पास आया और बोला, मुझ से यह देखा नहीं जाता कि आपके सामन्त जब मुसलमा

शाहजादियां पकड लाये थे, आपने उन्हे ससम्मान वापस लौटाया था। किन्तु आज आपके शत्रु आपकी बहन बेटियों की इज्जत लूटने पर उतारू हैं। मेरे साथ चलिये और उन्हे छुडवाइये। प्रताप अपने विश्वस्त सैनिको को लेकर हकीम के साथ गये और रात्रि में ही शत्रुओ पर आक्रमण कर औरतो को छुडवा लाये। प्रताप हकीम की आदर्श भावना पर प्रसन्न हुए।

१२. यजमानों को रोटी देना और लडकी की मृत्यु

प्रताप और उनका परिवार दो तीन दिन से भूखा था। कहीं से अनाज लाकर कुछ रोटिया बनाई और सबको अपने अपने हिस्से की रोटिया दे दी किन्तु प्रताप की लडकी ने अपना हिस्सा शाम को अपने छोटे भाई को देने के लिये सुरक्षित रख लिया। कुछ देर के बाद कुछ यजमान आये किन्तु प्रताप के पास देने व खिलाने के लिये कुछ भी नहीं था। लडकी स्थिति को समझ कर बचाया हुआ हिस्सा ले आई और प्रताप को दे दिया। जब यजमान वह रोटी खाकर चल दिये तो उसके कुछ ही क्षण बाद लडकी की मृत्यु हो गई।

१३. अकबर की मूंछे काटना

एक बार उदयसागर के पास अकबर अपने परिवार के साथ विश्राम कर रहा था। प्रताप के सामन्तो को जब यह मालूम हुआ तो उन्होने प्रताप से निवेदन किया कि अकबर को अपनी शक्ति बताई जाय। प्रताप सामन्तो की बात रखने के लिए मध्य रात्रि में नाव में बैठ कर अकबर के पडाव की ओर रवाना हुए। रास्ते में एक 'सिगोतरी' (स्थानीय देवी) प्रताप को मिली। उसने प्रताप को उसकी शक्ति प्रदान की। प्रताप ने अकबर के डेरे में जाकर सोये हुए अकबर की एक ओर की मूंछ काट दी और वहां जमीन पर 'प्रताप' लिख कर आगये।

१४ अमरसिंह को प्रताप की फटकार

एक बार मध्य रात्रि में अचानक तेज वर्षा होने लगी और अमरसिंह की झोपडी मे पानी टपकने लगा। इस पर अमरसिंह व उसकी पत्नी को वहां से दूसरी जगह सोना पड़ा। इस पर अमरसिंह की पत्नी ने कहा कि यह मुसीबत कब तक रहेगी? अमरसिंह ने बताया कि जब तक दाईजी राज चाहेगे। प्रताप ने यह बात सुनली। सुबह होने पर अमरसिंह को अपने पास बुलाया और फटकार सुनाई। अमरसिंह इससे बड़ा शर्मिन्दा हुआ।

१५. मेवाड़ की पगड़ी का गौरव

एक चारण अकबर के दरबार में गया। अकबर को सलाम करते समय उस चारण ने अपने सिर से पगडी उतार कर हाथ मे ले लिया और फिर सलाम किया। इससे अकबर बडा अप्रसन्न हुआ और सिर से पगडी उतारने का कारण पूछा। चारण ने कहा कि यह पगडी मेवाड के महाराणा प्रताप की दी हुई है इस कारण यह झुक नहीं सकती। इस पर अकबर प्रसन्न हुआ और चारण को बहुत इनाम दिया।

१६. मृत्यु के समय प्रताप की चिन्ता

प्रताप मृत्युशय्या पर लेटे हुए थे। दर्द अधिक था किन्तु साथ चिन्तित भी बहुत थे। पास बैठे सामन्तों ने चिन्ता का कारण पूछा तो प्रताप ने बताया कि मेरे मरने के बाद क्या अमरसिंह मेवाड़ की रक्षा कर पायगा ? यह सुन कर सामन्तों के साथ अमरसिंह ने स्वतन्त्रता के इस संघर्ष को जारी रखने का व्रत लिया। इससे प्रताप को बड़ी शान्ति मिली। थोड़ी ही देर बाद प्रताप ने अपना नश्वर शरीर त्याग दिया।

१७. गाड़िया लोहारों द्वारा प्रतिज्ञा-पालन

'चितौडगढ़ को जब तक शत्रुओं के शासन से मुक्त न कर लेंगे तब तक चित्तौड़गढ़ में प्रवेश नहीं करेंगे,' इस प्रकार की प्रतिज्ञा प्रताप के साथ उनके कुछ सामन्तों ने की थी। इस प्रतिज्ञा को पूरी करने के लिये कुछ इन सामन्तों ने बडे पैमाने पर लोहे के शस्त्र बनाने आरंभ कर दिये। वे प्रताप को शस्त्र देते रहे। वे प्रताप के साथ घूमते रहते और जहां भी विश्राम लेते वहीं शस्त्र बनाना आरंभ कर देते। प्रताप की मृत्यु के बाद भी उन्होंने शस्त्र बनाना और घूमते रहना नहीं छोड़ा। धीरे-धीरे इनका परिवार बढ़ गया और साथ में गाडियां रखने लगे और जब चित्तोडगढ को जीतने की कोई आशा नहीं देखी तो इन्होने खेती के औजार बनाने आरंभ कर दिये। आज भी ये चित्तौड़गढ में प्रवेश नहीं करते।

१८. प्रताप द्वारा अकबर का आतिथ्य

एक समय अकबर ने प्रताप के अतिथि-सत्कार की परीक्षा लेने की ठानी। वह फकीर का वेश धारण कर प्रताप के निवास पर पहुचा। प्रताप ने उसका सत्कार किया। उस दिन प्रताप के पास भोजन नाम मात्र के लिये भी नहीं था। बडे सकट में पडे। घर पर आया हुआ महमान भूखा लौट जाय तो बडा पाप लगे। उन्होंने अपने इष्टदेव श्रीएकलिंग का स्मरण किया। उनकी कृपा से उसी समय पाँच पकवान की थाल प्रकट हुई, जिससे अकबर को तृप्त किया। जंगल में भी प्रताप की इस महमानवाजी को देख कर अकबर बड़ा आश्चर्यचकित हो कर लौटा।

※

प्रताप महिमा

जन्म उसका हुआ था जगती के मगल को
अमित अमंगल के दगल को दलने।
धरणी के धारण का कारण जो धर्म--स्तभ,
उसके विरोधी खल--मण्डल को मलने।
'श्रीपति" जो भारतीय वैभव—विलुण्ठन को
निकले लुटेरे, उन्हें चगुल में कलने।
भारत को गारत को करने बढा था, उस
शत्रु के अपार सैन्य सागर को थलने ॥

प० लक्ष्मीनारायण पुरोहित

गुजराती साहित्य में महाराणा प्रताप

—डा० भ्रमरलाल जोशी

गुजरात और राजस्थान दोनों प्रदेशों का शताब्दियों से सांस्कृतिक सम्बन्ध रहा है। भौगोलिक सीमाओं के सामीप्य के साथ-साथ प्रारम्भ से ही दोनों के आचार-विचार, रीति-नीति, वेष-भूषा कला-विकास, भाषा और साहित्यिक मूल-स्रोत प्राय: समान ही रहे हैं।1 दोनों प्रदेशो की भाषाएं अपभ्रंश के एक ही रूप से विकसित हुई हैं। सदियों पूर्व राजस्थान की कई जातियां गुजरात में और गुजरात की कई जातियां राजस्थान में जाकर बस गई हैं पर उन्हें प्रादेशिक भिन्नता कभी महसूस नहीं हुई है। गुजरात और राजस्थान के कई राजकुलों की धमनियों में एक ही वंश का रक्त प्रवाहित हो रहा है। मेवाड़ का राजवंश सौराष्ट्र से सम्बद्ध है।2 इस प्रकार मेवाड़ और गुजरात दोनों प्रदेशों का शताब्दियों से सांस्कृतिक सम्बन्ध बना हुआ है। गुजरात के एक साहित्यकार ने मेवाड़ और गुजरात के राजवंशों का सम्बन्ध बताते हुए कहा है कि मेवाड़ के महाराणाओं को जब तक सौराष्ट्र की राजकुमारी मिल सकती है तब तक वे किसी और का सम्बन्ध स्वीकार नहीं करते थे।3

मेवाड़ी वीरों के शौर्य, दृढ़निष्ठा, देशभक्ति, उदारता, टेक, स्वामी—भक्ति आदि पर गुजरात मुग्ध है। गुजरात में बापा रावल, कुंभा, मीरा, हमीर, सांगा, प्रताप और राजसिंह को लेकर प्रचुर साहित्य निर्मित हुआ है। इसमें से भी प्रताप पर तो अनेक साहित्यकारों की दृष्टि पहुंची है। प्रताप के शौर्य एवं उनकी देश भक्ति पर यहां के इतिहासकार ने अपरिमित श्रद्धा-सुमन चढ़ाये हैं।4 प्रताप जैसे मेदपाटीय वीरो के संबध में गुजरात का एक साहित्यकार तो यहा तक लिखता है कि रामायण और महाभारत के योद्धा अपने स्वार्थ के लिये लडे जबकि मेवाड़ के योद्धाओं ने अपने देश की रक्षा के लिये प्राण न्योछा-

1 'सौराष्ट्र अने राजस्थान ना आचार विचार एक सरखा, सस्कार, शौर्य अने सौंदर्यपण सरखा मेवाडनी मछगधा की भूमिका।

2 एमां ये मेवाडना राणा तो छे. सौराष्ट्रवासी मूल वल (वल्लभीपुर) ना वतनी—मेवाड़नी मछगधा, भूमिका।

3 मेवाड़पति ने ज्यां सुधी सौराष्ट्रनी राजकुवरी सांपडती त्यां सुधी अन्य राजकुवरीओना श्रीफल स्वीकारता नहि— मेवाड़ नी मछगंधा, भूमिका।

4 सिसोदियामां राणा प्रताप जेवा सद्गुण, उच्चभाव अने पराक्रमोनु दर्शन त्यार पछीनो बीजो कोई पण राजपूत करावी शक्यो नथी'— मेवाड़नी संध्या, पृ० १०

'प्रतापसिंह मां एक महत्वनो गुण ए हतो के तेमना वीरत्वमां नीचतानु चिन्ह जणातु नथी, प्रतापसिंह, पृ० ६, ले० डा० रा० मेहता—

बर किये हैं। यह कहते हुए गौरव की अनुभूति होती है कि गुजरात के साहित्यकारो ने मेदपाट को पवित्र वीर-तीर्थ के रूप में निरूपित किया है।

गुजराती में महाकवि नर्वद (सन् १८३३—१८८६) ने 'नर्म गद्य,' भाग २ (पृष्ठ ४०४—४०७) में देश के जागरण काल में सबसे पहले मेवाड एवं महाराणा प्रताप के सम्बन्ध में संक्षेप मे मेवाड़नीं हकीकत नाम से लिखा। इसके बाद कई गुजराती साहित्यकार इस ओर अभिमुख हुए। 'जूनी धंधादारी रगभूमि' सस्था ने प्रताप पर लिखित नाटको को गुजरात तथा महाराष्ट्र अनेक नगरो में अभिनीत किया। गुजरात विद्या-पीठ ग्रंथालय अहमदाबाद की रीजनल कापी-राईट लाईब्रेरी मे छोटी-बड़ी कई देशी नाटक कम्पनियो की 'प्रताप नाटक ना गायनो', 'प्रताप नाटकना गायनो अने टुकसार', 'अश्रुमति' आदि के रूप में कई छोटी पुस्तिकाएं सुरक्षित हैं। जिनमे नाटक का कथासार तथा गीत हैं। इन प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि प्रताप का चरित गुजरात में बहुत पहले से कितना लोकख्यात हो चुका था। गुजराती मे प्रताप पर लिखित नाटक, उपन्यास, कहानिया, कविताएं, जीवनचरित्र आदि उपलब्ध होते हैं।

नाटक

प्रताप सबधी गुजराती नाटको मे गणपतराम राजाराम भट्ट कृत प्रताप नाटक (१९२१ ई) नारायण हेमचन्द्र द्वारा अनुवादित बंगाली नाटक अश्रुमति (१८८७ ई.), डाह्या भाई धोलशाजी कृत अश्रुमति (१९०८ ई०), कविकान्त कृत सलीमशाह (अप्रकाशित), मणिभाई भूलाभाई पटेल कृत प्रतापसिंह, दौलतराम कृपाराम कृत महाराणा प्रताप, जयंतिलाल मेहता कृत मेवाड़ना सिंह अने बीजी वातो, झवेरचन्द मेघाणी द्वारा अनुवादित बंगाली नाटक राणो प्रताप (१९३४ ई०) मूलशंकर माणिक्यलाल कृत (संस्कृत नाटक) प्रतापविजयम् प्रधान हैं।

प्रताप नाटक गुजराती साहित्य की कृतियों मे सर्वाधिक महत्वपूर्ण कृति है। यह नाटक गुजरात के विद्यालयो में अनेक वर्षों तक पाठ्य पुस्तक के रूप में चलता रहा है और कई सस्थाओ द्वारा अभिनीत हुआ है।

कथावस्तु की दृष्टि से यह नाटक कवि नर्वद के नर्मगद्य की मेवाड नी हकीकत एव टाड कृत राजस्थान पर आधारित है। नाटक की कथा इतिहास-प्रसिद्ध है। प्रताप की स्वतन्त्रता अकबर को खटक रही थी। मानसिंह ने कई प्रलोभन देकर प्रताप को अकबर के दरबार मे लेजाने का प्रयत्न किया किंतु अन्त तक वह असफल ही रहा। मानसिंह अप्रसन्न हुआ। प्रताप को हल्दीघाटी मे मुगलो से लोहा लेना

5 भारत के रामायणमां वखाणेला जोद्धा तो मात्र तेमना स्वार्थ ने माटेज प्रख्यात थई गया, पण मेवाड ना राजपूतो तो पोताना उत्तम प्रकारना सदगुणो माटे प्रख्यात थया छे'

—मेवाडनी जाहोजलाली, पृ० ५ ले० श्री विठ्ठलभाई पनजी भाई

पड़ा। मानसिंह प्रताप को जीवित कैद करना या मारना चाहता था पर सफल नहीं हो सका। प्रताप युद्ध समाप्त होने के बाद कुम्भलगढ़ एवं फिर पहाडो में चले गये। अंत मे युद्ध के साधन एव अर्थ के अभाव के कारण उन्होने मेवाड छोड़ने का निश्चय किया। भामाशाह मेवाड़ के अर्थपति थे। उनके पास अपना पूर्व संचित काफी द्रव्य था। आपत्ति के समय उन्होने अपनी समस्त निधि प्रताप को समर्पित कर दी। प्रताप ने उस द्रव्य से पुन सेना सगठित की और युद्ध में विजय प्राप्त की।

नाटक का प्रधान रस वीररस है। वीर रस के अनेक अनुभाव एवं हावभावों का नाटक में सफल निरूपण हुआ है। हल्दीघाटी के युद्ध में मुगलो से लोहा लेने के लिए राजपूत सेना तैयार खडी है। सेनापति की आज्ञा की प्रतीक्षा है। ऐसे समय 'राजा बारोट' अपनी जोशीली वाणी मे प्रोत्साहित करते हुए कहते हैं कि वीरो! खड्ग खोल कर ऐसी हुंकार करो कि मुगलानियों के गर्भ गिर जाए--

कीकियारी करो कारमी खड्ग धरि,
गर्भ मुगलाणीना जाय तूटी।

देह तृण एव मिट्टी के समान तुच्छ है। युद्ध में विजयी वीरों को ही यश रूपी हेम कुंभ (सुवर्ण घट) की उपलब्धि होती है। अतः वीरो! इस अवसर पर चूको नहीं और अपनी 'नाक' (सम्मान) के लिए अपना सिर होड़ में लगा दो।

गात्र ने माटीना पात्र जेवु गणो,
हेमनो कुंभ जश आप बूझे,
नाकने काज निज शीश अर्पे वधु
शरीर ने तरणनी तुल्य जाणो।

नाटक मे जोधपुर, जयपुर आदि राजघरानों को मुगलो से सम्बन्ध स्थापित करने के लिए कोसा गया है। प्रताप की पत्नी महारानी को एक आदर्श वीर क्षत्राणी के रूप मे प्रस्तुत किया गया है। प्रताप----महारानी सम्वाद बहुत रोचक एवं भावोत्तेजक बना है। महारानी प्रताप को रण के लिए विदा करते समय मंगल कामनाए करती हुई कहती है कि युद्ध मे वे समस्त शत्रु--दल को भवानी के खप्पर मे होम कर विजय प्राप्त करें। वे अपने शर में राम के बाण की अमोघ शक्ति प्राप्त करें .... आदि।

कथ कोडामणा। लउं भला भामणाँ
जुद्धमा जइ भलो जश जमावो,
शत्रुदल खरग्मा ते खपावो,
रामना बाणनु बल बसो बाणमा
खड्ग मां कालिना खड्ग जेवु।
इन्द्रना वज्रनूं जोर भाले हजो
ढाल हनुमान तनु होय तेवु।

अश्रुमति नाम से दो नाटक गुजराती मे प्रकाशित हुए हैं। प्रथम है रविन्द्रनाथ ठाकुर के बडे भ्राता ज्योतिन्द्रनाथ कृत बगाली नाटक 'अश्रुमति' का नारायण हेमचन्द्र द्वारा गुजराती अनुवाद। इस कल्पित नाटक के प्रधान पात्र हैं--प्रताप की

कुंवरी अश्रुमती और अकबर-पुत्र सलीम। कथा-वस्तु हल्दीघाटी के युद्ध से प्रारम्भ होती है। युद्ध के बाद एक मुगल सेनापति फरीद अश्रुमती का अपहरण कर लेता है और उससे विवाह करना चाहता है। अश्रुमती सलीम को चाहती है जबकि प्रताप का भ्राता शक्तिसिंह कवि पृथ्वीराज से उसका विवाह करना चाहता है। सम्पूर्ण कथानक में ऐतिहासिक तथ्यों की उपेक्षा की गई है। नाटक में प्रताप को धीर, दृढप्रतिज्ञ और स्वातंत्र्य प्रेमी योद्धा के रूप में प्रस्तुत किया गया है। नाटक के अन्तिम भाग मे मृत्यु शैया पर पडे हुए जब प्रताप अन्तिम श्वास गिन रहे थे वे अश्रुमती को आजन्म ब्रह्मचारिणी रह कर शिवाराधना का प्रायश्चित विधान करके दम तोडते हैं। डाह्याभाई घोलशाजी झवेरी कृत अश्रुमती नाटक की कथावस्तु कुछ भिन्न है। उसमे प्रताप का मुगलो द्वारा कैद किया जाना, शक्तिसिंह एव पृथ्वीराज द्वारा अपहरण से मुक्ति आदि घटनाएं दी गई हैं। स्पष्ट है इन नाटको की घटनाए इतिहास सम्मत नहीं हैं।

प्रतापसिंह नाटक की कथावस्तु 'प्रताप नाटक" के समान ही है कुछ नये स्त्री पात्र जोड दिये गये हैं। राणो प्रताप की कथा वस्तु भी टाड कृत राजस्थान पर आधारित है। इसमे मुगल राजकुमारियो से सम्बन्धित कल्पित घटनाओं का समावेश किया गया है तथा अकबर की कामुकता, नवरोज का मेला और पृथ्वीराज की पत्नी का अपने सतीत्व की रक्षा जैसी बातें भी प्रस्तुत की गई हैं। प्रतापविजयम् संस्कृत नाटक मे हल्दीघाटी के युद्ध का वर्णन अत्यन्त ही मार्मिक एव वीररस के भावों से ओतप्रोत है।

उपन्यास

गुजराती साहित्य मे महाराणा प्रताप के जीवन और आदर्शों को आधार बना कर कई उपन्यासो की रचना की गई है। इनमें मुख्य हैं-- रमणलाल वसन्तलाल देसाई कृत शौर्य तर्पण (१९५१ ई०) वसन्त कृत मेवाड नी सध्या (१९०८ ई०), ना० वि० ठक्कर कृत हल्दीघाटी नु युद्ध (१९०६ ई०), छगनलाल अमयाराम कृत प्रतापी प्रताप (१९४६ ई०) गोपालजी वीरमजी कृत मेवाड़ केसरी (१९५२ ई०) तथा डाह्याभाई रामचन्द्र मेहता कृत वीर श्रेष्ठ महाराणा प्रताप-सिंह (१९१४)। शौर्य तर्पण के लेखक रमणलाल वसन्तलाल देसाई गुजराती के प्रसिद्ध उपन्यासकार हैं। मेवाड के राजवश को लेकर आपने तीन उपन्यास लिखे हैं-- मेवाड नो अरुणोदय' 'पहाड़ना पुष्पो' और 'शौर्य तर्पण'।

मेवाड़नो अरुणोदय बापा रावल को लेकर लिखा गया है। पहाड़ना पुष्पो में महाराणा उदयसिंह तथा उनकी प्रेयसी मालिन नन्दिनी के प्रेम का विस्तारपूर्वक चित्रण किया गया है। तीसरा उपन्यास शौर्य-तर्पण प्रताप के चरित्र से सम्बद्ध है। प्रताप के राज्यासीन होने से लेकर उनके अन्तिम क्षणों तक का इसमें विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। उपन्यास में प्रताप के साहस, शौर्य, और अटूट सघर्ष का बड़ा मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया है।

प्रताप अन्तिम दम तक स्वतन्त्र रहने की अपनी 'अणनम टेक' पर दृढ़ रहते हैं। उपन्यास के प्रारम्भ से ही एक अवान्तर प्रेम कथा भी चलती है, वह है सामन्त-पुत्री गौतमी एव ग्वालियर के तंवर राजकुंवर शालिवाहन की प्रेम-कथा। इस कथा में कुंभलगढ़ के रक्षक देवराज को खलनायक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वह विश्वासघात करके कुंभलगढ़ मुगलों को देदेता है। गौतमी इसका बदला उसका वध करके लेती है। उपन्यास के अन्तिम भाग में प्रताप भामाशाह के द्रव्य से मेवाड पर विजय प्राप्त कर लेते हैं, फिरभी मेवाड का हृदय चित्तोड़ उन्हें प्राप्त नहीं होता है। प्रताप की आशा अधूरी ही रह जाती है।

उपन्यास में अनेक मर्मस्पर्शी दृश्य प्रस्तुत किये गये हैं। प्रताप मातृभूमि मेवाड़ को त्यागने के लिए तैयार हो रहे हैं। मेवाड़ से विमुक्त होने से पूर्व प्रताप की वीर पत्नी अश्रु-जल से भगवान सूर्य का तर्पण करती हैं। प्रताप के पूछने पर वह उत्तर में कहती है—"महाराज ! हजी सूर्य अस्त थया नथी बीजा कोईनुं नहिं तो आपणा आ सनातन पूर्वजनुं एकाद बिंदु वडे तो तर्पण करवुं पड़े-ने ? (पृ० २६२)

चरित्र—चित्रण की दृष्टि से प्रताप, झाला सरदार, कुंवर शालिवाहन, बभ्रु, देवराज आदि महत्वपूर्ण पात्र हैं। उपन्यास में प्रताप के चरित्र का विकास अच्छी तरह हो पाया है। वे एक ओर जहां वत्सल प्रजा-पालक हैं तो दूसरी ओर कठोर शासक भी।

मेवाड़नी संध्या अथवा प्रेमनी आहुती भी प्रताप के जीवन से सम्बन्धित उपन्यास है उनके जीवन के अंतिम दिन बड़ी निराशा में व्यतीत हुए। प्रताप मेवाड को किसी भी भांति स्वतन्त्र रखना चाहते थे। पर उनके बाद उन्हें अन्धकार ही दिखाई पड़ता था। दो कुंवरों मे से एक अजीतसिंह एक युवती के प्रेम में पड कर युवती के साथ ही पूर्णा नदी में समाधि ले चुका था। और दूसरे अमरसिंह में भी कोई विशेष दृढ़ता नहीं दिखाई दे रही थी। लेखक ने कृति का नाम 'मेवाडनो संध्या' रखा है, क्योंकि प्रताप को लेखक ने मेदपाट की उस अंतिम किरण के रूप में देखा था जिसके अस्त हो जाने के बाद मेवाड़ की धरती सदा के लिए वीर-विधुरा हो गई। 'प्रेमनी आहुती' जो इस उपन्यास का दूसरा शीर्षक है उसका संबंध कुंवर अजीतसिंह और उसकी प्रेयसी लक्ष्मी की प्रेम-कथा से है जिसका कि उपन्यास में विशेष महत्व है। पूर्णा नदी के तट पर अजीतगढ़ आज भी दोनों के प्रेम का साक्षी माना जाता है।

प्रताप के यश के वर्णन में लेखक ने यत्र-तत्र प्रताप सम्बन्धी प्राचीन राजस्थानी भाषा के पृथ्वीराज, दुरसा आढा आदि द्वारा रचित दोहों का प्रयोग भी किया है।

ऐतिहासिक घटनाओ को लेखक ने अपनी कल्पनानुसार परिवर्तित कर दिया है। उपन्यास की भाषा अलंकृत एव प्रांजल है। इसमें वीर एव शृंगार दोनों की धाराए समान गति से प्रवाहित हुई हैं।

मेवाड़ केसरी याने हिंदवो सूर्य रचना में पद्य का मिश्रण होने से इसे हम चपूकाव्य भी कह सकते हैं। सूर्य वंश का प्रभाव बतला कर बापा रावल से ही कथा प्रारम्भ की गई है। प्रताप एवं मानसिंह का काव्यमय संवाद भाव-पूर्ण एवं प्रभावोत्पादक है। प्रताप मानसिंह से कहते हैं कि यवनों के उच्छिष्ट से तोंद बढ़ा रखी है, किसी दिन मर्द से पाला पड़ेगा तो गत बिगड जायगी।

यवनो की जुठ से वढ़ायो शरीर ताको,
पारखो पडेगो जवे, मरद वो मुछालो है। (पृ. ६१)

प्रताप के अंतिम क्षणों का वर्णन अतीव कारुणिक है।

'उदयपुरना वीर श्रेष्ठ महाराणा प्रताप' उनके जीवन पर आधारित इस उपन्यास में प्रताप के व्यक्तित्व को लेकर लेखक ने जो कुछ कहा है वह काफी महत्वपूर्ण है। प्रताप को उपन्यासकार ने सच्चे वीर के रूप मे चित्रित किया है। वह कहता है 'प्रतापसिंह मा एक महत्वनो गुण ए हतो के तेमना वीरत्व मा नीचतानुं चिन्ह जणातुं नथी' (पृ. ६)। वीर तो कई होते हैं पर उनकी वीरता अनैतिकता आचरणो के कीचड में फंसी हुई होती है। मानसिंह ऐसा ही था जिसकी वीरता परवशता के कर्दम मे फसी हुई थी। स्वधर्म पर ही आघात करना वीरोचित काम नहीं है।

काव्य

राजस्थान में जिस प्रकार डिंगल-साहित्य निर्मित हुआ है, उसी प्रकार गुजरात में भी चारणी-साहित्य लिखा गया है। डिंगल की भांति यह भी प्रायः वीरों के यशोगान से ही सम्बद्ध है। संभव है प्रस्तुत विषय पर गुजरात के चारणो, भाटों और बारोटो ने पर्याप्त लिखा हो। चारणी साहित्य पर गुजरात के साहित्य-कार श्री झवेरचन्द मेघाणी की 'चारणो अने चारणी-साहित्य' रचना मिलती है, पर इसमें भी प्रस्तुत विषय पर विशेष प्रकाश नहीं डाला गया है। गुजरात में कई हस्तलिखित ग्रन्थ भण्डार भी हैं। संभव है उनमें भी अनुसन्धित्सुओं को बहुत कुछ मिल सके। मुझे प्रस्तुत विषय से सम्बन्धित दो रचनाएं प्राप्त हुई हैं:—

१. पुरोहितनी राजभक्ति तथा २. हल्दीघाटी नुं युद्ध।

दोनो रचनाए गुजरात के प्रसिद्ध कवि अरदेशर फरामजी खबरदार की हैं। दोनो ही अतीव प्रसिद्ध एवं रसपूर्ण रचनाएं हैं। ये रचनाएं पाठ्य पुस्तकों में भी वर्षों से चल रही हैं।

पुरोहितनी राजभक्ति रचना 'आपणा खड काव्यो' संग्रह में छपी है। आखेट के समय प्रताप और शक्तिसिंह में पहले कुछ कहा-सुनी हो जाती है और फिर दोनों खड्ग तान कर एक दूसरे पर टूट पडते हैं। राजवंश की रक्षा के लिए अन्त में पुरोहित अपनी बलि देता है। कवि ने बड़ा मर्म-स्पर्शी वर्णन प्रस्तुत किया है—

…कूदी कूदा उछली उछली, सिंह शृंगार राखे,
राता ताता उभय कुंवरो, युद्ध नैपुण्य दाखे,
ऊभा ऊभा अवरजन सौ ध्रूजता मीट मांडे,
वृक्षो ध्रूजे ऊभेलां, अनिल घूघवतो घोर त्यां घोष पाडे

राजभक्त पुरोहित से यह दृश्य देखा न गया और उनका द्वन्दयुद्ध रोकने के लिए अपने प्राण उत्सर्ग कर दिये—

भोंकीने ते कटारी झट निज उरमा त्यां पड़ी रक्त डूबे
लड़ता कुंवरो मध्ये विप्रनो देह तर्फडे

दूसरी कविता "हल्दीघाटी नु युद्ध" है। इसका कथानक खड काव्य के जितना व्यापक है। प्रताप अपने सरदारो का युद्ध के लिए आह्वान करते हैं:—

वीरा ! झट चालो रणमा
हर हर हर नादे घूमता,

प्रताप का आह्वान सुनते ही चूंडावत,सांगावत, राठोड, सिसोदिया, झाला, चौहान, परमार आदि सहस्त्रों वीर मुगल सेना पर मृगों पर सिह की भांति टूट पडे। भीषण मार-काट शुरू हुई। वीरों के रुंड-मुंडो से धरती पट गई। अकेले प्रताप की मार से सैंकडो वीर धरती पर लोट गये।

आकाश धरा त्या कंप्या,
रणक्षेत्रे आरभायो,
ढगना ढग वीरो पडता,
लडता अगणित मोगल ने,

× × ×

डोल्या चोडे ब्रह्माड !
शो भीषण हत्या काड !
नहि शवनो काइ सुमार,

× × ×

राणाए राखी रंग,
निज अश्वे मारी छलंग,

× × ×

छे प्रताप केरू आज।
ते घुमी रह्यो सिहराज,

सम्पूर्ण कविता वीर रस से पूर्ण है। अन्त में कवि प्रताप को लेकर कहता है कि उनका यश और उनके वीरोचित कर्मो को भारत सदा याद रखेगा——

राणाए ते दिन अते,
पण जगते जोयो ल्हेनी,
नथी भारत जन कदी भुल्यां,
सहु स्मरे प्रताप अने ते।

कवि अन्त में कहता है कि प्रताप के शौर्य के इन गीतों का जो स्मरण करेगा वह जीवन के किसी भी क्षेत्र में असफल नहीं होगा, निराश नहीं होगा, 'करमाएगा' नहीं अर्थात् म्लान नहीं होगा—

छे धन्यज तम तलवार,
कदी करमाशे पलबार ?
तमशौर्य गीतो नरनार,
शूरा बावीश हजार

इतिहास

गुजराती में प्रताप विषयक दो इतिहास ग्रन्थ मिलते हे—

१ मेवाड़ नी जाहोजलालो
२ मेवाड़ना अणमोल जवाहिर याने आत्मवलिदा।

प्रथम ग्रन्थ १५ प्रकरणो मे विभक्त है। सूर्य वंश की उत्पति से लेकर महाराणा राजसिंह

तक के मेवाड़ के राजवंश का इसमे वर्णन किया गया है। इतिहासकार मेवाड का 'जाहोजलालो' (वैभव) का काल महाराणा राजसिंह तक ही मानता है, अतः इसमे राजसिंह तक का ही वर्णन किया गया है। जैसा कि स्वयं लेखक का कथन है उसने यह ग्रन्थ जाति, धर्म, सम्प्रदाय आदि के संकुचित घेरे से मुक्त रहकर तटस्थ दृष्टि से लिखा है। इस ग्रन्थ के मूल-स्रोत हैं--कर्नल टॉड कृत राजस्थान, उसके संपर्क मे आने वाले अनेक राज बारोट, चारण और भाट, मेवाड की यात्रा करके लौटे हुए अनेक यात्री। अध्ययन से लगता है कि ग्रन्थ महत्वपूर्ण है। इसकी कई आवृत्तियां निकल चुकी हैं। लेखक को इसकी आठवीं आवृत्ति उपलब्ध हुई है। ग्यारहवा प्रकरण महाराणा प्रताप से सम्बद्ध है।

दूसरा ग्रन्थ 'मेवाड ना अणमोल जवाहिर याने आत्म बलिदान' है। जो काफी बडा होने पर भी उतना महत्वपूर्ण नहीं है। इसमे महाराणा कुंभा से लेकर महाराणा फतहसिंह तक का वर्णन किया गया है। ग्रन्थ मे स्थान स्थान पर ऐतिहासिक स्थानो के चित्र भी दिये गये हैं। जैनियो की उदारता का वर्णन काफी बढा-चढा कर किया गया है, जिससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि महाराणाओं के वर्णन के साथ जैनियो का कीर्ति-गान करना प्रमुख प्रयोजन रहा है।

इनके अतिरिक्त 'चारणो अने चारणी-साहित्य' मे पृ० १८८ पर चारण कवि केशरीसिंह सोन्याणा के 'प्रताप चरित्र' ग्रन्थ का भी उल्लेख मिलता है, जो प्रकाशित हो चुका है।

उपर्युक्त कृतियों के अतिरिक्त 'भारतना भडवीरो', 'भारतना वीर पुरुषो' जैसे अनेक ग्रन्थो में प्रताप विषयक कहानियां, जीवन चरित्र आदि प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। प्रताप पर गुजरात मे बालसाहित्य भी लिखा गया है वीररस-पूर्ण छोटी छोटी बालपुस्तिकाएं पुस्तकालयो में काफी संख्या मे संग्रहीत हैं।

यहा यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि गुजराती में ही नहीं अपितु देश की बंगला, मराठी, आदि इतर भाषाओ में भी समान काल में प्रताप पर साहित्य लिखा गया है। प्रताप पर ही नहीं किंतु शिवाजी, गुरू गोविन्द सिंह आदि पर भी प्रचुर साहित्य निर्मित हुआ है। इस साहित्य निर्माण के पीछे एक महत्वपूर्ण उद्देश्य रहा है, स्वतन्त्रता के लिए देश को जाग्रत करना। १९ वीं सदी में देश को स्वतन्त्र बनाने की एक प्रचंड लहर देश के एक छोर से दूसरे छोर तक व्याप्त हो गई थी। प्रताप, शिवाजी गुरू गोविन्दसिंह जैसे स्वतन्त्रताप्रिय वीरो के माध्यम से साहित्यकारो ने इस स्वातंत्र्य--लहर को चेतनाशील एवं आन्दोलित बनाये रखने का यत्न किया। प्रताप पर जो साहित्य देशव्यापी भाषाओ में लिखा गया, उसके पीछे भी साहित्यकारों की यही बलवती भावना रही थी। अवश्य ही साहित्यकारो ने अपना दर्शन कल्पना एवं अतिशयोक्ति का सहारा लेकर, ऐतिहासिक तथ्यो को तोड मरोड़ करके तथा कहीं कहीं भद्दे रूप में भी प्रस्तुत किया है।

महाराणा प्रताप : कुशल शासक, चतुर कूटनीतिज्ञ एवं योग्य सेनापति

– डा० देवीलाल पालीवाल

भारतीय इतिहास के महान् साम्राज्य निर्माता और विजेता सम्राट अकबर के विरुद्ध लगभग २० वर्षों तक सफल युद्ध का संचालन करने वाले और विशाल साम्राज्य के मध्य एक टापू के समान स्थित मेवाड़ की स्वतन्त्रता को कायम रखने वाले महाराणा प्रताप के कूटनीतिक, प्रशासनिक, एव सैनिक गुण इतिहासकारो की दृष्टि से उपेक्षित रहे हैं। इतिहासकारो ने प्रताप के आदर्श, सघर्ष और त्याग एवं बलिदान की चर्चाए तो गई की है किन्तु प्रताप के व्यक्तित्व के गुणों की ओर ध्यान नहीं दिया गया है और प्राय: यह मान लिया गया है कि प्रताप में एक कुशल शासक के गुणो का अभाव था। अकबर और प्रताप के व्यक्तित्वो की तुलना करते हुए डा० आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव कहते हैं, "यद्यपि प्रताप के राज्य की भूमि, भौतिक साधन और जनशक्ति अकबर से अत्यधिक कम थी, फिर भी वह साहस, वीरता, चरित्र की दृढ़ता, देशभक्ति सैनिक प्रतिभा और वास्तव मे नेतृत्व के सभी गुणो मे अकबर के समकक्ष था, प्रताप में कमी थी तो सिफ रचनात्मक योग्यता, दृष्टि की व्यापकता, राजनैतिक अन्तर्दृष्टि और राजनीतिज्ञता की।" किन्तु प्रताप का दीर्घकालीन अटूट सघर्ष, सफलता तथा परिणाम एवं तत्कालीन ऐतिहासिक प्रमाणो का अध्ययन प्रताप के उन गुणो को प्रकट करते हैं, जिन्हें डा. श्रीवास्तव अपने अध्ययन में एक जगह अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार करते हैं,2 किन्तु दूसरे स्थान पर उनको अस्वीकार करते हैं। यह सही है कि प्रताप अकबर के मुकाबले एक अत्यन्त ही छोटे राज्य का स्वामी था, उससे उसके शासकीय गुण कम नहीं हो जाते बल्कि उसकी सैनिक एव राजनैतिक सफलताओ के कारण, उसके वे गुण अधिक उजागर होते हैं।

कुशल शासक

१५७२ ई० में प्रताप के राज्यारोहण के समय मेवाड का समस्त मैदानी भाग, माडलगढ एव चित्तौडगढ़ सहित, मुगलो के आधीन था और सिर्फ पर्वतीय भाग ही राणा के अधिकार मे था। मैदानी भाग को वापस हासिल करना एक दु साध्य कार्य था, किन्तु पर्वतीय भाग की मुगल सेनाओ से रक्षा करना भी उतना ही कठिन कार्य था। १५६८ ई० मे चित्तौड-पतन के लगभग चार वर्ष बाद गोगूदा मे महाराणा उदयसिंह की मृत्यु हुई उस समय तक पहाडो मे यत्र-तत्र विचरण के

1 A, L Srivastava Akbar the Great, vol I, P 197
2 Ibid, P 222-224

बाद महाराणा ने गोगूंदा को सामरिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से प्रधान केन्द्र स्थल बनाया था। इसके अतिरिक्त उदयपुर और कुम्भलगढ़ दो अन्य प्रधान स्थान थे जहां मेवाड़ की सैन्य टुकड़ियां एवं प्रशासनिक अधिकारी रहते थे। उदयसिंह के काल में ही उदयपुर को अपेक्षाकृत कम सुरक्षित स्थान होने से मेवाड की राजधानी नहीं रखने का निर्णय कर लिया गया था।

महाराणा प्रताप का राज्यारोहण गोगूंदा में हुआ और जश्न कुम्भलगढ़ मे मनाया गया। उसके दो वर्ष पूर्व १५७० ई० में अकबर के नागोर दरबार तक राजपूताना की लगभग सभी बडी शक्तिया अकबर के अधीन होगई थी। गुजरात विजय के बाद अकबर ने मेवाड के दक्षिणी भाग में स्थित शेष छोटी राजपूत शक्तियों को विजय कर मेवाड के पर्वतीय भाग को घेर लेने का निश्चय किया ताकि यदि प्रताप मुगल अधीनता स्वीकार न करे तो मुगल सेनाएं चारो ओर से मेवाड़ के पर्वतीय भाग में प्रविष्ठ होकर प्रताप को पराजित कर सके। अकबर मेवाड को अकेला कर घेरने में अवश्य सफल हुआ, किन्तु उसकी प्रबल सैन्य शक्ति और कूटनीति प्रताप को पराजित करने और झुकाने मे सफल नहीं हुई।

प्रताप और उसके सहयोगियो ने मेवाड की स्वतन्त्रता की रक्षा का निश्चय तो कर लिया किन्तु दुर्गम एव विकट पर्वतीय प्रदेश में दीर्घकालीन युद्ध के लिये समुचित प्रशासनिक, सामरिक एवं आर्थिक व्यवस्था करना सरल कार्य नहीं था

प्रशासनिक व्यवस्था की दृष्टि से प्रताप के सन्मुख कई समस्याएं थी—

१. मुगल सैनिको से रक्षा के लिए स्वयं के परिजनों, स्त्री-बच्चों और सामन्तों के परिजनों को ऐसे सुरक्षित स्थलो पर रखना जहां उनकी रक्षा हो सके और उनका भरण-पोषण भी हो सके और सकट के समय उनको तत्काल स्थानांतरित किया जा सके

२. राज्य के कोष, शस्त्रागार, अन्न भण्डार आदि के लिये सुरक्षित स्थलो की व्यवस्था करना।

३. राज्य की अर्थ व्यवस्था, पैदावार, उद्योग धन्धे, व्यापार आदि की पर्वतीय भाग मे इस भाति व्यवस्था करना, जिससे मेवाड़ का समस्त सैन्य सगठन सुचारू रूप से संचालित किया जा सके, जन-जीवन की सामान्य आवश्यकताएं पूरी की जा सके और साथ ही शत्रु को उनका लाभ न मिल सके।

४ प्रशासनिक एव सैन्य व्यवस्था का इस भाति विकेन्द्रीकरण करना कि शत्रु के आक्रमण उसको एक साथ छिन्न-भिन्न न कर सके।

५ सैन्य व्यवस्था को इस भाति सगठित एव संचालित करना, जिससे कि अल्प संख्या में होते हुए भी पर्वतीय भाग में बहुसख्यक मुगल सेना की कार्यवाहियो को बेकार कर सके और उसका अधिकाधिक विनाश कर सके।

६ पर्वतीय भाग में रहने वाले सम्पूर्ण जन-समुदाय के दैनिक जीवन एव कार्यकलाप को इस

भांति सचालित करना कि वे अपना व्यवसाय कर सकें, स्वयं की सुरक्षा कर सके और शत्रु को हानि पहुंचा सके।

७. एक ऐसी तीव्रगामी संदेशवाहक व्यवस्था तथा गुप्तचर व्यवस्था का गठन करना जो शत्रु की गतिविधियों के बारे में अटूट रूप से सूचना दे सके।

८. पर्वतीय भागो में सैनिक आवश्यकताओं की दृष्टि से माल, असबाब ढोने की समुचित व्यवस्था करना।

महाराणा प्रताप ने बडी चतुराई, कौशल और दृढ़ता के साथ मेवाड की सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था को सामरिक आधार [war-footing] पर रखा। निस्सदेह ही अरावली पर्वतमाला में रहने वाली आदिवासी भील जाति ने प्रताप की अनेक समस्याओं को हल करने में बडा सहयोग दिया।

राजपूत परिवार के स्त्री-बच्चों की सुरक्षा का उत्तरदायित्व इन लोगों ने इतनी खूबी से निभाया कि एक बार भी ऐसा अवसर नहीं आया जबकि कोई स्त्री-बच्चे मुगल सैनिकों के हाथो मे पडे हो।[3]

इसी भांति रसद आदि लाने-लेजाने, संदेश-वाहन और गुप्तचर विभाग के कार्य-संचालन में भील लोगों ने बड़ा सहयोग दिया। ये पहाड़ों के गुप्त और विकट मार्गों से परिचित थे और बिना थके मीलों तक पहाड़ों की चढाइयां पार कर लेते थे। किलकारी मारकर अथवा ढोल बजाकर संकेतो द्वारा वे एक पर्वत से दूसरे पर्वत पर सदेश पहुँचा देते थे। इसके अतिरिक्त इनका सबसे बडा गुण था, वफादारी। शत्रु कभी भी इनसे गुप्त भेद प्राप्त नहीं कर सका। ये लोग एक साथ पहाड़ो में खेती करते, अवसर आने पर धनुष-बाण आदि लेकर लड़ते और संदेश लाने-लेजाने का कार्य करते रहते।

अरावली पर्वतमाला के घने स्थानो मे जगह जगह पर गुप्त कन्दराएं विद्यमान है, जहां पर प्रताप ने कोष, शस्त्र तथा अन्य साधन जमा रखे। ऐसी कन्दराओं में चावंड के पास की जावरमाला, गोगून्दा के पास की मायरा और मचीन आदि की गुफाएं प्रधान हैं। प्रताप का धन अथवा सैन्य सामान कभी शत्रु के हाथ में पडा हो, ऐसी घटना नहीं मिलती।

अरावली के इस भाग के कई पर्वत बीस-बीस मील लम्बे और छ-छः मील तक चौड़े हैं जिनमें

3. मान्यता है कि राजपूत परिवारो के स्त्री-बच्चो को छप्पन के घने पर्वतीय भूभाग से सटी हुई आवर पर्वतश्रेणी में कमलनाथ पर्वत पर रखा गया था। यह पर्वत इतना विशाल है कि इस पर पानी की बहुतायत है और कृषि हो सकती है। इस पर्वत पर जगह जगह पर खडहर मिलते हैं। संकट के अवसर पर भील लोग उनको शीघ्रता से अन्य स्थान पर पहुचा देते थे। एक बार ऐसे ही संकट के अवसर पर पानरवा का ठाकुर महाराणा प्रताप की वृद्ध मां को पीठ पर लादकर पहाड लांघ गया। उससे पानरवा के ठाकुर को 'राणा' पदवी मिली। [सावलदान आशिया की बही के आधार पर]

पानी और खाद्य सामग्री की बहुतायत रहती है। इसके अलावा इन पर्वतो के मध्य पठारी भाग अत्यन्त उपजाऊ है। इस भाग में वर्षा अच्छी होने से अकाल बहुत कम पडते है। मुगल आक्रमणों के बावजूद प्रताप ने कृषि पैदावार की ऐसी व्यवस्था रखी जिससे उसके हजारों सैनिक कभी भी खाद्य सामग्री के अभाव में नहीं रहे। जब कभी मुगल सेना का अभियान होता घाटियो में बसने वाले लोग बडे पर्वतों के घने भागो मे चले जाते जिनमें घुसना मुगलो के लिए सस्ती मौत को बुलावा देना होता था।

यह प्रताप की प्रशासनिक कुशलता का ही परिणाम था कि बीस वर्ष तक ३०० मील के छोटे पर्वतीय घेरे में मुगल सेनाओ के अनवरत आक्रमण--प्रवाहो एव विध्वस के बीच भी उसका शासन जीवित रहा। उसकी व्यवस्था छिन्न-भिन्न नहीं हुई और उसके सहयोगियो एव जनता का मनोबल सदा दृढ़ रहा।

योग्य सेनापति

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, प्रताप ने अपनी सेना का नवीन ढग से गठन और संचालन किया। प्रताप की सेना के मुख्य रूप से दो भाग ही रहे–पैदल सेना एव घुडसवार सेना। मेवाड की सेना कई टुकडियो में विभाजित की जाकर देश के महत्वपूर्ण सामरिक स्थानो पर तैनात की गई। हल्दीघाटी के युद्ध के बाद सामान्यत. छापामार (guerrilla) युद्ध-प्रणाली का उपयोग किया गया। इस प्रणाली के अनुसार मुगल सेना का सीधा मुकाबला नहीं किया जाता था। सैनिक टुकडी गुप्त स्थान से निकलकर तेजी के साथ मुगल थानो अथवा हमलावर सेनाओ पर यकायक हमला करती, मुगल सैनिकों को मारकर और रसद, शस्त्र आदि लूटकर तेजी के साथ वापस गायब हो जाती थी।

प्रताप की छापामार युद्ध--प्रणाली से मुगल सेना सदा आतंकित रही। गोगूंदा से जिस दुर्दशा के साथ मानसिंह मेवाड़ से लौटा यह सर्व विदित है। मेवाड में मुगल थाने कभी भी सुरक्षित एव स्थायी नहीं रहे। मुगल सेना का रसद–मार्ग सदैव असुरक्षित रहा। प्रताप ने जमीन फूंको नीति का, जिसे आधुनिक काल में scorched earth policy कहते हैं, अनुसरण किया। जिस भू-भाग पर मुगल सैनिक आधिपत्य जमा लेते वहां के लोग अपना माल असबाब लेकर पर्वतो मे चले जाते, साथ मे कृषि आदि बरबाद करके जाते और कुछ भी उपयोगी सामान शत्रु के लिये नहीं छोडते थे। यही कारण था कि मेवाड में हर मुगल अभियान असफल हुआ और मुगल सैनिक पर्वतो के घने भागो मे प्रविष्ठ होने से सदा कतराये।

प्रताप के सैनिक साधारण वेशभूषा वाले होते थे और तीव्र गति (swift march) और यकायक आक्रमण (sudden attack) मे प्रवीण होते थे। उनका साधारण भोजन प्राय: वे कपडे में लपेट कर कमर पर बांध कर रखते थे, जिससे तेजी से एक स्थान दूसरे स्थान के लिये

४ ऐसे पर्वतो मे जरगा, आवर, मालदेव, जावर, राहुग, कुम्भलमेर, मछावला, भाडेर, नाहेसर आदि प्रधान हैं।

प्रस्थान करने में सरलता रहती थी। प्रताप की सैन्य व्यवस्था सदा इतनी सुसगठित रही कि शत्रु कभी भी चैन से नहीं रहा। इतना ही नहीं समय समय पर मेवाड के सैनिक,मेवाड़ के बाहर,गुजरात, मालवा, आमेर आदि इलाको मे यकायक धावा मार कर मुगल सेना को नुकसान पहुँचाकर और लूटमार करके सुरक्षित लौट आते थे। शस्त्रास्त्रो का निर्माण, अश्वशालाओ की व्यवस्था, सैनिको का प्रशिक्षण, सेनाओं के लिये खाद्य-सामग्री तथा अन्य वस्तुओ की समुचित व्यवस्था, सेनाओ का अनुशासन, विभिन्न सैन्य टुकड़ियो के बीच समन्वय और केन्द्रीय संचालन आदि सभी कार्य बडे सुनियोजित प्रकार से चले, जिसके परिणामस्वरूप प्रताप को सफलता पर सफलता मिली और धन-जन की कम से कम हानि हुई। प्रताप के समय में, चित्तौड़-पतन के बाद, योद्धाओ की एक नवीन पीढी भी खडी हो गई। दिवेर के युद्ध की विजय के यही कारण थे और जब सन १५८६ में अकबर का ध्यान राजपूताना से हटकर उत्तरपश्चिम की ओर गया तो कुछ ही समय मे चित्तौड और मांडलगढ को छोड़ कर प्रताप ने मेवाड़ का लगभग सम्पूर्ण मैदानी भाग भी विजय कर लिया। प्रताप के बाद जब १५९७ ई० में अमरसिंह गद्दीनशीन हुआ तो उसके पास पूर्ण शस्त्रास्त्र से सज्जित यथेष्ट मात्रा मे सेना विद्यमान थी।

प्रताप की रक्षात्मक युद्ध-व्यवस्था में समय समय पर मुगल प्रदेशों पर आक्रमण करने की नीति शामिल थी, जिसका प्रयोजन मुगलो को जन धन की हानि पहूंचाने और मेवाड़ी सेना के लिए रसद, शस्त्रास्त्र आदि प्राप्त करने के अतिरिक्त मेवाड पर आक्रमण करने वाली शत्रु-सेनाओं का ध्यान बटाना और उनके आक्रमण में शिथिलता पैदा करना था। जब मुगल सैनिक कुंभलगढ, गोगूंदा आदि स्थानों में उलझे होते, उस समय प्रताप और उसकी टुकडियां मालवा,गुजरात आदि इलाकों की ओर धावा मारते होते थे। महाराणा प्रताप का चावड को मेवाड़ की राजधानी बनाना उसके उत्तम रणनीतिज्ञ होने का प्रमाण है। चावड की उपजाऊ घाटी चारो ओर घनी,विशाल एवं विस्तृत पर्वतमालाओ से घिरी हुई हैं। इस घाटी में प्रवेश करने के मार्ग अति दुर्गम एवं विकट हैं। इससे यहाँ पर शत्रु सैनिको के आकस्मिक आक्रमण का भय नहीं रहता था और शत्रु के प्रवेश को रोकना आसान होता था। यहा शत्रु के पहुचने पर राजधानी की सम्पूर्ण व्यवस्था को इससे सटे हुए अरावली के अत्यन्त विकट भाग छप्पन प्रदेश के गुप्त भागो मे लेजाना आसान होता था। इस घाटी की उपजाऊ भूमि और पानी की बहुतायत के कारण राज परिवार, सैनिको एव उनके परिजनो के जीवन-यापन की दृष्टि से पूरी सुविधा रहती थी।

चावड को राजधानी बनाने से अकबर की मेवाड़ को घेरकर अकेला करने की नीति भी असफल होगई। यहां रहने से प्रताप के लिये सिरोही ईडर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, गुजरात आदि प्रदेशों मे निकट सम्पर्क बना रहा। इन प्रदेशो के मुगल विरोधी तत्वो का सहयोग प्राप्त करना आसान हो गया, यहा तक कि इन प्रदेशो के मुगलाधीन शासकों से भी समय-समय पर मदद प्राप्त करना सभव

हुआ। इसके अतिरिक्त अपनी दक्ष गुप्तचर व्यवस्था की सहायता से यदा कदा मेवाड़ से बाहर निकल कर गुजरात और मालवा के प्रदेशो पर आकस्मिक आक्रमण करना भी आसान हुआ।

सफल कूटनीतिज्ञ

महाराणा प्रताप की सफलता का कारण उसका कुशल प्रशासन और दक्षतापूर्ण सैन्य व्यवस्था तो थी ही, उसके साथ उसकी दूरदर्शितापूर्ण कूटनीतिज्ञता भी उसकी सफलता में बडी सहायक हुई। प्रताप जानता था कि विशाल मुगल साम्राज्य के साथ सघर्ष में कोरे रक्षात्मक युद्ध करने मात्र से सफलता नहीं मिलेगी। प्रताप समय समय पर अपनी शक्ति और सामर्थ्य तथा चतुराई से ऐसे कूटनीतिक प्रयत्न करता रहा, जिससे अकबर को मेवाड-विजय में बराबर कठिनाइयों का सामना करना पडा। मूल रूप से प्रताप की कूटनीति का उद्देश्य अकबर की राजपूतो सम्बन्धी कूटनीति को निष्फल करना और मेवाड़ के रक्षात्मक युद्ध को सफल बनाना था।

१. प्रताप ने अपने मुगल–विरोधी संघर्ष को विदेशी दासता के विरूद्ध सघर्ष का स्वरूप प्रदान किया। उसने एक हद तक पठान–मुगल शत्रुता का लाभ उठाने का प्रयत्न भी किया। उसने तमाम मुगल विरोधी तत्वो को एकजूट करने का प्रयत्न किया। उसने क्षात्र-धर्म की रक्षा का नारा बुलन्द कर सामान्य राजपूतो एव जनता का समर्थन हासिल किया। महाराणा प्रताप की इस नीति के कारण ही हकीमखां सूर एवं जालोर के ताजखां का सहयोग मिला, राजस्थान के कई भागो से मुगल विरोधी तत्वों ने मेवाड़ में आकर प्रताप को सहयोग दिया तथा सिरोही, ईडर, जोधपुर, डूगरपुर आदि इलाको की विद्रोही शक्तियों से प्रताप की मैत्री स्थापित हुई। यहाँ तक कि मुगल सेवा को स्वीकार करने वाले शासको एव अधिकारियो पर भी प्रताप की नीतियों का प्रभाव पडा।

२ प्रताप के राज्यारोहण के प्रारम्भिक चार वर्ष पर्यन्त मेवाड का पर्वतीय इलाका मुगल आक्रमण से बचा रहा. इसका श्रेय प्रताप के कूटनीतिक प्रयत्नो को है। १५७२ ई० के वर्ष, जबकि प्रताप महाराणा बना, अकबर के लिये बचे खुचे राजस्थान के राज्यो. प्रमुखतः मेवाड को अपने आधीन करना आवश्यक हो गया था और उसके लिये सैनिक अभियान चलाना भी सरल हो गया था। १७५२-७३ में अकबर ने चार दूतमंडल मेवाड़ भेजे, उसमें मानसिंह और भगवन्तदास तो ससैन्य इस इलाके मे भेजे गये, जिन्होने मेवाड से सटे हुए अन्य राज्यो को आधीन किया। उनका ससैन्य मेवाड के स्वतन्त्र इलाके में प्रवेश करना आक्रमण करने के तुल्य ही था। किन्तु प्रताप ने उनको रोक कर उनसे युद्ध मोल नहीं लिया, क्योंकि मेवाड़ को युद्ध की तैयारी की दृष्टि से समय चाहिये था। प्रताप ने सन्धि प्रस्तावो का स्वागत किया, इन मडलों से वार्तालाप किया और उन्हे आदर-सत्कार देकर विदा किया। तीसरे दूतमण्डल के साथ प्रताप ने अपने कुवर अमरसिंह को वार्ता जारी रखने की दृष्टि से मुगल-दरबार भेजा। प्रताप के ये प्रयत्न उसकी दूरदर्शिता, धैर्य और चतुराई के

प्रमाण हैं। इन चार वर्षों में प्रताप ने जो सामरिक एवं कूटनीतिक तैयारियां की, उनके आधार पर ही वह आगामी दस वर्षों तक निरन्तर लड़ता रह सका।

३. मुगल-विरोधी दीर्घकालीन सघर्ष में भीषण संकटो मे पड कर भी प्रताप ने धैर्य आत्म विश्वास और विवेक से मुंह नहीं मोडा। उसने एक ओर सम्मानजनक संधि के लिये अपना द्वार खुला रखा, दूसरी ओर उसने मुगल विरोधी तत्वों से सदैव मेल वनाये रखा। एक बार प्रताप की सेना ने अकबराधीन डूंगरपुर के रावल आसकरण पर चढ़ाई की, उस समय प्रताप का सहयोगी एवं अकवर विरोधी जोधपुर का राव चन्द्रसेन डूंगरपुर में ठहरा हुआ था। रावल पहाड़ों में चला गया, किन्तु राव चन्द्रसेन वहां से नहीं डिगा। प्रताप और चन्द्रसेन मे आरम्भ से ही मेल था। जब प्रताप को पता लगा तो मेवाड़ी फौजें डूंगरपुर से वापस बुलाली गई। सिरोही का राव सुरताण महाराणा द्वारा मनोनीत राव कल्ला को हटा कर सिरोही का शासक बन गया था। किन्तु प्रताप ने सुरताण से शत्रुता मोल न ली क्योंकि वह मुगल विरोधी सघर्ष मे प्रताप का साथ दे रहा था। प्रताप का भाई जगमाल, जो अकवर की सेवा में चला गया था, सिरोही पर मुगल-आक्रमण के समय लड़ता हुआ मारा गया। इस घटना के बावजूद प्रताप ने राव सुरताण से अपने मैत्री सम्बन्ध बनाये रखे और उन्हें अधिक दृढ़ करने हेतु उसने अपने पुत्र अमरसिंह की कन्या का विवाह उससे करने की बात चलाई। इस पर प्रताप का भाई सगर नाराज होकर मेवाड़ छोड़ कर चला गया, किन्तु प्रताप ने उसके कारण सिरोही से सम्बन्ध नहीं बिगाडे।

४. जिस भांति अकबर मेवाड तथा अन्य राजपूत राज्यो को छोड़ कर आने वाले राजकुमारों सरदारों, मन्त्रियों आदि को पनाह देकर ऊँचे-ऊँचे पद देकर उनका साम्राज्यी हित के लिए उपयोग करता था, उसी प्रकार प्रताप ने भी विभिन्न राज्यों के विद्रोही तत्वों को अपनी ओर मिला कर उपयोग करने की नीति अपनाई। बूंदी के शासक सुर्जन हाड़ा द्वारा अकवर की आधीनता स्वीकार करने पर उसका पुत्र दूदा मेवाड़ आकर कई वर्षों तक प्रताप का सहयोगी बन कर मुगलों के विरुद्ध लड़ता रहा। इसी भाति डूंगरपुर के रावल आसकरण द्वारा मुगल आधीनता स्वीकार करने पर उसका पुत्र सहसमल मेवाड़ चला आया। प्रताप ने उसको डूंगरपुर की गद्दी पर बिठाने की चेष्टा भी की। जोधपुर का राव चन्द्रसेन कई वर्षों तक मेवाड़ में या उसके आस-पास के इलाको में प्रताप का सहयोगी बन कर लड़ता रहा।

५ प्रताप ने मुगल आधीनता को स्वीकार कर लेने वाले राज्यो, मुख्यत: मेवाड की सीमा से सटे हुए राज्यो के शासकों से अनावश्यक झगडा मोल नहीं लिया। उसके विपरीत उसने उनकी मजबूरियो को ध्यान में रखते हुए उनके साथ निरन्तर सम्पर्क रख कर उनसे यथा-सम्भव गुप्त सहायता प्राप्त करने का प्रयत्न किया।

इस भांति महाराणा प्रताप न केवल एक शूरवीर, साहसी और बलिदानी योद्धा था बल्कि उसमे कुशल शासक, चतुर कूटनीतिज्ञ एवं सुयोग्य रणनीतिज्ञ के सभी गुण विद्यमान थे।

महाराणा प्रताप से संबंधित कतिपय ऐतिहासिक स्थान

—देव कोठारी

मेवाड़ की पवित्र धरती के कण-कण में भारत के सपूत महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व, कृतित्व एव उसके बलिदानी जीवन की अमर कहानी का जयघोष आज भी व्याप्त है। यहां की अरावली पर्वत श्रेणियों में उसके संघर्षमय जीवन से सम्बन्धित ऐतिहासिक स्थल प्रताप के अपूर्व शौर्य, अलौकिक साहस, अदम्य स्वाभिमान, अकथनीय त्याग एव अटल आत्मविश्वास के प्रेरणास्पद प्रमाण हैं। इसी देशभक्ति से प्रेरित होकर प्रताप के समकालीन जैन कवि पदमसागर ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'जगद्गुरु काव्य' मे अकबर के आगे इज्जत वेचने वाले अन्य हिन्दू राजाओं की कड़ी भर्तसना की थी और प्रताप के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की थी।[1]

प्रताप के स्वतंत्रता सग्राम से सम्बन्धित ऐतिहासिक स्थलो मे से हल्दीघाटी, कुम्भलगढ़, उदयपुर, आदि के बारे यत्र-तत्र बहुत कुछ लिखा जा चुका है। इस लेख में प्रताप के जीवन से सम्बन्धित कतिपय ज्ञात-अज्ञात ऐतिहासिक स्थानो के बारे मे परिचय दिया जा रहा है जो उनके संघर्षमय जीवन के कार्यस्थल रहे हैं तथा जिनके बारे मे अभी तक पूर्ण जानकारी उपलब्ध नहीं है।

१. गोगून्दा:—

यह स्थान उदयपुर से २२ माईल दूर उत्तर-पश्चिम में अरावली पहाड़ियों से घिरे हुए मैदान में बसा हुआ है। यहां से हल्दीघाटी ११ माइल दूर पूर्वी पहाड़ों में है तथा कुम्भलगढ़ २० माइल दूर उत्तर-पश्चिम के पहाड़ों मे बसा हुआ है। इस प्रकार यह गांव उदयपुर, कुम्भलगढ़ और हल्दीघाटी से आने वाले मार्गों के मध्य में आ गया है। इस गांव के चारो ओर लगभग दो-दो माइल की दूरी पर अरावली पहाड व उसकी उच्च-श्रेणियां आ गई हैं। यह बीच के मैदानी एवं पठारी भाग पर बसा हुआ है। चारो दिशाओं में से किसी भी दिशा से इस गांव में आने के लिए विस्तृत चढ़ाई पार करके आना पड़ता है। यह सामरिक दृष्टि से बड़ा सुरक्षित स्थल है।

एक जनश्रुति के अनुसार इस गांव को बसाने का श्रेय गोगुनराम महता (ब्राह्मण) को है। महाराणा क्षेत्रसिह (वि०सं० १४२१–३९) से पूर्व इस गाव का उपयोग ईडर (गुजरात) के शासक मेवाड की ओर अपनी अन्तिम चौकी के रूप में करते थे। महाराणा उदयसिह व प्रताप के समय यह गांव खालसे में था।

---

१. केचिद् हिन्दुनृपा बलश्रवणतस्तस्य स्वपुत्रीगण,
गाढाभ्यर्थनया ददत्य विकला राज्य निज रक्षितुम्,
केचित्प्रामतमिन्द्रकान्तरचन मुक्त्वा पुरः पादयो.,
पेतुः केचिद्विवानुगा. परमिमे सर्वेऽपि तत्सेविन.
[वि०सं० १६४६ में पद्मसागर कृत 'जगद्गुरु काव्य' ८८]

गांव के दक्षिण में वर्तमान राजराणा[2] के पुराने व नये महल हैं। प्रचलित धारणा के अनुसार इन महलो का उत्तरी-पूर्वी भाग जो बाद में रनिवास एवं राजराणा के रहने का स्थान रहा वह महाराणा उदयसिंह (वि०सं० १५९४-१६२८) के समय विद्यमान था। इन महलों के दक्षिण में उस समय काफी बड़ा मैदान था जहां अब नये महल हैं। आज भी गोगून्दा में भील लोगो की बाहुल्यता है। पुराने महलों के उत्तर-पूर्व में बडा मैदान आ गया है। कहा जाता है कि हल्दीघाटी से प्रताप का पीछा करता हुआ मानसिंह जब गोगून्दा आया था, उस समय उसके सैनिकों का पड़ाव इसी मैदान में डाला गया था। महाराणा उदयसिंह ने वि०सं० १६२८ का दशहरा गोगून्दा में मनाया था और यहीं पुराने महलो में उनका स्वर्गवास हुआ था। मानसिंह, अकबर और शाहबाजखां जब-जब दलबल सहित गोगून्दा आये[3] तो इन्हीं महलो में अपना मुकाम बनाया था।

(क) उदयसिंह का दाह-संस्कार स्थल:—

गोगून्दा के नये महलों के ठीक दक्षिण में दो फर्लाङ्ग दूर तालाब के किनारे पठारी भाग पर बहुत सी छतरियां बनी हुई हैं जहां एक बड़ी किन्तु जीर्ज-शीर्ण छतरी स्थित है। यह छतरी महाराणा उदयसिंह के दाह-सस्कार की जगह है। उसी स्थान पर मेवाड के सरदारों द्वारा प्रताप को गद्दी पर बिठाने का निश्चय किया गया था।[4]

(ख) प्रताप के राजतिलक का स्थान :—

पुराने महलों के उत्तर में लगभग एक फर्लाङ्ग दूर महादेव का मन्दिर, महादेव का कुआ (बावड़ी) व इन दोनों के मध्य एक चबूतरा तथा चबूतरे के पश्चिमी भाग पर जुडी हुई चार खभों की एक छतरी अवस्थित है। यही स्थान प्रताप के राजतिलक का है। कहा जाता है कि राजवंश के इष्टदेव भगवान महादेव की साक्षी में छतरी वाले स्थान पर प्रताप को आसीन कर उनका राजतिलक किया गया था। उसके बाद प्रताप महलों में प्रविष्ठ होकर गद्दी पर बैठे। इस स्थान पर प्रति वर्ष प्रताप-जयन्ती का मेला लगता है।

२. मायरा की गुफा:—

हल्दीघाटी का रास्ता गोगून्दा के पूर्वी पहाडों में से है। इन पूर्वी पहाडो को 'लाम' कहते हैं। 'लाम' के सकडे रास्ते को लांघकर भूताला गाव का घाटा पार करते हुए हल्दीघाटी की ओर जाया जाता है। 'लाम' को लांघने के बाद ही पूर्व में लगभग डेड माइल लम्बी छोटी-मोटी घाटियो को पार करने के बाद चारों ओर पहाडो से घिरी हुई एक नाले के पास एक पोली पहाड़ी के अन्दर गुफा है जिसको मायरा की गुफा कहते हे। इस गुफा की ओर से यहा से ६ मील दूर हल्दीघाटी जाया जा सकता है। इस

---

२. यहां के राजराणा झालावंश के हैं तथा बडीसादडी एवं देलवाडा के राजराणा की वंश-परंपरा से सम्बन्धित है।

३ वीर विनोद, द्वितीय भाग, पृष्ठ, १५३, १५६, १५७।

४. वही, द्वितीय भाग, पृष्ठ १४५।

गुफा के लिये प्रसिद्ध है कि हल्दीघाटी के युद्ध के समय यहां की गुफा को शस्त्रागार बनाया था और बहुत से सैनिकों को यहां रखा था। इसके ऊंचे पहाडो के शिखर से १०-१२ माईल दूर से आते हुए व्यक्ति नजर आ जाते हैं किन्तु विशेषता यह है कि इस गुफा के पन्द्रह-बीस कदम दूर खडा हुआ या आता हुआ व्यक्ति इस गुफा को नहीं देख सकता है।

अन्दर से यह गुफा अंधेरी है और इतनी बडी है कि अन्दर २०० के लगभग व्यक्ति बैठ सकते है। गुफा में देवी का स्थान है, जिसे महाराणा की कुलदेवी कहा जाता है। गुफा के बाहर ही एक छोटा पानी का नाला है जो वर्ष भर बहता रहता है।

३. धोलियाजी के महल व राणागांव–

गोगून्दा से दक्षिण में महाराणा उदयसिंह के दाह-संस्कार स्थल से कोई आधा माईल दूर 'राणा' गाव पठारी भाग मे बसा हुआ है। इस गांव के दक्षिण में एक माईल दूर धोलिया पहाड की तलहटी मे कुछ खण्डहर है जिन्हे राणा महल एवं राणी कोट कहा जाता है। इन खण्डहरो के उत्तर में माल' नामक विशाल मैदान है जहां अब घास ऊगती है। धोलिया का जंगल बहुत घना है, जगली जानवरो का यहा बाहुल्य है।

गोगून्दा और 'राणा' गाव के लोगो के अनुसार यहा के महलों मे महाराणा प्रताप और उनका परिवार रहता था। लोगो ने बताया कि ये राणा महल व राणी कोट वही स्थान है जहा प्रताप को घास की रोटी भी नहीं मिली थी तथा उनके किसी पुत्र के हाथ से बनबिलाव घास की रोटी छीन कर भाग गया था। राणा गांव का नाम राणा कीका (प्रताप) के निवास करने से ही पडा माना जाता है। राणा महल मे राणा और राणी कोट मे रानियां और सामन्तों की स्त्रियां रहते थे। राणा गांव के दक्षिण में 'उमर' फल के पेड़ हैं। यहां एक बड़ा पुराना पेड़ है जिसके लिये प्रसिद्ध है कि सकटकाल मे उसके नीचे प्रताप बैठ कर उमरे खाकर दिन निकालते थे।

मचीन :—

हल्दीघाटी से उत्तर-पश्चिम की ओर लगभग १३ माईल दूर, गोगून्दा से उत्तर की ओर लगभग १२ माईल दूर तथा कुम्भलगढ से लगभग १५ माईल पूर्व की ओर कटार स्थान के निकट यह एक गांव है। इस गाव से दो फर्लाङ्ग दूर एक बडी पहाडी है जो पास के अन्य पहाडियो से जुडी हुई है। इस पहाडी पर कुछ खण्डहर और एक बडी गुफा है। गुफा के पास ही अन्न आश्रम भी है, पास मे पानी का कुण्ड है। यहा के खण्डहरो को मचीन गॉव के लोग महाराणा प्रताप के महल बतलाते हैं। इन खण्डहरों से व पहाडी की चोटी से कुम्भलगढ़, गोगुन्दा, हल्दीघाटी आदि का लगभग १०–१५ माईल दूर तक का क्षेत्र नजर आता है। मचीन गांव के लोगो ने बताया कि यहां के महलो में रहते हुए अमरसिंह के पुत्र हुआ था जिसका 'जरमा' यहीं एक चट्टान पर पूजा गया था। इस चट्टान पर कुछ लाल-पिले दाग नजर आते हैं। जिनको यहा के लोग उसी काल के बताते हैं। गुफा के अन्दर अंधेरा व दुर्गन्ध बहुत है।

बताया जाता हैं कि इस गुफा में घुसने के बाद ४-५ माईल दूर पश्चिम की ओर निकला जाता है। लोगों ने बताया कि जब कभी भी बादशाह की फौज इधर आती तो प्रताप व उनके साथ के लोग ऊपर के महलों से आकर इस गुफा में घुस जाते और गुफा को पार कर आगे निकल जाते। इस गुफा के लिये यह भी कहा जाता हैं कि यहां नाथ सम्प्रदाय के मत्स्येन्द्रनाथ ने आकर घोर तपस्या की थी। मचीन गांव का नाम मत्स्येन्द्रनाथ के नाम से पड़ा माना जाता है।

रोहिड़ा :— जरगा पहाड़ से दक्षिण-पूर्व में लगभग ७ माईल दूर यह गांव बसा हुआ है। यह स्थान मचीन से ४ माईल दूर, गोगून्दा ८ माईल दक्षिण-पूर्व में तथा कुंभलगढ़ १० माईल उत्तर-पश्चिम में है। यह गांव भी पहाड की तलहटी से बसा हुआ है। पहाड़ी पर जो खण्डहर हैं यहां के लोगों के अनुसार वे महाराणा प्रताप के महल है। यहां प्रताप और उनके साथी कष्ट के समय आकर रहे थे। गांव के पास ही पानी का एक छोटा सा नाला है।

उबेश्वर :-गोगून्दा से २० माईल दक्षिण-पूर्व मे उदयपुर से १६ माईल पश्चिम मे तथा कमलनाथ से २० माईल उत्तर-पूर्व में एक ऊंची पहाडी पर स्थित एक छोटा तीर्थ स्थान है। यहां का जगल भयानक व डरावना है। उदयपुर से इस स्थान पर पहुँचने के लिये सज्जनगढ के पास से एक सडक धार नामक गांव तक जाती है। धार से आगे तीन मील की विकट चढ़ाई है। चढ़ाई पार कर लेने के बाद शिवजी का एक मन्दिर आता है, पास ही पानी का कुन्ड भी है। इस मन्दिर से ढलान की ओर खण्डहर है। इन खण्डहरों के लिये भी कहा जाता है कि महाराणा प्रताप के महल है। प्रताप सकट के समय यहां आकर रहे थे। खण्डहरो की हालत मचीन, रोहिड़ा व घोलिया के खण्डहरो के समान है।

कमलनाथ-आवरगढ़:- प्रताप के जीवन से सम्बन्धित यह एक महत्वपूर्ण स्थान है। यह उदयपुर से सड़क के रास्ते से ४३ माईल पश्चिम में अरावली के सघन पहाड़ो में उच्च शिखर पर स्थित हैं। यहाँ से गोगून्दा उत्तर की ओर ४० माईल दूर सड़क के रास्ते से व ३२ माईल दूर पहाडी रास्ते से हैं, यहाँ से चावण्ड लगभग ४२-४३ माईल दूर दक्षिण-पूर्व मे पहाड़ी रास्ते से हैं। गुजरात की सीमा १५-२० माईल पश्चिम में है।

कमलनाथ की तलहटी में देभाणा गांव हैं। पहाड़ पर चढ़ने के लिए वहां से देवटा का घाटा पार करना पड़ता हैं। लगभग आधा माईल चढने के बाद कुंभजर नामक पौराणिक स्थान आता है। यहीं आवरगढ का प्रथम दरवाजा था ऐसा मघवास गांव के लोगों ने बताया। यहां से आगे बढने पर रावण-टुंक-वानर टुक नामक दो पहाडियां एक दूसरे की ओर झुकी हुई नजर आती है यहां आवरगढ़ का दूसरा दरवाजा था ऐसी मान्यता है। यहा से आधा मील और चढ़ाई चढ़ने के बाद कमलनाथ महादेव का मुख्य मन्दिर, सराय व वर्ष भर बहने वाला पानी का झरना आता है। यहा से मुख्य

आवरगढ की प्रथम चढाई आरम्भ होती है जो लगभग एक माईल है। चढ़ाई समाप्त होते ही खण्डहर आते है। इन खण्डहरों में चार-पांच कमरे और बाहर बड़ी चौपाल हैं। ये खण्डहर महाराणा प्रताप के महल बताये जाते हैं। पास ही पानी का बडा तालाब है इस तरह के कुल बारह तालाब ऊपर बताये जाते हैं।

प्रथम तालाब से कुछ आगे बढ़ने के बाद मुख्य आवरगढ की दूसरी चढ़ाई आरम्भ होती है। इस चढ़ाई में स्थान स्थान पर अनेक खण्डहर है। ये खण्डहर प्रताप के सैनिको के रहने के स्थान रहे होंगे। लोग इन्हे प्रताप के महलो के नाम से ही पुकारते हैं। जब चढाई समाप्त होने को होती है दो बडे-बडे बड़ के पेड़ आते हैं, दोनों बड़ के पेडों के मध्य ५०-६० गज की दूर है। इन बड़ के पेडो के लिये प्रसिद्ध हैं कि इनके ऊपर प्रताप के बाल-बच्चों के झूलने लगे हुए रहते थे। यहां से और ऊपर चढ़ने के बाद चढ़ाई समाप्त हो जाती है यहां के खण्डहर अधिक महत्वपूर्ण है। एक ऊंचे स्थान पर बडा गोल चबूतरा बना हुआ है। प्रचलित मान्यता के अनुसार चबूतरा महाराणा प्रताप का मुख्य निवास स्थान था। इसकी स्थिति को देखने से लगता है कि यह सभा स्थल रहा होगा। यहां से १५-२० माईल दूर तक के चारो ओर का नीचा भाग और पहाड़ नजर आते है। यहा से पूरा आवरगढ़ उसका परकोटा, नीचे के सारे खण्डहर, तालाब आदि नजर आते हैं। इस गोल चबूतरे के आस-पास मे और भी खण्डहर है जिनके लिये प्रसिद्ध है कि ये प्रताप के घोडो व हाथियों को बांधने के स्थान हैं। यहीं एक बुर्जनुमा खण्डहर हैं जिसे होली बुर्ज कहते हैं। कहा जाता है कि प्रताप के समय यहां होली जलाई जाती थी। अब भी इसी स्थान पर होली कमलनाथ मन्दिर के पुजारी द्वारा जलाई जाती हैं। यहां होली जलने के बाद ही आस-पास के गांवों में होली जलती है।

आवरगढ १२ माईल के घेरे में बसा हुआ है जिसके चारों ओर परकोटा हैं। अधिकांश स्थानों पर परकोटा अब गिर चुका है। आवरगढ़ कभी अच्छी बस्ती रही होगी। यह स्थान अरावली के सर्वाधिक सुरक्षित स्थानों में से हैं। यहां शत्रु का पहुँचना दुर्लभ हैं। पहाडियां इस तरह चारों ओर आ गई है कि शत्रु उन्हीं में बराबर चक्कर काटता रहता है किन्तु आवरगढ़ में प्रवेश नहीं कर पाता। हल्दीघाटी के युद्ध के बाद प्रताप अपने घायल सैनिको को लेकर इसी स्थान पर आये थे और यहीं उनका इलाज कराया था। कोल्यारी गांव यहां से दक्षिण मे ३ माईल दूर बसा हुआ है।

सम्पूर्ण पहाड जंगल से भरा हैं। पानी की बहुतायत हैं और आंवला अटेडी, आम, कारया कणजी आदि पेड़ों की यहां बहुतायत हैं।

हरिहर मन्दिर, बदराना:- कमलनाथ-आवरगढ़ से उत्तर-पूर्व मे लगभग १० माईल दूर बदराना गांव के मध्य में हरिहर का मन्दिर हैं। मान्यता है कि इस मन्दिर का निर्माण महाराणा प्रताप ने जब वे कमलनाथ-आवरगढ मे रहते थे कराया। इस मन्दिर का निर्माण वि. सं १६३५

में हुआ (यह निर्माण सम्वत् वर्तमान पुजारी ने गोगून्दा के किसी भाट की वही में लिखा हुआ देखा है)। यह मन्दिर बहुत वडा है तथा महाराणा राजसिंह के समय में इसका पुन: जिर्णोद्वार हुआ है। हरि [विष्णु] और हर महादेव) की यह एक ही मूर्ति काले संगमरमर की और वड़ी कलात्मक है।

जावरमाला:— उदयपुर से ऋषभदेव जाने की सड़क पर उदयपुर के दक्षिण-पूर्व में टीडी नामक गांव हैं। यहां से उत्तर-पूर्व में चार माईल दूर जावर गांव बसा हुआ है जो महाराणा कुंभा के समय बहुत अधिक आवाद था। जावर गाव के दक्षिण में एक छोटी नदी है और नदी के दूसरी ओर पहाड़ पर जावर की छोटी वस्ती बिखरे हुए घरों के रूप में हैं। इस बस्ती से दक्षिण की ओर ऊंची पहाड़िया हैं, इन पहाडियो की ओर एक पगडंडी जाती हैं, इसी पगडडी पर आगे बढ़ने के वाद एक गुफा आती है जिसका मुंह पूर्व की ओर हैं तथा आस पास मे छोटे-मोटे पौधे उगे हुए हैं। इस गुफा के लिये प्रसिद्ध है कि महाराणा प्रताप इसमे रहे थे।

गुफा के अन्दर जाने के लिये सीढ़ियो नुमा जगह से नीचे उतरना पडता है। सीढ़ियों नुमा यह रास्ता समाप्त होते ही एक चौड़ी जगह हैं जहां १५०-२०० व्यक्ति बैठ सकते हैं। यहां अंधेरा हैं। गुफा की छत व उसके आजू-वाजू में कुछ इस प्रकार के छेद हैं जिनसे हल्की रोशनी व हवा अन्दर आ सकती है। जावरमाला की इन पहाड़ियों मे प्रताप और अकवर की सेना के मध्य कई मुठभेडे हुई थी।[5]

चावण्ड – उदयपुर से ऋषभदेव जाने वाली सड़क पर ही टीडी से आगे परसाद गांव आता है। इस गांव से लगभग ६ माईल दूर पूर्व की सघन अरावली पहाडियों के पठारी भाग में चावण्ड गांव बसा हुआ हैं। चावण्ड और जावरमाला की दूरी लगभग ८-६ माईल है और एक ही अरावली पर्वत शृंखला से जुड़े हुए हैं। कमलनाथ यहां से ४२-४३ माईल दूर उत्तर-पश्चिम की पहाडियो मे है।

चावण्ड जिस पहाडी इलाके में बसा हुआ है वह 'छप्पन' का इलाका कहलाता है। पहले यह छप्पनियें राठौडो का वतन था। छप्पनियें राठौड राठौड सोनिंग के वंशधर थे।[6] इसी वंश परम्परा में प्रताप के समय यहा लूणा चावडिया राज्य करता था जब उसने वहां आतंक फैलाना शुरु किया तो प्रताप ने आक्रमण कर उसे वहां से भगा दिया[7] और चावण्ड को अपना निवास स्थान बना लिया।

---

5. ओझा-उदयपुर राज्य का इतिहास, प्रथम भाग, पृष्ठ ३६
6. मुहणोत नैणसी की ख्यात, अनुवादक-राम नारायण दूगड, प्रथम भाग, पृष्ठ ३
7. वीर विनोद, द्वितीय भाग, पृष्ठ १५८

चावण्ड गांव से लगभग आधा माईल दूर पहाडी पर प्रताप के महल बने हुए है। जो अब खण्डहरों के रूप में उसके साक्षी हैं। यहां के खण्डहरो मे कमरे, चौपाल, घुड़साल, चबूतरे, सामन्तो व सैनिकों के रहने की वस्ती आदि हैं। खण्डहरों को देखने से पता चलता है कि इनमें से सब या अधिकांश मकान कच्चे रहे होगे। महलों की अब केवल दिवालें ही बची हुई हैं जो पाच-छ फीट से अधिक ऊंची नहीं है। इन खण्डहरो के निचले भाग मे चामुण्डामाता का मन्दिर बना हुआ है। यह मन्दिर महाराणा प्रताप ने ही बनवाया था। इसको देखने से लगता है कि इसकी बाद में समय-समय पर मरम्मत हुई है।

प्रताप का दाह-सस्कार स्थल.- महाराणा प्रताप की मृत्यु चावण्ड मे हुई थी।[9] चावण्ड के लोगो ने बताया कि एक बार प्रताप जब जावरमाला के जगलो मे शिकार को गये थे तब वहां धनुष की प्रत्यचा खींचते समय पेट की आंत चढ़ गई थी जो उनकी मृत्यु का कारण बन गई।

चावण्ड गांव से लगभग १॥ माईल दूर बण्डोली गांव है उसके पास जो नाला बहता है, उसी नाले के किनारे प्रताप का दाह-संस्कार किया गया। इस स्थल पर स्मारक स्वरूप एक छतरी बनी हुई है। यह छतरी आठ खभो की व श्वेत पाषाण की बनी हुई थी। किन्तु यह जीर्ण-शीर्ण होने से अब इसकी मरम्मत करवादी गई है।

उपसहार-महाराणा प्रताप के ये कर्मस्थल अरावली पर्वतमाला के ३०० मील के वृत्ताकार घने भाग मे अवस्थित है। इस भाग में दसियों ऐसे छोटे-मोटे खडहर, गुफाए आदि है जिनका सम्बन्ध स्थानीय जनश्रुतियां महाराणा प्रताप से स्थापित करती है।

महाराणा प्रताप से सम्बन्धित इन स्थानों मे से कुछ तो ऐसे हैं जो तीस-चालीस मील पर्वतीय पट्टी से घिरी हुई उपजाऊ समतल घाटियों में स्थित है, उदाहरणार्थ चावड, गोगूंदा, उदयपुर की घाटियां। ये घाटियां भी प्रायः तीस-चालीस मील के वृत्ताकार मे फैली हुई है। इन घाटियो में पानी की बहुतायत है और कृषि-भूमि अत्यन्त उपजाऊ है। इनमें पहुचने के मार्ग संकडे, दुर्गम और विकट हैं। ऐसे मार्गों की (जिन्हें देशज भाषा में 'नाल' कहते हैं) सैनिक टुकडियों द्वारा नाकेबन्दी की जाती थी।

महाराणा प्रताप से सम्बन्धित अन्य स्थान ऐसे हैं जो घनी पर्वतीय पट्टियों के भीतरी वनीय भागो में हैं, जहां शत्रु द्वारा दुर्गम मार्गों को पार कर घाटियो मे प्रवेश करने के बाद भी पहुचना कठिन होता था। ऐसे स्थान लगभग सभी अरावली के विशाल पर्वतो मे है, जहां पानी का बाहुल्य है और उनमें कृषि योग्य छोटी-छोटी समतल भूमि की पट्टियां आ गई हैं।

विशेष बात यह है कि स्थल-स्थल पर पाये जाने वाले इन खंडहरो मे सर्वत्र शिव अथवा शक्ति से सम्बन्धित ध्वस्त अन्य मदिर मिलते हैं, जिनमें से अधिकाश परित्यक्त है, किन्तु ऐसे कई धार्मिक खडहरों पर पुनर्निर्माण कार्य भी किया गया है।

---

8. वीर विनोद, द्वितीय भाग, पृष्ठ, १५६

9 वही पृष्ठ, १६४

प्रताप के वीरत्व, साहस, तप, त्याग और बलिदान से युक्त कार्य भारतीय इतिहास के ज्वलंत अध्याय है। स्वतत्रता तथा संस्कृति की सुरक्षा के लिये किये गये महाराणा प्रताप के कार्यों से भारतीय सदैव प्रेरणा ग्रहण करते रहेंगे।

—महाराणा भगवतसिंह, उदयपुर

अवसरवाद से कभी समझौता न करना प्रताप के जीवन और उसकी भूमि का आदर्श रहा है। स्वतन्त्र भारत मे भी हमे इस आदर्श का अनुसरण करना है।

प्रताप के साथ ही जिन भीलों ने अपना सर्वस्व होम कर दिया और जिनके प्रताप से प्रताप बना, हमारे इतिहास ने उन्हे ही भुला दिया है। अब हमें मान और भविष्य के इतिहास का निर्माण करते वक्त इस भूल को नही दुहराना है, और उन्हें भी महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त हो, इसके लिये अपना कर्तव्य पूरा करना है।

—माणिक्यलाल वर्मा

महाराणा प्रताप सम्बन्धी प्रकाशित साहित्य

महाराणा प्रताप के जीवन को आधार बनाकर भारतीय व विदेशी भाषाओं में काव्य, नाटक, उपन्यास जीवन-चरित्र, आदि विविध रूपात्मक साहित्य का सर्जन हुआ है। यहा उपलब्ध कृतियो की सूची लेखक के नाम सहित दी जा रही है।

इन कृतियो मे हिन्दी-राजस्थानी भाषा की कृतियों की सूची श्री अगरचन्द नाहटा, मराठी भाषा की प्रो मु. श्री. क नडे, गुजराती भाषा की डॉ. भ्रमरलाल जोशी, बगाली भाषा की प्रो. सुखमय मुखोपाध्याय, उडिया भाषा की प्रो. गोपालचन्द्र मिश्रा, कन्नड भाषा की श्री नगेश हत्वार और तेलुगु भाषा की प्रो. के. वी आर. नरसिंहम् से साभार प्राप्त हुई है।

—सम्पादक

हिन्दी

काव्य

	नाम कृति	लेखक	प्रकाशक
१.	प्रताप	ठा. रणवीरसिंह शक्तावत	सामन्त साहित्य सदन, ठि. पीपलाज, केकडी (राज०)
२	हल्दीघाटी	श्यामनारायण पाण्डेय	इण्डिया प्रेस, इलाहाबाद
३.	महाराणा का महत्त्व	जयशकरप्रसाद	भारती भण्डार, इलाहाबाद
४.	प्रणवीर प्रताप	गोकुलचन्द्र शर्मा	भार्गव प्रिंटिंग वर्क्स, चन्दौसी
५.	भारत सूर्य	दिनेश मिश्र	साहित्य मण्डल, गोदिया

नाटक

	नाम कृति	लेखक	प्रकाशक
६	प्रताप प्रतिज्ञा	जगन्नाथप्रसाद मिलिन्द	हिन्दी भवन, इलाहाबाद
७.	महाराणा प्रतापसिंह	राधाकृष्णदास	नागरी प्रचारिणी सभा, काशी
८.	महाराणा प्रताप	नरोत्तम व्यास	हरिदास वैद्य, कलकत्ता

जीवन-चरित्र

	नाम कृति	लेखक	प्रकाशक
९.	महाराणा प्रताप	प्रो. लक्ष्मीचन्द्र, एम. ए	भारतीय भवन, लाहौर
१०.	महाराणा प्रताप	श्रीराम शर्मा, एम. ए	मोतीलाल बनारसीदास, लाहौर

११. प्रताप चरित्र	बाबूराम नारायण	—
उपन्यास		
१२. महाराणा प्रताप	सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'	व पोपुलर ट्रेडिंग कं० कलकत्ता
विविध		
१३. वीर प्रताप	लाला भगवानदीन	ग्रन्थगार, काशी
१४. वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप	गौ. ही. ओझा	अजमेर
१५. हल्दीघाटी की लड़ाई	हरिदास माणिक	माणिक का. काशी
१६. हल्दीघाटी की एक रात	शिशुपालसिंह	मारवाड़ी नवयुवक मण्डल, हैदराबाद
१७ महाराणा प्रताप	राजेन्द्र शंकर भट्ट	जयपुर
१८. महाराणा प्रतापसिंह	मुंशी देवीप्रसाद	जैन प्रेस, लखनऊ
१९. राणा प्रतापसिंह	चन्द्रशेखर पाठक	हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय
२० महाराणा प्रतापसिंह	नन्दकुमार देव शर्मा	श्री० प्रेस, लखनऊ
२१. प्रणवीर प्रताप	विनोद	राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली
२२. प्रतापसिंह	सतीशचन्द्र मित्र	—
२३. प्रतापी प्रताप	हरिशंकर शर्मा	गौतम ब्रदर्स कानपुर
२४. महाराणा प्रताप	कामता प्रसाद	सा. साधना प्रकाशन, पटना
२५. महाराणा प्रताप	गुप्त राकेश	देहाती पुस्तक भण्डार, दिल्ली
२६. महाराणा प्रताप	न्यादरसिंह	देहाती पुस्तक भण्डार, दिल्ली
२७ महाराणा प्रताप	प्रेमचन्द	सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद
२८. मानव प्रताप	देवराज 'दिनेश'	आत्माराम एण्ड सन्स, दिल्ली
२९ महाराणा प्रताप	विश्वनाथ	राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली
३०. हल्दीघाटी	मनहर चौहान	–

डिंगल पिंगल (राजस्थानी)

काव्य		
३१. प्राचीन डिंगल काव्य में महाराणा प्रताप	डॉ देवीलाल पालीवाल	अरुणिमा प्रकाशन, उदयपुर
३२. प्रताप चरित्र	केसरीसिंह बारहठ, सोन्याणा	ओसवाल प्रेस, कलकत्ता
३३. प्रताप यश चन्द्रोदय	कविराव मोहनसिंह	भट्टयानी चौहटा, उदयपुर

५५. हल्दीघाट चे युद्ध	स. दि वझे
बालोपयोगी	
५६. वीर प्रताप	श्री मो श्रोटी

गुजराती

काव्य

५७. पुरोहित नी राजभक्ति	अदेशर फरामजी खबरदार
५८ हल्दाघाटी नु युद्ध	अदेशर फरामजी खबरदार

नाटक

५९. प्रताप नाटक	गणपतराम राजाराम भट्ट
६०. प्रतापसिंह	मणिभाई मूलाभाई पटेल
६१. महाराणा प्रताप	दौलतराम कृपाराम
६२. मेवाड ना सिंह अने बीजी वार्तो	जयंतीलाल मेहता
६३, अश्रुमती	डाह्याभाई घोलशाजी झवेरी
६४ राणो प्रताप	झवेरचन्द मेघाणी

उपन्यास

६५ शौर्य तर्पण	रमणलाल वसन्तलाल देसाई
६६. मेवाड़ नी संध्या	वसन्तभाई
६७. हल्दी घाटी नुं युद्ध	ना वि ठक्कर
६८- प्रतापी प्रताप	छगनलाल अमथाराम
६९. मेवाड केसरी	गोपालजी वीरमजी
७०. उदयपुर ना वीर श्रेष्ठ महाराणा प्रताप	डाह्याभाई रामचन्द्र मेहता

बंगाली

नाटक

७१. राणा प्रताप	गिरीशचन्द्र घोष
७२. प्रतापसिंह	द्विजेन्द्रलाल राय
७३. अश्रुमती	ज्योतिन्द्रनाथ टैगोर

उपन्यास

७४. प्रतापसिंह	दामोदर मुखर्जी

अन्य

७५. नवभारत हल्दीघाटी	जतीन मुखर्जी
७६ मान्तरेर साधना-राणा प्रताप	हरन चन्द्र रक्षित

उड़िया

७७ राणा प्रतापसिंह (जीवन चरित्र)	गोडवरीश महापना
७८. राणा प्रताप	दयानिधि मिश्रा

कन्नड

७९. अमर प्रताप	जी मल्लइय्या, एम. ए
८०. आर्यकीर्ति (चरित्र)	वासुदेवय्या
८१. राणा प्रतापसिंह	प. लि. वे गलगनाथ
८२ राणा (नाटक)	सा. शि मल्ल या

तेलुगु

८३. राणा प्रतापसिंह (नाटक)	वेंदुला सत्यनारायणम
८४. राणा प्रतापसिंह (नाटक)	आई. यज्ञनारायणम
८५ राणा प्रतापसिंह चरित्रम् (काव्य)	वेंकटसेशा शास्त्री

संस्कृत

८६. प्रतापविजयम् (नाटक)	मूलशंकर माणिक्यलाल

ENGLISH

87. Rana Pratap (Drama)	E L. Turnbull
88. Delhi and Huldighati (Drama)	N. G Mukherjee
89. Pratap the Great (Poems)	H S. Mordia
90. Maharana Pratap	SriRam Sharma
91. Rana Pratap. The lion of Rajasthan	G. V. Subba Rao

O

Where the mind is without fear
And the head is held high,
Where knowledge is free;
Where the world has not broken up
Into fragments by narrow domestic walls,
Where words come out from the depth of truth,
Where tireless striving stretches into arms
कितने ही लोग जयमल और पत्ता को महाराणा प्रताप के समय में किले का (चित्तौडगढ का) किलेदार होना कहते हैं।

महाराणा प्रताप ने राजा भगवंतसिंह व उसके पुत्र मानसिंह द्वारा मुगलों का अन्न खाने के कारण उनके साथ बैठ कर भोजन करने से मना कर दिया। इससे मानसिंह व प्रताप के मध्य वैमनस्य स्थापित हो गया। अकबर ने चित्तौड़ पर अधिकार कर लिया। प्रताप राज्य, नगर व किला छोड कर अपने परिवार व योद्धाओं के साथ वन में रह कर कष्ट सहन करने लगे।

[षष्ठ राशि-पंचम मयूख, छन्द सं० ७६ से ८०]

× × × ×

उदयसिंह के बीस बलवान पुत्र थे। धर्म रक्षक प्रताप उनमें सबसे बड़ा था। शक्तिसिंह व जगमाल सहित आठ पुत्र थे। सगत, जगा, अगर, सगर, पचायन, कान्ह, करन आदि बडे निर्भय थे। इनके नाम के आगे उत्त शब्द लगने के बाद बनने वाला शब्द इनके वंश का परिचायक है।

कुछ लोग जगमाल को ज्येष्ठ पुत्र बतलाते हैं, किन्तु कुछ कारण वश प्रताप ही शासक बना।

[षष्ठ राशि–सप्तम मयूख, छन्द सं० ५ से ९]

× × × ×

महाराणा प्रताप ने राज्यासन प्राप्त होने पर दसपुर (मंदसौर) आदि मुगलों के अधीन प्रदेशों को अपने अधिकार मे लेना आरंभ कर दिया।

[एक बार] प्रताप ने चेटक, नाटक आदि कई घोड़े खरीदे लेकिन अपने भाईयों को एक भी घोडा नही दिया। इस पर उसका छोटा भाई शक्तिसिंह रूष्ट होकर अपने लोगों सहित अकबर की सेवामें दिल्ली चला आया। अकबर ने उनका स्वागत किया और अपनी सेना लेकर मेवाड़ पर चढ आया। शाही सेना के मेवाड़ की सीमा में प्रवेश करते ही युद्ध आरंभ

हो गया । बहलोल खां मानसिंह के हाथी के आगे था । प्रताप की तलवार से बहलोल मारा गया, बहलोल की तलवार से चेटक का एक पैर कट गया । मुगल सैनिकों ने प्रताप को घेर लिया । शक्तिसिंह के मन मे अपने बडे भाई के प्रति सहानुभूति उमड आई । उसने पूर्व वैमनस्य को भुला कर प्रताप को बचाने का विचार किया ।

प्रताप के भागने की सूचना अकबर देते हुए शक्तिसिंह ने कहा कि अगर आप आज्ञा दें तो मैं प्रताप का पीछा कर उसे समाप्त कर दू । अकबर ने आज्ञा दे दी। उस समय दो यवन प्रताप का पीछा कर रहे थे, उन्हे मार कर शक्तिसिंह प्रताप के पास पहुचा । शक्तिसिंह ने प्रताप को अपना घोडा दे दिया और प्रताप का घोडा (चेटक) लेकर अकबर के पास लौट आया और कहा कि मेरे घोडे का पैर कट जाने से मैं कुछ नही कर सका और प्रताप सब सैनिको को मारते हुए अकेला बच कर भाग गया ।

अकबर ने प्रताप के पास यह सन्देश भेजा कि तुम मेरा कुछ शासन मान लो । तुम्हे अन्य राजाओ की भांति दरबार मे रह कर मेरी सेवा करने की जरूरत न रहेगी । केवल घोडे पर दाग लगाने पडेंगे और शाही चिन्ह व निशान रखने पडेंगे। किन्तु प्रताप ने एक बात नही मानी और जवाब मे कहा कि चाहे हम नष्ट हो जाय लेकिन हम अपना भाग नही छोडेंगे । प्रताप ने अपने परिवार, सम्बन्धियो व योद्धाओ सहित यह दृढ निश्चय कर लिया कि वे किसी भी स्थिति मे धर्म का त्याग नही करेंगे । वे जगल में जाकर रहने लगे ।

अकबर ने मेवाड को घेर कर रसद के मार्ग बन्द कर दिये । प्रताप को दूसरे तीसरे दिन कुछ भोज्य-सामग्री प्राप्त हो जाती, जिसे वे सबको एक बार बाट देते और जो कुछ बाद में बच रहती उसे खाकर संतोष कर लेते । जब कभी कोदो और गेहूँ नही मिलते तो जगली फल फूल खा कर तुष्टि कर लेते और जब ये मिलते तो पक्ति बनती, बीच मे प्रताप बैठते और एक साथ भोजन करते । एक बार भोजन करते समय एक चील झपट कर अमरसिंह की पत्नी के हाथ से भोजन ले कर उड गई । वह भयभीत होकर रोने लगी, उसका क्रन्दन सुन कर प्रताप ने अपने हिस्से की रोटी में से आधी रोटी उसे दे दी ।

प्रताप ने मानसिंह के पास स्वधर्म पर दृढ रहने के आशय का एक संदेश भेजा और समझाया कि वह मुगलो से सम्बन्ध तोड ले, किन्तु मानसिंह नही माना ।

जगल की आपत्तियो से घबरा कर तथा अकबर से अधीन राजाओं के आनन्दपूर्ण जीवन को देख कर अमरसिंह ने कहा कि अकबर से संधि क्यो न करली जाय ? यह सुन कर प्रताप

अपनी झोपड़ी से बाहर निकल आये और अपने समस्त सरदारो की उपस्थिति मे अमरसिंह से कहा कि यदि तुम्हे सन्धि पसन्द है तो कर लो, अपराधी तो मैं हूँ तो फिर तुम मेरे साथ क्यों दु ख भोग रहे हो ? इस पर सरदारो ने भयभीत एवं विस्मित हो कर कहा कि आर्य! आप यह क्या कर रहे हैं? हम तो दु ख और सुख मे निरन्तर आपके ही साथ रहना चाहते हैं। अमरसिंह इस पर बहुत लज्जित हुआ।

इस प्रकार अपने कुल की समृद्धि करने वाला प्रताप वर्षों तक आपत्तियां सहन करता रहा और अन्त में अकबर ने प्रताप की महत्ता स्वीकार करली।

[षष्ठराशि–चतुर्दश मयूख, छन्द सख्या १ से ५०]

विविध समकालीन एवं परवर्ती कवि

फुटकर-काव्य

परिचय

महाराणा प्रताप के जीवन और कृतित्व से सम्बन्धित विभिन्न संग्रहालयों में अनेक फुटकर गीत, कवित्त, छप्पय, निसाणी, दूहा, सोरठा आदि उपलब्ध हुए हैं। उन सब को यहा दिया जा रहा है। इन विविध छन्दो में प्रताप के शौर्य, साहस, स्वाभिमान, युद्ध-कौशल, कुल-रक्षा, धर्म-रक्षा, अस्त्र-शस्त्र आदि की प्रशसा तथा प्रताप के सहयोगी वीरो के बलिदान आदि का सजीव वर्णन किया गया है। कही-कही घटनाओं का सक्षिप्त उल्लेख भी मिलता है। इस समस्त फुटकर-काव्य के रचयिता प्रताप के समकालीन व परवर्तीकाल के हैं। समकालीन कवियों में पृथ्वीराज राठौड़, दुरसा आढा, रामा सादू, माला सांदू, गोरधन बोगसा, सूरायच्च टापरिया, जाडा मेहडू आदि हैं। रामा सांदू और गोरधन बोगसा तो हल्दीघाटी के युद्ध में प्रताप की सेना में विद्यमान थे। पीरा आसिया, कान्हा चारण, गणेशपुरी, बारहट बालाबक्स, ठाकुरसी बारहठ, मुनि हेम, बाघजीराव आदि परवर्तीकाल के कवि हैं। कुछ छन्दों के रचयिता अज्ञात हैं, प्रयत्न करने के बाद भी उनके नामो का पता नही लग सका, ऐसे समस्त गीत, कवित्त, निसाणी, सोरठे, आदि एक साथ दे दिये गये हैं। जिन छन्दो की भाषा दुरूह हैं, उनका साराश उनके साथ दे दिया गया है। बहु-प्रचलित व सरल भाषा के छन्दो का सारांश देना आवश्यक नहीं समझा गया है।

क्षात्र-धर्म की रक्षा

पृथ्वीराज राठोड़

नर जेथ निमाणा निलजी नारी
अकबर गाहक वट अवट ।
चौहटै तिण जायर चीतोड़ो
वेचै किम रजपूत वट ॥१॥

रोजायतां तणै नवरोजे
जेथ मुसांणो घणो जणो ।
हीदूनाथ दिली चै हाटे
पतो न खरचै खत्रीपणो ॥२॥

परपंच लाज दीठ नहँ व्यापण
खोटो लाभ अलाभ खरो ।
रज वेचवा न आवै राणो
हाटे मीर हमीरहरो ॥३॥

पेसै आप तणा पुरुषोतम
रह अणियाल तणै बल राण ।
खत्र वेचिया अनेक खत्रियां
खत्रवट थिर राख्यो खूमाण ॥४॥

जासी हाट बात रहसी जग
अकबर ठग जासी एकार
रह राखियो खत्रीध्रम राणो
सारा ले वरतै संसार ॥५॥

सारांश

बादशाह अकबर पुरुषो का गौरव, स्त्रियो की लज्जा और क्षत्रियों के क्षत्रियत्व का ग्राहक है । कई क्षत्रिय राजाओं ने क्षत्रियत्व वेच कर अकबर की आधीनता स्वीकार करली, किन्तु हिन्दू पति राणा प्रताप ने क्षात्र-धर्म एव वंश-गौरव की रक्षा की ।

---

१ डा० देवीलाल पालीवाल के अनुसार इस गीत का रचयिता पृथ्वीराज राठौड़ है [प्राचीन डिंगल काव्य मे महाराणा प्रताप, पृष्ठ ५] । श्री व्रजमोहन जावलिया के अनुसार राजस्थान प्राच्य विद्या-प्रतिष्ठान, उदयपुर के संग्रहालय के ग्रन्थ संख्या ७१७-७१६ (हिन्दी) मे इस गीत का रचयिता का नाम दुरसा आढ़ा दिया गया है ।

रक्त-रंजित चन्द्रहास

पृथ्वीराज राठोड़

ऊगां दन समै करै अखाड़ा
चोरंग भुवन हसत अणचूक ।
रोदां तणा रगत सूं राणा
रगियो रहै तुहालो रूक ॥१॥

मोकलहरा महाजुध मचतै
बाजतां सार नत्रीठ बहै ।
पातल तूझ तणो पड़ियालग
रुधर चरचियो सदा रहे ॥२॥

खित कारणे करै नित खलवट
खेटै कटक तणा खुरसाण ।
असणां सोण अहोनस पातल
खग सावरत रहे खूंमाण ॥३॥

ऊगां सूर समो ऊदावत
वढै बसू छल बोल-विरोल ।
चलुअल अरी तणै चीतोड़ा
चन्दरहास रहै नत चोल ॥४॥

सारांश

हे राणा प्रताप ! तू प्रतिदिन सूर्योदय होते ही मातृ-भूमि की रक्षार्थ मुगल सेना से युद्ध करने लग जाता है इससे तेरी तलवार शत्रु के रक्त से सदैव लिप्त ही रहती है ।

रामा सांदू का बलिदान

पृथ्वीराज राठौड़

गयो तूं भलां भलां तूं न गयो
धिन धिन तूं सांदवां धणी ।
जाट अणी मां हेडो जा कल
अणी करण पातला अणी ॥१॥

तै लिय आहव राण जगड़ हथ
लै लांघण मासण न लिया ।
मोहै ससत्र सालिया सात्रव
कठ सोहै न खालिया किया ॥२॥

दल आसरी नशोठी दीनो
धाये लीना ग्रसण घणा ।
आंवाहरा न बीजा ओपम
ताग बाला नसा तणा ॥३॥

चारण जाणै मांय चारणा
अवै समै विच नथ अनथ ।
धरमां तणो न बैठो धरणै
रामो बैठो रभ रथ ॥४॥

सारांश

हे धरमां के पुत्र रामा सांदू ! तूं धन्य है तू भले ही [मारवाड के मोटा राजा उदयसिंह के विरूद्ध] धरणे मे नही बैठा किन्तु तू अपने साथियों सहित मेवाड़ आकर महाराणा प्रताप के लिये लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ और इस तरह अप्सराओं के साथ रथ मे बैठ कर बैकुंठ को गया ।

प्रताप के नाम पृथ्वीराज राठौड़ का पत्र

पातल जो पतसाह, बोलै मुख हूंतां बयण ।
मिहर पछम दिस माह, ऊगै कासप राव-उत ॥

पटकूं मूंछां पाण, कै पटकूं निज तन करद ।
दीजै लिख दीवांण, इण दो महली बात इक ॥

प्रताप का उत्तर

तुरक कहासी मुख पतो, इण तन सूं इकलिंग ।
ऊगै जाही ऊगसी, प्राची बीच पतग ॥

खुसी हूंत पीथल कमध, पटको मूंछा पाण ।
पछटण है जेतै पतो, कलमां सिर केवांण ॥

सांग मूंड सहसी सको, समजस जहर-सवाद ।
भड़ पीथल जीतो भला, बैण तुरक सूं बाद ॥

अकबर का अनुताप

दुरसा आढ़ा

अस लेगो अणदाग, पाघ लेगो अणनामी ।
गो आडा गवडाय, जिको बहतो धुर वामो ।

नवरोजे नहूँ गयो, न गो आतसां नवल्ली ।
न गो झरोखां हेट, जेठ दुनियांण दहल्ली ॥

गहलोत राण जीती गयो, दसण मूंद रसणा डसी ।
नीसास मूक भरिया नयण, तो मृत साह प्रतापसी ॥

कुल मर्यादा का निर्वाह

दुरसा आढ़ा

सीसोदां तणी लाज सीसोदे
असपत सूं घरि मछर अग ।
राणै रहे गिरवरे राखी
दारि थकै राखी दुरग ॥१॥

ऊदावत अनिये अचलावत
साका वे राखै सबल ।
नाया तिण नावी नवरोजै
आयो पण नावो अवल ॥२॥

जुड़ै नवरोजै जोगणीपुर
जुगत जूपतो हुआ अजूत ।
रजवट अघट वडे घर राखण
राणो राव बडा रजपूत ॥३॥

वास वाद जुड़ै वसि अंतर वाद
....वीरहांवर ।
हांसा हरो जेम सांगाहर
हुआ सिरे सहां रायहर ॥४॥

सारांश

राणा प्रताप ने सिसोदिया वंश की कुल-मर्यादा का सदैव निर्वाह किया । वह न तो कभी नौरोजे मे, अन्य राजपूतों की भांति सम्मिलित हुआ व न अकबर के सम्मुख झुका । इस प्रकार उसने अपने घराने के वड़प्पन को कायम रखा ।

कुंभलगढ़ का युद्ध : भाण का बलिदान

दुरसा आढ़ा

आखै इण भांण रांण अहाड़ा
कथन किसा कहि अवर कहूं ।
हाथी सहर हालते हालूं
रहते हाथस सहर रहूं ॥१॥

में मांडिया खरा मेवाड़ा
भांण पयपै महा-भड़ ।
आबू साथ कहै आखावत
आगल जोधा ए अनड़ ॥२॥
पातल किसा प्रधान परठवै
सोनिगरो उवचरै समाथ ।
करै साथ गढ गिर केलपुरा
सहि होवै तै मांने साथ ॥३॥

फिरते दल मछरीक न फिरियो
फरिया सोहड़ करै फरफेर ।
माथा सू दीधो मिल-काने
माल कलोधर कुंभलमेर ॥४।

सारांश

सोनिगरा अखेराज के वंशज वीर योद्धा भाण को महाराणा प्रताप कुंभलगढ की रक्षा का भार देता है वह विशाल मुगल दल को देख कर मुडा नहीं बल्कि वीरतापूर्वक युद्ध करते हुए उसने गढ़ की रक्षार्थ अपने प्राण अर्पित कर दिये ।

हिन्दू धर्म की रक्षा

दुरसा आढा

आयां दल सबल सामही आवै
रंगियो खग खग्रवाट रतो ।
ओ नरनाह नमै नह आवै
पतसाहण दरगाह पतो ॥१॥

दाटक अनड़ दण्ड नह दीधो
दोयण घड़ सिर दाव दियो ।
मेल न कियो जाय विच महला
कैलपुरै खग-मेल कियो ॥२॥

कलमा वांग न सुणियै कानां
सुणियै वेद पुराण सुभै ।
अहड़ो सूर मसीत न अरचै
अरचै देवल गाय उभै ॥३॥

असपत इन्द्र अवनि आल्हड़ियां
धारा झड़ियां सही धका ।
धण पड़िया सांकडियां घड़ियां
ना धीहड़ियां पठी नका ॥४॥

आखी अणी रही ऊदावत
साखी आलम कलम सणी ।
राणो अकबर वार राखियो
पातल हिन्दू धरम पणी ॥५॥

सारांश

अकबर के विशाल सैन्य-दल के आक्रमण से भूमि रक्तमय हो गई है किन्तु महाराणा प्रताप अकबर के सन्मुख न तो झुका और न उसको दंड दिया । उसने अकबर से सन्धि करने के बनिस्बत युद्ध करना श्रेयस्कर समझा । भीषण संकट काल में भी उसने अपने धर्म और आन को कायम रखा तथा अपनी पुत्रियां अकबर के पास नही भेजी ।

कलियुग में धर्म की रक्षा

दुरसा आढा

सौहजिलियै पाप धरम संभलियौ
आतम बिलकुलियौं अंतर
दुख टलियौ वलियौ दीहाड़ौ
अणक लियौ मिलियौ अमर ॥१॥

कलजुग ता पतणौ कल करतां
जाप संतापस टलै जूवा
आप प्रताप तणौ मुख ईखै
हनुमाई बाप निपाप हुवा ॥२॥

डरिये देख दालिदची डरिय
सुधरम पांगुरियौ सुतण
भवु समरियौ श्रिया घर भरियौ
रांणो संभरियौ रसण ॥३॥

अनकुण भात गात ई खतां
जी वैई घात न काय जुई
हिंदवा छात्र बात सौह हुई
हुवा पात्र मुख जात हुई (हुत) ॥४॥

सारांश

कलियुग के कारण पापाचार बढ़ गया, इससे धर्म अत्यन्त व्याकुल हुआ, लेकिन महाराणा प्रताप के कारण धर्म पुनः पल्लवित हुआ व पाप का नाश होने लगा।

अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर हस्तलिखित प्रति सं० २५ पृ० २३-२४ से श्री अगरचन्दजी नाहटा, बीकानेर के सौजन्य से प्राप्त

सोनिगरा मान का प्राणोत्सर्ग

दुसरा माढ़ा

निजड़ भांजि सात्रव हियै खाग नीजांमियै
खाग भागां पछां अचड़ खेली।
थाट रे रूप गज रूप कुंभाथलां
मान असमान जमदाढ मेली ॥१॥

सेल उर तोड़ि करि रूक सावाहियो
रूक सिर तोड़ि अखियात राखी।
अखावत मैंगलां सीठ आचा गलै
दात पग परठि जमदाढ दाखो। २॥

रहचि अणियाल धाराल जुध रहचिया
रहचि धाराल् प्रभता रहाई।
कोपयै मांन मछरीक हाथी कमल्
वेग संभालि प्रतिमाल् वाई ॥३॥

अभिनमो मालदे आचरिअहुं आवधो
खत्री ओपवी मुओ चाड़ खूंमाण।
सेल ऊवर उचरि तेग खुरसाण सर
सिंधुरां कटारी तणा सहिनाण ॥४॥

सारांश

सोनिगरा अखेराज का वंशज वीर योद्धा मानसिंह भीषण शस्त्र प्रहार करते हुए युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ। उसने तलवार से शत्रुओं के सिर तोड़े कटार से हाथी का संहार किया और भाले से शत्रुओं के वक्ष चीर डाले।

अकबर का गर्व-भंजन

रामा सांदू

किलम लाख केकाण गज खभ छेड़ै कुमख
वावरे पख बल दाख वलियौ।
आभ खूंमाण चौ माग ओहाड़तां
गुरड अकबर तणो गरब गलियौ ॥१॥

फोज बाजू तुरी गयद दामण फिरै
पांण सू पडै परियाण पाकौ।
पात ब्रह्मंड चा पार लाधा पखै
थाग दल विहग सुरताण थाकौ ॥२॥

दल सबल खाग झड़पख बल दाखवै
फिरै पण नीगमै पड़े फीकौ।
ऊरउत गयण पुड तणा थग आणता
सीकरी सुपह धकपख सीकौ ॥३॥

हिये बल दाखवे वाद धीरो हुओ
सरीखौ वड़ो परहस सहियौ।
विहद आकास पुड़ राण पौरस विहद
रौद पंखराव हद मांहि रहियौ ॥४॥

सारांश

लाखों मुगल सैनिकों, अश्वो और हाथियो को लेकर अकबर युद्ध छेड़ता है। प्रताप चारों ओर से लड़ता हुआ अकबर के गर्व का भंजन करता है। अकबर रूपी पक्षी ने प्रताप रूपी आकाश का पार पाने के लिये उडान भरी किन्तु वह पार न पा सका और उसको अपनी हद में ही रहना पड़ा।

प्रताप का युद्ध-कौशल और कवि

रतन बरसड़ा

वधियो वासाव तणो वड़ पातां
राणा अजूवालता रह ।
एक नहँ कलह जितै गुण आखां
करै जितो बीजोय कलह ॥ १ ॥

आखर तणो हांम तिम ऊजम
घर छल वलै हुवै घकचाल ।
रेणव वलै चीतवै रूपग
राणो वलै करै रिणताल ॥ २ ॥

माझियाँ मार मयक कुल मडण
मछर इती दाखवै मंन ।
पुणै जितै कवि एक प्रवाड़ो
ऊभो प्रवाड़ा करै अंनि ॥ ३ ॥

ए वासाव वधै ऊदावत
मटै न निसवासुर तिलमात ।
पार न पातल तणां प्रवाड़ा
पार न गुण कहतां कवि पात ॥ ४ ॥

सारांश

महाराणा प्रताप एक के बाद दूसरा युद्ध इतनी शीघ्रता से छेड़ रहा है कि कविगण एक युद्ध का गुण-गान पूर्ण नहीं कर पाते, तब तक वह दूसरा युद्ध आरम्भ कर देता है। इस प्रकार बापा रावल के वशज प्रताप की युद्ध-गति कवियों के काव्य-सृजन की गति से भी अधिक तीव्र है।

प्रताप के दर्शन से पाप-मुक्ति

माला सांदू

महू लागौ पाप अभनमा मोकल
पिंड अदतार भेटतां पाप।
आज हुआ निकलंक अहाड़ा
पेखै मुख तांहरो प्रताप ॥१॥

चढतां कल जुग जोर चढतौ
घणा असत जाचतौ घणौ।
मिल तां समै राण मेवाड़ा
टलियौ प्राछत देह तणौ ॥२॥

स्रग म्रतलोक मुणै सीसोदा
पाप गया ऊजमै परा।
होतां भेट समै राव हीदू
हुवा पवित्र संग्रामहरा ॥३॥

ईखे तूझ कमल ऊदावत
जनम तणों गो पाप जुवौ।
हेकरण वार ऊजला हीदू
हर सूं जाण जुहार हुवौ ॥४॥

सारांश

हे महाराणा प्रताप ! कलियुग के जोर से मिथ्यावादी एवं अधर्मी राजाओं से याचना करने एव मिलने से मुझ पर पाप चढ गया था, लेकिन तेरे उज्वल मस्तक का एक बार दर्शन करने मात्र से ही ईश्वर के दर्शन करने की तरह मैं उस पाप से मुक्त हो गया हूँ।

मरसिया

[माला सांदू]

सामो आवियो सुर साथ सहेतो
ऊंच वहा ऊदाणा ।
अकबर साह सरस अणमिलियां
राम कहे मिल राणा ॥ १ ॥

प्रमगुर कहे पधारो पातल
आभा करण पवाड़ा ।
हेवै सरस अमिलि या हीदू
मोसूं मिल मेवाड़ा ॥ २ ॥

नागद्रहा जिण सूं नहँ भिड़ियो
रावल राजा रायाँ ।
तिण कज कोड़ लिया तेतीसां,
श्रीरंग मिलिया सायां ॥ ३ ॥

एकां कारज रहियो अलगो
अकबर सरस अनैसो ।
विसन भणै रुद्र ब्रह्म विचाले
बीजा सांगण वैसो ॥ ४ ॥

सारांश

मृत्योपरान्त जब प्रताप स्वर्गलोक में पहुंचा तो परमेश्वर ने अनेक देवताओं के साथ राणा का स्वागत किया और कहा—"हे अकबर से नही मिलने वाले प्रताप तू मुझ से मिलो। विष्णु ने स्वाभिमान एवं दृढ प्रतिज्ञ प्रताप को ब्रह्मा व शिव के बीच में बैठने के लिए कहा।

अकबर के अधीन राजपूत नरेश : प्रताप का दृष्टिकोण

जाड़ा मेहडू

हाथी बंध धणां घणां हैवर बंध
कसूं हजारी गरब करो ।
पातल राण हमैं त्यां पुरसा
भाड़ै महलां पेट भरो ॥१॥

सिंधुर किसा किसा तो साहण
सोना किसा किसा सर सूत ।
महा सबल लै अबल समापै
राणो कहै कसा रजपूत ॥ २ ॥

बाजा कसा कसा त्यां बाजद
मदझर कसा कसा त्या म रा ।
पत गहलोत न गिणं सूपहां
नर ते असुर किया नरमाण ॥३॥

सागाहरा साह अकबर सूं
सीध खडा कसुं रद खग साय ।
पत सीसोद न मानै सुपहां
धी त्रिय ले पग लागै धाय ॥४॥

सारांश

अकबर के अधीन राजाओं का परिहास करते हुए प्रताप कहता है कि हे अकबर के मनसबदार राजाओं ! हाथी, घोड़े, सोना, आदि प्राप्त कर तुम क्यों मिथ्याभिमान कर रहे हो ? तुम अकबर के चाकर मात्र हो, सच्चे राजपूत नहीं। प्रताप अपनी आन और अपनी मान के लिये निरन्तर लोहा लेता रहा है।

तलवार और भाले का आतंक

जाड़ा मेहडू

हठमल्ल माझो हीदुवांणो
ताइयां सो मूछ ताणं ।
जगत सोह जग जेठ जांणं ।
इसो रांणो आप ।
हेकताइ कुल वाट हालै
भिड़ण वाघै नेत भालै ।
साह अकवर हियै साल
तूझ तेग प्रताप ॥ १ ॥
राइहरा अनि रूप राखै
दुजड़ मेछां मार दाखै ।
पुलो जाए खता पाखो
पेखि माण प्रमाण ।
भिड़ै रिणि गज थाट भांनै
विढण चाढ सिंघ वानै ।
मीर साची जोर मानै
खाग तो खूमाण ॥ २ ॥
खग्र घनी खग्रवाट खेलै
थाट जोगणि पुरा ठेलै ।
जूझ भुजां प्राणि झेलै
विढे जूह विडार ।
रांण रिणि जयथभ रोपै
कुंत करिवाहणे कोपै ।
लोह नहैं पतसाह लोपै
सींम सभव सार ॥ ३ ॥

सारांश

महाराणा प्रताप अत्यन्त हठी योद्धा हैं। अपनी तलवार और भाले के बल पर शत्रु सैनिकों एवं गज-समूहो को नष्ट करता है अथवा खदेड़ देता है, युद्ध में अपना विजय-स्तम्भ स्थापित करता है और पृथ्वी एव वंश-गौरव की रक्षा करता है। शत्रु भी प्रताप के खड्ग का लोहा मानते हैं।

प्रताप द्वारा भूमि-रक्षा

जाडा मेहडू

मु हि मु'हि मारकां भडां मेवाड़ां
गजदल हेड़वता सगह ।
धणी स न्याइ कहावै धरती
पता जतो जिम जुड़ै पह ।। १ ।।

अणि अणि अरि सौं आफलतां
पाड़ै हसति भुजै करि पांण ।
रूके मिलै तूझ जिम रांणा
रेण तियां वसि आवे रांण ।।२।।

फरि फरि फोज फोज फुरल तां
बयंड हाकतां वीरत वाइ ।
नल व्रन हणे लई नागद्रहा
निधि सुन पहड़ै तिणी नियाइ ।।३।।

नाग वंगाल असंख नीजामी
ओणि ध्रवी खत्रवाट सहाइ ।
असिमर तणी इला ऊदाउत
आवी अगेस एणि उपाइ ।।४।।

सारांश

प्रताप तू भयंकर योद्धा है। तलवार से हस्तिदल को काटने में कुशल है। वह तलवार के बल पर भूमि का निर्वाह करना जानता है। उसने स्थान-स्थान पर ढूंढ-ढूंढ कर शत्रुओं व हाथियो का भयंकर रूप से संहार कर अपनी मातृभूमि की रक्षा की है।

महाराणा प्रताप सिंघ रा जोधारां रा जूना दूहा[1]

मोजीराम सांदू

सिमरूं हूं सुरसत सदा, अमल गिरा गुण आख ।
वढिया रौदां वीजला, सुज सीसोदां साख ॥१॥

सीसोदां समवड़ किसा, वंस छतीस विलोक ।
जग जाहर इण घर जिसा, कुलवर विरला कोक ॥२॥

कर कर कांकल कटक सू, अकबर आलसि योह ।
जोस पंचाळी चीर ज्यूं, वय रांणे वधि योह ॥३॥

पाण राण विन पातला, मेवाड़ा तो माय ।
घाव वरछयां घालिया, अकबर दले पर जाय ॥४॥

वा थाहर अकबर तणी, तरवत दिल्ली हूंतीह ।
चढ़ियां घोड़ा चापड़ै, चीतौड़ा चूंपीह ॥५॥

चूंडा रा कहिया वचन, रहो नचीता रांण ।
ऊभां पगा न आवसी, मेदपाट मेछाण ॥६॥

कर सिलहो जडिया कड़ा, मेछ घड़ा मद मौड़ ।
आज दिखासी ऊजली, चूंडावत चीतौड़ ॥७॥

धरम वेच राखी धरा, ज्यां जीतव ध्रग जाण ।
चीतौडा भड़ चापड़ै, तपिया मूंछां तांण ॥८॥

आदरियो मरणो अठै, सीसोदो सज सार ।
नह आदरियो नाग द्रह, जवना हूत जुहार ॥९॥

सगतावत पतसाह सूं, खग झडिया रण खेत ।
जुवा जुवा जूझार जुग, हुवा धणी रै हेत ॥१०॥

रातबर हिंदवांण रो, राण कहै दोय राह ।
रग खम्नीवट राखियो, सक मनाई साह ॥११॥

---

१ ये दोहे श्री सौभाग्यसिंह जी शेखावत, चौपासनी के सौजन्य से उनके व्यक्तिगत संग्रह से प्राप्त हुए है ।

सकिया कूरम साह सूं, हाडाई जोड़ै हाथ ।
ऊं अकबर ही आखियो, नमो उदैपुर नाथ ॥१२॥

चमर मोहछल चौसरां, सिर छाहागीर समाज ।
अवज वण दीवाण री, रण झड़ पड़िया राज ॥१३॥

कइ बारा कोठारियै, खगधारो खुरसांण ।
बाढ़ दिखाया बैरियां, चाढ़ धर्क चहुवांण ॥१४॥

दिली दला सिर बंदले, राण छलां मछरीक ।
मुगल हटाया मामले, ताय भडा सिर तीख ॥१५॥

उदियापुर व्रद ऊजला, उदियापुर आचार ।
त्याग खाग सारो जगत, रह्या उदैपुर लार ॥१६॥

दुज तुलछी सु मी दुरस, इल लाभत नह अेक ।
खूंमाणे बल खागरै, कुलवट राखी टेक ॥१७॥

खूंमाणै बल खागरै, महि राखी मेवाड़ ।
सीचो धर अरि श्रोण सू, नोची करो न नाड़ ॥१८॥

रग भडां चितौड़ रा, वगतर कड़ा वरग ।
स्याम काम रुपिया सुथिर, जवनां करबा जग ॥१९॥

पिछम भांण अगे परो, जल उलटे गंग जात ।
मेर भुमे प्रथमाध मग, नमै उदैपुर नाथ ॥२०॥

मेवाड़ी मरदा मरद, माण पाण अणमाप ।
खूमाणी खाधी नही, तुरका आगल ताप ॥२१॥

मेवाड़ा वाडा मरद, कैलपुरा कठोर ।
देसां मालम दीपता, नेसो चादण नोर ॥२२॥

सिरोही खग सातरा, असव्है काठीवाड़ ।
पदमण सिघल दीपरी, मरदां घर मेवाड़ ॥२३॥

चूंडावत रावत चढै, खग दाहण खुरसाण ।
रग दियै जिणवार रा, देख छटा दीवांण ॥२४॥

कविता

गणेश पुरी

वाटी वीर हाक हर डाग भुव चाक चढी,
　　ताक ताक रहो हूर छाक चहुं कोद में।
बोलिकै कुबोल हय तोल बहलोल खाँ पै,
　　बागो भान कत्ता रान पत्ता को विनोद में।
टोप कटि टोपी लाल टोवा कटि पीत पट,
　　सीस कटि अग मिलो उपमा सुमोद में।
राहू गोद मगल को मगल गुरु को गोद,
　　गुरु गोद चन्द को रु चन्द रवि गोद में ।१।।
दारा अरु भावा दुर्गदास को दिखावा जग,
　　रान पास आवा साथ पावा सूर सत्तासो।
जावा अमरेश को बखानै सब देस प न,
　　आवा बन्यो मारि मर्यो मीर रोन रत्ता सो।।
आवा शिवराज को न जावा बन्यो जैसो विधि,
　　यहै म्लेच्छ मुच्छ काट लावा मोद मता सो।
दाव रान पत्ता सो न धावा रान पत्ता सोन।
　　जावा रान पत्ता सो न आवा रान पता सो।।२।।
कोल खान खाना के पतापसिह राना पर,
　　वाना हिंदवाना को सुहाना तो गया रीतै।
दाह के करन पातसाह के उराहने पै,
　　चाह के मरन रनराह के जयारी तै।।
पानि दे कै मुच्छन कृपान पुनि पानि दे कै,
　　पान लौं उड़ावै म्लेच्छ वीरता बयारी तै।
सूरन के हाके होत कूरन के साके होत,
　　हूरन इलाके होत तूरन तयारी तै।।३।।
गेर गेर लाज सब राज रहै पैर परे,
　　जेर भये फेर सुर मेर के सिखर जात।
'एकलिंग' वास में विलास को निवास जानि,
　　राधिका रमन चहैं रमन दिखरि जात।।

आछी आछी मीरनी के आखिरी उजीरनी के,
चीर नीके चीर दृग नीर जी निखरि जात ।
बेर बेर घेर उदैनेर कों असुर अरैं,
हेर हेर परैं पत्ता बेर से बिखरी जात ॥४॥

हेरि हेरि हारि हिय हहरि हरिन नैनी,
हुरम कहत हट तिय नाह नत्ता है ।
दीन सों अदीन व्है कै तेरे नेह पीम व्है के,
मीन जल लीन व्है कै, खीन व्है न खत्ता है ॥
बब्बर को नातिम अकब्बर सु अब्बर सि,
मेल्हे फरमान मेल कीवे मोद मत्ता है ।
माल सो रू ताल सो पसारिन के जाल जेसो,
ज्वाल जैसो काल जैसो पत्ता रन पत्ता है ॥५॥

छप्पय

गणेशपुरी

नच्चन बेर निहारि, पुत्त कहि चारू प्यार चहि ।
उहि छिन उमंगि उडात, कंघ घर हाथ भात कहि ॥
वग्ग उठत रन रूप्पि, बप्प कहि अप्प विरूदवर ।
तात भ्रात सुत सोक, गजब त्रिक परिग अरिग गर ॥
कट्टिग न पैर कट्टिग यक्कत, कट्टिग मान निसान घन ।
हय मरिग नहिं न चेटक अहह, मरिग रान पत्ता सु मन ॥

सोरठा

गणेशपुरी

खल बहलोल खपार, पेले दल लाखां प्रसण ।
अस चेटक उलटार, पहुँतो उदयाचल पतो ॥

छप्पय

कवि गङ्ग

'गुज्जरेस' गभीर नीर, नीझर निरझरियो ।
अति अथाह 'दाऊद' बुंद बुंदन उब्बरियो ॥
घाम घूट 'रघुराय जाम जलधर हरि लिन्हव' ।
हिन्दू-तुरक-तलाब को न कर्दम वस किन्हव ॥
कवि 'गंग' अकब्बर अक्क भन(अन), नृप निपान सब वस करिय ।
राना प्रताप रयनाक मझ, छिन डुब्बत छिन उच्छरिय ॥
दल पंलां ऊथपे, तेज ब्रह्म हिं उत्थपे ।
उत्तर दक्खिण पछिम पूर्व ता पाण पणप्पे ॥
न अनेक भुवपत्त वांग श्रवणां सुण रत्ते ।
नमि प्रणाम आधीन करें सेवा बहु भत्ते ॥
खत्रियाण माण महि उद्धरण, एक छत्रि आलम कहै ।
गायत्रि मंत्र गहलोत गुरु, तिहिं प्रताप शरणै रहै ॥

सोरठा

कवि गंग

हिन्दू हीन्दू-कार, राणा जे राखत नहीं ।
तो अकबर एकार, पहो सहो करत प्रतापसी ॥

हिन्दूपति परताप, पत राखी हिन्दवाणरी ।
सहे विपति संताप सत्य सपथ कर आपणी ॥

कवित्त

बारहठ बालावक्स पालावत

अज्ज धर्म रच्छ इतै रू जवनिष्ट उतै,
घाट हलदी रन अमावै भट भालो को ।
वीर दोर दण्डन उदग्ग मण्डल गान तै,
सब्बुन ज्यों तंति चीरे देत गज ढालों कों ॥
प्रहरन ताप कान्दसीक प्रतिपच्छी बवै,

पदग्रस्त बुल्लत विलोकि रक्त नालों कों।
साक पाने वाले रान पत्ता कों कृपान पिक्खि,
लगत जुलाब सी पुलाब खाने वालों कों॥

म्लेच्छन कों नमिबो अयोग्य लखि खाद्य गने,
समयानुकूल कन्द मूल फल पत्ता कों।
राज्य-द्रंग-दुर्ग-देश-वैभवज सुख होय,
राखी दृढ वश परिपाटी को प्रभत्ता कों॥
खग्ग बल विस्तरि अकब्बर से शत्रु अग्ग,
इकल निबाह्यौ जिहँ वेद धर्म नत्ता कों।
श्री समुद्र अविवासी अज्ज कृत मन्य देत,
धन्यवाद वीर अग्रगण्य रान पत्ता को॥

"मेदपाट देशाधिपति प्रशस्ति वर्णन"

कवि हेम

उदयो उदयसिंघ के पाट। परतापसिंघ प्रगटे पुन्य घाट॥
अकवर चमके खिण-खिण आप। छेड्यो सिंघ जिस्यो परताप॥
सुतो असुर नित ओज के। परताप परताप मुख सू यो बके॥
उदयासर विच पोढ्यो साह। परताप पंहुतो गगन के राह॥
पगड़ी लेकर पग तल धरी। चरणा चोली सिर दोस करी॥
दाढ़ी मुंछ वे काटी सवै। चिठि नाम निज लिखिया तवै॥
प्रह उठी जागे सुलतान। चिठी वाँच कापे तव प्राण॥
है, है अल्ला ने क्या कीया। परतापसिंघ मोही जीवीत दीया॥
असुरां दल सायर सम कह्यो। ता उपर एक मल सम रह्यो॥
असुर भाग दिली दिस गये। राण परताप मन आनंद भये॥
राण परताप महा वलवन। अमर अमर सम राण कहत॥
जस कीरत समदां लग सही। धाक पड़ती असूरां मई॥
असुरां मार कर्यो तेण जेर। दिली विच तिण घोड़ा फेर॥
अनमी अडग जसु कीर्ति विसाल। तुरकांणीरो पुरो साल॥
भरी कचेरी मार पठाण। से लद मोड़े श्री महाराणा॥
चोरासी थाणा तिणकाट। असुरां मार कीया दहवाट॥

["बुद्धि प्रकाश" (गुजराती समाचार पत्र) अप्रेल-मई-जून १९४२ अङ्क २ जो पुस्तक ८९ पृ०]

बहलोलखां का वध

रामा सांदू

गयंद मान रै मुहर ऊभो हुतौ दुरत गत
सिलहपोसां तणा जूथ साथै।
तद वही रूक अणचूक पातल तणी
मुगल बहलोलखां तणै माथै ॥१॥

तणै अमऊद असवार चेटक तणै
घणौं मगरूर बहरार घटकी।
आचरे जोर मिरजा तणौं आछटी
भाचरै चाचरै बीज भटकी ॥२॥

सूरतन रीजता भीझता सैलगुर
पहा अन दीजतां कदम पाछै।
दांत चढतां जवन सीस पछटी दुजड़
तांत सांवण ज्युंही गई आछै ॥३॥

वीर अवसाण केवाण उजवक बहै
राण हथबाह दुय राह रटियौ।
कट झलम सीस बगतर बरंग अग कटै
कटै पाखट सुरग तुरग कटियौ ॥४॥

सारांश

उजबेक योद्धा मिर्जा बहलोलखां सैनिकों के साथ मानसिंह के हाथी के आगे अश्वारूढ खड़ा था। चेटक घोड़े पर सवार प्रताप ने उस पर ऐसा अचूक भीषण खड्ग-प्रहार किया कि उसके सिरस्त्राण, कवच, पाखट और घोड़ा सब एक साथ कट गये।

डा० देवीलाल पालीवाल द्वारा संपादित "प्राचीन डिंगल काव्य में महाराणा प्रताप" के अनुसार इस गीत के रचयिता गोरधन बोगसा है। श्री अगरचन्दजी नाहटा बीकानेर के सौजन्य से प्राप्त इसी गीत का रचयिता अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर की हस्तलिखित ग्रन्थ सं. २६ बस्ता सं. ८ पृ० ५ के अनुसार रामा सांदू है। श्री ब्रजमोहन जावलिया के अनुसार रा. प्रा. वि. प्र. उदयपुर के संग्रहालय ग्रन्थ सं. ७१७-७१८ मे इस गीत का रचयिता कविया फतैनाथ दिया गया है।

युद्ध-वर्णन

अज्ञात

झपट करत पमछ झड़ीआ
पट पोअण नाग पड़ीआ
चीचले ढग चाल चड़ीया
नीपजै नेवाण ।

धगचाल पाणां रुघर धरा वर
सेलगुर माँडीऊ सरोवर
फोज अकबर झड़ वड़ फर
थापिया अकबरे ठांण ॥ १ ॥

प्रतमाल तेग वाहाण प्रहटै
नागध्रहै कोरम न हटै
घाउ पड़ेवा बार घटै
त्रबद बोल रड़ाक ।

रण तूर दादर ढोल रड़ेआ
भवस हीदु भाट भड़ेआ
पातला करहे हसत पड़ेआ
खड़ग संध खड़ाक ॥ २ ॥

कीलाल पाणां चे ओर काजी
मगर मछरंत माझी
झलहल वाणास जाझी
झपट झड़ जाभी ।

गज गहर करतं घरण गाजी
वेल असमर छूल बाजी
सेंघउत तरवार साजी
पर खंडे प्राजी ॥ ३ ॥

चतुरग नहें रण चड़ै चाचर
फरेता गुर तूज वह फर

देवै झड़ ग्रीव डंमर
कड़कड़ केवांण ।
खेतपाल चांमड भरै खापर
चरै पल चर कोलू चाचर
भख लये खेचरां भूचर
रमै रामत राण ॥ ४ ॥

व जंवक ग्रीधण सामलां
वांघला खेलै व्रंमला
आउवे दरावै अगला
प्रायरे प्रघला ।
गल लेयें वेताल ग्रीधण
जोड़ पाणी हरा जोगण
रूंद दल बूडा रंणंगण
तसु कीध तलाव ॥ ५ ॥

सारांश

प्रताप ने समर भूमि में शत्रुओं एवं हाथियों को भयकर रूप से काटा है। उसके द्वारा वध शत्रुओं एवं हाथियों से बहने वाले रूधिर से समर भूमि रक्त-सरोवर के रूप में परिणत हो गई है। बढ़ते हुए मांनसिंह पर उसकी तलवार बज रही है। रणक्षेत्र में सर्वत्र तूने मांस एवं रक्त बिखेर दिया है जिससे क्षेत्रपाल, चामुंडा, मासाहारी पशु-पक्षी तृप्त हो रहे हैं।

खमणोर का युद्ध

अज्ञात

खल लीजियै खुमाण राण खमणोर जैतखंभ
रुद्रायण ताण रढाल रचतौ गरीठ।
तोडियौ उडाणे डाण तुरी जिम राण डाण तेग
खमसाण बीच राण ओरियौ गरीठ ॥१॥

धकाधक हकाहक धरा धोम
धमाधम गोम बोम गाजिया गहीर।
खेलियौ उकत्त कथ लाथोबाथ जथा खेल
हाथोहाथ बाथोबाथ दूसरा हमीर ॥२॥

पटचट हूल झट खल खट प्रतापसीह
तटतट दहवट दली पटतेस ।
रामत ऊपट रट धजवट रमै राण।
निकट वेकट धट चतौड़वे नरेस ॥३॥

चला पला करै जातौ प्रतापसीह
गला डला भजीया कुंभ गयद ।
उरड़ै लेगौ उपाड़ धके चाड़ असंमर
मुरड़े भुरड़े घड़ा तेवड़ो मयंद ॥४॥

सारांश

खमणोर के युद्ध में राणा प्रताप ने विकट से विकट योद्धाओं को काट काट कर गिरा दिया। इस युद्ध के समय धरा कापने लग गई थी व गोलो की आवाज भयंकर रूप से हो रही थी। शत्रुओ का संहार करता हुआ प्रताप दूसरे हमीर के समान [वीर योद्धा] प्रतीत हो रहा था। युद्ध का दृश्य अत्यन्त भयकर था। इसमें राणा प्रताप ने अत्यन्त भयकर रूप से शत्रुओं, हाथियों आदि को काटा।

कुम्भलगढ़ का युद्ध

अज्ञात

गिर माँहे कुंभलमेर वड़ो गढ
हालै किणहिं न विये हर।
एकण राण प्रताप ऊपरा
आठ लाख पड़िया असुर ॥१॥

आठूँ लाख असुर अकपिया
घन 'घोरप मेवाड़ धणी ।
माण स्रजाद रखी मेवाड़ै
भिजड़ै हींदुसथान तणी ॥२॥

अकवर सरस अहाड़ो इधको
उदयासिंघ सुतन अणबीह ।
डड डीकरो न दै जिम दूजां
लोपै लाज न कुलवट लीह ॥३॥

चेटक पमग न दै चीतोड़ो
किनिया न दिये गिरथ किरोड़ ।
चकता नहँ कुंभलगढ चढिया
अकवर सूं परताप अरोड़ ।.४॥

सारांश

पर्वतों में स्थित कुंभलमेर एक बडा गढ़ है। वहाँ पर आठ लाख मुगल सेना ने एकाकी प्रताप पर आक्रमण किया। मेवाड पति प्रताप के आगे सभी मुगल सैनिक भयभीत होगये। निडर प्रताप ने अन्य राजाओं की भाँति अकवर को नजराना एव कन्या नही दी, अपना चेटक घोड़ा नही छोड़ा और मुगलों को कुंभलगढ में नही चढ़ने दिया। प्रताप ने अपने कुल–गौरव एव मर्यादा की रक्षा की।

प्रताप का यश

अज्ञात

ओछो तिल नकूं नकूं तिल अधको
मुणता सुकव करां ले माप।
तूं ताहरा राण टोडरमल
परिया सारीखो परताप ॥१॥

परियां अधक कहां किम पातल
राया तिलक हींदवा राण।
तें सिर नहँ नमियौ सुरताणा
सागे गह मूका सुरताण ॥२॥

ओछो केम कहां ऊदावत
अकबर कहर तणो तप ईष।
अकबर सूं रहियौ अणनमियौ
सुरताणां गहियां सारीष ॥३॥

कुल ऊधोर प्रताप कहता
पोढो घणूं घणा ऋद पाय।
मणां न तो कुल मणा न तोमैं
मणाँ न सुकव बखाणा माय ॥४॥

सारांश

शौर्य में महाराणा प्रताप सागा जैसे अपने पूर्वजो से तिल भर न अधिक हैं न कम। प्रताप का अकबर जैसे शक्तिशाली बादशाह के सन्मुख सिर न झुकाना सांगा के सुल्तान [मालवा का महमूद खिल्जी] को बन्दी बना लेने के बराबर है। न तो प्रताप के यश में कोई कमी है और न कवि के वर्णन मे।

प्रताप का युद्ध-कौशल

[अज्ञात]

कितरा एक घड़ूं साभलो केसव
कथन विधाता एम कहै ।
अकवर दल नहं रहै आवता
राणो नहं मारता रहै ॥१॥

घणा सोहड़ विधाका घडि घडि
फेरै किसन तणां फुरमांण ।
थाट रोद आवता न थाके
रिण रहचतो न थाकै राण ॥२॥

किम हथ चलै कहै ब्रहमा कथ
ए हथ अनत चलावी आप ।
अकवर सेन तैतला आवै
पिंड तेता निर दलै प्रताप ॥३॥

वासुर निस घड़ै थकी विधाता
वलै विधाका किसन विमेक ।
आवै जिता तिता ऊदावत
अणमारिया न मेलै एक ॥४॥

सारांश

ब्रह्मा कहते हैं कि हे विष्णु ! मैं तो मनुष्य घड़ते घड़ते थक गया हूं । अकवर प्रताप से लडने के लिये सैनिक भेजने से नहीं रुकता है और प्रताप उनका संहार करके उनमे से एक को भी जीवित नहीं जाने देता है । राणा युद्ध करते हुए थकता नहीं ।

प्रताप का पराक्रम

[अज्ञात]

गज बध पड़ै गज खाइ गडूथल
मोहियौ कौतिग गयण मिणि ।
घर बाहर नीसांण ध्रीबते
राणै रथ भेलियौ रिणि ॥१॥

मीर गुड़ै कड़ड़ै मोताहल
निरखै भांण कलह निय नेति ।
वसुह तणैं छलि ग्रबक वाए
खूमाणौ मिलियो रणखेति ॥२॥

मुगल मरे मरे गज माणिक
विभ्रमियौ रवि तेणि विचारि ।
ग्रहते रेणसु छलि रण तूरे
सिंघ सुजाउ वाजियौ सारि ॥३॥

सारांश

प्रताप के पराक्रम से युद्ध स्थल में शत्रु के हाथी, सैनिक आदि बुरी तरह से मारे जा रहे हैं। प्रतिदिन आकाश मे सूर्य प्रताप के नित्य नये युद्ध-कौशल को देख कर चकित रह जाता है।

युद्ध-कौशल

[अज्ञात]

ग्रहे न सकै ग्रहे उग्रहे ग्रहियां
दाखै चंद ह दड हुओ ।
सेखड़ा सांम सनाह सरीखो
हेक कन्हे जो भींच हुओ ॥१॥

अघड मिलै किम सुतण आपणा
कहै किरण पत सोम कथ ।
एकाघपत जिसो ऊदावत
हेक हुए जो खड़ग हथ ॥२॥

राहु मिलै किम कहै सोम रवि
मुड़ै असुर ग्रह तेम मुड़ै ।
सुभट रिया रिणमाल सरीखो
जुडणहार ओ इसो जुड़ै ॥४॥

ससिहर कहै संपेखी सूरज
अघड़क रहस ग्रहण अनेक ।
सूर कलह गुर सिखर सरीखो
आया विहूं न मिलियो एक ॥४॥

सारांश

राणा प्रताप ने शत्रुओं को मार कर मस्तक रहित देहों का ढेर लगा दिया है जो राहु की भांति प्रतीत हो रहे हैं। यह देख कर सूर्य व चन्द्र विचार कर रहे हैं कि एक ही राहु हमें इतना सताता है, यदि ये सब राहू मिल गये तो हमें अत्यन्त क्लेश होगा।

प्रताप के खड्ग का पराक्रम

[अज्ञात]

बिजड़ ताप तौ नमां परताप सांगण बिया
जगत या अकथकथ बात जांणी ।
कहर राणां तणी बार मझ एकठा
प्रसण राखै नको हस पांणी ॥ १ ॥

उदयवत्र आज दुनियाण सह ऊपरा
सार रो ताप लागौ सबाही ।
हस राखै जिका नीर अलगौ हुवै
नीर राखै जिकां हंस नाहीं ॥ २ ॥

करां खग झाल दुहुँ राह मातौ कलह
दूठ लागौ खलां येण दावै ।
जीव री आस तौ प्रसण नहँ गहै जल
जल गहै प्रसण तो जीव जावै ॥ ३ ॥

दई ओ दई गत कुंभकन दूसरा
चाह गुर आपरै पंथ चालै ।
राण दइवाण पर हस लागौ रिमां
हंस जल जू जुवं पंथ हालै ॥ ४ ॥

सारांश

हे महाराणा प्रताप ! तेरी तलवार के तेज को नमस्कार है। जब तूं युद्ध करता है, उस समय वह शत्रुओं के प्राणों का हरण करती है और उनके गौरव का भी। जो शत्रु अपने प्राणों की रक्षा चाहता है उसको अपना सम्मान तेरी तेग (तलवार) के सम्मुख समर्पित करना पड़ता है और जो अपना सम्मान रखने का प्रयास करता है उसको प्राण गंवाने पड़ते हैं।

प्रताप का खड्ग : यश एवं धन का उपार्जन

[अज्ञात]

पारभ गुर तूझ सपेखे पातल
वडा सुरिंद मिलि करै विचार
किम खगधार चलावी कीरति
धन श्राविया स किम खग धार ॥१॥

इणि परि तूझ तणो ऊदाउत
रुद्र सुर अचिरज हुवा रहै ।
सुजस सपति दे श्राम्होसाम्हा
वाढ खडग ऊपरी वहै ॥२॥

श्रमसुर हुश्रा अचंभम पातल
घर असपति मेवाड़ घणी ।
श्रति जस केम चालियौ श्रणिये
अथ आयो किम मुहरि अणी ॥२॥

उत्तिम श्रधिम देव रज ऊपरि
के घट राखं रमै कला ।
धार खडग वे मयक कलोघर
कीति श्रनै चलवी कमला ॥४॥

सारांश

परमेश्वर व अन्य देवताओं ने मिल कर इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया कि राणा प्रताप ने मात्र तलवार के बल बूते पर धन व यश का उपार्जन कैसे कर लिया ।

"प्रताप के पराक्रम का आतंक"

[अज्ञात]

सुता वाज गजराज सोव्रण समपोहो सुपोहो
    ओवरण आप ऊपाव आणो ।
रोद तावूत सुरतांण रेसी रसत
    रूक वल मोकले पात राणो ॥ १ ॥

पवग पटवंदणां पूत पोठी परठ
    पोहोवचा माल अंण पर पठावै ।
पोहव पडवेसची लोथ परतापसी
    अंणगणी खूंद दरबार आवै ॥ २ ॥

तुरग त्री तीय्यार तत लोभ मन तेवड़ै ।
    सुपह अन ज्यार सुरताण सूकै ॥
अभनवो कुंभ नरजीत कर आवड़ै ।
    मेछ भरभेंट खूमाण मूकै ॥ ३ ॥

रव ऊगां समो रोद दल रोलवै ।
    थांण जौ वुध्रवै मांसखानै ॥
धरा तरप तोरथ मीर धोरे धरैं ।
    कूक वेहरो थयो साहा कानै ॥ ४ ॥

सारांश

अन्य राजपूत नरेश भयभीत होकर अकबर के पास हाथी, घोडे स्वर्ण एवं पुत्रियों को भेंट भेजते हैं। लेकिन प्रताप तो तलवार से मुगलों का भीषण संहार कर रहा है। प्रताप के आक्रमण से भयभीत मुगल इतने जोर से चिल्लाए कि चिल्लाहट सुन कर अकबर बहरा हो गया।

राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर से श्री ब्रजमोहनजी जावलिया, उदयपुर के सौजन्य से प्राप्त ।

प्रताप का युद्ध पराक्रम

[अज्ञात]

इसा वाहारू अंते वली सै घणो ऊदठत
हेक तरवार सके हींदवाण ।
राजवीया मोहर होई भेलिया राजगुर
रोद घड़ उपरा पवंगां राण ॥ १ ॥

हेक-हेकां मीलै थलै जलै ओरीया ।
पहर घट-विकट घट नीर भुखपांण ।
रहेच खुरासांण घरा घणु भागी रहे ।
रेण पूंगी अली पातलै रांण ॥ २ ॥

रांण रजपूतवट कना अं राज वट ।
पाट पत देख गुरसेल गुरपात ॥
आप आगै ई पवंगा अफालिया ।
छात बिच घड़ां बीच हीदवे छात ॥ ३ ॥

मिलै घण घाइ सांगणहर मारिया ।
तर्क दीस आगरा वहै ताबूत ॥
राजवीयाँ जेम प्रताप वाँसे रहै ।
राण भूमाड़िया नई रजपूत ॥ ४ ॥*

सारांश

रविगुरू, राजगुरू एवं सेल गुरू के विरूदों को धारण करने वाले प्रताप ने पहले की तरह घाटे के विकट पथ [हल्दीघाटी] पर इस बार भी मुगलों को इतना मारा कि उनके जनाजे आगरे की ओर बढ़ने लगे ।

* राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर से श्री व्रजमोहन जी जावलिया, उदयपुर के सौजन्य से प्राप्त

प्रताप के योद्धाओं की वीरगति

[अज्ञात]

वड़ज बिच हुवौ एक चारण वडो
सम्रत लाभ जोतां स ठामां ।
आविया काम मेवाड़ पोहो आगलो
राम सामां तिणां रांम रामां ॥१॥

आविया काम अकबर दलां आविया
भिड़ण प्रताप छल दाख जस भाव ।
राव एक तूंवरां राव कणियागरां
राठोड़ एक सांदूवां राव ॥२॥

रांण छल रोंध दल जसो वीकम हरो
जोध अखेराज रो हुओ जिसड़ो ।
जिसोइज महा जुद हुवौ जैमाल रो
तूंग धरमा तणा हुवौ जिसड़ो ॥३॥

मचकतै साथ भाराथ दाखै मछर
मांड पग मुवा सिरदार मुरमेक ।
आभरण कला रणधीर हर आभरण ।
आभरण वीर हर व हर एक ॥४॥

सारांश

मेवाडपति महाराणा प्रताप के लिये अकबर की सेना से वीरतापूर्वक लडते हुए तंवर विक्रम का वंशज राजा रामशाह कणियागर अखेराज का पुत्र मानसिंह राठोड़ जयमल का पुत्र रामदास और सांदू चारण धरमा का पुत्र रामा वीरगति को प्राप्त हुए ।

युद्ध-भूमि में प्रताप का हस्तलाघव

[अज्ञात]

छे खंड सहस दस काल छिलंता
तल भयानक महा सताप ।
राण पासि गणपति दीठा रिणि
ऊमया ईस पयपै आप ॥१॥

अंग विणि गज कमल कमल विणि अग धरि
पात घाइ रण ठारि पड़त ।
सुत पत रण थई तिणि नख सिख
कहियौ गिरधू गिरधू कत ॥२॥

सीस गयद कमंध मत्रां चा
सबल निजोडि जोडि तिणि सारि ।
छिलवां सेन मिथ सुति कोधा
उमयानद तणौ उणहारि ॥३॥

अनि तन धरै जोड़ि तन अनि अनि
रिम मनि करै न तंसौ रीस ।
सोहियौ रिणि ऊभौ सीसोदौ
सकर रभ लियै हस सीस ॥४॥

साराश

महाराणा प्रताप ने हाथियों व शत्रुओं के सिर काटे। हाथियो के कटे हुए सिर शत्रुओं की धड़ से मिल गए इससे शिव और पार्वती को गणेश की भ्रान्ति हो गई।

राठौड़ रामदास की वीरगति

[अज्ञात]

ससि धाइस तप थाइ सूरिज सीतल
तजै महोदधि वारि तरंग ।
मृत भै रामदास रण मेलै
गमण पछम दिसि मंडै गंग ॥१॥

जळ चन्द्र सीलो थाइ जगचख
रैणायर सांसतो रहै ।
जयमल ब्रत जाई छांडै जुध
वेणी जल उपराठ वहै ।२॥

आतम इन्दु अरक ताढिम भग
सायर छडै लहरि सुवाह ।
पह मेड़ता चलै पारोठौ
पमुहै वहै सुरसरी प्रवाह ॥३॥

सीम सूर सामंद प्रता सुध
अघट सुभा दाखवं अग ।
राम किया मृत सामिध्रम रसि
पुनि तोया मिळि पूब प्रसंग ॥४॥

सारांश

मृत्यु के भय से यदि राठोड़ रामदास युद्ध स्थल त्याग दे तो चंद्रमा तापयुक्त हो जाय, सूर्य शीतल हो जाय, समुद्र स्थिर हो जाय व गंगा विपरीत दिशा मे प्रवाहित होने लग जाय। लेकिन वीर रामदास ने तो अपने पूर्वजों की भांति युद्ध क्षेत्र में वीर गति प्राप्त की।

राठौड़ योद्धा हिंगोल द्वारा गो-रक्षा

[अज्ञात]

वडो भोछ राणा तणी धरा आडो वसै
राउ राठोड़ पाखर खद रोल।
फौज अकबर तणी जिती आयै फरै
अहे तेती सरिस खडग हिंगोल ॥१॥

पाघरं देसि राठोड वाको पुरुष
वसै सुरताण राणा विचालं।
विचित्र लोडे वसुह वित घाल घले
विढै ताह वीत हिंगोल वालै ॥२॥

अखाउत वाड वाहर चडै आपड़ै
सामि रै कांम स सनेह समराथ।
छड़ै कूते भड़ां गउत्री छोड़वै
भादहर आभरण करै भाराथ ॥३॥

सारांश

हे अखेराज के पुत्र हिंगोलदास ! तू महाराणा की भूमि की रक्षा करने, गायों की रक्षा करने तथा अकबर के मुगल दल का भयंकर रूप से संहार करने में सदैव अग्रणी रहा।

मेड़तिया राठौड़ों की सेवा

[अज्ञात]

रहियौ जैमाल उदैसिंघ राखै
　　रामै पातल रहियो ।
मुकुन तणे साटे मेवाड़ी
　　अमर वलै अग्रहियो ॥ १ ॥

हेट हेट हेवे पति हूंता
　　पह रछपाल पहाड़ां ।
रचता समर मारूवा रावां
　　ओडण हुआ अहाड़ां ॥ २ ॥

वड जेही जुधवार विढंतां
　　वडा पिसण घाय वहिया ।
मचतां समर सरण मेड़तियां
　　राण सदा लग रहिया ॥ ३ ॥

सांगो ऊदो पतो रखै सुज
　　राखै अमरो राणो ।
जैमल पिता बांधव रामाजिम
　　मुकनो चद मडाणो ॥ ४ ॥

सारांश

मेड़तिया राठौड़ों ने सदा सिसोदिया राणाओं की सेवा और रक्षा की। जयमल ने महाराणा उदयसिंह, रामदास [जयमल का पुत्र] ने महाराणा प्रताप और मुकुन्ददास (जयमल का पुत्र और रामदास का भ्राता) ने महाराणा अमरसिंह के लिये समरांगण में बड़ी वीरता के साथ युद्ध करते हुए प्राण त्यागे।

प्रताप और चन्द्रसेन

[अज्ञात]

अण दगिया तुरी ऊजला असमर
चाकर हुवण न घरिया चीत ।
सारां हिंदुस्थांन तणे सिर
पातल नै चन्द्रसेन प्रवीत ॥ १ ॥

पमंग अदग सजसा पढ़िया लग
खटखंड तणी न लागी खेह ।
राण उदैसिंघ तणो अरेहण
राव मालदे तणे अणरेह ॥ २ ॥

तुरिये वगत खश्रीवट अजड़ै
असपति दल इहिया आगण ।
कलंक विना कुंभेण कलोधर
वाग कलोधर कलंक वण ॥ ३ ॥

असवाला डिडूर घर असमर
दीनो दहूं न हीणो दाव ।
रवि सरिसो मेवाड़ो राणो
रवि सरिसोइ जोधपुर राव ॥ ४ ॥

सारांश

राणा प्रताप और जोधपुर के राजा मालदेव का पुत्र चन्द्रसेन दोनों भारत के सिर मोर हैं। दोनो ही सूर्य के समान तेजस्वी हैं। उन्होंने अपने घोडो पर बादशाही चिन्ह नहीं लगने दिया, उनकी तलवार सदा शत्रुओं पर चमकती रही, और वे अपनी प्रतिज्ञा से विचलित नहीं हुए।

प्रताप का मीणा–संहार

[अज्ञात]

उचरतु वाट वाणियो आखै
  कतवारी बाखांण करै ।
माहरो धणी हुओ मारखणो
  ताक रया चोरड़ा तरै ॥१॥

अंग पहरै लो नू आंगरडू
  घोड़लडे पाखरडू घाल ।
पातल राण चढै परबातै
  झटकू बाद भड़ूकू झाल ॥२॥

झाल भड़ूकू जीखू मार
  पीपू मारग बड़कू पाड़ ।
ठाकरड़ं गही ठीगाई
  धीगाई कुण मांडै धाड़ ॥३॥

भी भागो है कांकस भाभत
  सुणो बात सेणां री ।
खूभाणं जागवियूं खांडू
  मरांडू मीणां री ॥४॥

सारांश

बनिया बार बार कहता है कि मेरा स्वामी भयंकर मार काट मचाने वाला हो गया है उससे चोरी करने वाले मीणे भयभीत हो गए हैं। इस से चोरी का भय अब नहीं रहा है।

"प्रताप का पौरूष"

[अज्ञात]

सहर आजलैं तरग चतरंग तुरसाणरी ।
तांण रो पाणसी चांण री तुप ॥
महण तुरतांण री धकै लाती मही ।
राण री खाग वड़वा अगन रुप ॥१॥

घट् हठे जगं तलगं उवरधियागां ।
कलम घड़ दगं जर देत काली ॥
हुवै अग्ग चूक उज वक मह मंदहियै ।
उक जिम रुक संग्रामवाली ॥२॥

मीर वंघ ऐमरदात मरात मंगल ।
पलै नह समर रा जकं पेराक ॥
जवन दल भमर रो महण उरमभुजलै ।
अमर रातणी जल दहण ऐराक ॥३॥

दुवाड़ै भमक महमंद अजव कहियै ।
दुजड़ नर घोम पापक तणे दाह ॥
उपटैं निरधर जाद नह ऊभजै ।
समंद मरजाद लोपै नही साह ॥४॥

सारांश

अकबर की सेना भीषण उदधि के समान उमड़ कर आ रही है, जिसे प्रताप की बड़वाग्नि रूपी तलवार भस्मीभूत कर देती हैं। प्रताप की तलवार मुगलों को भयंकर रूप से काट रहीं है।

अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर, हस्तलिखित प्रति संख्या ३० पृ० १३ से श्री अगरचन्द जी नाहटा बीकानेर के सौजन्य से प्राप्त।

तलवार से पृथ्वी की सुरक्षा

[अज्ञात]

खल खट सूं खलां सावरत खांडै
खांडा कैद न राखै खांप ।
खांडा बल राखै खूमाणो
प्रथमी खांडा तणो प्रताप ॥ १ ॥

खदा सू रूक अचूक रातड़ै
पल नहँ रूक बछूटै पांण ।
रूके कुंभकलो धर राखै
रेणां रूक तणी जिम रांण ॥ २ ॥

सत्रहर सूं अणपार सुरगे
जूट सार धर राखण जोध ।
सार मार राखै खल सहंसो
सार तणी अवनी सीसोद ॥ ३ ॥

अस धमरोल चौल व्रन आवध
आवध ग्रह आतम अरीयां ।
आवध ध्रम धरती ऊदावत
आवध धारै ऊनरीया ॥ ४ ॥

सारांश

महाराणा प्रताप अपनी तलवार को म्यान में नहीं रखता, वरन् अनवरत युद्ध-रत रहते हुए शत्रु के शोणित से अपनी तलवार को लिप्त रखता है। इस प्रकार प्रताप अपनी तलवार से शत्रुओं का विनाश करते हुए पृथ्वी एवं धर्म की रक्षा करता है।

"दृढ संकल्पी प्रताप"

[छात]

तोपा भरावै विचारै खाता खब दो रसाला त्यार, किताने डरावै वाता जीमरी कहाड़ ।
डाकी कांको आया नं तुराना होगु चाहै दूना, पजी काको जाया आडो लोहरो पहाड़ ।।१।।

नाणा देणा खताऊ ठिकाणा दानदारी नैन, चापडै भतीजां भायां चाकरी चाह ।
पेखो वोर विथोरतो वमनो न पालै पग्गी, दूजो प्रथो जीव रखै वसरो दुवाह ।।२।।

सामं दाम वे भेदै चाल मिलै सूवा, आठू दिसा चौथो लागै उपाय ।
कोई ओहा घसै हाथ गोन री न तूटै कडी, गोन रे सहाय ऊभो पतो गाठ राव ।।३।।

घालो किला छोटा मोटा वाछै दूदाण रो वाटो, कुरधो जागिया खोटा दूदा माहेकस ।
दांत पाडै जिनारो आगलो निघवालो हठ, विजाई जे मात सोभा चाडै दूदावस ।।४।।

सारांश

अकबर ने अपनी प्रशिक्षित सेना एवं तोपखाने से कई राजाओ को भयभीत किया, लेकिन प्रताप तो उसके मार्ग मे लोह पर्वत की भाति अडिग खडा रहा । अकबर साम, दाम, दण्ड और भेद द्वारा हिन्दू राजाओं को हडपने लगा, लेकिन हिंदुत्व का रक्षक प्रताप उसके मार्ग मे बाधा बन कर खडा रहा ।

अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर, हस्तलिखित प्रति २३ पृ० ३ से श्री अगरचन्दजी नाहटा, बीकानेर के सौजन्य से प्राप्त ।

साहस और त्याग

[अज्ञात]

गढपति गांज जै महिपती मलोजै
घुर अकबर रै घाड़े ।
उदयासिंघ तणो अतुली बल
चहरै चल्यो न चाड़े ॥ १ ॥

साथर चोकी तणे न सूतो
दीन न हुओ दरबारी ।
मेछाँ री मिजलस मेवाड़ो
हुवो न रांण हजारी ॥ २ ॥

हैवर गैवर हेम हुरम्मां
धरी न आड़ो धीया ।
अकबर साह तणा दल आगल
नजर गुजार न दीया ॥ ३ ॥

मैछां मलण मिलण पौ मेटै
पातल आयो पाणै ।
साहा दाह दियण सांगाहर
राह विलूधा राणै ॥ ४ ॥

सारांश

महाराणा प्रताप निरन्तर अकबर से संघर्ष रत रहा। यह मुगल दरबार में हाजिर होकर 'हजारी' मनसबदार न बना। वह अकबर से हाथी, घोडे, स्वर्ण एवं अप्सराएं प्राप्त करने के लिये नहीं ललचाया और शत्रुओं के विनाश में लगा रहा।

'अनम्र प्रताप'

[अज्ञात]

उरड माच घोडां भडां छुरां निमनाऊणी, थरर घर चग्रालां डका थावै ।
इक भुजा उपटै निहग छिबती छती, इसीविध पती दरवार आवै ॥१॥

साकुरां झपट मोहडां गरट नांमठा किया भालां खिमरण चहूँ कानै ।
अरहरां तोड़ डिगनी गयण अधारं, खाटरां पधारं दरीखानै ॥२॥

धरा चल चल कलल धमल हुव घाटिया, कुत भन भल अकल भडां काटै ।
ऊघरं चाचरं वहै धमती उरम, इसोविध घणारा दरस आटै ॥३॥

हुव छट प्रगड हुडरढ़ उरड़ हजारा, जोम तडकरं भड अनम जेरी ।
रिमा जाड़ा वड़ड़ ऊबरै देस रूव, करं मुजरौ अनम खूंद केरी ॥४॥

अवा दल प्रगट रजवट भुजा ऊफणे, सत पुरस भीम वालो अ ···खीच ।
तो ज्युं हो दीवता दरवार आवै तिकं, भलाई पटा पावै जिके भीच ॥५॥

सारांश

महाराणा प्रताप अकबर के दरबार मे [सम्मुख] अन्य राजाओ की भांति हीनता पूर्वक नहीं आता वरन् मुगल सैनिको एवं अश्वो पर तलवार का वार करते हुए भीषण रूप से [सम्मुख] आता है ।

अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर हस्तलिखित प्रति सं० २३ पृ० सं० २ से श्री अगरचन्दजी नाहटा बीकानेर के सौजन्य से प्राप्त ।

नीसाणी—महाराणा प्रतापसिंहजी री

[अज्ञात]

गिर वंका बिच राजगढ रच मडस हरका ।
कर थह मडीसारे दूल वन राव पघरका ॥
पौहमी समवड़ नह गणत आया जुध परका ।
हाक विड़ाणो सह न थी गाजत धण हरका ॥
अगू आया निज वखां खजगज वह हरका ।
लड गढ ललमरण मुड गया तज तेज समरका ॥
वल वल जंग जडाग लीध नल बरस भपरका ।
भलवल्ल माहल गाड कीध अलवरगढ धरका ॥
जीध अनम्मी जोरदार सेवक निजगुरका ।
मेलै असी हजार रौक महमत मुरधरका ॥
ऐक पतारौ जौम लख आतष कर भरका ।
दिली मतारी डरन्है कढै दल डरका ॥
जण नथै महाराज की प्रली धार करहरका ।
कवि सिधुमल घूघली घह पहण पुरका ॥
काय नरसिंघ गजाडियौ औघस अबरका ।
काय तारख उड़ाडियौ मथी मरण घरका ॥
काय वेता सुर सिर चलै वांणस वजरका ।
वज वीराणी हाक डाक त्रंबागल नरका ॥
चमू लड़ गामा लुलै तुटै तरगिर का ।
गज मत्था धज फरहरै घूघल नभ धरका ॥
कडी वरम्मा वाज धौक पमगां परवर का ।
पानां लागा सीरमी जमी थर हरका ॥
भाला बाढ पलूल सूल अणिया छव भरका ।
जाणक गगा पुरवरस रस मूदन करका ॥
वीत्रां मात गांहली हला जुघ मरका ।
दल चतुरगी ऊमदै नहगा जल धरका ॥
उडै वही रुर जदकं तुरगा पगर का ।

आयुभै कुरंगां विहंग सूकै जल सरका ॥
गज वाजारथ वण वरूथ डम्भर चम्मर का ।
कार विबुंधा हलै विभांण वसुधा अम्बर का ॥
वेला जग उमडडिया वीरू वपछर का ।
मेला निहंगा मडिया खेला अयछर का ॥
वण कौतक जट घर विनौद नारद तूंवर का ।
भुड भेरे ववावन वजत कर भांक डंवरका ॥
जगी डाल कराल कौप वेताल वतरका ।
चवसठ चामडा चलै करपुर पतरका ॥
वट वोभायण वाज सौ क ग्रोधायण परका ।
पढसांदा गाजेंगिरद वाजै ववरका ॥
सुण सद भाजे राव मद जौभ मकरका ।
रावांणी कर जौड कह वाणी उरमर का ॥
काटण वस कवाडिया विप्र वघ घर का ।
उतमग भार उपाडिया श्रोयण अथर का ।
साड सुं मगरांम का करण दुख भर की ॥
मरण मुरलौकां नहो तरण समदर का ॥
अर्पमन मत्ता चल्ला मतरां नसतरका ।
परमुख सामी धरम कदेवांन पतरकां ॥
दौलौ पवना निरंद कौप वेसंदर हरका ।
तदर जढाणी हौमणे लगा दुसतरका ॥
करवी लखाया वदन पड कद भुपत नरका ।
काय केवांणी धारलै पाया सुरपुरका ॥
आपताप छत्र हिन्द का सत्या रूघ वरका ।
ऐ आया परताप भूप जाया मधकर का ॥

अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर, हस्तलिखित प्रति स० ३०, बस्ता स. ८, पृ. ४३–४५ से श्री अगरचन्दजी नाहटा के सौजन्य से प्राप्त ।

राजराणा छत्रसाल व कल्याणसिंह

[अज्ञात]

कवित्त

राज छांड राण सूं, गयो छत्रसाल जोधाणे।
कलो रहे चीरवे, प्रभु फिर लेख प्रमाणे।
आय कुंवर अमरेस, आप ले गयो कर आदर।
मिलतां पातल राण, राज ने दियो दुरंग घर।
आवे दल पतसाह, कलै झगड़ा कई कीधा।
सुणे फरियाद नवाब, दूठ आड़ा हय दीधा॥
केवाण झाट बागी कहर, सरब दूर बखरे सुभट।
मान नद तणी देखै तरण, वाह कला रजपूत वट॥

राजस्थानी-गद्य
पुरातात्त्विक सामग्री

अज्ञात

ख्यात एवं बात
वंशावलियाँ
ताम्र पत्र
शिलालेख

परिचय

महाराणा प्रताप से सम्बन्धित मौलिक सामग्री तीन ख्यातो, दो वातो और छः वंशावलियों में मिली है।

ख्यात —

मुहणोत नैणसी री ख्यात (सीसोदियां री ख्यात), 'बांकीदास री ख्यात', और 'उदयपुर री ख्यात' के प्रताप सम्बन्धी अंश यहा दिये जा रहे हैं। मुहणोत नैणसी (वि० सं० १६६७-१७२७) जोधपुर के महाराजा जसवतसिंह (१६९६-१७३५) का दीवान था। इस ख्यात में विभिन्न राजवशों के इतिहास के साथ साथ 'सिसोदिया री ख्यात' शीर्षक में मेवाड़ के गुहिल-वंशीय शासको का भी इतिहास है। 'सीसोदिया री ख्यात' साहित्य-सस्थान, रा० वि०, उदयपुर के सग्रहालय मे हस्तलिखित ग्रन्थ के रूप में संग्रहीत है। यहां इसी ग्रन्थ के आधार पर प्रताप सम्बन्धी अ श प्रस्तुत किया जा रहा है।

बाकीदास आशिया जोधपुर के महाराजा मानसिंह (वि०सं० १८६१-१८९९) के आश्रित कवि थे। 'बाकीदास री ख्यात' इनकी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक कृति है जिनमे अनेको बातो का छोटे छोटे फुटकर नोटों के रूप मे सग्रह है। उन्हे श्री नरोतमदास स्वामी, बीकानेर ने वर्गीकृत कर २७७६ वार्तो मे सम्पादित कर राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, बीकानेर से प्रकाशित कराया है। प्रस्तुत अ श इस पुस्तक की 'गहलोता री बाता' शीर्षक से लिया गया है।

'उदयपुर री ख्यात' अनूप सस्कृत पुस्तकालय बीकानेर के सग्रहालय मे सुरक्षित है। इसके लेखक का पता नही लगता है। इसमे कुल ९३ पत्र है, बीच मे से कई पत्र अनुपलब्ध हैं।

वाता: —

प्रताप से सम्बन्धित अब तक दो वातें उपलब्ध हुई है। 'रावल राणा री वात' राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर के सग्रहालय मे सुरक्षित है। 'राणा प्रताप री वात' मुनि पुण्य विजयजी के सग्रह से श्री भवरलालजी नाहटा, बीकानेर के सौजन्य से प्राप्त हुई है। दोनो ही वातों को यहा प्रस्तुत किया जा रहा है। इनके लेखक अज्ञात हैं।

वंशावलियाँ —

पांच विभिन्न वशावलियों मे से प्रताप सम्बन्धी अंश यहां प्रस्तुत किये जा रहे हैं। प्रथम पांच वंशावलियां राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर के संग्रहालय मे हैं। राजावली, श्री माखनदान आशिया, उदयपुर के व्यक्तिगत सग्रह मे तथा सीसोद वशावली साहित्य-सस्थान, रा० वि० उदयपुर के संग्रहालय मे विद्यमान है। इन वशावलियो में वशक्रम के साथ२ सक्षिप्त घटनाओं का उल्लेख भी मिलता है। लेखक अज्ञात हैं।

प्रताप उदैसिंघोत

१०२४ राणो प्रताप सोनगरा अखैराज रणधीरोतरो दोहितो ।

१०२५ राणो प्रताप स० १५९६ रा जेठ सुद ३ जनम, राणा प्रताप रै बेटा अमरसिंघ १, सेखो २, सहसो ३, पूरो ४, मानसिंघ ५, कल्याण ६ ।

१०२६ सवत १६३२ सावण वद ७ कछवाहो मान भगवतदासोत अकबर री फौज ले आयो । हलदी घाटै राणै प्रताप वेढ कीवी । पातसाह रा उमराव तीन काम आया । राजारामसाह ग्वालेर रो धणी १, रामसाहरो बेटो सालवाहण २, राजावीठलदास ३ ।

१०२७ हलदीघाटी राणा प्रताप रा चाकर काम आया ज्यारी विगत–कान्ह १, कलो २, दोय भाई प्रताप रा काम आया ।

१०२८ मेढतियो रामदास जैमलोत जणा ९ सूं काम आयो ।

१०२९ सोनगरो मानसिंह अखैराजोत जणा ११ सूं काम आयो ।

१०३० राठोड साईदास पचायणोत जैतमाल जणा १३ सूं काम आयो, सीघलवागो १, नै जैमल २, चहुवाण दुरगो ३, वागडियो ४, मेघो खावडियो ५ ।

१०३१ सं० १६३२ पातसाह अकवर रै उमराव सहवाज खा गढ कुंभलमेर लियो जद सीघल सूजो सीहावत, सीघल कूपो माडावत, सोनगरो माण अखैराजोत, मुहतो नरवद, गढरो सिलैदार, मांगलियो जैतो जैमल काको नै भतीजो इत्यादीक काम आया ।

१०३२ सं० १६१३[1] पातसाह अकवर री फौज कुंभलमेर लियो । सीघल कूपा माडावत, सीघल सूजो सीहावत, सोनगिरो माण अखैराजोत काम आया ।

१०६२ राणा प्रताप रा कवंरा रा मामला विगत–अमरसिंघ १ पूरबिया परमार मयारख खां असोकमलोतरो दोहितो ।

१०७१ सीहोराणा प्रताप रो सोपतसाहोत राणा जगतसिंघ रो मेलियो । पातसाह जीरी हजूर रहतो । वडो दातार वडो गालवरो सिरदार हुवो । उणरै बेटा केसरीसिंघ ।

१०७२ कधरो वेदलै पुरबिया चहुवाण परवतसिंघ रूपसिंघोत रो दोहितो ।

१०७३ सहसो गोपालदास तोडै सोलंकी रामचंद प्रथीराजोतरा दोहितो ।

१०७४ पूरो होयो जोधपुर सोनराज राव माल मालदेवोतरा दोहितो ।

---

1 मुद्रण-दोष प्रतीत होता है । सं० १६३५ होना चाहिये ।

१०७५ पूरणमल राणा प्रताप रो जिण नूं हजूर सूं संवत १६६४ मेडता रो गांव डोमड़े पांचां सूं दीवी सं० १६६६ गाव ढाही मेडता रो गावा पाचा सूं हजूर वगसियो ।

१०७६ कल्याण दास मालपुरै परमार पचायण करमचंदोतरो दोहितो ।

११३७ सहर सूरत में राणो प्रताप गोसरे हियो विरवा में उमरावां कुवरा समेत सूरत-रा सूवैदारनूं मार घोडा चलाया । राणा रा हाथी री बरछी सूं सूवेदार रा अंग रही । कोठारिया रै राव जायनै आणी । ऊ दिन दसरावारो गाहणा समेत सिरपाव राणो जी कोठारियारा धणी नूं दियो । जिण सूं हर दसरावें राणो जी दसरावारो सिरपाव गहणा समेत कोठारियारा रावनूं वगसै ।

[वाकीदास री ख्यात सम्पादक नरोत्तम स्वामी, राजस्थान प्राच्य-विद्या-प्रतिष्ठान, जोधपुर से उद्धृत]

उदयपुर री ख्यात[1]

